| **वाचिक** | वि. | 1. वाणी संबंधी;<br>2. वाणी से निकला हुआ, मुंह से कहा हुआ, मौखिक । | বাচনিক;<br>মৌখিক | बाचनिक;<br>मौखिक | relating to speech;<br>spoken. |
| | पुं. | केवल वाणी द्वारा संपन्न अभिनय । | কেবল বাক্ সহযোগে অভিনয় | केबल बाक् सहजोगे अभिनय | verbal acting. |
| **वाच्यार्थ** | पुं. | वाचक शब्द का अर्थ, अभिधेयार्थ । | বাচ্যার্থ, অভিধাবৃত্তি-বোধিত অর্থ | बाच्यार्थ, अभिधाबृत्ति-बोधित अर्थ | the directly expressed meaning. |
| **वाजिब** | वि. | उचित, संगत, मुनासिब । | ওয়াজিব, ন্যায়সংগত | ओयाजिब, न्यायसङ्गत | reasonable, proper, just, incumbent. |
| **वाटिका** | स्त्री. | बगीचा, छोटा बाग । | উদ্যান | उद्यान | small garden. |
| **वाणिज्य** | पुं. | बहुत बड़े पैमाने पर होनेवाला व्यापार । | বাণিজ্য, ব্যবসায় | बानिज्य, ब्यबसाय | commerce, trade. |
| **वाणी** | स्त्री. | 1. मुंह से निकलनेवाली आवाज, वाक्, बोली; | বাণী, বাক্, রব; | बानी, बाक्, रब; | voice, sound; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वचन, कथन, अभिव्यक्ति; | বচন, কথা, অভিব্যক্তি; | बचन, कथा, अभिब्यक्ति; | words, speech; |
| | | 3. जिह्वा, जीभ; | জিহ্বা, জিভ; | जिहबा, जिभ; | tongue; |
| | | 4. वाग्देवी, सरस्वती । | সরস্বতী | सरस्वती | the goddess of speech, Saraswati. |
| वात | पुं. | 1. वायु, हवा; | বায়ু, বাতাস; | बायु, बातास; | air; |
| | | 2. वैद्यक के अनुसार शरीर के अंतर्गत तीन दोषों में से एक । | বাতরোগ | बातरोग | wind as one of the three humours of body, gout. |
| वातानुकूलन | पुं. | यांत्रिक या वैज्ञानिक प्रक्रिया से व्यवस्था करना कि किसी घिरे हुए स्थान के तापमान पर उसके बाहर के तापमान का प्रभाव न पड़ने पाए अर्थात् उस स्थान के अन्दर की गरमी या सरदी नियंत्रित और नियमित रहे । | শীততাপনিয়ন্ত্রণ | शीततापनियन्त्रन | air-conditioning. |
| वातानुकूलित | वि. | जिसका तापमान वातानुकूलन की प्रक्रिया से नियमित और नियंत्रित किया गया हो, जिसका वातानुकूलन किया गया हो । | শীততাপ-নিয়ন্ত্রিত | शीतताप-नियन्त्रित | air-conditioned. |
| वातायन | पुं. | बाहर से प्रकाश और हवा अंदर आने के लिए घरों आदि में बनाया जानेवाला झरोखा । | গবাক্ষ | गबाक्ष | air hole or ventilator. |
| वातावरण | पुं. | 1. वायु की वह राशि जो पृथ्वी, ग्रह आदि पिंडों को चारों ओर से घेरे रहती है, वायुमंडल; | বায়ুমন্ডল; | बायुमन्डल; | atmosphere; |
| | | 2. परिस्थिति, पर्यावरण । | পরিবেশ | परिबेश | environment. |
| वात्सल्य | पुं. | माता-पिता के हृदय में होनेवाला अपने बच्चों के प्रति नैसर्गिक प्रेम, बच्चों के प्रति होनेवाला स्नेह । | বাৎসল্য, আপনসন্তানের প্রতি অনুরাগ, স্নেহ | बात्सल्य, आपनसन्तानेर प्रति अनुराग, स्नेह | affection or tenderness towards off springs. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वाद** | पुं. | **1. किसी बात विशेषत: सैद्धांतिक बात के संबंध में दोनों ओर से कही जानेवाली बातें, तर्क-वितर्क, विवाद, बहस;** | তত্ত্বনির্ণয়ে কথাপ্রসংগ, জনবিতন্ডা; | तत्त्वनिर्णये कथाप्रसङ्ग, जनबितन्डा; | discussion, controversy; |
| | | **2. विचार के लिए न्यायालय में उपस्थित किया जानेवाला अभियोग, मुकदमा;** | অভিযোগ, মোকদ্দমা; | अभिजोग, मोकद्दमा; | suit, case; |
| | | **3. सिद्धांत, व्यवस्थित मत;** | সিদ্ধান্ত; | सिद्धान्त; | theory; |
| | | **4. कोई ऐसा तत्व या सिद्धांत जो तत्वज्ञों या विशेषज्ञों द्वारा नियत या निश्चित हुआ हो (प्रत्यय के रूप में प्रयुक्त) ।** | তত্ত্বজ্ঞ বিশেষজ্ঞদ্বারা প্রতিপালিত সিদ্ধান্ত | तत्त्वज्ञ बिशेषज्ञद्वारा प्रतिपालित सिद्धान्त | issue. |
| **वादक** | पुं. | **बाजा बजानेवाला ।** | বাদক, বাদ্যকর | बादक, बाद्यकर | a musician. |
| **वादन** | पुं. | **बाजा बजाना ।** | বাদন, বাজানো | बादन, बाजानो | playing upon a musical instrument. |
| **वादविवाद** | पुं. | **1. दो पक्षों या व्यक्तियों में किसी विषय पर होनेवाला खंडन-मंडन, तर्क-वितर्क, वाद-प्रतिवाद;** | বাদ প্রতিবাদ, বাদবিসম্বাদ, উক্তিপ্রযুক্তি; | बाद, प्रतिबाद, बादबिसम्बाद, उक्तिप्रजुक्ति; | dispute, controversy, argumentation; |
| | | **2. किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए की जानेवाली विचारपूर्ण बातचीत, विचार-विमर्श, विचार-विनिमय;** | বিচারবিবেচনা; | बिचारबिबेचना; | discussion; |
| | | **3. केवल औपचारिक रूप से होनेवाली उक्त प्रकार की ऐसी बातचीत जिसमें पारस्परिक मतों या विचारों का खंडन-मंडन होता हो ।** | বিতর্ক | बितर्क | debate. |
| **वादी** | पुं. | **1. वह जो न्यायालय में किसी के विरुद्ध कोई अभियोग उपस्थित करे, मुद्दई;** | বাদী, ফরিয়াদী; | बादी, फरियादी; | plaintiff, appellant; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. शिकायत करनेवाला, फरियादी, परिवादी; | অভিযোগকারী; | अभिजोगकारी; | complainant; |
| | | 3. संगीत में वह स्वर जो किसी राग में सर्वप्रमुख होता है । | (সংগীতে) রাগরাগিণীর প্রধান সুর | (सङ्गीते) रागरागिनीर प्रधान सुर | (in music) leading or keynote. |
| | वि. | किसी वाद या सिद्धांत से संबंधित या उसका अनुयायी। | কোনো বিশেষ মতাবলম্বী | कोनो बिशेष मताबलम्वी | expounder of a theory. |
| वाद्य | पुं. | बाजा, बजाया जानेवाला यंत्र । | বাদ্য বাদ্যনীয় যন্ত্র, বাজনা | बाद्य, बाद्यनीय जन्त्र, बाजना | a musical instrument. |
| वानप्रस्थ | पुं. | भारतीय आर्यों में जीवनयापन के चार शास्त्रविहित आश्रमों या विभागों में से एक जो गृहस्थ आश्रम के बाद और संन्यास से पहले जिसमें मनुष्य गृहस्थी या सांसारिक वैभव का त्याग कर अरण्यवास करता है । | হিন্দুধর্মানুসারে চতুরাশ্রমের তৃতীয় আশ্রম-গার্হস্থ্যাশ্রমের ধর্ম পালন করে এই আশ্রমে বনে গিয়ে বাস করতে হয় | हिन्दुधर्मानुसारे चतुराश्रमेर तृतीय आश्रम-गार्हस्थ्याश्रमेर धर्म पालन करे एइ आश्रमे बने गिये बास करते हय | third of the four stages (ashrams) of life prescribed by tradition for a caste Hindu – the stage of abandoning worldly things. |
| वानर | पुं. | बन्दर | বানর, বাঁদর | बानर, बांदर | a monkey, an ape. |
| वापस | वि. | जो कहीं जाकर लौट आया हो, लौटा हुआ, लौटाया हुआ । | ওয়াপস, ফেরত | ओयापस, फेरत | back again, returned. |
| वापसी | वि. | वापस आने अथवा जाने से संबंधित (टिकट) । | প্রত্যাবর্তন সম্পর্কিত, ফিরতি | प्रत्याबर्तन सम्पर्कित फिरति | return (as fare or a ticket etc.) |
| | स्त्री. | 1. वापस होने या लौटाने की अवस्था, क्रिया या भाव; | প্রত্যাবর্তন; | प्रत्याबर्तन; | return; |
| | | 2. वापस की या लौटाई हुई चीज देने या लेने की क्रिया या भाव । | ফেরত দেওয়া | फेरत देओया | returning (of a thing etc.). |
| वाम | वि. | 1. बायां, दाहिना या दक्षिण का विपर्याय; | বাম, বাঁ, দক্ষিনেতর; | बाम, बां, दक्षिनेतर; | left, not right; |
| | | 2. प्रतिकूल, विरुद्ध; | প্রতিকূল, বিরুদ্ধ; | प्रतिकूल, बिरुद्ध; | opposite, adverse; |
| | | 3. दुष्ट, बुरा । | ক্রূর, অধম | क्रूर, अधम | wicked, vile, bad. |
| वामपंथ | पुं. | आधुनिक राजनीति में उग्र उपायों द्वारा जनजीवन को सुधारने तथा उसमें क्रांति लाने का मार्ग या सिद्धांत । | বামপন্থী রাজনীতি | बामपन्थी राजनीति | leftism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वामपंथी** | पुं. | आधुनिक राजनीति में उग्र उपायों द्वारा जनजीवन को सुधारने तथा उसमें क्रांति लाने का पक्षधर या समर्थक, वामपंथ का अनुयायी । | বামপন্থী | बामपन्थी | leftist, follower of leftism. |
| | वि. | वामपंथ से संबंधित, वामपंथ का । | বামপন্থ সম্পর্কিত | बामपन्थ सम्पर्कित | relating to leftism, of leftism. |
| **वाममार्ग** | पुं. | तांत्रिक समाज में एक पद्धति जिसमें मद्य, मांस आदि का सेवन विहित है । | তান্ত্রিক বামাচার, মদ্য মাংসাদির সহযোগ বিশেষ ধরনের ধর্মাচার | तान्त्रिक बामाचार, मद्य मांसादिर सहजोग बिशेष धरनेर धर्माचार | the left hand ritual or doctrine of the tantra or the doctrine of resorting to **मांस, मद्य** etc. |
| **वायवीय** | वि. | 1. वायुसंबंधी, हवाई; 2. अमूर्त, अगोचर; 3. आकाशी । | বায়বীয়, বায়ুসম্বন্ধী; অমূর্ত, অগোচর; খেচর | बायवीय, बायुसम्बन्धी; अमूर्त, अगोचर; खेचर | relating to the air or wind, airy; aerial; atmospheric. |
| **वायु** | स्त्री. | देखें 'वात' । | দ্রষ্টব্য 'বাত' | द्रष्टव्य 'बात' | see 'वात'. |
| **वायुमंडल** | पुं. | वह गोलाकार वाष्पीय आवरण जो हमारी पृथ्वी को चारों ओर से घेरे हुए है, वातावरण । | পৃথিবীর উপরিস্থ যে স্থান পর্যন্ত ব্যাপিয়া বায়ু আছে | पृथिबीर उपरिस्थ जे स्थान पर्जन्त ब्यापिया बायु आछे | the atmosphere. |
| **वायुयान** | पुं. | हवा में उड़नेवाला मनुष्य-निर्मित यान, हवाई जहाज । | হাওয়াই জাহাজ, বিমানপোত | हाओयाइ जाहाज, बिमानपोत | aeroplane. |
| **वायुसेना** | स्त्री. | सेना का वह विभाग जो वायुयानों से शत्रु-पक्ष पर गोले आदि फेंकता है, हवाई सेना । | বিমানবাহিনী | बिमानबाहिनी | air force. |
| **वार** | पुं. | 1. सप्ताह का दिन; 2. आक्रमण आदि के समय किया जानेवाला आघात, प्रहार । | বার, বাসর, সপ্তাহের দিন; আক্রমনাদিসূত্রে কৃত আঘাত, প্রহার | बार, बासर, सप्ताहेर दिन; आक्रमनादिसूत्रे कृत आघात, प्रहार | day (of the week); assault, attack, blow, strike. |
| **वारदात** | स्त्री. | घटना । | ঘটনা | घटना | incident, occurrence. |
| **वारना** | स.क्रि. | टोने-टोटके के रूप में किसी | অমংগলাদি দূর | अमङ्गलादि दूर | to wave (anything) |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | चीज को सिर के चारों ओर घुमाकर निछावर करना । | করার উদ্দেশ্যে মাথার চারি ধারে কোনো জিনিস ঘুরাইয়া নিছনি লওয়া | करार उद्देश्ये माथार चारि धारे कोनो जिनिस घुराइया निछनि लओया | round or over (one) as a means of averting (evil, etc.), or as a votive offering. |
| वारांगना | स्त्री. | वेश्या, रंडी, गणिका । | বারাঙ্গনা, বেশ্যা | बाराङ्गना, बेश्या | prostitute, harlot. |
| वारा-न्यारा | पुं. | अत्यधिक लाभ की प्राप्ति । | প্রচন্ড লাভ, বিরাট লাভ | प्रचन्ड लाभ, बिराट लाभ | huge gains, heavy profits. |
| वारि | पुं. | जल, पानी । | বারি,জল, সলিল | बारि, जल, सलिल | water. |
| वारिस | पुं. | वह जिसे किसी की विरासत मिले, दायाद, दायाधिकारी, उत्तराधिकारी । | ওয়ারিস, উত্তরাধিকারী | ओयारिस, उत्तराधिकारी | heir, successor. |
| वारुणी | स्त्री. | शराब, मदिरा । | বারুনী মদ্য | बारुनी मद्य | wine. |
| वार्ता | स्त्री. | 1. बातचीत;<br>2. ऐसा कथन जो किसी को किसी विषय का ज्ञान कराने के लिए हो;<br>3. समाचार, खबर । | কথাবার্তা;<br>জ্ঞানমূলক ভাষণ;<br>সংবাদ, খবর | कथावार्ता;<br>ज्ञानमूलक भाषन;<br>संबाद, खबर | conversation;<br>talk, speech;<br>news, rumour. |
| वार्तालाप | पुं. | 1. लोगों में आपस में होने-वाली बातचीत, कथोप-कथन, संवाद;<br>2. (समझौते की) बातचीत | কথাবার্তা, কথোপকথন;<br>আপোসের কথাবার্তা | कथावार्ता, कथोपकथन;<br>आपोसेर कथावार्ता | conversation;<br>talk. |
| वार्द्धक्य (वार्धक्य) | पुं. | वृद्धावस्था, बुढ़ापा । | বার্ধক্য, বৃদ্ধাবস্থা | बार्धक्य, बृद्धाबस्था | old age. |
| वार्षिक | वि. | 1. प्रतिवर्ष होनेवाला, एक वर्ष के बाद होनेवाला;<br>2. एक वर्ष तक चलता रहनेवाला । | বার্ষিক বাৎসরিক;<br>বর্ষব্যাপী | बार्षिक बात्सरिक;<br>बर्षब्यापी | annual, yearly;<br>lasting for one year. |
| वार्षिकी | स्त्री. | 1. प्रति वर्ष दी जानेवाली वृत्ति या अनुदान;<br>2. प्रतिवर्ष होनेवाला कोई प्रकाशन;<br>3. किसी मृत व्यक्ति की मरणतिथि पर प्रतिवर्ष | প্রতিবর্ষে দেয় বৃত্তি বা অনুদান;<br>প্রতিবর্ষে প্রকাশিত পুস্তাদি;<br>মৃত্যুবার্ষিক অনুষ্ঠান | प्रतिबर्षे देय बृत्ति बा अनुदान;<br>प्रतिबर्षे प्रकाशित पुस्तकादि;<br>मृत्युबार्षिक अनुष्ठन | annuity;<br>annual publication;<br>death anniversary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | होनेवाला कोई स्मारक कृत्य, बरसी । | | | |
| **वालिद** | पुं. | पिता, बाप । | পিতা, বাপ | पिता, बाप | father. |
| **वालिदा** | स्त्री. | माता, माँ । | মাতা, মা | माता, मा | mother. |
| **वाष्प** | पुं. | भाप । | বাষ্প, ভাপ | बाष्प, भाप | steam. |
| **वासंती** | स्त्री. | 1. माधवी लता; | মাধবীলতা; | माधबीलता; | a kind of large creeper, Gaertnera rasimosa; |
| | | 2. जूही । | জুঁই | जुंइ | a species of jasmine, jasminum auriculatum. |
| **वास** | पुं. | 1. किसी स्थान पर रहना, निवास; | বাস, অবস্থান, বসতি; | बास, अबस्थान, बसति; | dwelling, living, residence; |
| | | 2. घर, मकान; | গৃহ, ভবন; | गृह, भबन; | home, house; |
| | | 3. गंध, बू । | গন্ধ | गन्ध | smell, flavour. |
| **वासना** | स्त्री. | 1. मन में दबी, बनी या बसी रहने वाली इच्छा, कामना या आकांक्षा; | বাসনা, কামনা, বাঞ্ছা, অভিপ্রায়, আকাঙ্ক্ষা; | बासना, कामना, बान्छा, अभिप्राय, आकाङ्क्षा; | desire, longing; |
| | | 2. कामेच्छा । | কামেচ্ছা | कामेच्छा | lust. |
| **वासर** | पुं. | दिन, दिवस । | দিন, দিবস | दिन, दिबस | a day. |
| **वासी** | वि. | रहनेवाला, बसनेवाला । | বাসকারী | बासकारी | resident, inhabitant. |
| **वास्कट** | पुं. | पाश्चात्य ढंग की बिना आस्तीन की कुरती या फतुही । | ওয়েস্টকোট্ | ओयेस्टकोट् | waist-coat. |
| **वास्तव** | वि. | 1. यथार्थ, सत्य; | বাস্তব, যথার্থ; | बास्तब, जथार्थ; | real, true; |
| | | 2. तात्विक । | তাত্ত্বিক | तात्त्विक | substantial. |
| **वास्तविक** | वि. | 1. जो वास्तव में हो, यथार्थ, सत्य; | বাস্তবিক, যথার্থ, প্রকৃত; | बास्तबिक, जथार्थ, प्रकृत; | actual, real, true, factual; |
| | | 2. तात्विक । | তাত্ত্বিক | तात्त्विक | substantial. |
| **वास्ता** | पुं. | संबंध, लगाव, सरोकार । | সম্বন্ধ | सम्बन्ध | relationship, connection, concern. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वास्तु** | पुं. | **ईंट, पत्थर, चूना, लकड़ी आदि से बनाकर तैयार की जानेवाली कोई रचना, संरचना, इमारत ।** | ইমারত, পাকা বাড়ী, দালান | इमारत, पाका बाड़ी, दालान | building. |
| **वास्तुकला** | स्त्री. | **वास्तु अर्थात् मकान, महल आदि बनाने की कला जिसके अंतर्गत चित्रण और लक्षण दोनों आते हैं, स्थापत्य ।** | স্থাপত্যবিদ্যা | स्थापत्यबिद्या | architecture. |
| **वास्तुकार** | पुं. | **मकान, महल आदि का निर्माण करनेवाला शिल्पी, स्थपति ।** | স্থপতি | स्थपति | architect. |
| **वास्ते** | अव्य. | **1. निमित्त, लिए;** | ওয়াস্তে, জন্য; | ओयास्ते, जन्य; | for the sake (of); |
| | | **2. हेतु, सबब;** | হেতু; | हेतु; | on account (of); by reason (of); |
| | | **3. कृते ।** | পক্ষে | पक्षे | on or in behalf (of). |
| **वाह** | अव्य. | **प्रशंसासूचक शब्द, धन्य ।** | বা:, বাহা, প্রশংসা-সূচক শব্দ, ধন্য | बा:, बाहा, प्रशंसा-सूचक, शब्द, धन्य | well done !, fine !, excellent ! |
| **वाहक** | वि. | **ढोनेवाला, ले जानेवाला ।** | বাহক, বহন-কারী | बाहक, बहन-कारी | carrying, conveying. |
| | पुं. | **कुली, सामान आदि ढोनेवाला मजदूर ।** | ভারবাহী, মুটে | भारबाही, मुटे | porter, carrier. |
| **वाहन** | पुं. | **कोई ऐसा साधन जिसपर चढ़कर लोग कहीं आते-जाते हैं, सवारी या पशु या अन्य कोई साधन, सवारी ।** | যান, যাহা দ্বারা বহন করা হয় বা যাহাতে চড়িয়া যাওয়া যায় | जान, जाहा द्वारा बहन करा हय बा जाहाते चड़िया जाओया जाय | conveyance of any kind, carriage. |
| **वाहिनी** | स्त्री. | **1. सेना, फौज;** | সেনা, সৈন্য, সেনাদল; | सेना, सैन्य, सेनादल; | an army; |
| | | **2. शरीर विज्ञान में नली के आकार के वे सूक्ष्म आधार जो रक्त के कण एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाते हैं ।** | ধমনী, শিরা | धमनी, शिरा | vessel (in physiology). |
| **वाहियात** | वि. | **1. (वस्तु) जो निरर्थक या व्यर्थ हो;** | বাজে (জিনিস); | बाजे (जिनिस); | useless; |
| | | **2. (बात) जो बे-सिर-पैर की अश्लील या बेहूदा हो;** | বাজে (কথা); | बाजे (कथा); | nonsense; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. (व्यक्ति) जो निकम्मा या मूर्ख हो । | নিষ্কর্মা, মূর্খ (ব্যক্তি) | निष्कर्मा, मूर्ख (ब्यक्ति) | worthless (fellow). |
| **वाही** | वि. | 1. बेहूदा, बे-सिर-पैर का; | বাজে; | बाजे; | nonsense; |
| | | 2. वहन करनेवाला, ढोनेवाला, ले जानेवाला (समास में); | বাহক; | बाहक; | carrying, conveying; |
| | | 3. बहानेवाला (समास में); | প্রবাহকারী; | प्रबाहकारी; | causing to flow; |
| | | 4. बहनेवाला (समास में) । | প্রবাহী | प्रबाही | flowing. |
| **विकट** | वि. | 1. कठिन, मुश्किल; | বিকট, দুরূহ; | बिकट, दुरुह; | difficult; |
| | | 2. दुर्गम; | দুর্গম; | दुर्गम; | formidable; |
| | | 3. भयंकर, भीषण; | ভয়ঙ্কর, ভীষন; | भयङ्कर, भीषन; | horrible, dreadful; |
| | | 4. बहुत बड़ा, विशाल; | বিরাট, বিশাল; | बिराट, बिशाल; | very great, huge; |
| | | 5. भद्दा, भोंडा । | কদাকার | कदाकार | ugly. |
| **विकराल** | वि. | भीषण, भयंकर (आकृतिवाला), डरावना । | ভীষণ, ভয়ঙ্কর (আকৃতিযুক্ত) | भीषन, भयङ्कर (आकृतिजुक्त) | dreadful, horrible, frightful. |
| **विकर्षण** | पुं. | 1. दूसरी ओर या विपरीत दिशा में खींचना, प्रतिकर्षण; | বিকর্ষণ, বিপ্রকর্ষণ, দূরে টানিয়া লওয়া; | बिकर्षन, बिप्रकर्षन, दूरे टानिया लओया; | pulling asunder; |
| | | 2. खींचकर अपनी ओर लाना, लौटाना; | নিজের প্রতি ফিরাইয়া আনা; | निजेर प्रति फिराइया आना; | dragging; |
| | | 3. अरुचि, घृणा, विमुखता; | অরুচি, বিমুখতা; | अरुचि, बिमुखता; | dislike, hatred, disinclination; |
| | | 4. हटाना । | দূর করা | दूर करा | removing. |
| **विकल** | वि. | 1. बेचैन, व्याकुल; | বিকল, বিহ্বল; | बिकल, बिहबल; | restless, uneasy; |
| | | 2. जिसका कोई अंग टूट चुका हो, खंडित । | বিকলাঙ্গ, খণ্ডিত | बिकलाङ्ग, खन्डित | maimed. |
| **विकलांग** | वि. | 1. किसी अंग से हीन; | বিকলাঙ্গ, অংগহীন; | बिकलाङ्ग, अङ्गहीन; | maimed; |
| | | 2. जिसका कोई अंग बेकाम हो । | দেহের কোনো অংগে ত্রুটি আছে এমন | देहेर कोनो अङ्गे त्रुटि आछे एमन | having a deficient limb. |
| **विकल्प** | पुं. | 1. वह अवस्था जिसमें सामने आई हुई कई बातों या विषयों में से कोई बात या विषय अपने लिए चुनने की आवश्यकता | বিকল্প, একাধিক কথা বা বিষয় হইতে ইচ্ছামত যে কোনো একটি বাছিয়া লওয়া, | बिकल्प, एकाधिक कथा बा बिषय हइते इच्छामत जे कोनो एकटि बाछिया लओया, | option; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | होती है, पसंद करने या चुनने का अधिकार; | পছন্দমত বাছাই করার অধিকার; | पछन्दमत बाछाइ करार अधिकार; | |
| | | 2. सामने आए हुए दो या अधिक ऐसे कामों या बातों में से हर एक जिसे आवश्यकता, सुभीते आदि के अनुसार काम में लाया या लिया जा सकता हो; | পক্ষান্তর; | पक्षान्तर; | alternative; |
| | | 3. अनिश्चय की स्थिति, अनिश्चितता, सन्देह; | অনিশ্চয়তা, সংশয়; | अनिश्चयता, संशय: | uncertainty, ambiguity; |
| | | 4. मन में उत्पन्न होनेवाली तरह-तरह की कल्पनाएं | বিভ্রান্তি | बिभ्रान्ति | false notions. |
| विकसित | वि. | 1. जिसका विकास हुआ हो या किया गया हो; | বিকশিত, বিকাশ লাভ করিয়াছে এমন; | बिकशित, बिकास लाभ करियाछे एमन; | developed; |
| | | 2. खिला हुआ । | প্রস্ফুটিত | प्रस्फुटित | budded, blown. |
| विकार | पु. | 1. दूषण, विकृति, भ्रष्टता; | বিকার;স্বাভাবিক অবস্থার অন্যথা; | बिकार,स्वाभाबिक अबस्थार अन्यथा; | perversion, defilement; |
| | | 2. किसी चीज के आकार, रूप, गुण, रंग आदि में होनेवाला परिवर्तन जिससे वह खराब हो जाए और ठीक तरह से काम देने योग्य न रह जाए, खराबी, गड़बड़ी; | মন্দীভবণ, ব্যবস্থা-বিপাক; | मन्दीभबन, ब्यबस्था-बिपाक; | disorder, deterioration; |
| | | 3. प्राकृतिक या मूलस्थिति में होनेवाला परिवर्तन, प्रकृति या रूप का बदल जाना, रूपांतरण । | রূপান্তর | रूपान्तर | transformation. |
| विकारी | वि. | 1. जिसमें कोई परिवर्तन हुआ हो या किया गया हो; | পরিণাম বিশিষ্ট; | पारनाम बिशिष्ट: | transformed; |
| | | 2. जिसमें कोई विकार या परिवर्तन होता रहता हो या होने को हो; | পরিবর্তনশীল; | परिबर्तनशील; | undergoing a change; |
| | | 3. जिसमें कोई विकार उत्पन्न हुआ हो, विकार से युक्त, विकृत । | বিকারযুক্ত | बिकारजुक्त | defiled. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विकास** | पुं. | 1. फूलों आदि का खिलना; | বিকাশ, প্রস্ফুটন; | बिकाश, प्रस्फुटन; | budding, blooming (of flowers); |
| | | 2. किसी चीज का अस्तित्व में आकर या आरंभ होकर फैलते या बढ़ते हुए और उन्नति की अनेक क्रमिक अवस्थाएं पार करते हुए अपनी पूरी बढ़ती तक पहुंचना, बढ़ती, उन्नति, अभिवृद्धि; | উন্নতি, অভিবৃদ্ধি; | उन्नति, अभिबृद्धि; | development; |
| | | 3. यह सिद्धांत कि कोई वस्तु अपनी आरंभिक सामान्य अवस्था से अपनी प्रकृति के अनुसार बढ़ती तथा फूलती फलती हुई पूर्ण अवस्था प्राप्त करती है । | অভিব্যাক্ত, প্রসার | अभिव्याक्त प्रसार | evolution, growth. |
| **विकासवाद** | पुं. | यह सिद्धांत कि ईश्वर ने यह सृष्टि (अथवा इसका कोई अंग) इसी या प्रस्तुत रूप में उत्पन्न नहीं की थी, वरन् इसका रूप प्रतिक्षण बदलता और बढ़ता जा रहा है । | বিবর্তনবাদ | बिबर्तनबाद | evolutionism. |
| **विकिरण** | पुं. | 1. आजकल वैज्ञानिक क्षेत्र में किसी केन्द्र से ताप, प्रकाश की किरणों अथवा किसी प्रकार की ऊर्जा का निकल कर इधर-उधर या चारों ओर फैलना; | বিকিরণ, বিক্ষেপকরণ; | बिकिरन, बिक्षेपकरन; | radiation; |
| | | 2. इधर-उधर फेंकना, या फैलाना, छितराना, बिखेरना; | ছড়ানো; | छड़ानो; | throwing about, scattering; |
| | | 3. किसी केन्द्र से शाखाओं आदि के रूप में निकलकर इधर-उधर फैलना या बढ़ना । | বিস্তার করণ | बिस्तार करन | spreading of branches from a point. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विकीर्ण** | वि. | 1. चारों ओर फैलाया या छितराया हुआ, बिखेरा हुआ; | বিকীর্ণ, বিক্ষিপ্ত, ছড়ানো হইয়াছে এমন; | बिकीर्न, बिक्षिप्त, छड़ानो हइयाछे एमन; | scattered; |
| | | 2. खुले, बिखरे या उलझे हुए (बाल) । | আলুথালু | आलुथालु | dishevelled. |
| **विकृत** | वि. | 1. दूषित, कलुषित, भ्रष्ट;. | বিকৃত, দূষিত, কলুষিত, ভ্রষ্ট; | बिकृत, दूषित, कलुषित, भ्रष्ट; | defiled, corrupted; |
| | | 2. जिसका आकार या रूप बिगड़ गया हो, बेडोल, खराब; | বিরূপীকৃত | बिरुपीकृत; | deformed, disfigured; |
| | | 3. जिसकी मूल या प्राकृतिक स्थिति में परिवर्तन हो गया हो, रूपांतरित; | রূপান্তরিত | रूपान्तरित; | transformed; |
| | | 4. (मानसिक रूप से) रुग्ण । | মানসিক রোগগ্রস্ত | मानसिक रोगग्रस्त | mentally sick. |
| **विकृति** | स्त्री. | 1. परिवर्तित रूप; | বিকৃতি; | बिकृति; | changed form; |
| | | 2. बिगड़ा हुआ रूप; | বিকৃত রূপ; | बिकृत रूप; | disfigurement; |
| | | 3. परिवर्तन, रूपांतरण; | অবস্থান্তর; | अबस्थान्तर; | modification, transformation; |
| | | 4. खराबी, गड़बड़ी, विकार । | বিকার | बिकार | deformation, corruption. |
| **विकेंद्रीकरण** | पुं. | 1. केन्द्र से हटाकर दूर करना; | বিকেন্দ্রীকরণ; | बिकेन्द्रीकरन; | removing away from the centre; |
| | | 2. राजनीतिक क्षेत्र में, शक्ति का या सत्ता का एक केन्द्र या स्थान में निहित न होकर (रखकर) अनेक केन्द्रों या स्थानों में थोड़े-थोड़े अंशों में निहित होना (करना) | রাজনীতিক্ষেত্রে শাসনশক্তি ইত্যাদি এক কেন্দ্রে সংহত না করিয়া নানা কেন্দ্রে ছড়াইয়া দেওয়া | राजनीतिक्षेत्रे शासनशक्ति इत्यादि एकं केन्द्रे संहत ना करिया नाना केन्द्रे छड़ाइया देओया | decentralisation. |
| **विक्रम** | -पुं. | 1. पौरुष, बल, वीरता, पराक्रम; | বিক্রম, শৌর্য, বল, পরাক্রম; | बिक्रम, शौर्ज, बल, पराक्रम; | valour, power, bravery; |
| | | 2. उज्जयिनी के एक प्रसिद्ध प्रतापी राजा जिनके नाम पर विक्रम संवत चलाया गया था, विक्रमादित्य । | উজ্জয়িনীর সুপ্রসিদ্ধ রাজা বিক্রমাদিত্য | उज्जयिनीर सुप्रसिद्ध राजा बिक्रमादित्य | a celebrated King of Ujjayini, after whom the Vikram era is named so. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विक्रमी | वि. | पराक्रमी, बलशाली । | পরাক্রান্ত | पराक्रान्त | valiant, heroic. |
| विक्रय | पुं. | बेचना, दाम लेकर कोई चीज देना । | বিক্রয়, বেচা | बिक्रय, बेचा | selling, vending, sale. |
| विक्रांत | वि. | जिसमें विशेष विक्रम अर्थात् बल हो, शूरवीर पराक्रमी, प्रतापी, तेजस्वी । | বিক্রমী, বীর, পরাক্রমশালী, তেজস্বী | बिक्रमी, बीर, पराक्रमशाली, तेजस्बी | valiant, mighty, pre-eminent, heroic. |
| विक्रेता | पुं. | बिक्री करनेवाला, बेचनेवाला । | বিক্রেতা, বিক্রয়কারী | बिक्रेता, बिक्रयकारी | one who sells, seller, vendor. |
| विक्लांत | वि. | 1. हतोत्साह;<br>2. श्रांत, थका हुआ । | নিরুৎসাহ;<br>শ্রান্ত, ক্লান্ত | निरुत्साह;<br>श्रान्त, क्लान्त | discouraged;<br>tired. |
| विक्षत | वि. | घायल, जख्मी, जिसमें क्षत लगा हो, जिसमें खराश या खरोंच पड़ी हो । | বিক্ষত, বিশেষভাবে আহত | बिक्षत, बिशेषभावे आहत | wounded, hurt, injured. |
| विक्षिप्त | वि. | 1. जिसका मस्तिष्क ठीक तरह से काम न करता हो, पागल, सिड़ी;<br>2. घबराया हुआ, विकल, बेचैन;<br>3. फेंका या छितराया हुआ । | উন্মত্ত, ক্ষিপ্ত;<br>বিহ্বল, ব্যাকুলিত;<br>বিকীর্ণ | उन्मत्त, क्षिप्त;<br>बिह्बल, ब्याकुलित;<br>बिकीर्न | mad, lunatic, crazy;<br>bewildered, perplexed;<br>thrown asunder or scattered. |
| विक्षिप्तता | स्त्री. | 1. पागलपन;<br>2. बेचैनी, विकलता । | উন্মত্ততা, ক্ষিপ্ততা;<br>বিহ্বলতা, ব্যাকুলতা | उन्मत्तता, क्षिप्तता;<br>बिह्बलता, ब्याकुलता | lunacy;<br>bewilderment, restlessness. |
| विक्षुब्ध | वि. | 1. उद्विग्न, खिन्न;<br>2. उथल-पुथल युक्त, अस्तव्यस्त, अशांत । | বিক্ষুব্ধ, ক্ষোভযুক্ত;<br>বিচলিত, অস্থির | बिक्षुब्ध, क्षोभजुक्त;<br>बिचलित, अस्थिर | agitated;<br>disturbed, restless. |
| विक्षेप | पुं. | 1. इधर-उधर छितराना या फेंकना;<br>2. (मन की) चंचलता, (मानसिक) अशांति, बेचैनी, विकलता;<br>3. बाधा । | ইতস্তত: নিক্ষেপ;<br>চাঞ্চল্য, অশান্তি, অস্থিরতা;<br>বাধা | इतस्तत: निक्षेप;<br>चाञ्चल्य, अशान्ति, अस्थिरता;<br>बाधा | scattering;<br>bewilderment, restlessness (mental), confusion;<br>hindrance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विक्षोभ | पुं. | 1. उद्विग्नता, खिन्नता, विकलता, बेचैनी; | বিক্ষোভ,উদ্বিগ্নতা, বিচলিতভাব; | बिक्षोभ,उद्विग्नता, बिचलितभाब; | agitation, perturbation; |
| | | 2. उथल-पुथल, अस्त-व्यस्तता, अशांति; | আলোড়ন; | आलोड़न; | disorder, disturbance; |
| | | 3. (मानसिक) चंचलता, अस्थिरता, अशांति । | (মানসিক) চাঞ্চল্য, অস্থিরতা | (मानसिक) चाञ्चल्य, अस्थिरता | mental restlessness. |
| विखंडन | पुं. | बहुत छोटे-छोटे, टुकड़ों या अंशों में विभाजित या परिवर्तित करना, टुकड़े-टुकड़े करना । | ছেদন | छेदन | fragmentation. |
| विखंडित | वि. | 1. जिसका विखंडन हुआ हो या किया गया हो; बहुत छोटे-छोटे खंडों-टुकड़ों या अंशों में विभाजित या परिवर्तित; | বিখন্ডিত, ছিন্ন; | बिखन्डित, छिन्न; | fragmented; |
| | | 2. टुकड़े-टुकड़े किया हुआ । | টুকরা টুকরা করা হইয়াছে এমন | टुकरा टुकरा करा हइयाछे एमन | divided into pieces. |
| विख्यात | वि. | प्रसिद्ध, मशहूर, विश्रुत । | বিখ্যাত, প্রসিদ্ধ, বিশেষভাবে খ্যাত | बिख्यात,प्रसिद्ध, बिशेषभाबे ख्यात | famous, well-known. |
| विख्यापन | पुं. | 1. सार्वजनिक रूप से घोषणा करना; | সর্বসাধারণে ঘোষণা; | सर्बसाधारने घोषना; | public declaration or pronouncement; |
| | | 2. प्रसिद्ध करना, मशहूर करना । | প্রসিদ্ধকরণ | प्रसिद्धकरन | making known or famous. |
| विगणन | पुं. | 1. हिसाब लगाना, लेखा करना; | গণনা; | गनना; | calculation; |
| | | 2. ऋण से मुक्त होना | ঋণাদিশোধন | ऋनादिशोधन | paying off a debt. |
| विगत | वि. | 1. बीता हुआ, गत; | বিগত, অতীত; | बिगत, अतीत; | past; |
| | | 2. गत से ठीक पहले का, पिछला; | পশ্চাৎবর্তী; | पश्चातबर्ती; | last; |
| | | 3. जो किसी बात से रहित या हीन हो चुका हो (समास में) । | অপগত, নষ্ট | अपगत, नष्ट | destitute or deprived of. |
| विगर्हणा | स्त्री. | निन्दा । | নিন্দা | निन्दा | censure, reproach. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विगर्हणीय | वि. | निन्दनीय । | নিন্দনীয় | निन्दनीय | deserving censure or reproach. |
| विगलन | पुं. | 1. पूरी तरह से गलना या घुलना; | বিগলিত হওয়া; | बिगलित हओया; | dissolution; |
| | | 2. मन का आर्द्र होना, दुखित होना; | দ্রবীভূত হওয়া; | द्रबीभूत हओया; | melting of heart; |
| | | 3. नाश या लोप होना । | নষ্ট হওয়া | नष्ट हओया | disappearance. |
| विगलित | वि. | 1. गला हुआ, पिघला हुआ; | বিগলিত; | बिगलित; | dissolved; |
| | | 2. द्रवित, आर्द्र (मन); | দ্রবীভূত; | द्रबीभूत; | melted (heart); |
| | | 3. नष्ट, लुप्त । | নষ্ট | नष्ट | disappeared, gone away. |
| विग्रह | पुं. | 1. यौगिक शब्दों या समस्त पदों के किसी एक या प्रत्येक शब्द को अलग करना (व्याकरण); | সমাসের ব্যাসবাক্য; | समासेर ब्यासबाक्य; | (in gram.) a portion of a compound word, analysis; |
| | | 2. लड़ाई-झगड़ा, वैर-विरोध; | কলহ, বিরোধ, | कलह, बिरोध; | quarrel, discord; |
| | | 3. युद्ध, समर; | যুদ্ধ; | जुद्ध; | war, battle; |
| | | 4. आकृति, सूरत; | চেহারা; | चेहारा; | shape, form; |
| | | 5. देह, शरीर; | শরীর; | शरीर; | body; |
| | | 6. प्रतिमा, मूर्ति । | প্রতিমা | प्रतिमा | statue, idol. |
| विघटन | पुं. | 1. किसी वस्तु के संयोजक अंगों का अलग होना; | বিশ্লেষ, বিয়োজন; | बिश्लेष, बियोजन; | breaking up; |
| | | 2. नष्ट होना । | বিনাশ, বিধ্বংস | बिनाश, बिध्वंस | destruction, ruin. |
| विघटित | वि. | 1. जिसके संयोजक अंग अलग-अलग किए गए हों, तोड़ा-फोड़ा हुआ; | বিশ্লিষ্ট, বিযুক্ত; | बिश्लिष्ट, बिजुक्त; | shattered, broken; |
| | | 2. नष्ट किया हुआ; | বিনষ্টীকৃত; | बिनष्टीकृत; | ruined; |
| | | 3. (संस्था आदि) जिसे भंग कर दिया गया हो । | ভাংগিয়া দেওয়া হইয়াছে এমন | भाङ्गिया देओया हइयाछे एमन | dissolved (organisation, etc.) |
| विघातक | वि. | 1. विनाशक, नाशक; | বিনাশক; | बिनाशक; | destructive, ruinous; |
| | | 2. बाधा पहुंचानेवाला, विघ्नोत्पादक, हानिकर | বাধাদায়ক, বিঘ্নোৎপাদক, হানিকর | बाधादायक, बिघ्नोत्पादक, हानिकर | impeding, interrupting, harmful. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विघ्न | पुं. | अड़चन, बाधा । | প্রতিবন্ধক, বাধা | प्रतिबन्धक, बाधा | obstacle, impediment, disturbance, hindrance, obstruction. |
| विघ्नकारी | वि. | बाधा उपस्थित करनेवाला, विघ्न डालनेवाला, बाधक । | যে বিঘ্ন ঘটায়, বিঘ্নজনক | जे बिघ्न घटाय, बिघ्नजनक | causing any obstacle or interruption, impeding, hindering, disturbing. |
| विचक्षण | वि. | 1. तीव्र दृष्टिवाला, दूरदर्शी; | স্বচ্ছদৃষ্টিযুক্ত, দূরদর্শী; | स्वच्छदृष्टिजुक्त, दूरदर्शी; | clear sighted, far seeing, circumspect; |
| | | 2. बुद्धिमान्, समझदार; | বুদ্ধিমান; | बुद्धिमान; | wise, intelligent; |
| | | 3. कुशल, दक्ष । | কুশল, দক্ষ | कुशल, दक्ष | skilful, clever. |
| विचरण | पुं. | घूमना-फिरना, चलना-फिरना, सैर । | ইতস্তত: ভ্রমণ, পর্যটন | इतस्ततः भ्रमन, पर्जटन | wandering, walk. |
| विचरना | अ. क्रि. | घूमना-फिरना, चलना-फिरना, फिरना । | ঘুরাফিরা করা, চলাফিরা করা | घुराफिरा करा, चलाफिरा करा | to wander, to walk. |
| विचल | वि. | 1. जो बराबर हिलता रहता हो; | স্পন্দমান; | स्पन्दमान; | moving; |
| | | 2. अस्थिर; | অস্থির; | अस्थिर; | unfixed, movable; |
| | | 3. अपने मार्ग, स्थान, प्रतिज्ञा आदि से हटा, गिरा या डिगा हुआ । | আদর্শ/ প্রতিজ্ঞাচ্যুত, ভ্রষ্ট | आदर्श/ प्रतिज्ञाच्युत, भ्रष्ट | unsteady, fickle, fallen. |
| विचलन | पुं. | 1. ठीक या सीधा मार्ग छोड़कर इधर-उधर होना, पथ से भ्रष्ट होना; | স্খলন, চ্যুতি, ভ্রংশ; | स्खलन, च्युति, भ्रंश; | deviation; |
| | | 2. अपने कार्य, निश्चय, विचार आदि पर दृढ़ न रहना, अस्थिरता । | অস্থিরতা | अस्थिरता | unsteadiness, fickleness. |
| विचलित | वि. | 1. अपनी प्रतिज्ञा, सिद्धांत, स्थान आदि से हटा हुआ; | আদর্শচ্যুত; | आदर्शच्युत; | moved or deviated (from promise, principle or place); |
| | | 2. अस्थिर, चंचल; | অস্থির, চঞ্চল; | अस्थिर, चञ्चल; | unsteady, fickle; |
| | | 3. विकल, बेचैन । | ব্যাকুল | ब्याकुल | troubled, disturbed, restless. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विचार** | पु. | 1. मन ही मन तर्क-वितर्क करके कुछ सोचने या समझने की क्रिया या भाव, चिन्तन, मनन; | বিমর্শন, বিচিন্তন, মনন; | विमर्शन, विचिन्तन, मनन; | thinking, deliberation, pondering; |
| | | 2. सोच-समझकर स्थिर की हुई भावना, ख्याल, मत, राय, धारणा; | মীমাংসা, সিদ্ধান্ত, ধারনা; | मीमांसा, सिद्धान्त, धारना; | view, thought, idea; |
| | | 3. कोई प्रश्न सामने आने पर उसके संबंध में कुछ निर्णय करने से पहले उसके सब अंग अच्छी तरह तर्क करते हुए देखना या समझना; | বিবেচনা; | विबेचना; | consideration; |
| | | 4. विवादास्पद विषय के संबंध में कुछ निश्चय करने से पहले किसी न्यायालय या विचारशील व्यक्ति के द्वारा होनेवाली सब अंगों और बातों की जांच-पड़ताल, फैसले के लिए मुकदमे की सुनवाई। | বিবাদমান কোনো বিষয় সম্পর্কে দায়িত্ব নির্ধারণের জন্য আদালত কিংবা অনুরূপ দায়িত্বভাজন ব্যক্তি বিশেষের দ্বারা অনুসন্ধান-বিবেচনা | बिबादमान कोनो विषय सम्पर्के दायित्व निर्धारनेर जन्य आदालत किंबा अनुरूप दायित्वभाजन व्यक्ति विशेषेर द्वारा अनुसन्धान-बिबेचना | trial. |
| **विचारक** | वि. पुं. | 1. विचार करनेवाला, चिन्तन-मनन करनेवाला; | বিমর্শক, চিন্তাকারী; | विमर्शक, चिन्ताकारी; | thinker; |
| | | 2. न्यायकर्ता। | বিচারকর্তা, জজ | विचारकर्ता, जज | judge. |
| **विचारगोष्ठी** | स्त्री. | विद्वानों या विशेषज्ञों की वह गोष्ठी जो किसी विशिष्ट विषय पर विचार करने के लिए बुलाई गई हो। | আলোচনাচক্র, সেমিনার | आलोचनाचक्र, सेमिनार | seminar. |
| **विचारणा** | स्त्री. | 1. विचार करने की क्रिया या भाव; | বিমর্শ, বিবেচনা; | बिमर्श, बिबेचना; | thinking, deliberation; |
| | | 2. सोची-विचारी हुई बात; | সিদ্ধান্ত, মীমাংসা; | सिद्धान्त, मीमांसा; | view, opinion; |
| | | 3. कोई काम करने से पहले यह सोचना कि यह काम करना चाहिए या नहीं अथवा हम से हो सकेगा या नहीं। | কার্যাকার্যবিমর্শ, কর্তব্যাকর্তব্য, নির্ণয় | कार्जाकार्जबिमर्श, कर्तव्याकर्तब्य निर्नय | hesitation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विचारणीय** | वि. | 1. जिस पर विचार करना उचित हो या विचार किया जाने को हो, चिंत्य; | বিচার্য, বিবেচ্য; | बिचार्ज, बिबेच्य; | needing consideration or deliberation; |
| | | 2. संदिग्ध । | সন্দেহযুক্ত | सन्देहजुक्त | doubtful. |
| **विचारधारा** | स्त्री. | विचारों का प्रवाह, सिद्धांत । | চিন্তাধারা, | चिन्ताधारा, | ideology. |
| **विचारना** | अ. क्रि. | 1. विचार करना, सोचना-समझना, गौर करना; | বিচার, বিচার-বিবেচনা করা; | बिचार, बिचार-बिबेचना करा; | to think, deliberate; |
| | | 2. जानने के लिए किसी से कुछ पूछना । | জিজ্ঞাসাবাদ করা | जिज्ञासाबाद करा | to investigate, enquire. |
| **विचारवान** | वि. | सोचने-विचारनेवाला, विचारशील । | বিচারক্ষম, বিচারযুক্ত | बिचारक्षम, बिचारजुक्त | one who thinks or deliberates, thoughtful, considerate. |
| **विचारशील** | वि. | जिसमें किसी विषय पर अच्छी तरह सोचने या विचारने की शक्ति हो । | বিচারশীল | बिचारशील | disposed to deliberation or reflection, considerate, deliberative, reflective, thoughtful. |
| **विचारशीलता** | स्त्री. | विचारशील होने की अवस्था या भाव । | বিচারশীলতা, বিচারযুক্ততা | बिचारशीलता, बिचारजुक्तता | thoughtfulness, deliberativeness, reflection. |
| **विचाराधीन** | वि. | 1. (बात या विषय) जिस पर अभी विचार हो रहा हो; | বিচারাধীন; | बिचाराधीन; | under consideration; |
| | | 2. जिसके संबंध में न्यायालय में अभी मुकदमा चल रहा हो, न्यायाधीन । | আদালতে যাহার বিচার চলিতেছে এমন | आदालते जाहार बिचार चलितेछे एमन | sub-judice. |
| **विचित्र** | वि. | 1. अजीब, अनोखा; | বিচিত্র, অভিনব; | बिचित्र, अभिनब; | unusual, strange; |
| | | 2. असाधारण, विलक्षण और नया; | অসাধারণ, অপূর্ব; | असाधारन, अपूर्ब; | peculiar, queer; |
| | | 3. मन में कुतूहल उत्पन्न करनेवाला; | কৌতূহলজনক; | कौतूहलजनक; | curious, wonderful; |
| | | 4. चकित या विस्मित करनेवाला । | বিস্ময়কর | बिस्मयकर | surprising. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विचित्रता** | स्त्री. | 1. विचित्र होने की अवस्था या भाव, अनोखापन, अजीबपन; | বিচিত্রতা, বৈচিত্র্য, অভিনবতা; | बिचित्रता, बैचित्र्य, अभिनबता; | unusualness, strangeness, wonderfulness; |
| | | 2. विलक्षणता, असाधारणता | অপূর্বতা | अपूर्बता | peculiarity. |
| **विच्छिन्न** | वि. | 1. जो काट या छेदकर अलग कर दिया गया हो; | বিচ্ছিন্ন, খন্ডিত, কর্তিত; | बिच्छिन्न, खन्डित, कर्तित; | cut off or split; |
| | | 2. जिसका अपने मूल अंग के साथ कोई संबंध न रह गया हो; | মূল হইতে বিচ্ছিন্ন; | मूल हइते बिच्छिन्न; | torn asunder; |
| | | 3. अलग, जुदा; | বিযুক্ত, পৃথকীকৃত; | बिजुक्त, पृथकीकृत; | separate; |
| | | 4. जिसका अंत हो चुका हो या कर दिया गया हो । | লুপ্ত, বিনষ্টীকৃত | लुप्त, बिनष्टीकृत | ceased, ended. |
| **विच्छेद** | पुं. | 1. काट या छेदकर अलग करने की क्रिया; | ছেদন, কর্তন; | छेदन, कर्तन; | cutting, splitting; |
| | | 2. खंडित या अलग होना, संबंध न रह जाना, भग्न होना; | বিচ্ছেদ, বিশ্লেষ, সম্বন্ধ-বিলোপ; | बिच्छेद, बिश्लेष, सम्बन्ध-बिलोप; | brokenness, break; |
| | | 3. अलगाव, पार्थक्य; | বিভেদ, পার্থক্য; | बिभेद, पार्थक्य; | separation; |
| | | 4. नाश, बरबादी । | বিনাশ, পরিত্যক্ত | बिनाश, परित्यक्त | cessation, end. |
| **विछोह** | पुं. | ऐसी अवस्था जिसमें प्रिय के विदेश चले जाने पर उससे संयोग न होता हो, वियोग । | বিরহ, বিচ্ছেদ | बिरह, बिच्छेद | separation. |
| **विजन** | वि. | 1. सुनसान, एकांत; | বিজন, জনশূন্য; | बिजन, जनशून्य; | desolate; |
| | | 2. निर्जन, गैर-आबाद । | নির্জন, বসতিহীন | निर्जन बसतिहीन | uninhabited. |
| **विजनता** | स्त्री. | 1. एकांतता; | বিজনতা, একান্ততা; | बिजनता, एकान्तता; | solitude, loneliness; |
| | | 2. निर्जनता । | নির্জনতা | निर्जनता | absence of inhabitation, wilderness. |
| **विजय** | स्त्री. | 1. शत्रु या प्रतिस्पर्धी को हराने पर होनेवाली जीत; | বিজয়, শত্রু তথা প্রতিপক্ষকে পরাভূত করা; | बिजय शत्रु तथा प्रतिपक्षके पराभूत करा; | victory, conquest; |
| | | 2. सफलता, कामयाबी । | সাফল্য | साफल्य | success. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विजय-पताका | स्त्री. | जीत के समय फहराई जाने-वाली सेना की पताका । | বিজয় পতাকা, জয়পতাকা | बिजय पताका, जयपताका | triumphal flag. |
| विजयश्री | स्त्री. | विजय की अधिष्ठात्री देवी, जिसकी कृपा पर विजय निर्भर मानी जाती है, विजय-लक्ष्मी । | বিজয়শ্রী, বিজয়লক্ষ্মী | बिजयश्री, बिजयलक्ष्मी | the goddess of victory. |
| विजया | स्त्री. | भांग, भंग । | ভাঙ্ | भाङ् | hemp, cannabis sativa. |
| विजया-दशमी | स्त्री. | आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी जो हिन्दुओं का बहुत बड़ा त्योहार मानी जाती है । | বিজয়াদশমী, আশ্বিনের শুক্লা দশমী– হিন্দুদের একটি বড় পর্বের দিন | बिजयादशमी, आश्विनेर शुक्ला दशमी– हिन्दुदेर एकटि बड़ पर्बेर दिन | famous Dussehra festival of Hindus which falls on the tenth day of the bright half of Asvina. |
| विजयी | वि. | 1. जीतनेवाला, विजय प्राप्त करनेवाला; 2. सफलता प्राप्त करने-वाला । | বিজয়ী, বিজেতা, জয়লাভকারী; জয়যুক্ত, সফল | बिजयी, बिजेता, जयलाभकारी; जयजुक्त, सफल | conquering, victorious; successful. |
| विजाति | स्त्री. | दूसरी या भिन्न जाति । | বিজাতি, ভিন্ন জাতি | बिजाति, भिन्न जाति | different caste or tribe or kind. |
| विजातीय | वि. | भिन्न जाति का, पराई जाति का । | বিজাতীয়, ভিন্ন-জাতিসম্বন্ধীয় | बिजातीय, भिन्न-जातिसम्बन्धीय | of different caste or tribe or kind. |
| विजिगीषा | स्त्री. | विजय पाने की इच्छा । | বিজিগীষা | बिजिगीषा, | desire to conquer. |
| विजित | वि. | जिस पर विजय पाई गई हो, जिसे जीता गया हो । | বিজিত, পরাভূত | बिजित, पराभूत | conquered, defeated. |
| विजेता | पुं. | जीतनेवाला, विजयी । | বিজেতা, জয়লাভকারী | बिजेता, जयलाभकारी | conqueror, victor. |
| विज्ञ | वि. | किसी विषय का बहुत बड़ा जानकार, विद्वान, विशेषज्ञ । | বিজ্ঞ, বিশেষ জ্ঞান সম্পন্ন, অভিজ্ঞ | बिज्ञ, बिशेष ज्ञान सम्पन्न अभिज्ञ | proficient in or conversant with any particular subject, expert. |
| विज्ञप्ति | स्त्री. | किसी अधिकारी या उसके कार्यालय की ओर से निकलने-वाली ऐसी सूचना जिसमें | বিজ্ঞপ্তি, বিজ্ঞাপন, ঘোষণা, নোটিস | बिज्ञप्ति, बिज्ञापन, घोषना, नोटिस | notice, communique. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | किसी बात या विषय का स्पष्टीकरण हो । | | | |
| **विज्ञात** | वि. | 1. जाना हुआ, समझा हुआ; | বিজ্ঞাত, বিশেষরূপে জ্ঞাত; | बिज्ञात, बिशेषरूपे ज्ञात; | known, understood, perceived; |
| | | 2. प्रसिद्ध, मशहूर । | প্রসিদ্ধ, খ্যাত | प्रसिद्ध, ख्यात | well-known, celebrated, famous. |
| **विज्ञान** | पुं. | 1. आविष्कृत सत्यों तथा प्राकृतिक नियमों पर आधारित क्रमबद्ध तथा व्यवस्थित ज्ञान; | বিজ্ঞান, নিয়মিত পর্যবেক্ষণ ও গবেষণার ফলে কোনো বিষয়ে ক্রম অনুসারে লব্ধ জ্ঞান; | बिज्ञान, नियमित पर्जबेक्षन ओ गबेषनार फले कोनो बिषये क्रम अनुसारे लब्ध ज्ञान; | science; |
| | | 2. ज्ञान, जानकारी । | জ্ঞান | ज्ञान | knowledge. |
| **विज्ञानी** | वि. | ज्ञानी, वैज्ञानिक । | বিজ্ঞানী, জ্ঞানী, বৈজ্ঞানিক | बिज्ञानी, ज्ञानी, बैज्ञानिक | having knowledge, scientist. |
| **विज्ञापक** | वि. | दूसरों को जानकारी देनेवाला । | বিজ্ঞাপক, যে বা যাহা জানাইয়া দেয় | बिज्ञापक, जे बा जाहा जानाइया देय | one or what makes known. |
| | पुं. | समाचारपत्रों आदि में विज्ञापन छपानेवाला, विज्ञापनदाता । | বিজ্ঞাপনদাতা | बिज्ञापनदाता | advertiser. |
| **विज्ञापन** | पुं. | 1. प्रचार, बिक्री, लोगों की जानकारी आदि के लिए किसी बात या वस्तु के संबंध में पत्रों आदि में प्रकाशित कराई जानेवाली सूचना; | বিজ্ঞাপন, সাধারণকে জানাইবার জন্য বিষয়বিশেষের লিখিত বা মুদ্রিত পরিচয়পত্র; | बिज्ञापन, साधारनके जानाइबार जन्य बिषयबिशेषेर लिखित बा मुद्रित परिचयपत्र; | advertisement; |
| | | 2. प्रचार आदि के उद्देश्य से बांटा जानेवाला सूचना-पत्र, इश्तहार; | ইশতিহার; | इशतिहार; | handbill; |
| | | 3. सब लोगों को कोई बात जतलाने या बतलाने की क्रिया या भाव, जानकारी कराना, सूचित करना । | বিশেষভাবে জ্ঞাপন, প্রচার বা ঘোষণা | बिशेषभाबे ज्ञापन, प्रचार बा घोषना | announcement. |
| **विज्ञापित** | वि. | 1. जिसके संबंध में विज्ञापन प्रकाशित हो चुका हो; | বিজ্ঞাপিত, বিজ্ঞাপন দ্বারা ঘোষিত; | बिज्ञापित, बिज्ञापन द्वारा घोषित; | advertised; |
| | | 2. जिसकी सूचना दी जा चुकी हो या जो बतलाया जा चुका हो । | প্রচারিত | प्रचारित | informed, made known. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विटप** | पुं. | पेड़, वृक्ष । | বিটপী, বৃক্ষ | बिटपी, बृक्ष | tree. |
| **विडंबना** | स्त्री. | 1. वह हँसी-मजाक जो किसी को चिढ़ाने या अपमानित करने के लिए किया जाए, क्रूर परिहास; | বিড়ম্বনা, পরিহাস; | बिड़म्बना, परिहास; | mockery, scoff, vexation; |
| | | 2. असंगति । | অসংগতি | असङ्गति | anomaly. |
| **वितंडा** | पुं. | 1. छिद्रान्वेषण के विचार से की जानेवाली आपत्ति, आलोचना, विरोध, निरर्थक दलील; | বিতন্ডা, যাহাতে বাদী ও প্রতিবাদী কেহই স্বপক্ষ সমর্থন করে না; | बितन्डा, जाहाते बादी ओ प्रतिबादी केहइ स्वपक्ष समर्थन करे ना; | cavil, captious, objection, hypercriticism; |
| | | 2. दूसरे के पक्ष को दबाते हुए अपने मत की स्थापना करना; | স্বপক্ষ স্থান; | स्वपक्ष स्थान; | assertion of one's own point; |
| | | 3. व्यर्थ की कहा-सुनी, झगड़ा । | বাজে তর্ক | बाजे तर्क | wrangling. |
| **वितंडावाद** | पुं. | निरर्थक दलील का सहारा लेना । | বিতন্ডার সহায়তা গ্রহণ করা | बितन्डार सहायता ग्रहन करा | dependence upon cavil or hypercriticism. |
| **वितरक** | पुं. | वितरण करनेवाला, बाँटनेवाला, वह व्यक्ति या संस्था जो किसी उत्पादक संस्था की वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबन्ध करती हो । | বিতরণকারী | बितरनकारी | distributor. |
| **वितरण** | पुं. | 1. बाँटना; | বিতরণ, বন্টন; | बितरन, बन्टन; | distribution; |
| | | 2. राशि की अदायगी; | প্রাপ্ত ধনাদি বন্টন; | प्राप्त धनादि बन्टन; | disbursement; |
| | | 3. भुगतान । | প্রদত্ত, বিতরিত | प्रदत्त, बितरित | delivery. |
| **वितरित** | वि. | 1. जिसका वितरण किया गया हो, बाँटा हुआ; | বন্টন করা হইয়াছে এমন; | बन्टन करा हइयाछे एमन; | distributed; |
| | | 2. जिसकी अदायगी हो गई हो, भुगतान किया हुआ; | বিতরণ করা হইয়াছে এমন; | बितरन करा हइयाछे एमन; | disbursed; |
| | | 3. सुपुर्द किया हुआ, दिया हुआ । | দিয়া দেওয়া হইয়াছে এমন | दिया देओया हइयाछे एमन | delivered. |
| **वितर्क** | पुं. | 1. किसी के तर्क का खंडन करने के लिए उसके विपरीत उपस्थित किया जानेवाला तर्क; | বিতর্ক, কাহারও তর্ক খন্ডন করিবার জন্য প্রতি-তর্ক উত্থাপন; | बितर्क, काहारओ तर्क खन्डन करिबार जन्य प्रति-तर्क उत्थापन | counter-argument; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. असमंजस की स्थिति, सन्देह । | অনিশ্চয় অবস্থা, সন্দেহ | आनिश्चय अबस्था, सन्देह | state of uncertainty. |
| वितान | पु. | 1. फैलाव, विस्तार; | বিস্তার; | बिस्तार; | expansion, extension; |
| | | 2. ऊपर से फैलाई जाने-वाली चादर, चँदोवा; | চন্দ্রাতপ, চাঁদোয়া; | चन्द्रातप, चांदोया; | canopy; |
| | | 3. शून्य स्थान, खाली जगह | শূন্য স্থান | शून्य स्थान | vacuum, empty space. |
| वितृष्णा | स्त्री. | विरक्ति, घृणा, अरुचि । | বিতৃষ্ণা, বিরাগ, ঘৃণা, অরুচি | बितृष्ना, बिराग, घृना, अरुचि | disinclination, aversion, indifference. |
| वित्त | पुं. | 1. धन, संपत्ति; | বিত্ত, ধন, সম্পদ্; | बित्त, धन. सम्पद्; | wealth, property; |
| | | 2. राज्य, संस्था आदि के आय-व्यय आदि की मद या विभाग और उसकी व्यवस्था । | সংস্থাদির আদায় খরচ সংক্রান্ত বিভাগ অথবা তৎসংক্রান্ত ব্যবস্থা | सस्थादिर आदाय खरच संक्रान्त बिभाग अथवा तत्संक्रान्त ब्यबस्था | finance. |
| वित्तीय | वि. | वित्त संबंधी, वित्त का । | বিত্তসম্বন্ধী | बित्तसम्बन्धी | financial. |
| वित्तीय वर्ष | पुं. | किसी देश की वित्तीय व्यवस्था की दृष्टि से नियत किया हुआ बारह महीनों का समय या वर्ष । | রাজস্ব-বর্ষ | राजस्व-बर्ष | financial year. |
| विदग्ध | वि. | 1. जिसने किसी विषय का अच्छा या पूरा ज्ञान प्राप्त कर लिया हो, पंडित, विद्वान; | বিদগ্ধ, পন্ডিত, বিদ্বান; | बिदग्ध, पन्डित, बिद्वान; | learned; |
| | | 2. चतुर, निपुण, नागर; | চতুর, নিপুণ; | चतुर, निपुन; | skilled; |
| | | 3. जला हुआ । | দগ্ধ | दग्ध | burnt. |
| विदग्धता | स्त्री. | 1. विद्वता, पांडित्य; | বিদগ্ধতা; | बिदग्धता; | learnedness; |
| | | 2. निपुणता, कुशलता । | নিপুণতা | निपुनता | skill. |
| विदा | स्त्री. | 1. रवाना होना, प्रस्थान; | যাত্রা করা, বিদায়; | जात्रा करा, बिदाय; | parting; |
| | | 2. कहीं से चलने के लिए मिली हुई अनुमति । | গমনের আজ্ঞা | गमनेर आज्ञा | permission to leave. |
| विदाई | स्त्री. | 1. विदा होने की क्रिया या भाव, प्रस्थान; | বিদায়ক্রিয়া, প্রস্থান; | बिदायक्रिया, प्रस्थान; | act of parting, leaving; |
| | | 2. विदा होने के लिए मिली हुई अनुमति; | বিদায় গ্রহণের জন্য প্রাপ্ত অনুমতি; | बिदाय ग्रहनेर जन्य प्राप्त अनुमति; | permission to part or leave; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. विदा होने के समय मिलनेवाला उपहार या धन; | বিদায় নেওয়ার সময় প্রাপ্ত উপহার বা অর্থ; | बिदाय नेओयार समय प्राप्त उपहार बा अर्थ; | gift or money received at the time of parting; |
| | | 4. किसी के विदा होने के समय उसके प्रति शुभ कामना प्रकट करने आदि के लिए लोगों का एकत्र होना । | বিদায়সম্বর্ধনা | बिदायसम्बर्धना | farewell. |
| विदारक | वि. | विदारण करनेवाला, विदीर्ण करनेवाला, फाड़नेवाला । | বিদারক, বিদারণকারী | बिदारक, बिदारनकारी | tearer. |
| विदारण | पुं. | फाड़ना | বিদারণ, ফাড়া | बिदारन, फाड़ा | tearing. |
| विदित | वि. | जाना हुआ, अवगत । | বিদিত, জ্ঞাত | बिदित, ज्ञात | known, learnt. |
| विदीर्ण | वि. | 1. जिसे फाड़ा गया हो; 2. टूटा या तोड़ा हुआ । | বিদীর্ণ, বিদারিত; বিভগ্ন | बिदीर्न, बिदारित; बिभग्न | torn; broken. |
| विदुषी | स्त्री. | विद्वान् स्त्री । | বিদুষী, বিদ্যাবতী, রমণী | बिदुषी, बिद्याबती, रमनी | wise or learned woman. |
| विदूषक | पुं. | 1. अपने वेष, चेष्टा, बातचीत आदि से अथवा ढोंग रचकर और दूसरों की नकल उतारकर लोगों को हंसानेवाला, मसखरा; | বিদূষক, ভাঁড়; | बिदूषक, भांड़; | jester, buffoon; |
| | | 2. प्राय: नाटकों में इस प्रकार का एक पात्र जो नायक का अंतरंग मित्र या सखा होता है तथा जिसकी सूरत-शक्ल, हावभाव, बातें आदि सबको हंसाने वाली होती हैं । | (নাট্যে) নায়কের শৃংগারে সহায়-বিশেষ, নায়কের রসিক সহচর | (नाट्ये) नायकेर श्रृङ्गारे सहाय-बिशेष नायकेर रसिक सहचर | (in the drama) the jocose companion and confidential friend of the principal character or hero of the play. |
| विदेश | पुं. | स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश । | বিদেশ, ভিন্ন দেশ, দেশান্তর | बिदेश, भिन्न देश, देशान्तर | foreign country, another country. |
| विदेशनीति | स्त्री. | दूसरे देशों की सरकारों से स्थापित किए जानेवाले | বৈদেশিক নীতি | बैदेशिक नीति | foreign policy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | राजनयिक संबंधों से संबंधित नीति, परराष्ट्र नीति । | | | |
| विदेशी | वि. | 1. दूसरे देश का; | বিদেশী; | बिदेशी; | of another country; |
| | | 2. विदेश में बननेवाला । | ভিন্নদেশে প্রস্তুত | भिन्नदेशे प्रस्तुत | foreign made. |
| | पुं. | विदेश अर्थात् दूसरे देश का निवासी । | ভিন্নদেশবাসী ব্যক্তি | भिन्नदेशबासी ब्यक्ति | foreigner. |
| विदेह | वि. | 1. देहरहित, शरीर से रहित; | দেহ-বিরহিত, অশরীরী; | देह-बिरहित, अशरीरी; | without body, bodiless, incorporeal; |
| | | 2. शारीरिक चिंताओं आदि से रहित; | দৈহিক চিন্তাশূন্য; | दैहिक चिन्ताशून्य; | free from bodily anxieties; |
| | | 3. सांसारिक बातों से विरक्त । | সংসারবিরাগী | संसारबिरागी | averse to or free from worldly affairs. |
| विद् | वि. | जाननेवाला, ज्ञाता (समास में) । | বিদ্, বেত্তা | बिद्, बेत्ता | knowing, conversant with. |
| विद्ध | वि. | 1. छेदा हुआ, बेधा हुआ; | বিদ্ধ, ফোঁড়া, বিঁধা ছেদা করা হইয়াছে এমন; | बिद्ध, फोंड़ा, बिंधा छेदा करा हइयाछे एमन; | pierced, penetrated; |
| | | 2. घायल । | আহত | आहत | injured, wounded. |
| विद्यमान | वि. | 1. जो अस्तित्व में हो, वर्तमान; | বিদ্যমান; | बिद्यमान; | being in existence, existent; |
| | | 2. उपस्थित, मौजूद । | উপস্থিত | उपस्थित | present. |
| विद्यमानता | स्त्री. | 1. अस्तित्व; | বিদ্যমানতা; | बिद्यमानता; | existence; |
| | | 2. उपस्थिति । | উপস্থিতি | उपस्थिति | presence. |
| विद्या | स्त्री. | 1. ज्ञान, इल्म्; | বিদ্যা, অধ্যয়ন-হেতুক জ্ঞান, পান্ডিত্য | बिद्या, अध्ययन-हेतुक ज्ञान, पान्डित्य; | knowledge, learning; |
| | | 2. शिक्षा; | শিক্ষা; | शिक्षा; | education; |
| | | 3. किसी तथ्य या विषय का व्यवस्थित ज्ञान, विज्ञान; | শিক্ষণীয় বিষয়, শাস্ত্র, বিজ্ঞান; | शिक्षनीय बिषय, शास्त्र, बिज्ञान; | science; |
| | | 4. चातुर्ययुक्त ज्ञान, कौशल । | কুশলতা | कुशलता | skill. |
| विद्यादान | पुं. | किसी को विद्या देना या सिखाना । | বিদ্যাদান, জ্ঞানদান, অধ্যাপনা | बिद्यादान, ज्ञानदान, अध्यापना | the imparting of knowledge, teaching. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विद्यापीठ** | पुं. | **1. शिक्षा का बड़ा और प्रमुख केन्द्र;** | বিদ্যাপীঠ, শিক্ষালাভের স্থান; | बिद्यापीठ, शिक्षालाभेर स्थान; | great centre of education, seat of learning; |
| | | **2. ऐसा विद्यालय जिसमें ऊंचे दरजे की शिक्षा दी जाती हो, महाविद्यालय ।** | মহাবিদ্যালয়, কলেজ | महाबिद्यालय, कलेज | college. |
| **विद्याभ्यास** | पुं. | **विद्याध्ययन, अध्ययन ।** | বিদ্যাভ্যাস, বিদ্যাচর্চা | बिद्याभ्यास, बिद्याचर्चा | practice or pursuit of learning. |
| **विद्यारंभ** | पुं. | **बालक को विद्या की पढ़ाई आरम्भ कराने का संस्कार ।** | বিদ্যারম্ভ, হাতে খড়ি | बिद्यारम्भ, ह्राते खड़ि | introduction of child to learning. |
| **विद्यार्जन** | पुं. | **विद्या की प्राप्ति, अध्ययन ।** | বিদ্যার্জন, বিদ্যালাভ, বিদ্যাশিক্ষা | बिद्यार्जन, बिद्यालाभ, बिद्याशिक्षा | acquisition of knowledge, pursuit of learning, study. |
| **विद्यार्थी** | पुं. | **1. विद्या पढ़नेवाला, शिक्षा-संस्था में अध्ययन करने-वाला, छात्र, शिष्य;** | ছাত্র, শিষ্য; | छात्र, शिष्य; | student, pupil; |
| | | **2. वह व्यक्ति जो सदा कुछ न कुछ और किसी न किसी विषय में जानने-सीखने को लालायित तथा प्रयत्नशील रहता है ।** | বিদ্যাশিক্ষায় আগ্রহশীল ব্যক্তি | बिद्याशिक्षाय आग्रहशील ब्यक्ति | studious, scholar. |
| | वि. | **विद्या प्राप्ति का इच्छुक ।** | বিদ্যা-অভিলাষী | बिद्या-अभिलाषी | eager to learn. |
| **विद्यालय** | पुं. | **ऐसी शिक्षण संस्था जिसमें नियमित रूप से विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाती है ।** | বিদ্যালয়, স্কুল; | बिद्यालय, स्कुल | school. |
| **विद्युत्** | स्त्री. | **बिजली ।** | বিদ্যুৎ, বিজলী, তড়িৎ | बिद्युत, बिजली, तड़ित् | lightning, electricity. |
| **विद्रुम** | पुं. | **1. प्रवाल, मूंगा;** | প্রবাল, পলা; | प्रबाल, पला; | coral; |
| | | **2. वृक्षों का नया पत्ता, कोंपल ।** | কিশলয় | किशलय | young sprout or shoot. |
| **विद्रूप** | वि. | **विरूप, कुरूप, बदसूरत ।** | বিদ্রূপ, কদাকার | ब्रिद्रुप, कदाकार | disfigured, ugly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. गायब, अदृश्य; | বিলীন; | बिलीन; | vanished, disappeared; |
| | | 3. नष्ट, बरबाद । | বিনষ্ট | बिनष्ट | destroyed, ruined. |
| **विलोकन** | पुं. | 1. देखना;<br>2. विचार करना;<br>3. अध्ययन करना;<br>4. ध्यान देना । | বিলোকন;<br>বিচার করণ;<br>অধ্যয়ন করণ;<br>মনযোগ দেওয়া | बिलोकन;<br>बिचार करन;<br>अध्ययन करन;<br>मनोजोग देओया | seeing, looking at;<br>considering;<br>studying;<br>paying attention to. |
| **विलोप** | पुं. | 1. लोप;<br>2. नाश । | বিলোপ;<br>নাশ | बिलोप;<br>नाश | disappearance;<br>destruction. |
| **विलोम** | वि. | सामान्य क्रम से न होकर विपरीत क्रम से होनेवाला । | বিলোম, বিপরীত-ক্রম বিশিষ্ট | बिलोम, बिपरीत क्रम बिशिष्ट | reverse order. |
| | पुं. | विपरीतार्थक शब्द, विपर्याय । | বিপরীতার্থক শব্দ | बिपरीतार्थक शब्द | a word having opposite meaning, antonym. |
| **विल्वपत्र** | पुं. | बेल का पत्ता । | বিল্বপত্র, বেলপাতা | बिल्बपत्र, बेलपाता | leaf of the wood-apple tree. |
| **विवक्षा** | स्त्री. | 1. कुछ कहने या बोलने की इच्छा; | বিবক্ষা, বলিবার ইচ্ছা, কথনেচ্ছা; | बिबक्षा, बलिबार इच्छा, कथनेच्छा; | a desire to say something or to speak; |
| | | 2. शब्द के अर्थ में होनेवाली विशिष्ट छाया जो उसका स्वाभाविक अंग होती है, तात्पर्य, निहितार्थ, आशय । | বিবক্ষিত বিষয় | बिबक्षित बिषय | purport. |
| **विवक्षित** | वि. | 1. जो कहे जाने को हो; | বিবক্ষিত, বলিতে ইচ্ছা হইয়াছে এমন; | बिबक्षित, बलिते इच्छा हइयाछे एमन; | intended to be said, intended to be spoken; |
| | | 2. (आर्थी छाया) जिसे शब्द व्यक्त कर रहा हो । | নিহিতার্থ প্রকাশ করা হইয়াছে এমন | निहितार्थ प्रकाश करा हइयाछे एमन | implied. |
| **विवर** | पुं. | 1. छिद्र, बिल;<br>2. दरार;<br>3. कंदरा, गुफा; | বিবর, ছিদ্র, গর্ত;<br>ফাটল;<br>গুহা; | बिबर, छिद्र, गर्त;<br>फाटल;<br>गुहा; | hole, burrow;<br>slit;<br>cave; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. किसी ठोस चीज के अंदर होनेवाला खोखला स्थान। | রন্ধ্র, ক্ষতপথ | रन्ध्र, क्षतपथ | cavity. |
| **विवरण** | पुं. | 1. विस्तृत वर्णन या विवेचन; | বিবরণ; | बिबरन; | description; |
| | | 2. ब्यौरा; | বিস্তৃত বিবরণ; | बिस्तृत बिबरन; | particulars, details; |
| | | 3. ग्रंथ की टीका या व्याख्या। | ব্যাখ্যান | ब्याख्यान | commentary. |
| **विवरणिका** | स्त्री. | 1. वह पत्र या पुस्तिका जिसमें किसी प्रकार का विवरण लिखा हो, विवरणपत्र, प्रतिवेदन; | প্রতিবেদন; | प्रतिबेदन; | report; |
| | | 2. ऐसा सूचीपत्र या पुस्तिका जिसमें सूचित की जाने-वाली वस्तुओं का थोड़ा बहुत विवरण भी हो। | সংক্ষিপ্ত বিবরণ সম্বলিত ক্ষুদ্র পুস্তিকা | सक्षिप्त बिबरन सम्बलित क्षुद्र पुस्तिका | brochure. |
| **विवरणी** | स्त्री. | आय-व्यय आदि की स्थिति बतानेवाला वह लेखा जो प्रतिवेदन के रूप में कहीं उपस्थित किया जाने को हो। | আয়ব্যয়ের অবস্থাজ্ঞাপক প্রতিবেদন | आयब्ययेर अबस्थाज्ञापक प्रतिबेदन | return. |
| **विवर्ण** | वि. | 1. कांतिहीन, फीका, श्रीहत; | বিবর্ণ, ফেকাসে, ম্লান; | बिबर्न, फेकासे, म्लान; | dimmed, faded; |
| | | 2. रंगहीन; | বিগতবর্ণ; | बिगतबर्न; | colourless; |
| | | 3. पांडु, पीला, बदरंग। | বিকৃতবর্ণ | बिकृतबर्न | pallid, discoloured. |
| **विवर्त** | पुं. | 1. भंवर, जलावर्त; | বিবর্ত, ভ্রমি; | बिबर्त, भ्रमि; | whirlpool; |
| | | 2. भ्रम, धोखा; | ভ্রম; | भ्रम; | illusion; |
| | | 3. अविद्याजन्य मिथ्या रूप (दर्शन); | (বেদান্তদর্শনে) অবিদ্যা হেতু অবভাসমান মিথ্যা আকার; | (बेदान्तदार्शने) अबिद्या हेतु अबभासमान मिथ्या आकार; | an apparent or illusory form, unreality (philosophy); |
| | | 4. रूपांतर। | পরিবর্তন, রূপান্তর | परिबर्तन, रूपान्तर | alteration, modification. |
| **विवर्तन** | पुं. | 1. किसी के चारों ओर घूमना, चक्कर लगाना, परिक्रमा; | বিবর্তন, ঘূর্ণন, সম্মুখে বা পশ্চাতে আবর্তন; | बिबर्तन, घूर्नन, सम्मुखे बा पश्चाते आबर्तन; | turning round, revolving; |
| | | 2. परिवर्तित अवस्था, परिवर्तन; | পরিবর্তিত অবস্থা, পরিবর্তন; | परिबर्तित अबस्था, परिबर्तन; | transformation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. भिन्न-भिन्न अवस्थाओं में से होते हुए या उन्हें पार करते हुए आगे बढ़ना, विकास । | ক্রমবিকাশ, রূপান্তরপরিগ্রহ | क्रमबिकाश, रूपान्तरपरिग्रह | revolution. |
| विवर्तवाद | पुं. | दार्शनिक क्षेत्र में शंकर वेदान्त का यह सिद्धान्त कि ब्रह्म ही सत्य है और यह दृश्य जगत् अविद्या के कारण प्रतीत मात्र होने से मिथ्या है । | বিবর্তবাদ, শঙ্কর বেদান্ত অনুসারে এই সিদ্ধান্ত যে, ব্রহ্মই সত্য এবং জগৎ অবিদ্যাপ্রসূত মায়া বলিয়া মিথ্যা | बिवर्तबाद, शङ्कर बेदान्त अनुसारे एइ सिद्धान्त जे, ब्रह्मइ सत्य एवं जगत् अबिद्याप्रसूत माया बलिया मिथ्या | the doctrine of the Shankar Vedant that the visible world is an unreal appearance of Brahma caused by ignorance and that the latter is the only reality. |
| विवर्धन | पुं. | 1. बढ़ाने या वृद्धि करने की क्रिया;<br>2. बढ़ती, वृद्धि । | বিবর্ধন, বৃদ্ধী-করণ, বাড়ান;<br>বৃদ্ধি | बिवर्धन, वृद्धि-करन, बाड़ान;<br>बृद्धि | the act of increasing or augmenting;<br>growth. |
| विवश | वि. | 1. जो स्वयं अपनी इच्छा के अनुसार नहीं, बल्कि दूसरों की इच्छा से अथवा परिस्थितियों के बंधन में पड़कर काम कर रहा हो मजबूर, बाध्य; | বিবশ, পরতন্ত্রীকৃত; | बिबश, परतन्त्रीकृत; | under compulsion; |
| | | 2. जिसका अपने पर वश न हो, बल्कि जो दूसरों के वश में हो, परवश; | পরবশ; | परबश; | helpless; |
| | | 3. जिसे कोई विशिष्ट काम करने के अतिरिक्त और कोई चारा न हो, लाचार, असहाय । | অসহায়, নিরুপায় | असहाय, निरुपाय | compelled. |
| विवशता | स्त्री. | 1. विवश होने की अवस्था या भाव, लाचारी;<br>2. मजबूरी, बाध्यता;<br>3. वह कारण जिसके फलस्वरूप किसी को विवश होना पड़ता हो । | বিবশতা, অসহায়তা; পরতন্ত্রতা; যে-কারণে কেহ কিছু করিতে বাধ্য হয় সেই কারণ | बिबशता, असहायता; परतन्त्रता; जे-कारने केह किछु करिते बाध्य हय सेइ कारन | absence of will, helplessness; compulsion; the cause of being compelled. |
| विवाचक | पुं. | मध्यस्थ । | মধ্যস্থ | मध्यस्थ | arbitrator. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विवाचन** | पुं. | आपसी झगड़ों का पंच या पंचायतों के द्वारा होनेवाला विचार और निर्णय, मध्यस्थनिर्णय, पंचफैसला । | সালিসী, শালিসী, শালিশী | सालिसी, शालिसी, शालिशी | arbitration. |
| **विवाद** | पुं. | 1. ऐसी बात जिसके संबंध में दो या अनेक विरोधी पक्ष हों और जिसकी सत्यता निर्णय होने को हो; | বিবাদ, তর্কাতর্কি, বিরুদ্ধবাদ; | बिबाद, तर्कातर्कि, बिरुद्धबाद; | dispute, discussion; |
| | | 2. जबानी झगड़ा कहा-सुनी, तकरार; | কলহ; | कलह; | quarrel; |
| | | 3. पारस्परिक मतभेद । | বিরোধ | बिरोध | controversy. |
| **विवादास्पद** | वि. | 1. (विषय) जिसके संबंध में दो या अधिक पक्षों का विवाद चल रहा हो; | বিতর্কমূলক; | बितर्कमूलक; | controversial; |
| | | 2. (प्रस्ताव, मत, विचार आदि) जिसके संबंध में तर्क-वितर्क चल सकता हो । | তর্কযোগ্য, বিচারযোগ্য | तर्कजोग्य, बिचारजोग्य | debatable. |
| **विवादी** | वि. | विवाद करनेवाला, कहा-सुनी या झगड़ा करनेवाला । | বিবাদী, বিবাদকারী | बिबादी, बिबादकारी | disputant. |
| **विवाह** | पुं. | 1. शादी, परिणय, पाणिग्रहण; | বিবাহ, পরিণয়, পাণিগ্রহণ; | बिबाह, परिनय, पानिग्रहन; | marriage; |
| | | 2. उक्त के अवसर पर होनेवाला उत्सव या धार्मिक कृत्य । | বিবাহ-অনুষ্ঠান | बिबाह-अनुष्ठान | nuptials, marriage celebrations. |
| **विवाह-विच्छेद** | पुं. | वह अवस्था जिसमें पुरुष तथा स्त्री अपना वैवाहिक संबंध तोड़कर एक दूसरे से अलग हो जाते हैं, तलाक । | বিবাহবিচ্ছেদ, আইন-বলে স্বামী স্ত্রীর দাম্পত্য জীবনের অবসান | बिबाहबिच्छेद, आइन-बले स्बामी स्त्रीर दाम्पत्य जीबनेर अबसान | divorce. |
| **विवाहित** | वि. | जिसका विवाह हो गया हो । | বিবাহিত, পরিণীত | बिबाहित, परिनीत | married. |
| **विवाहिता** | स्त्री. वि. | (वह स्त्री) जिसका विवाह हो गया हो, ब्याही हुई (स्त्री) । | বিবাহিতা, পরিণীতা | बिबाहिता, परिनीता | married woman, wife. |
| **विविध** | वि. | 1. अनेक प्रकार का, भांति-भांति का, नानाविध; | বিবিধ, নানাবিধ; | बिबिध, नानाबिध; | of various sorts or kinds; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कई विभागों, मदों आदि का मिला-जुला, फुटकर, प्रकीर्ण । | নানাপ্রকার | नानाप्रकार | miscellaneous. |
| विवृत | वि. | 1. खुला हुआ; | বিবৃত, উন্মুক্ত; | विवृत, उन्मुक्त; | open, not closed; |
| | | 2. फैला हुआ, विस्तृत; | প্রসারিত; | प्रसारित; | wide, extensive; |
| | | 3. (वर्ण) जिसका उच्चारण करते समय मुखद्वार पूरा खुलता हो । | যেসকল বর্ণ উচ্চারণ করার সময় মুখদ্বার পূর্ণ প্রসারিত হয় | जेसकल बर्न उच्चारन करार समय मुखद्वारा पूर्न प्रसारित हय | (gram.) open articulation, approach of the tongue towards the organ of speech but without contact. |
| विवेक | पुं. | 1. अंत:करण की वह शक्ति जिससे मनुष्य यह समझता है कि कौन-सा काम अच्छा है या बुरा अथवा करने योग्य है या नहीं, सत् और असत् का निर्णय करनेवाली बुद्धि; | বিবেক, ভালমন্দ ধর্মাধর্ম প্রভৃতির যথার্থ পার্থক্য বিচারার্থ মানুষের অন্তর্নিহিত শক্তি; | विवेक, भालमन्द धर्माधर्म प्रभृतिर जथार्थ पार्थक्य बिचारार्थ मानुषेर अन्तर्निहित शक्ति; | power of discretion; |
| | | 2. सद्विचार की योग्यता सद्बुद्धि । | বিচার, বিবেচনা | बिचार, बिबेचना | discretion. |
| विवेकी | वि. | 1. भले-बुरे का ज्ञान रखनेवाला, विवेकशील; | বিবেকী, বিবেকসম্পন্ন; | बिबेकी, बिबेकसम्पन्न; | discreet; |
| | | 2. बुद्धिमान; | বুদ্ধিমান; | बुद्धिमान्; | wise; |
| | | 3. न्यायशील । | ন্যায়পরায়ণ | न्यायपरायन | fair, just. |
| विवेचन | पुं. | 1. किसी चीज या बात के सभी पक्षों पर इस दृष्टि से विचार करना कि तथ्य या वास्तविकता का पता चले, आलोचनात्मक अध्ययन, समीक्षा, मूल्यांकन; | বিবেচন, বিশেষভাবে চিন্তা বিশ্লেষণ প্রভৃতির দ্বারা বিচার; | बिबेचन, बिशेषभावे चिन्ता बिश्लेषन प्रभृतिर द्वारा बिचार; | critical study, review, evaluation; |
| | | 2. तर्क-वितर्क; | তর্কবিতর্ক; | तर्कबितर्क; | argumentation for and against; |
| | | 3. विचार करना, मीमांसा । | বিচার | बिचार | profound thought. |
| विवेचना | स्त्री. | दे. 'विवेचन' । | দ্র: 'বিবেচন' | द्र: 'बिबेचन' | see 'विवेचन' । |
| विशद | वि. | 1. विस्तृत, ब्योरेवार (वर्णन, कथन आदि); | বিস্তৃত; | बिस्तृत; | elaborate, detailed (description, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. स्पष्ट;<br>3. स्वच्छ, निर्मल, साफ;<br>4. चिंतारहित, शांत, स्थिर । | स्पष्ट;<br>निर्मल, स्वच्छ;<br>चिन्तारहित,<br>शान्त, स्थिर | स्पष्ट;<br>निर्मल, स्वच्छ;<br>चिन्तारहित,<br>शान्त, स्थिर | clear cut;<br>clean, pure;<br>free from anxiety,<br>calm, stable. |
| विशारद | वि., पुं. | 1. विशेषज्ञ, निष्णात;<br>2. पंडित, विद्वान् । | विशारद, पारदर्शी;<br>पन्डित,<br>विद्वान | विशारद, पारदर्शी;<br>पन्डित,<br>विद्वान | expert, adept;<br>scholar, learned person. |
| विशाल | वि. | 1. जो आकार-प्रकार, आयतन आदि की दृष्टि से अत्यधिक ऊँचा या विस्तृत हो, बड़ा, विपुल, बृहद्; | विशाल बृहत्,<br>विपुल,<br>विस्तीर्ण; | विशाल, बृहत्<br>विपुल,<br>विस्तीर्न; | large, big; |
| | | 2. भव्य, शानदार । | भव्य | भव्य | grand, great. |
| विशालता | स्त्री. | विशाल होने की अवस्था, गुण, धर्म या भाव, उच्चता, ऊँचाई, विस्तार, विपुलता । | विशालत्व,<br>विशालता | बिशालत्व,<br>विशालता | greatness,<br>largeness,<br>extension. |
| विशिष्ट | वि. | 1. (वस्तु) जिसमें औरों की अपेक्षा कोई बहुत बड़ी विशेषता हो; | विशिष्ट,<br>कृतविशेष; | विशिष्ट,<br>कृतबिशेष; | special, peculiar; |
| | | 2. (व्यक्ति) जिसे अन्यों की अपेक्षा अधिक आदर, मान आदि प्राप्त हो या दिया जा रहा हो; | विख्यात,<br>धार्मिकत्वादियुक्त; | बिख्यात,<br>धार्मिकत्वादिजुक्त; | prominent; |
| | | 3. किसी विशेष बात, गुण आदि का सूचक या उससे संबद्ध, अभिलक्षक ठेठ । | विशेष लक्षणयुक्त | बिशेष लक्षनजुक्त | typical,<br>characteristic. |
| विशिष्टता | स्त्री. | विशिष्ट होने की अवस्था, धर्म या भाव, विशेषता, वैशिष्ट्य । | विशिष्टत्व | विशिष्टत्व | speciality,<br>peculiarity. |
| विशिष्टाद्वैत | पुं. | आचार्य रामानुज का प्रतिपादित किया हुआ दार्शनिक मत जिसके अनुसार यद्यपि जगत् और जीवात्मा दोनों कार्यतः ब्रह्म से भिन्न हैं | विशिष्टाद्वैत,<br>रामानुज प्रवर्तित<br>दार्शनिक मतवाद,<br>याहार मूल कथा–<br>जीव ओ जगत् | विशिष्टाद्वैत,<br>रामानुज प्रवर्तित<br>दार्शनिक मतबाद,<br>जहार मूल कथा–<br>जीव ओ जगत् | qualified non-duality (philosophical doctrine). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | फिर भी वे ब्रह्म से ही उद्भूत हैं और ब्रह्म से उनका उसी प्रकार का संबंध है जैसा कि किरणों का सूर्य से । | ব্রহ্ম হইতেই উদ্ভূত এবং ব্রহ্মের সংগে তাহাদের সম্পর্ক সূর্য ও সূর্যকিরণের সম্পর্কের মত | ब्रह्म हइतेइ उद्भुत एवं ब्रह्मेर संगे ताहादेर सम्पर्क सूर्ज ओ सूर्जकिरनेर सम्पर्केर मत | |
| विशिष्टि | स्त्री. | निर्दिष्ट विशेष गुण, विशिष्ट विवरण, विनिर्देश । | বিশিষ্ট বিবরণ, বিশেষ বিবৃতি | बिशिष्ट बिबरन, बिशेष बिबृति | specification, special statement. |
| विशुद्ध | वि. | 1. जो बिलकुल शुद्ध हो, खरा, वास्तविक; | বিশুদ্ধ, একান্ত, শুদ্ধ, বাস্তবিক; | बिशुद्ध, एकान्त, शुद्ध, बास्तबिक; | completely cleansed or purified, genuine, real; |
| | | 2. पवित्र; | পবিত্র; | पबित्र; | pious; |
| | | 3. दोषरहित, निर्दोष, निष्कलंक, निर्मल । | নির্দোষ, নিষ্কলঙ্ক, নির্মল | निर्दोष, निष्कलङ्क, निर्मल | free from vice, faultless without a blemish, pure. |
| विशुद्धि | स्त्री. | 1. विशुद्धता, पवित्रता; | বিশুদ্ধি, বিশুদ্ধতা, পবিত্রতা; | बिशुद्धि, बिशुद्धता, पबित्रता; | complete purity purity; |
| | | 2. निर्दोषिता, निष्कलंकता; | নির্দোষিতা; | निर्दोषिता; | faultlessness; |
| | | 3. खरापन । | খাঁটি | खाँटि | genuineness. |
| विशृंखल | वि. | शृंखलारहित, अव्यवस्थित, अस्तव्यस्त । | বিশৃঙ্খল, শৃঙ্খলাহীন | बिशृङ्खल, शृङ्खलाहीन | disorderly. |
| विशेष | वि. | 1. जिसमें औरों की अपेक्षा कोई नई बात हो, विशेषता-युक्त, विशिष्ट; | বিশেষ বিশিষ্ট; | बिशेष बिशिष्ट; | particular; |
| | | 2. जिसमें औरों की अपेक्षा कुछ अधिकता हो; | বৈশিষ্ট্যসূচক; | बैशिष्ट्यसूचक; | special; |
| | | 3. विचित्र, विलक्षण; | বিচিত্র, বিলক্ষণ; | बिचित्र, बिलक्षन; | strange; |
| | | 4. बहुत अधिक । | সমধিক | समधिक | much. |
| विशेषज्ञ | पुं., वि. | किसी विषय का विशेष रूप से ज्ञाता या पंडित । | বিশেষজ্ঞ | बिशेषज्ञ | expert. |
| विशेषण | पुं. | 1. वह जिसमें किसी प्रकार की विशेषता सूचित हो; | বিশেষণ, বিশেষ-গুণ, বিশেষ ধর্ম; | बिशेषन, बिशेष-गुन, बिशेष धर्म; | attribute, epithet; |
| | | 2. (व्याकरण) ऐसा विकारी शब्द जो किसी संज्ञा की विशेषता बतलाता हो, उसकी स्थिति मर्यादित | (ব্যাকরণে) গুণবাচক শব্দ, বিশেষধর্মবাচক শব্দ | (ब्याकरने) गुनबाचक शब्द, बिशेषधर्मबाचक शब्द | (gram.) adjective. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | करता हो अथवा उसे संज्ञाओं से पृथक करता हो । | | | |
| **विशेषता** | स्त्री. | 1. विशेष होने की अवस्था या भाव, वैशिष्ट्य, विशिष्टता; | বিশেষতা, বিশেষত্ব; | बिशेषता, बिशेषत्व; | speciality, singularity; |
| | | 2. किसी वस्तु या व्यक्ति में औरों की अपेक्षा होनेवाली कोई अच्छी बात,गुण । | অনন্যসাধারণ বা বিশেষ গুণ | अनन्यसाधारन बा बिशेष गुन | attribute, quality. |
| **विशेषांक** | पुं. | सामयिक पत्र का वह अंक जो किसी विशिष्ट अवसर पर या किसी विशेष उद्देश्य से और साधारण अंकों की अपेक्षा विशिष्ट रूप में या अलग से प्रकाशित किया जाता है । | বিশেষ সংখ্যা (কোন পত্রিকাদির) | बिशेष संख्या (कोन पत्रिकादिर) | special issue or number (published on special occasion, purpose etc.). |
| **विशेष्य** | पुं. | वह शब्द या पद जिसकी विशेषता कोई विशेषण या विशेषणपद सूचित करता या कर रहा हो । | বিশেষ্য, নামজাতিগুণ-দ্রব্যক্রিয়াবাচক শব্দ | बिशेष्य, नामजातिगुन द्रव्यक्रियाबाचक शब्द | (gram.) the word to be differentiated or distinguished. |
| **विश्रांत** | वि. | 1. जिसने विश्राम कर लिया हो; | বিশ্রান্ত, কৃতবিশ্রাম; | बिश्रान्त, कृतबिश्राम; | one who has taken rest; |
| | | 2. जो कम हो गया हो या रुक गया हो, शांत; | নিবৃত্ত, ক্ষান্ত, শান্ত; | निबृत्त, क्षान्त, शान्त; | abated, stopped, become calm; |
| | | 3. थका हुआ, क्लांत । | অতিশয় শ্রান্ত | अतिशय, श्रान्त | tired, exhausted. |
| **विश्रांति** | स्त्री. | 1. विश्राम, आराम; | বিশ্রান্তি,বিশ্রাম | बिश्रान्ति,बिश्राम; | rest, repose; |
| | | 2. थकावट; | ক্লান্তি; | क्लान्ति; | tiredness; |
| | | 3. मध्यावकाश, मध्यान्तर, विराम । | মাঝখানে বিরতি | माझखाने बिरति | interval, inter-mission, stop. |
| **विश्राम** | पुं. | 1. थकावट कम करने या मिटानेवाला काम या बात, आराम; | বিশ্রাম, শ্রান্তি অপনোদনক্রিয়া, আরাম; | बिश्राम, श्रान्ति अपनोदनक्रिया, आराम; | relaxation, rest; |
| | | 2. अवकाश, मध्यावकाश, मध्यांतर; | বিরতি; | बिरति; | interval, intermission; |
| | | 3. चैन, सुख । | শান্তি | शान्ति | tranquility. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विश्रामालय** | पुं. | **वह स्थान जहां यात्री लोग सवारी के इंतजार में ठहरकर विश्राम करते हों ।** | বিশ্রামালয়, বিশ্রামাগার | बिश्रामालय, बिश्रमागार | retiring room (where travellers rest while taking other train etc.). |
| **विश्रुत** | वि. | **अच्छी-तरह जाना-सुना हुआ, विख्यात, प्रसिद्ध ।** | বিশ্রুত, বিখ্যাত, প্রসিদ্ধ | बिश्रुत, बिख्यात, प्रसिद्ध | well-known, renowned, famous, celebrated. |
| **विश्लेषण** | पुं. | **1. अलग करना;** | বিশ্লেষণ; | बिश्लेषन; | separation; |
| | | **2. किसी वस्तु के संयोजक अंगों या द्रव्यों को इस उद्देश्य से अलग-अलग करना कि उनके अनुपात, कर्तव्य, गुण, प्रकृति, पारस्परिक संबंध आदि का पता चले;** | কোনো বস্তুর অংগপ্রত্যংগাদির পরস্পর সম্পর্ক অনুপাত ইত্যাদি জানার জন্য বা পৃথক্করণ | कोनो बस्तुर अङ्गप्रत्यङ्गादिर परस्पर सम्पर्क अनुपात इत्यादि जानार जन्य बा पृथक्करन; | disintegration; |
| | | **3. किसी विषय के सब अंगों की इस दृष्टि से छानबीन करना कि उनका तथ्य या वास्तविक स्वरूप सामने आए ।** | অংগপ্রত্যংগাদি পরস্পর পৃথক্ করিয়া লইয়া পর্যবেক্ষণ ও তত্ত্বনিরূপণ | अङ्गप्रत्यङ्गादि परस्पर पृथक् करिया लइया पर्जबेक्षन ओ तत्त्वनिरूपन | analysis. |
| **विश्व** | पुं. | **1. सृष्टि का वह सारा अंश जो हमें दिखाई देता है, जगत्, दुनिया, लोक, संसार;** | বিশ্ব, জগৎ, পৃথিবী; | बिश्ब, जगत्, पृथिबी; | world, visible part of the world. |
| | | **2. समस्त सृष्टि, ब्रह्मांड ।** | ব্রহ্মান্ড | ब्रह्मान्ड | universe, whole world. |
| **विश्वकोश** | पुं. | **ऐसा विशाल ग्रंथ जिसमें ज्ञान-विज्ञान की समस्त शाखाओं-प्रशाखाओं तथा महत्वपूर्ण बातों का विश्लेषण तथा विवेचन होता है ।** | বিশ্বকোষ, জ্ঞান-বিজ্ঞানের সমস্ত শাখাপ্রশাখার বিবরণ ও বিশ্লেষণ মূলক বৃহৎ গ্রন্থ | बिश्बकोष, ज्ञान-बिज्ञानेर समस्त शाखाप्रशाखार बिबरन ओ बिश्लेषन-मूलक बृहत् ग्रन्थ | encyclopeadia. |
| **विश्वविद्यालय** | पुं. | **वह बहुत बड़ी शैक्षणिक संस्था जिसके अंतर्गत या अधीन सभी प्रकार के विषयों की सर्वोच्च शिक्षा देनेवाले बहुतसे महाविद्यालय हों और जिसे** | বিশ্ববিদ্যালয়, সকলপ্রকার বিদ্যাশিক্ষার জন্য উচ্চতম প্রতিষ্ঠান | बिश्बबिद्याल, सकलप्रकार बिद्याशिक्षार जन्य उच्चतम प्रतिष्ठान | university. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अपने स्नातकों को शिक्षा संबंधी उपाधियां देने का अधिकार हो । | | | |
| **विश्वसनीय** | वि. | जिस पर विश्वास किया जा सकता हो या किया जाना चाहिए । | বিশ্বাসনীয়, বিশ্বাসযোগ্য | बिश्बासनीय, बिश्बासजोग्य | reliable, credible, to be trusted or to be relied on. |
| **विश्वस्त** | वि. | 1. जिसका विश्वास किया जाए; | বিশ্বাসকারী | बिश्बासकारी | reliable; |
| | | 2. जिसके मन में विश्वास हो चुका हो, आश्वस्त । | বিশ্বস্ত, বিশ্বাসভাজন; | बिश्बस्त, बिश्बासभाजन; | confident. |
| **विश्वास** | पुं. | 1. किसी बात, विषय, सिद्धान्त, व्यक्ति, देवता आदि की सत्यता, प्रामाणिकता आदि से संबंधित धारणा, एतबार, यकीन, आस्था; | বিশ্বাস, প্রত্যয়, সত্য বলিয়া ধারণা; | बिश्बास, प्रत्यय, सत्य बलिया धारना; | belief, faith; |
| | | 2. भरोसा; | আস্থা; | आस्था; | trust; |
| | | 3. आश्वासन । | আশ্বাস | आश्बास | assurance. |
| **विश्वासघात** | पुं. | 1. किसी को विश्वास दिलाकर उसके प्रति किया जाने-वाला द्रोह; | বিশ্বাসঘাত, বিশ্বাসনাশ, বিশ্বাসভংগ; | बिश्बासघात, बिश्बासनाश, बिश्बासभङ्ग; | breach of trust; |
| | | 2. विश्वसनीय व्यक्ति द्वारा अपने मित्र या स्वामी के हितों के विरुद्ध किया हुआ ऐसा बुरा काम जिससे उसका विश्वास जाता रहे । | বিশ্বাসঘাতকতা | बिश्बासघातकता | disloyalty, infidelity. |
| **विश्वासघाती** | वि. | विश्वासघात करनेवाला (व्यक्ति) । | বিশ্বাসঘাতী, বিশ্বাসভংগকারী | बिश्बासघाती, बिश्बासभङ्गकारी | treacherous, one who betrays. |
| **विश्वासपात्र** | वि. | (व्यक्ति) जिसका विश्वास किया जाता हो या जो विश्वास किए जाने के योग्य हो, विश्वसनीय, विश्वासभाजन । | বিশ্বাসপাত্র, বিশ্বাসভাজন | बिश्बासपात्र, बिश्बासभाजन | reliable, trust-worthy. |
| **विश्वास-प्रस्ताव** | पुं. | लोकतंत्री संस्थाओं में किसी अधिकारी या सदस्य के संबंध | আস্থা-প্রস্তাব | आस्था-प्रस्ताब | vote of confidence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | में विश्वास व्यक्त करने के लिए उपस्थित किया जानेवाला प्रस्ताव । | | | |
| विष | पुं. | 1. कोई ऐसा तत्व या पदार्थ जो थोड़ी मात्रा में भी शरीर के अंदर पहुंचने या बनने पर भीषण रोग या विकार उत्पन्न कर सकता हो और अंत में घातक सिद्ध हो सकता हो, जहर; | বিষ যে পদার্থ শরীরে প্রবেশ করলে কঠিন রোগ হয় বা মৃত্যু ঘটে, গরল, হলাহল; | बिष, जे पदार्थ शरीरे प्रबेश करले कठिन रोग हय बा मृत्यु घटे, गरल, हलाहल; | poison; |
| | | 2. (ला.) किसी काम या बात के लिए नाशक या अहितकारी तत्व या बात । | (লাক্ষণিক) বিনাশক অহিতকারক উপাদান বিশেষ | (लाक्षनिक)बिनाशक अहितकारक उपादान बिशेष | (fig.) destructive or harmful element. |
| विषकन्या | स्त्री. | वह कन्या या स्त्री जिसके शरीर में इस आशय से विष प्रविष्ट किया गया हो कि उसके साथ संभोग करनेवाला मर जाए । | বিষকন্যা | बिषकन्या | poison-bred girl supposed to cause the death of a man who has had intercourse with her. |
| विषण्ण | वि. | 1. उदास, दुःखी; | বিষণ্ণ, বিষাদযুক্ত; | बिषन्न, बिषादजुक्त; | gloomy; |
| | | 2. जिसमें कुछ करने की इच्छा-शक्ति न रह गई हो, हतोत्साहित । | নিরুৎসাহ | निरुत्साह | demoralised, disheartened. |
| विषधर | वि. | विषाक्त, जहरीला । | বিষধর, বিষাক্ত | बिषधर, बिषाक्त | poisonous. |
| | पुं. | सांप । | সর্প, সাপ | सर्प, साप | snake. |
| विषम | वि. | 1. जो सम अर्थात् समान या बराबर न हो, असमान; | বিষম, সমত্বহীন, অসমান; | बिषम, समत्वहीन, असमान; | uneven; |
| | | 2. (संख्या) जो दो से भाग देने पर पूरी न बंटे बल्कि जिसमें एक बाकी बचे, ताक; | (সংখ্যা) বিজোড়; | (संख्या) बिजोड़; | odd (number), that which can not be equally divided; |
| | | 3. (कार्य, स्थिति या विषय) जो कठिन या विकट हो, मुश्किल; | অত্যন্ত কঠিন; | अत्यन्त कठिन; | hard, difficult; |
| | | 4. भीषण, भयंकर; | ভীষণ, ভয়ঙ্কর; | भीषन, भयङ्कर; | dangerous, fearful; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. तीव्र, तेज, उत्कट | উৎকট | उत्कट | intense. |
| **विषमता** | स्त्री. | 1. असमानता; | বিষমতা, অসমানতা; | बिषमता, असमानता; | unevenness, dissimilarity; |
| | | 2. विरोध, **वैषम्य;** | বৈষম্য; | बैषम्य; | contrast; |
| | | 3. अंतर, **भेद;** | বৈসাদৃশ্য; | बैसादृश्य; | difference; |
| | | 4. **(कार्य, स्थिति आदि की) कठिनता, विकटता;** | অত্যন্ত কঠিনতা; | अत्यन्त कठिनता; | hardship, difficulty (while doing some work etc.); |
| | | 5. उत्कटता, तीव्रता, प्रचंडता। | উৎকটতা | उत्कटता | intensity. |
| **विषय** | पुं. | 1. **कोई ऐसी चीज या बात जिसके संबंध में कुछ कहा, किया या सोचा-समझा जाए;** | বিষয়, বর্ণনীয় জ্ঞেয় ইত্যাদি বস্তু; | बिषय, बर्ननीय ज्ञेय इत्यादि वस्तु; | .subject; |
| | | 2. **कोई ऐसा काम या बात जिससे संबंध रखनेवाली बातों का स्वतंत्ररूप से अध्ययन, मीमांसा या विवेचन होता हो;** | প্রসংগ, আলোচ্যবিষয়; | प्रसङ्ग, आलोच्यबिषय; | topic; |
| | | 3. **कोई ऐसी आधारिक कल्पना या विचार जिस पर किसी प्रकार की रचना हुई हो, विषय-वस्तु;** | প্রবন্ধবস্তু, প্রস্তাব; | प्रबन्धबस्तु, प्रस्ताब; | theme; |
| | | 4. **वे बातें या विचार जिनका किसी ग्रंथ, लेख आदि में विवेचन हुआ हो या किया जाने को हो;** | বিষয়বস্তু; | बिषयबस्तु; | matter, content; |
| | | 5. **स्त्री के साथ किया जाने-वाला संभोग, मैथुन;** | সম্ভোগ, মৈথুন; | सम्भोग, मैथुन; | sexual inter-course; |
| | | 6. **इंद्रिय सुख;** | ইন্দ্রিয়সুখ; | इन्द्रियसुख; | sensual pleasure, pleasures of sense; |
| | | 7. **सांसारिक भोगविलास और उसके साधन की सामग्री।** | ভোগসাধন | भोगसाधन | worldly pleasures and its means. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विषय-वस्तु | स्त्री. | कल्पना, विचार आदि के रूप में रहनेवाला वह मूल तत्व जिसे आधार मानकर कोई कलात्मक या कौशलपूर्ण रचना की गई हो, किसी कृति का आधारिक और मूलविचार-विषय । | বিষয়বস্তু রচনা আলোচনা ইত্যাদির বিষয় | बिषयबस्तु रचना आलोचना इत्यादिर बिषय | theme, subject. |
| विषयांतर | पुं. | एक विषय छोड़कर दूसरे विषय पर आना । | বিষয়ান্তর, অন্য বিষয় | बिषयान्तर, अन्य बिषय | digression. |
| विषयानु-क्रमणिका | स्त्री. | विषयों के विचार से बनी हुई अनुक्रमणिका, विषय-सूची । | বিষয়ানুক্রমণিকা বিষয়-সূচী | बिषयानुक्रमनिका बिषय–सूची | subject index. |
| विषयी | वि. | भोगविलास में रत रहने-वाला, कामुक । | বিষয়ী, ভোগ-নিরত, কামুক | बिषयी, भोग-निरत, कामुक | sensual and carnal. |
| विषाक्त | वि. | 1. जिसमें विष मिला हो; | বিষাক্ত, বিষমিশ্রিত; | बिषाक्त, बिषमिश्रित; | mixed with poison; |
| | | 2. (वातावरण) जो बहुत अधिक दूषित हो । | সবিশেষ দূষিত (পরিবেশ) | सबिशेष दूषित (परिबेश) | poisonous. |
| विषाणु | पुं. | कुछ विशिष्ट रोगों में शरीर के अंदर उत्पन्न होनेवाला एक विषाक्त तत्व जो दूसरे जीवों के शरीर में किसी प्रकार पहुँचकर वही रोग उत्पन्न कर सकता है । | সংক্রামক রোগের বীজ | संक्रामक रोगेर बीज | virus. |
| विषाद | पुं. | 1. मन की वह दुःखद अवस्था जो कोई भारी दुर्घटना होने पर और भविष्य के संबंध में मन में गहरी निराशा या भय उत्पन्न होने पर प्राय: सामूहिक रूप से उत्पन्न होती है; | বিষাদ, ইষ্টনাশকৃত মনোভংগ, বিষন্নতা; | बिषाद, इष्टनाशकृत मनोभङ्ग, बिषन्नता; | gloom; |
| | | 2. अभिलाषा या उद्देश्य पूरा न होने पर उत्साह या वासना का दुःखद रूप से मंद पड़ना, साहित्य में एक प्रकार का संचारी भाव । | অবসাদ, জড়তা, ব্যভিচারিভাব-বিশেষ | अबसाद, जड़ता, ब्यभिचारिभाब-बिशेष | despondency. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विषुवत्-रेखा | स्त्री. | भूगोल में वह कल्पित रेखा जो पृथ्वी तल के पूरे मानचित्र पर ठीक बीचों-बीच गणना के लिए पूर्व-पश्चिम खींची गई हो । | বিষুবরেখা | बिषुवरेखा | equator. |
| विषूचिका | स्त्री. | हैजा नामक रोग । | বিসূচিকা, ওলাউঠা | बिषूचिका, ओलाउठा | cholera. |
| विषैला | वि. | विषयुक्त, जहरीला । | বিষযুক্ত, বিষাক্ত | बिषजुक्त, बिषाक्त | poisonous, venomous. |
| विष्ठा | स्त्री. | गुह, मल, पाखाना । | বিষ্ঠা, মল, পুরীষ | बिष्ठा, मल, पुरीष | faeces, excrement. |
| विसंगत | वि. | जिसके साथ संगति न हो, बेमेल, असंगत । | বিসংগত, অসংগত, বেখাপ | बिसङ्गत, असङ्गत, बेखाप | irrelevant. |
| विसंगति | स्त्री. | असंगति । | অসংগতি | असङ्गति | irrelevance. |
| विसम्मति | स्त्री. | किसी विषय में दूसरे के मत से सहमत न होने की अवस्था या भाव, असहमति । | মতপার্থক্য, ভিন্নমত | मतपार्थक्य, भिन्नमत | dissent. |
| विसर्ग | पुं. | 1. (व्याकरण) एक अक्षर का संकेत (:) जिसका उच्चारण अर्ध 'ह' के समान होता है; | (ব্যাকরণে) একটি বর্ণ (:) | (ब्याकरने) एकटि बर्न (:) | (gram.), colon like sign (:); |
| | | 2. त्याग, छोड़ना । | ত্যাগ, বিসর্জন | त्याग, बिसर्जन | to abandon, to give up. |
| विसर्जन | पुं. | 1. अंत, समाप्ति; | বিসর্জন, অন্ত; | बिसर्जन, अन्त; | cessation, end; |
| | | 2. पूजन आदि के उपरांत प्रतिमा का किसी जलाशय में किया जानेवाला प्रवाह; | পূজান্তে নদী প্রভৃতিতে প্রতিমানিমজ্জন; | पूजान्ते नदी प्रभृतिते प्रतिमानिमज्जन; | submerging the image of a deity into holy water (as the concluding rite or worship etc.); |
| | | 3. कार्य की समाप्ति पर उसके सदस्यों आदि का कार्यस्थल से होनेवाला प्रस्थान; | কার্য সমাপ্তির পর সেই কার্য-কারকদের কার্যস্থল হইতে প্রস্থান; | कार्ज समाप्तिर पर सेइ कार्ज-कारकदेर कार्जस्थल हइते प्रस्थान; | dispersion; |
| | | 4. परित्याग करना, छोड़ना । | পরিত্যাগ করা, ছাড়িয়া দেওয়া | परित्याग करा, छाड़िया देओया | to abandon, to give up. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विसर्जित** | वि. | 1 समाप्त; | সমাপ্ত; | समाप्त; | ended; |
| | | 2. जलाशय में प्रवाहित प्रतिमा आदि); | বিসর্জিত, জলাশয়াদিতে নিমজ্জিত; | बिसर्जित, जलाशयादिते निमज्जित; | submerged (the image of a deity in holy water); |
| | | 3. जो प्रस्थान कर गया हो, प्रस्थित; | প্রস্থিত; | प्रस्थित; | left; |
| | | 4. छोड़ा हुआ, त्यागा हुआ, परित्यक्त । | পরিত্যক্ত | परित्यक्त | abandoned, given up. |
| **विसर्पी** | वि. | 1. (पौधा या बेल) जो धीरे-धीरे आगे बढ़कर जमीन पर फैले या किसी आधार पर चढ़े; | বিসর্পী প্রসারী প্রসরণশীল; | बिसर्पी, प्रसारी, प्रसरनशील; | creeping; |
| | | 2. रेंगता हुआ आगे बढ़ने या चलनेवाला; | বুকে ভর দিয়া চলার মত চলে এমন; | बुके भर दिया चलार मत चले एमन; | one who proceeds further or walks in crawling manner; |
| | | 3. सांप की तरह लहराते हुए चलनेवाला, लहरिएदार । | সাপের মত আঁকিয়া বাঁকিয়া চলে এমন | सापेर मत आंकिया बांकिया चले एमन | wavy, zigzag. |
| **विसैन्यीकरण** | पुं. | युद्ध के आवश्यकतावश प्रस्तुत किए गए सैनिकों को सैन्य सेवा से पृथक् करना, सैन्यविघटन । | বিসৈন্যীকরন, সৈন্যদল ভাংগিয়া দেওয়া | बिसैन्यीकरन, सैन्यदल, भाङ्गिया देओया | demilitarisation. |
| **विस्तार** | पुं. | 1. फैले हुए होने की अवस्था, धर्म या भाव, फैलाव; | বিস্তার, বিস্তীর্ণতা; | बिस्तार, बिस्तीर्नता; | spread, expansion, extension; |
| | | 2. वह क्षेत्र या सीमा जहां तक कोई चीज फैली हुई हो, फैलाव का क्षेत्र; | বিস্তৃতি, ব্যাপ্তি, প্রসার; | बिस्तृति, ब्याप्ति, प्रसार; | extent; |
| | | 3. विस्तृत विवरण । | সবিস্তর বর্ণন | सबिस्तर बर्नन | elaboration, details. |
| **विस्तारवाद** | पुं. | यह मत या सिद्धांत कि राज्य को अपने अधिकार क्षेत्र और सीमाओं का निरंतर विस्तार करते रहना चाहिए, भले ही इसमें दूसरे राज्यों या राष्ट्रों का अहित होता हो । | সম্প্রসারণবাদ | सम्प्रसारनबाद | expansionism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विस्तीर्ण | वि. | 1. जो फैला या फैलाया हुआ हो, विस्तृत किया हुआ;<br>2. लम्बा-चौड़ा, बहुत बड़ा । | বিস্তীর্ণ, বিস্তৃত, বিস্তারযুক্ত;<br>আয়ত, বিশাল | बिस्तीर्न, बिस्तृत, बिस्तारजुक्त;<br>आयत, बिशाल | spread out, expended;<br>spacious. |
| विस्तृत | वि. | 1. अधिक दूर तक फैला हुआ, विस्तारवाला;<br>2. (कथन या वर्णन) जिसमें सब अंग या बातें विस्तार-पूर्वक बताई गई हों;<br>3. बहुत लंबा या लंबा-चौड़ा । | বিস্তৃত, প্রসারিত, পরিব্যাপ্ত;<br>বিস্তারিত (কথন বা বর্ণন);<br>বিস্তারযুক্ত, চওড়া | बिस्तृत, प्रसारित, परिब्याप्त;<br>बिस्तारित (कथन बा बर्नन);<br>बिस्तारजुक्त, चओड़ा | spread, extended;<br>detailed (statement or description);<br>spacious. |
| विस्थापन | पुं. | किसी स्थान पर बसे हुए लोगों को कहीं से बलपूर्वक हटाना और वह जगह उनसे खाली करा लेना | বলপূর্বক স্থানচ্যুতকরণ, অপসারণ | बलपूर्बक स्थानच्युतकरन, अपसारन | displacement. |
| विस्थापित | वि. | जिससे उसका निवास स्थान बलपूर्वक छीन लिया गया हो । | বস্তুহারা, উদ্বাস্তু | बस्तुहारा, उद्वास्तु | displaced. |
| विस्फारण | पुं. | 1. खोलना या फैलाना;<br>2. धनुष चढ़ाना । | বিস্ফারণ, প্রসারণ;<br>ধনুতে জ্যাআরোপণ | बिस्फारन, प्रसारन;<br>धनुते ज्या आरोपन | to open, to spread;<br>to shoot an arrow. |
| विस्फारित | वि. | खोला या फैलाया हुआ । | বিস্ফারিত, বিকশিত, প্রসারিত | बिस्फारित, बिकशित, प्रसारित | opened wide, spread out. |
| विस्फोट | पुं. | 1. अंदर की भरी हुई आग या गरमी का उबल या फूटकर बाहर निकलना;<br>2. एकत्र गैस बारूद आदि का अग्नि या ताप के कारण जोर का शब्द करके बाहर निकल पड़ना;<br>3. उक्त क्रिया के कारण होनेवाला जोर का शब्द । | বিস্ফোরণ;<br>প্রচন্ড শব্দে ফাটিয়া পড়া;<br>বিস্ফোরন শব্দ | बिस्फोरन;<br>प्रचन्ड शब्दे फाटिया पड़ा;<br>बिस्फोरन शब्द | explosion;<br>cracking (noise).<br>noise of such explosion. |
| विस्फोटक | वि. | (पदार्थ) जो अंदर की गरमी या ताप के कारण चटक कर फूट जाए, (स्थिति) जिसके अनपेक्षित और संकटपूर्ण परिणाम की संभावना हो । | বিস্ফোরক | बिस्फोरक | explosive (substance, situation etc.). |
| विस्मय | पुं. | आश्चर्य, अचंभा । | বিস্ময়, আশ্চর্য | बिस्मय, आश्चर्ज | wonder, surprise. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विस्मयकारी | वि. | विस्मय उत्पन्न करनेवाला, आश्चर्यजनक । | বিস্ময়কারী, বিস্ময়কর, আশ্চর্যজনক | विस्मयकारी, विस्मयकर, आशचर्जजनक | causing astonishment or surprising. |
| विस्मरण | पुं. | 1. भूलना, विस्मृति; 2. भुलाना । | বিস্মরণ; স্মৃতিলোপ | बिस्मरन; स्मृतिलोप | forgetting; obliviousness. |
| विस्मित | वि. | जिसे विस्मय हुआ हो, आश्चर्यचकित । | বিস্মিত, বিস্ময়-বিস্ময়যুক্ত | बिस्मित, बिस्मयजुक्त | amazed, surprised. |
| विस्मृत | वि. | 1. जिसका स्मरण न रहा हो, भूला हुआ; | বিস্মৃত, বিস্মৃতিযুক্ত; | बिस्मृत, बिस्मृतिजुक्त; | forgotten; |
| | | 2. भुलाया हुआ । | স্মরণে নাই এমন | स्मरने नाइ एमन | passed out of memory or recollection. |
| विस्मृति | स्त्री. | भूल जाना, विस्मरण । | বিস্মৃতি, স্মৃতি-লোপ, বিস্মরণ | बिस्मृति, स्मृति-लोप, बिस्मरन | forgetfulness, oblivion. |
| विहंग | पुं. | पक्षी, चिड़िया । | বিহংগ, পক্ষী | बिहङ्ग, पक्षी | bird. |
| विहार | पुं. | 1. घूमना, भ्रमण; | বিহার, বেড়ান, ভ্রমণ; | बिहार, बेड़ान, भ्रमन; | roaming or walking about for pleasure etc; |
| | | 2. बौद्ध आदि श्रमणों के रहने का मठ या आश्रम; | বৌদ্ধ মঠ; | बौद्ध मठ; | monastry, consecration for a sacrifice; |
| | | 3. रतिक्रीड़ा; | রতিক্রীড়া; | रतिक्रीड़ा; | sexual enjoyment; |
| | | 4. आमोद-प्रमोद । | কেলি | केलि | recreation, pleasure. |
| विहित | वि. | 1. जो विधि के अनुरूप हुआ या किया गया हो, विधि के अनुरूप; | বিহিত, যথাবিধি, বিধিসম্মত; | बिहित, जथाबिधि, बिधिसम्मत; | according to rules prescribed by law, ordained by law; |
| | | 2. निर्धारित, निश्चित । | নির্ধারিত | निर्धारित | prescribed, fixed. |
| विहीन | वि. | रहित, बगैर, बिना । | বিহীন, বিরহিত | बिहीन, बिरहित | without. |
| विह्वल | वि. | व्याकुल, उद्विग्न, अशांत, घबराया हुआ । | বিহ্বল, ব্যাকুল, অধীর, বিচলিত | बिहबल, ब्याकुल, अधीर, बिचलित | perturbed, restless, confused. |
| विह्वलता | स्त्री. | व्याकुलता, घबराहट । | বিহ্বলতা, ব্যাকুলতা | बिह्बलता, ब्याकुलता | perturbation, restlessness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वीक्षण** | पुं. | **देखने की क्रिया, निरीक्षण ।** | বীক্ষণ, দর্শন | बीक्षन, दर्शन | seeing, inspection. |
| **वीचि** | स्त्री. | **लहर, तरंग ।** | বীচি, লহর | बीचि, लहर | wave, ripple. |
| **वीणा** | स्त्री. | **एक तरह का प्राचीन भारतीय बाजा जो सितार, सरोद आदि का मूल रूप है और सब बाजों में श्रेष्ठ माना जाता है ।** | বীণা, সপ্ততারযুক্ত বাদ্যযন্ত্র-বিশেষ, বীণ | बीना, सप्पतारजुक्त बाद्‌यजन्त्र-बिशेष, बीन | Indian lute, lyre. |
| **वीतराग** | वि. | **सांसारिक आसक्ति का परित्याग करनेवाला, रागरहित, निस्पृह ।** | বীতরাগ, বিষয়াসংগহীন অনাসক্ত | बितराग, बिषयासङ्गहीन, अनाक्त | free from all passion, dispassionate. |
| **वीथि** | स्त्री. | **1. मार्ग, रास्ता, सड़क;<br>2. दीर्घा ।** | বীথী, বর্ত্ম, মার্গ<br>বীথিকা, গ্যালারি | बीथी, बर्त्म, मार्ग<br>बीथिका, ग्यालारि | way, road;<br>gallery. |
| **वीर** | वि. | **1. बलवान, बहादुर, शूर;<br>2. साहसी, निर्भय;<br>3. किसी काम या बात में औरों से बहुत बढ़कर ।** | বীর, বলী, শূর;<br>সাহসী, নির্ভয়;<br>কথায় বা কর্মে অত্যুত্তম | बीर, बलि, शूर;<br>साहसी, निर्भय;<br>कथाय बा कर्मे अत्युत्तम | mighty, brave;<br>adventurous, fearless;<br>excellent. |
| | पुं. | **1. योद्धा, सिपाही, सैनिक;<br>2. भाई;<br>3. साहित्य में नौ रसों में से एक जिसका स्थायी भाव उत्साह है ।** | যোধ, যোদ্ধা;<br>ভাই;<br>সাহিত্য উৎসাহদ্যোতক রসবিশেষ | जोध, जोद्धा;<br>भाइ;<br>साहित्य उत्साहद्‌योतक रसबिशेष | warrior, soldier;<br>brother;<br>(in literature) heroism (as one of the nine Rasas). |
| **वीरगति** | स्त्री. | **युद्ध क्षेत्र में मारे जाने पर योद्धाओं को प्राप्त होनेवाली शुभगति, युद्ध करते हुए मृत्यु होना ।** | বীরগতি, যুদ্ধে প্রাণত্যাগ মূলক বীরের সুগতি | बीरगति, जुद्धे प्रानत्याग मूलक बीरेर सुगति | heroic end, killed while in action. |
| **वीरता** | स्त्री. | **1. बहादुरी, शूरता;<br>2. साहस, निर्भयता;<br>3. किसी काम या बात में औरों से बहुत बढ़कर होने का भाव;<br>4. वीर का कोई वीरतापूर्ण और साहसिक कार्य ।** | বীরত্ব, শূরত্ব<br>সাহস, নির্ভয়তা,<br>উৎকর্ষ;<br>বীরত্বপূর্ণ কাজ | बीरत्ब, शूरत्ब;<br>साहस, निर्भयता;<br>उत्कर्ष;<br>बीरत्बपूर्न काज | bravery;<br>adventure, fearlessness;<br>excellence;<br>heroic deed. |
| **वीरान** | वि. | **1. (प्रदेश) जिसमें बस्ती न हो, निर्जन;** | (স্থান) বসতিশূন্য, নির্জন; | (स्थान) बसतिशून्य, निर्जन; | desolate, uninhabited; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. (ला.) शोभाविहीन | শোভাহীন | शोभाहीन | (fig.) devoid of glamour, grace, ugly. |
| वीर्य | पुं. | 1. शरीर की सात धातुओं में से एक जिसके कारण शरीर में बल और कांति आती है, शुक्र; | বীর্য, শুক্র, রেত; | वीर्ज, शुक्र, रेत; | semen, virility; |
| | | 2. पराक्रम, वीरता; | পরাক্রম, বীরত্ব; | पराक्रम, वीरत्व; | valour, heroism; |
| | | 3. ताकत, बल, शक्ति | তেজঃশক্তি | तेजशक्ति | vigour, strength. |
| वृंद | पुं. | समूह, समुदाय । | বৃন্দ, সমূহ, সমুদায় | वृन्द, समूह, समुदाय | multitude, assemblage. |
| वृक्ष | पुं. | मोटे तथा कठोर तनेवाली वनस्पतियों का एक वर्ग, पेड़, दरख्त । | বৃক্ষ, গাছ, তরু | वृक्ष, गाछ, तरु | tree. |
| वृत्त | पुं. | 1. वृत्तांत, हाल, घटना, चरित; | বৃত্ত, বর্ণনীয় বস্তু, চরিত | वृत्त, वर्ननीय बस्तु, चरित; | report, account, incident, doings; |
| | | 2. छंद; | ছন্দ; | छन्द; | metre; |
| | | 3. वह क्षेत्र जो चारों ओर से किसी ऐसी रेखा से घिरा हो जिसका प्रत्येक बिंदु उस क्षेत्र के मध्य बिंदु से समान अंतर पर हो, परिधि, दायरा, मंडल, गोल घेरा । | গোলাকার ক্ষেত্র যাহার মধ্যবিন্দু হইতে পরিধি-রেখা সর্বত্র সমব্যবধান বিশিষ্ট, পরিধি, গোল ঘেরা | गोलाकार क्षेत्र जाहार मध्यबिन्दु हइते परिधि-रेखा सर्वत्र समब्यवधान बिशिष्ट, परिधि, गोल घेरा | circle, circumference. |
| वृत्तचित्र | पुं. | सिनेमा का वह चित्र जिसमें किसी विशिष्ट कार्य या घटना के मुख्य-मुख्य अंग-उपांग या ब्यौरे की और बातें लोगों कीजानकारी के लिए दिखाई जाती है । | প্রকৃত ঘটনাদির চলচিত্র | प्रकृत घटनादिर चलचित्र | documentary (film). |
| वृत्तांत | पुं. | किसी घटना, वस्तु, विषय, स्थिति आदि की जानकारी कराने के उद्देश्य से उससे संबद्ध कही या बतलाई जानेवाली बातें या किया जानेवाला वर्णन; | বৃত্তান্ত, বিবরণ | बृत्तान्त, बिबरन | report, account. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वृत्ति** | स्त्री. | **1. चित्त, मन आदि का कोई व्यापार (जैसे चित्तवृत्ति);** | বৃত্তি, মনোভাব, চিত্তাবস্থা-ভেদ; | बृत्ति, मनोभाव, चित्तावस्था-भेद; | mental disposition, attitude; |
| | | **2. योग में चित्त की विशिष्ट अवस्थाएं;** | যোগে চিত্তের বিশিষ্ট অবস্থা; | जोगे चित्तेर विशिष्ट अवस्था; | typical condition of mind in Yoga; |
| | | **3. जीवन-निर्वाह के लिए किया जानेवाला कार्य या व्यापार, धंधा, पेशा;** | জীবিকা, পেশা, ব্যবসায়; | जीविका, पेशा, ब्यबसाय; | work, business, profession; |
| | | **4. जीविका-निर्वाह, भरण-पोषण आदि के लिए मिलनेवाला धन (जैसे छात्रवृत्ति);** | নিয়মিত ভাতা, বিদ্যানুশীলনার্থ প্রদত্ত অর্থ; | नियमित भाता, बिद्यानुशीलनार्थ प्रदत्त अर्थ; | stipend; |
| | | **5. ग्रंथ, विशेषतः सूत्रग्रंथ की टीका या व्याख्या;** | ব্যাখ্যানগ্রন্থ; | ब्याख्यानग्रन्थ; | commentary; |
| | | **6. शब्दों की अर्थबोधक शक्तियां, शब्द-शक्ति;** | অর্থপ্রকাশের ব্যাপারে শব্দের অন্তর্নিহিত শক্তি; | अर्थप्रकाशेर ब्यापारे शब्देर अन्तर्निहित शक्ति; | the force or signification of words; |
| | | **7. प्रकृति, स्वभाव ।** | প্রকৃতি, স্বভাব | प्रकृति, स्बभाब | nature. |
| **वृत्तिका** | स्त्री. | **भरण-पोषण के लिए मिलने-वाला धन, वृत्ति, वजीफा ।** | ভাতা | भाता | stipend. |
| **वृथा** | वि. | **जिसका कोई उपयोग या प्रयोजन न हो, व्यर्थ, फजूल ।** | বৃথা, নিরর্থক, অকারণ, মিছামিছি | बृथा, निरर्थक, अकारन, मिछिमिछि | to no purpose, in vain, useless. |
| | क्रि. वि. | **बिना किसी आवश्यकता या प्रयोजन के ।** | অকারণে, মিছামিছি | अकारने, मिछामिछि | unnecessarily, in vain. |
| **वृद्ध** | वि. | **1. जो अपनी प्रौढ़ावस्था पार कर चुका हो, बुड्ढा, बूढ़ा;** | বৃদ্ধ, বুড়া, বয়োজ্যেষ্ঠ; | बृद्ध, बुड़ा, बयोज्येष्ठ; | old. |
| | | **2. गुण, विद्या आदि के विचार से औरों की अपेक्षा बहुत चतुर, विद्वान् या श्रेष्ठ ।** | মন্ডিত, প্রাজ্ঞ | पन्डित, प्राज्ञ | wise, learned. |
| | पु. | **1. बुड्ढा आदमी, बूढ़ा व्यक्ति;** | বুড়া মানুষ, অধিকবয়স্ক ব্যক্তি; | बुड़ा मानुष, अधिकबयस्क ब्यक्ति; | old man; |
| | | **2. पंडित, विद्वान्;** | পন্ডিত, বিদ্বান; | पांन्डत, बिद्वान; | scholar, learned man; |
| | | **3. वह जो योग्यता आदि के विचार से औरों की अपेक्षा श्रेष्ठ तथा सम्मानित हो ।** | পূজ্যজন | पूज्यजन | elder. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वृद्धा** | वि. | बुढ़िया । | বৃদ্ধা, বুড়ী | वृद्धा, वुड़ी | old woman. |
| | स्त्री. | वह स्त्री जो अवस्था में वृद्ध हो गई हो, बुड्ढी स्त्री । | বয়োজ্যেষ্ঠা নারী | वयोज्येष्ठा नारी | old woman. |
| **वृद्धावस्था** | स्त्री. | वृद्ध होने की अवस्था, धर्म या भाव, बुढ़ापा, वार्धक्य । | বৃদ্ধাবস্থা, বুড়া বয়স | वृद्धावस्था, वुड़ा वयस | old age, senility. |
| **वृद्धि** | स्त्री. | 1. वर्धन, विकास; | বৃদ্ধি, বর্ধন; | वृद्धि, वर्धन; | growth, rise; |
| | | 2. गुण, मान, मात्रा, संख्या आदि में होनेवाली अधिकता; | বাড়, আধিক্য; | वाड़, आधिक्य; | enhancement, enlargement, addition; |
| | | 3. उन्नति, तरक्की, प्रगति; | উন্নতি, অভ্যুদয়; | उन्नति, अभ्युदय; | progress; |
| | | 4. वेतन आदि में होनेवाली अधिकता । | বাড়তি, বাড়ন | वाड़ति, वाड़न | increment. |
| **वृश्चिक** | पुं. | 1. जहरीले डंकवाला एक प्रकार का जंतु, बिच्छू; | বৃশ্চিক, বিছা; | वृश्चिक, विछा; | scorpion; |
| | | 2. ज्योतिष में बारह राशियों में से आठवीं राशि जिसके तारे बिच्छू का-सा आकार बनाते हैं । | (জ্যোতিষে) রাশিচক্রের অষ্টম রাশি | (ज्योतिषे) राशिचक्रेर अष्टम राशि | eighth sign of the zodiac-scorpio. |
| **वृषभ** | पुं. | बैल, सांड । | বৃষভ, ষাঁড়, ষন্ড | वृषभ, षाँड़, षन्ड | bull. |
| **वृष्टि** | स्त्री. | 1. आकाश से जल की वर्षा होने की अवस्था या भाव, जलवर्षा, पानी का बरसना; | বৃষ্টি, মেঘ হইতে জলের বর্ষণ; | वृष्टि, मेघ हइते जलेर वर्षन; | rain; |
| | | 2. वर्षा की तरह बहुत सी छोटी-छोटी चीजें ऊपर से गिरने की क्रिया या भाव; | বৃষ্টির ন্যায় উপর হইতে ছোট ছোট জিনিসের পতন; | वृष्टिर न्याय उपर हइते छोट छोट जिनिसेर पतन; | shower (of anything); |
| | | 3. किसी क्रिया का कुछ समय तक लगातार होना (ला.) । | (লাক্ষণিক) অবিরল চলা | (लाक्षनिक) अबिरल चला | continuance. |
| **वे** | सर्व. | 'वह' का बहुवचन रूप । | 'বহ' শব্দের বহুবচন | 'वह' शब्देर बहुवचन | they, those. |
| **वेग** | पुं. | 1. मन में होनेवाली प्रबल प्रवृत्ति, मनोवेग; | বেগ, প্রবল, প্রবৃত্তি, মনোবেগ; | वेग, प्रबल प्रवृत्ति, मनोवेग; | impulse, passion; |
| | | 2. गति या चाल की तीव्रता या तेजी; | গতির পরিমাণ; | गतिर परिमान; | velocity, speed; |
| | | 3. शीघ्रता, जल्दी; | দ্রুতগতি, ত্বরা; | द्रुतगति, त्वरा; | quickness, haste; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. शरीर की वह आंतरिक वृत्ति या शक्ति जो प्राणियों को मल, मूत्र आदि का त्याग करने में प्रवृत्त करती है । | মলমূত্রাদি ত্যাগের প্রবৃত্তি | मलमूत्रादि त्यागेर प्रवृत्ति | expulsion of the faeces. |
| वेगवती | वि. | जिसका वेग अत्यधिक हो । | বেগবতী, খরস্রোতা | बेगबती, खरस्रोता | speedy, swift. |
| वेगवान् | वि. | वेगपूर्वक चलनेवाला, तेज चलनेवाला । | বেগবান্, দ্রুতগতিসম্পন্ন | बेगबान्, द्रुतगतिसम्पन्न | swift, speedy. |
| वेणी | स्त्री. | स्त्रियों के बालों की गूंधी हुई चोटी, कवरी । | বেণী, বিননী | बेनी, बिननी | a braid of hair (of women). |
| वेतन | पुं. | 1. वह धन जो निश्चित रूप से निरंतर काम करते रहने पर बराबर नियत समय पर मिलता रहता है, तनख्वाह, तलब; | বেতন, মাহিয়ানা; | बेतन, माहियाना; | salary, pay; |
| | | 2. पारिश्रमिक, उजरत, मजदूरी । | পারিশ্রমিক, মজুরি | पारिश्रमिक, मजुरि | remuneration, wages, labour charges. |
| वेत्ता | पुं. | अच्छा या पूर्णज्ञाता (समास में) । | বেত্তা, জ্ঞাতা, জ্ঞানসম্পন্ন | बेता, ज्ञाता, ज्ञानसम्पन्न | one who knows. |
| वेद | पुं. | 1. भारतीय आर्यों के आद्य प्रधान धार्मिक ग्रंथ जो हिन्दुओं में सर्वप्रधान हैं; | বেদ, ভারতের প্রাচীনতম ধর্মগ্রন্থ; | बेद, भारतेर प्राचीनतम धर्मग्रन्थ; | the most ancient and sacred scriptures of Hindus; |
| | | 2. ज्ञान; | জ্ঞান; | ज्ञान; | knowledge; |
| | | 3. धार्मिक ज्ञान, तत्वज्ञान । | ধর্মীয় জ্ঞান, তত্ত্বজ্ঞান | धर्मीय ज्ञान, तत्त्वज्ञान | sacred knowledge, metaphysical knowledge. |
| वेदना | स्त्री. | बहुत तीव्र मानसिक या शारीरिक कष्ट, तीव्र दु:ख, व्यथा । | বেদনা, যন্ত্রণা, দুঃখ, মনস্তাপ | बेदना, जन्त्रना, दुःख, मनस्ताप | torture, pain, agony. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वेदांत** | पुं. | **भारतीय षड्दर्शनों में से एक दर्शन जो उपनिषदों की शिक्षा और सिद्धांतों पर आश्रित है और जिसमें वेदों का अंतिम या चरम उद्देश्य निरूपित है, उत्तर मीमांसा ।** | বেদান্ত, বেদব্যাস কর্তৃক রচিত ব্রহ্মপ্রতিবাদক দর্শনশাস্ত্র, ভারতীয় ষড়দর্শনের অন্যতম | वेदान्त, वेदब्याम कर्तृक रचित ब्रह्मप्रतिवादक दर्शनशास्त्र, भारतीय षड्दर्शनेर अन्यतम | one of the six systems of Indian philosophy so called either as teaching the ultimate scope of the Veda or simply as explained in the Upanishadas, which come at the end of the Vedas, the last of the six principal Darshanas or systems of Hindu philosophy. |
| **वेदी** | स्त्री. | **1. यज्ञ कार्य के लिए साफ करके तैयार की हुई भूमि;**<br>**2. मांगलिक या शुभ कार्य के लिए तैयार किया हुआ चौकोर स्थान, वेदिका ।** | বেদী, যাগার্থ সংস্কৃত ভূভাগ; বেদিকা, মংগলকার্যার্থে অংগনে রচিত মৃৎপিন্ডিকা | बेदी, जागार्थ संस्कृत भूभाग; बेदिका, मङ्गलकार्जार्थ अङ्गने रचित मृत्पिन्डिका | a place prepared for sacrifice; altar. |
| **वेधक** | वि. पुं. | **1. वेधन करनेवाला, छेद करनेवाला, छेदनेवाला;**<br>**2. नुकीली चीज धंसाकर घायल करनेवाला;**<br>**3. मणियों आदि को वेधकर अपनी जीविका चलानेवाला ।** | বেধক, বেধকর্তা;<br>বিদ্ধিকারী;<br>মণিমুক্তাদি বেধকারী | बेधक, बेधकर्ता;<br>बिद्धिकारी;<br>मनिमुक्तादि बेधकारी | a piercer;<br>wounder, stabber;<br>a perforator. |
| **वेधन** | पुं. | **1. छेदने की क्रिया;**<br>**2. छेदकर घायल करने की क्रिया;**<br>**3. यंत्रों आदि की सहायता से आकाशस्थ ग्रहों आदि की गति, स्थिति आदि का पता लगाने की क्रिया, प्रेक्षण ।** | বেধন, বিদ্ধকরণ;<br>বিদ্ধিকরণ;<br>যন্ত্রাদির সাহায্যে আকাশস্থ গ্রহাদির গতি নিরীক্ষণ | बेधन, बिद्धकरन;<br>बिद्धिकरन;<br>जन्त्रादिर साहाज्ये आकाशस्थ ग्रहादिर गति निरीक्षन | the act of piercing;<br>to make a wound by piercing;<br>observation of planets by telescope. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वेधशाला** | स्त्री. | वह प्रयोगशाला जिसमें ग्रह, नक्षत्रों आदि की गति का पर्यवेक्षण किया जाता है । | মানমন্দির | मानमन्दिर | observatory. |
| **वेध्य** | वि. | जिसका वेध हो सके, होने को हो या किया जाए । | বেধ্য, বেধনীয় | बेध्य, बेधनीय | to be pierced or perforated. |
| **वेला** | स्त्री. | 1. किसी काम या बात का नियमित या निश्चित समय; | বেলা, নিয়মিত কাল; | बेला, नियमित काल; | limit of time; |
| | | 2. समुद्र का तट; | সমুদ্রতীর; | समुद्रतीर; | coast, sea-shore; |
| | | 3. मर्यादा, सीमा । | মর্যাদা, সীমা | मर्जादा, सीमा | limit. |
| **वेश** | पुं. | 1. पहनने के कपड़े आदि, पोशाक; | বেশ, পোশাক; | बेश, पोशाक; | dress, costume, uniform; |
| | | 2. कुछ खास तरह के ऐसे कपड़े जिन्हें पहनने पर कोई विशिष्ट रूप प्राप्त होता है, भेष; | সজ্জা; | सज्जा; | guise; |
| | | 3. बाह्य रूप । | বাহ্যরূপ | बाह्यरूप | external appearance. |
| **वेश्या** | स्त्री. | ऐसी स्त्री जो धन लेकर लोगों के साथ संभोग करने का व्यवसाय करती हो, गणिका, तवायफ । | বেশ্যা, গণিকা, বারাংগনা, দেহোপজীবনী | बेश्या, गनिका, बाराङ्गना, देहोपजीबनी | prostitute, harlot, whore. |
| **वेश्यालय** | पुं. | वेश्या या वेश्याओं के रहने का स्थान । | বেশ্যালয়, গণিকালয় বেশ্যাগৃহ | बेश्यालय, गनिकालय, बेश्यागृह | brothel. |
| **वेश्यावृत्ति** | स्त्री. | वेश्या बन कर अर्थात् धन लेकर पर-पुरुषों से संभोग करने का व्यवसाय, वेश्याकर्म । | বেশ্যাবৃত্তি, বেশ্যাগিরি | बेश्याबृत्ति, बेश्यागिरि | profession of prostitution. |
| **वेष्टन** | पुं. | 1. कोई चीज किसी दूसरी चीज के चारों ओर लपेटना; | বেষ্টন, জড়ানো; | बेष्टन, जड़ानो; | anything that surrounds or wraps; |
| | | 2. इस प्रकार लपेटी जानेवाली चीज; | বস্ত্রপট্টিকা, ব্যান্ডেজ; | बस्त्रपट्टिका, ब्यान्डेज; | a bandage, band; |
| | | 3. पगड़ी । | পাগড়ী | पागड़ी | turban. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वैकल्पिक** | वि. | 1. जो विकल्प के रूप में हो; 2. जिसके विषय में विकल्प का उपयोग या प्रयोग किया जाने को हो या किया जा सकता हो, जिसके चुनाव में अपनी इच्छा या पसंद का प्रयोग किया जा सकता हो । | বৈকল্পিক; ঐচ্ছিক | बैकल्पिक; ऐच्छिक | alternative; optional. |
| **वैकुंठ** | पुं. | 1. वह स्वर्गीय लोक जिसमें विष्णु निवास करते हैं; 2. स्वर्ग । | বৈকুন্ঠ, বিষ্ণুলোক; সৃর্গ | बैकुन्ठ, बिष्नुलोक; स्बर्ग | heavenly abode of Vishnu; heaven. |
| **वैजयंती** | स्त्री. | 1. पताका, झंडा; 2. खेल, प्रतियोगिता आदि में मिलनेवाला विजय का सूचक एक उपहार । | বৈজয়ন্তী, পতাকা; বিজয়হেতুপূজা মালা | बैजयन्ती, पताका; बिजयहेतुपूजा माला | a flag, banner; a kind of garland prognosticating victory. |
| **वैज्ञानिक** | पुं. | विज्ञान का ज्ञाता, विज्ञानवेत्ता । | বৈজ্ঞানিক, বিজ্ঞানবিৎ | बैज्ञानिक, बिज्ञानबित् | scientist. |
| | वि. | 1. विज्ञानसंबंधी; 2. ठीक रीति या सिलसिले से होनेवाला, व्यवस्थित और क्रमबद्ध । | বিজ্ঞানসম্বন্ধী; প্রণালীবদ্ধ, সুসম্বন্ধ, সুশৃঙ্খল | बिज्ञानसम्बन्धी; प्रनालीबद्ध, सुसम्बन्ध, सुश्रृङ्खल | scientific; systematic, methodical. |
| **वैतनिक** | वि. | 1. वेतन-संबंधी, वेतन का; 2. जिसे किसी पद पर काम करने के फलस्वरूप वेतन मिलता हो । | বৈতনিক, বেতন সম্বন্ধী; বেতনভোগী | बैतनिक, बेतन सम्बन्धी; बेतनभोगी | serving for wages; a hired labourer, labourer. |
| **वैदग्ध्य** | पुं. | 1. विदग्ध या पूर्ण पंडित होने की अवस्था, धर्म या भाव, पांडित्य, विद्वता; 2. कार्यकुशलता, दक्षता, पटुता; 3. कुशाग्रबुद्धि, चालाकी, चतुराई । | বৈদগ্ধ্য, পান্ডিত্য; কার্যকুশলতা, দক্ষতা, পটুতা; চাতুর্য | बैदग्ध्य, पान्डित्य; कार्जकुशलता, दक्षता, पटुता; चातुर्ज | dexterity; skill, proficiency; cleverness, shrewdness, wit. |
| **वैदिक** | वि. | 1. वेदसंबंधी, वेद का; | বৈদিক, বেদসম্বন্ধী; | बैदिक, बेदसम्बन्धी; | relating to the Veda, Vedic; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो वेदों में कहा गया हो, वेदोक्त । | বেদোক্ত | बेदोक्त | prescribed in the Veda, knowing the Veda. |
| **वैदेशिक** | वि. | 1. विदेश से संबंध रखनेवाला; 2. विदेश में होनेवाला । | বৈদেশিক, বিদেশসম্বন্ধী; বিদেশজাত | बैदेशिक, बिदेशसम्बन्धी; बिदेशजात | belonging to another country; foreign. |
| **वैद्य** | पुं. | 1. आयुर्वेद का ज्ञाता; 2. आयुर्वेद द्वारा निर्दिष्ट चिकित्सा पद्धति के अनुसार चिकित्सा करने-वाला, आयुर्वैदिक चिकित्सक । | বৈদ্য, আয়ুর্বেদ-বিদ্যাবিৎ; কবিরাজ | बैद्य, आयुर्बेद-बिद्याबित्; कबिराज | an expert of Ayurveda; Ayurvedic physician. |
| **वैद्यक** | पुं. | भारतीय चिकित्सा शास्त्र, आयुर्वेद । | বৈদ্যক, আয়ুর্বেদ | बैद्यक, आयुर्बेद | the Indian science of Medicine, Ayurveda. |
| **वैध** | वि. | 1. विधिमान्य, विधिसम्मत, नियमानुसार मान्य; 2. विधि या कानून की दृष्टि से ठीक, विधि के अनुकूल । | বৈধ, বিধানানুমত; বিধিসম্মত, উচিত | बैध, बिधानानुमत; बिधिसम्मत, उचित | lawful, legal, in accordance with rule; legitimate, just. |
| **वैधव्य** | पुं. | विधवा होने की अवस्था या भाव, रंडापा । | বৈধব্য, বিধবার অবস্থা | बैधब्य, बिधबार अबस्था | widowhood. |
| **वैधानिक** | वि. | 1. विधान संबंधी; 2. विधान के अनुकूल, विधान-सम्मत । | সংবিধান সম্বন্ধী; সংবিধানসম্মত | संबिधान सम्बन्धी; संबिधानसम्मत | constitutional; in accordance to constitution, constitutional. |
| **वैभव** | पुं. | 1. धन-दौलत, ऐश्वर्य; 2. शान-शौकत, भव्यता । | বৈভব, ধনসম্পত্তি; মহিমা, বিভুভাব | बैभब, धनसम्पत्ति; महिमा, बिभुभाब | wealth, glory; greatness, grandeur, splendour. |
| **वैभवशाली** | वि. | 1. जिसके पास बहुत अधिक धन-संपत्ति हो, वैभववाला, संपन्न, ऐश्वर्यशाली; | বৈভবশালী, ধনসম্পত্তিসম্পন্ন ঐশ্বর্যশালী; | बैभबशाली, धनसम्पत्तिसम्पन्न ऐश्बर्जशाली; | wealthy, rich; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. शान से युक्त, भव्य । | মহান্, প্রভাবশালী | महान्, प्रभावशाली | grand, glorious, magnificent. |
| वैमानिक | वि. | विमान संबंधी, विमान का । | বৈমানিক, বিমানসংক্রান্ত | बैमानिक, विमानसंक्रान्त | pertaining to an aeroplane,of an aeroplane; |
| | पुं. | हवाई जहाज चलानेवाला, विमानचालक । | বিমানপোতচালক, বিমানচালক | बिमानपोतचालक, विमानचालक | pilot. |
| वैयक्तिक | वि. | 1. किसी विशिष्ट व्यक्ति या उसके अधिकार, गुण, स्वभाव आदि से संबंधित, व्यक्तिगत; | বৈয়ক্তিক, ব্যক্তিগত; | बैयक्तिक, व्यक्तिगत; | relating to a particular person, his right, quality and nature, personal; |
| | | 2. जो सामूहिक या सार्वजनिक कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत न आता हो बल्कि जिस पर एक ही व्यक्ति का विधिक अधिकार हो, निजी; | কোনো ব্যক্তির নিজের এমন; | कोनो व्यक्तिर निजेर एमन; | not pertaining to collective or public field but which is under the legal control of a particular person, private; |
| | | 3. आत्मपरक, व्यक्तिपरक, व्यक्तिनिष्ठ । | আত্মগত, ব্যক্তিনিষ্ঠ | आत्मगत, ब्यक्तिनिष्ठ | personal, pertaining to self, subjective. |
| वैयाकरण | पुं. | 1. वह जिसे व्याकरण शास्त्र का पूर्णज्ञान हो, व्याकरण का ज्ञाता; | বৈয়াকরণ, ব্যাকরণবিৎ ব্যাকরণে পন্ডিত; | बैयाकरन, ब्याकरनबित्, ब्याकरने पन्डित; | one who has sound knowledge of grammar, grammarian; |
| | | 2. व्याकरण शास्त्र की रचना करनेवाला । | ব্যাকরণ-রচিতা | ब्याकरन-रचिता | writer of a grammar. |
| | वि. | व्याकरणसंबंधी । | ব্যাকরণসম্বন্ধী | ब्याकरनसम्बन्धी | pertaining to grammar. |
| वैर | पुं. | शत्रुता का वह उत्कट या तीव्र रूप जो प्रायः जाग्रत रहता है और बहुत कुछ स्थायी या स्वाभाविक होता है । | বৈর, শত্রুতা | बैर, शत्रुता | enmity. |
| वैरागी | पुं. | उदासीन या विरक्त, साधु । | বৈরাগী, সংসারে অনাসক্ত ব্যক্তি | बैरागी, संसारे अनासक्त ब्यक्ति | religious devotee, Saint. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | वि. | जिसका मन संसार या सांसारिक रागों की ओर से हट गया हो, रागरहित, विरक्त । | বিষয়াসক্তিহীন, বিরাগী | बिषयासक्तिहीन, बिरागी | one who has subdued his worldly desires, passions, an ascetic. |
| वैराग्य | पुं. | मन की वह वृत्ति जिसके कारण संसार की विषय-वासना तुच्छ प्रतीत होती है और व्यक्ति संसार के झंझट छोड़कर एकांत में रहता और ईश्वर का भजन करता है, विरक्ति । | বৈরাগ্য, বিষয়ভোগে ঔদাসীন্য সংসারে অনাসক্তি | बैराग्य, बिषयभोगे औदासीन्य, संसारे अनासक्ति | freedom from passions or from worldly attachments, indifference. |
| वैरी | पुं. | वह जिसके साथ वैर-भाव हो, दुश्मन । | বৈরী, শত্রু, অরি | बैरी, शत्रु, अरि | enemy, foe, hostile. |
| वैवाहिक | वि. | 1. विवाह-संबंधी, विवाह का; 2. विवाह के फलस्वरूप होनेवाला । | বৈবাহিক, বিবাহ-সম্বন্ধী; বিবাহঘটিত | बैबाहिक, बिबाह-सम्बन्धी; बिबाहघटित | nuptial, matrimonial; relating to marriage. |
| वैशाख | पुं. | भारतीय वर्ष के बारह महीनों में से एक जो चांद्र गणना से दूसरा और सौर गणना के अनुसार पहला महीना होता है । | বৈশাখ, চান্দ্র গণনানুসারে দ্বিতীয় মাস এবং সৌরগণনানুসারে প্রথম মাস | बैशाख, चान्द्र गननानुसारे द्वितीय मास एवं सौरगननासुरे प्रथम मास | second lunar month in India, Baisakh. |
| वैशाखी | स्त्री. | 1. वैशाख मास की पूर्णिमा जो विशाखा नक्षत्र में पड़ती है; 2. सौर मास की संक्रांति के दिन होनेवाला उत्सव । | বৈশাখী, বৈশাখ-পূর্ণিমা; সৌর মাসের সংক্রান্তি দিনে অনুষ্ঠিত উৎসব | बैशाखी, बैशाख-पूर्निमा; सौर मासेर संक्रान्ति दिने अनुष्ठित उत्सब | the day of full moon in the month of Baisakh; an Indian festival. |
| वैश्य | पुं. | हिंदुओं में तीसरे वर्ण का व्यक्ति जिसका मुख्यकर्म व्यापार तथा खेती कहा गया है । | বৈশ্য, হিন্দু চতুর্বর্ণের তৃতীয় বর্ণ | बैश्य, हिन्दु चतुर्बर्नेर तृतीय बर्न | a Vaishya or man of the third (Hindu) caste (whose business was agriculture and trade), a trader. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वैषम्य** | पुं. | दे. विषमता । | দ্র: 'বিষমতা' | द्र: 'विषमता' | unevenness, unequality. |
| **वैसा** | वि. | **किसी के अनुरूप या उसके अनुकरण पर किया जाने या होनेवाला, उस तरह का, उस प्रकृति का, उस प्रकार का ।** | ঐ রকমের, ঐ প্রকারের | ऐ रकमेर, ऐ प्रकारेर | that like, such like, such as, of that kind. |
| | अव्य. | **उस प्रकार, उस प्रकार से ।** | ঐ প্রকার, ঐ প্রকারে | ऐ प्रकार, ऐ प्रकारे | of that kind. |
| **वैसे** | क्रि. वि. | **उस प्रकार से, उस तरह से ।** | ঐ প্রকারে, ঐ রকমে | ऐ प्रकारे, ऐ रकमे | in that manner, in the same way. |
| **व्यंग** | पुं. | **1. विडंबना;<br>2. कटाक्ष, ताना, कटूक्ति, व्यंग्योक्ति ।** | ব্যংগ, উপহাস; বিদ্রুপ | व्यङ्ग, उपहास; विद्रुप | irony; sarcastic, ironical remarks. |
| **व्यंग्य** | पुं. | **1. शब्द की व्यंजना शक्ति द्वारा निकलनेवाला अर्थ, व्यंग्यार्थ;<br>2. किसी को चिढ़ाने, दु:खी करने या नीचा दिखाने के लिए कही जानेवाली ऐसी बात जो स्पष्ट शब्दों में न होने पर भी अथवा विपरीत रूप की होने पर भी उक्त प्रकार का अभिप्राय प्रकट करती हो, व्यंग, कटाक्ष, ताना;<br>3. विडंबना ।** | ব্যংগ্য, ব্যঞ্জনা-বৃত্তি প্রতিপাদ্য অর্থ;<br>কটাক্ষ, বাঁকা কথা, শ্লেষ;<br>উপহাস | व्यङ्ग्य, व्यञ्जना-बृत्ति प्रतिपाद्य अर्थ;<br>कटाक्ष, बांका कथा, श्लेष;<br>उपहास | suggestiveness of the word, suggested meaning or sense; sarcasm, ironical remarks;<br>irony, |
| | वि. | **शब्द की व्यंजना शक्ति द्वारा व्यक्त, व्यंजित ।** | ব্যঞ্জনাবৃত্তি দ্বারা বোধ্য | व्यञ्जनाबृत्ति द्वारा वोध्य | suggested or implied sense. |
| **व्यंग्यार्थ** | पुं. | **शब्द की व्यंजना शक्ति द्वारा प्राप्त अर्थ ।** | ব্যংগ্যার্থ | व्यङ्ग्यार्थ | suggested or implied sense. |
| **व्यंजक** | वि. | **व्यंजन अर्थात् व्यक्त करनेवाला, भाव या अर्थ व्यक्त करनेवाला ।** | ব্যঞ্জক প্রকাশক | व्यञ्जक, प्रकाशक | expressive. |
| | पुं. | **ऐसा शब्द जो व्यंजना द्वारा अर्थ प्रकट करता हो ।** | ব্যঞ্জনা দ্বারা অর্থ প্রকাশক শব্দ | व्यञ्जना द्वारा अर्थ प्रकाशक शब्द | suggestive word. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **व्यंजन** | पुं. | 1. वर्णमाला का कोई ऐसा वर्ण जिसका उच्चारण किसी और वर्ण, विशेषत: स्वर की सहायता के बिना संभव हो; | ব্যঞ্জন, ককারাদি বর্ণ, হল্‌বর্ণ; | व्यञ्जन, ककारादि बर्न, हलबर्न; | consonant; |
| | | 2. सभी प्रकार के पकाए हुए भोजन; | রন্ধনকরা খাদ্য দ্রব্য; | रन्धनकरा खाद्य दृब्य; | cooked food; |
| | | 3. व्यक्त या प्रकट करने या होने की क्रिया या भाव, व्यंजना । | প্রকাশন, সূচন, ব্যঞ্জনা | प्रकाशन, सूचन, ब्यञ्जना | meaning, suggestion. |
| **व्यंजना** | स्त्री. | 1. शब्द की तीन प्रकार की शक्तियों या वृत्तियों में से एक जिससे शब्द या शब्द समूह के वाच्यार्थ या लक्ष्यार्थ से भिन्न किसी और ही अर्थ का बोध होता है, व्यंग्याथ बोधक शब्द शक्ति; | ব্যঞ্জনা, শব্দের গূঢ়ার্থ-প্রকাশক বৃত্তি, শব্দের বা বাক্যের অভিধেয় এবং লাক্ষণিক অর্থ ভিন্ন অন্য অর্থের প্রকাশক শক্তি; | ब्यञ्जना, शब्देर गूढ़ार्थ-प्रकाशक बृत्ति शब्देर बा बाक्येर अभिधेय एबं लाक्षनिक अर्थ भिन्न अन्य अर्थेर प्रकाशक शक्ति; | out of the three powers of word which gives different meanings from literary to implied meaning of a word; |
| | | 2. प्रकट करने की क्रिया, भाव या शक्ति, अभिव्यक्ति, अभिव्यंजना; | প্রকাশন ক্রিয়া বা শক্তি, অভিব্যক্তি, অভিব্যঞ্জনা; | प्रकाशन क्रिया बा शक्ति, अभिब्यक्ति, अभिब्यञ्जना; | expression; |
| | | 3. व्यंग्यार्थ । | ব্যঞ্জনাবৃত্তির দ্বারা লব্ধ অর্থ | ब्यञ्जनाबृत्तिर द्वारा लब्ध अर्थ | suggested meaning. |
| **व्यक्त** | वि. | 1. जो प्रकट किया या सामने लाया गया हो, दृष्टिगोचर, प्रत्यक्ष; | ব্যক্ত, প্রকাশিত, প্রকটিত, দৃষ্টি-গোচর, প্রত্যক্ষ; | ब्यक्त, प्रकाशित, प्रकटित, दृष्टि-गोचर, प्रत्यक्ष; | manifested, expressed, displayed; |
| | | 2. साफ, स्पष्ट सुनाई पड़नेवाला; | স্পষ্ট শোনা যায় এমন; | स्पष्ट शोना जाय एमन; | articulate; |
| | | 3. व्यंजित, अभिव्यक्त । | ব্যঞ্জিত, অভিব্যক্ত | ब्यञ्जित, अभिब्यक्त | suggested, expressed. |
| **व्यक्ति** | पुं. | 1. मनुष्य, आदमी; | ব্যক্তি, মানুষ; | ब्यक्ति, मानुष; | an individual; |
| | | 2. मनुष्य या किसी और शरीरधारी का सारा शरीर जिसकी पृथक् सत्ता मानी जाती है और जो किसी समूह या समाज का अंग | অবয়ববিশিষ্ট দ্রব্যমাত্র, ব্যষ্টি | अबयबबिशिष्ट द्रब्यमात्र, ब्यष्टि | person. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | माना जाता है, समष्टि का विपर्याय, व्यष्टि । | | | |
| **व्यक्तिक** | वि. | किसी एक ही व्यक्ति से संबंध रखनेवाला, दूसरे सभी व्यक्तियों से भिन्न या पृथक । | ব্যক্তিক, ব্যক্তিগত নির্দিষ্ট কোনো ব্যক্তির বৈশিষ্ট্যযুক্ত | व्यक्तिक, व्यक्तिगत निर्दिष्ट कोनो व्यक्तिर बैशिष्ट्यजुक्त | individual, personal. |
| **व्यक्तिगत** | वि. | किसी एक ही व्यक्ति से संबंध रखनेवाला, दूसरे सभी व्यक्तियों से भिन्न या पृथक । | ব্যক্তিগত, ব্যক্তিক, ব্যক্তিবিশেষ সংক্রান্ত | व्यक्तिगत, व्यक्तिक, ब्यक्तिबिशेष संक्रान्त | individual, personal, subjective. |
| **व्यक्तित्व** | पुं. | 1. किसी व्यक्ति की निजी विशिष्ट क्षमताएं, गुण, प्रवृत्तियां आदि जो उसके उद्देश्यों, कार्यों, व्यवहारों आदि में प्रकट होती हैं और जिनसे उस व्यक्ति का सामाजिक स्वरूप स्थिर होता है; | ব্যক্তিত্ব, ব্যক্তির নিজস্ব বৈশিষ্ট্য; | ब्यक्तित्व, ब्यक्तिर निजस्व बैशिष्ट्य; | personality; |
| | | 2. व्यक्ति होने की अवस्था या भाव, वैयक्तिकता । | বৈয়ক্তিকতা | बैयक्तिकता | individuality. |
| **व्यक्तिकरण** | पुं. | व्यक्त करने की क्रिया या भाव । | ব্যক্তকরণ, প্রকাশকরণ | ब्यक्तकरन, प्रकाशकरन | the act of making manifest, clear or distinct, individualisation, personalisation. |
| **व्यक्तिवाद** | पुं. | 1. यह मत या सिद्धान्त कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने ढंग से चलना और रहना चाहिए, दूसरों के सुख-दुख आदि का ध्यान नहीं रखना चाहिए; | ব্যক্তিবাদ, ব্যক্তিস্বাতন্ত্র্য-বাদ; | ब्यक्तिबाद, ब्यक्तिस्वातन्त्र्य-बाद; | individualism; |
| | | 2. आधुनिक राजनीति में, यह सिद्धांत कि यह सृष्टि व्यक्तियों के कल्याण के लिए ही हुई है, व्यक्तियों की सृष्टि राजा या शासन का अस्तित्व बनाए रखने के लिए नहीं हुई है; | সমাজ অপেক্ষা ব্যক্তিই বড় এই নীতি; | समाज अपेक्षा ब्यक्तिइ बड़ एइ नीति; | the doctrine or theory of being self-centred and having no truck with pleasures and pains of others; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. आर्थिक क्षेत्र में, यह सिद्धांत कि सब प्रकार के काम-धंधों में सब लोगों को स्वतंत्र रहना चाहिए, शासन या समाज का उन पर कोई नियंत्रण नहीं रहना चाहिए और उन्हें अपनी इच्छा से मिलकर अपना संगठन स्थापित करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए । | ব্যক্তিতন্ত্র | व्यक्तितन्त्र | the doctrine according to which all individuals should be free in all their business and free from the control of the government and should have liberty to set up their own organization. |
| **व्यग्र** | वि. | चिंतित, बेचैन, अधीर विकल । | ব্যগ্র, ব্যাকুল | व्यग्र, व्याकुल | perplexed, bewildered, agitated. |
| **व्यग्रता** | स्त्री. | व्यग्र होने की अवस्था या भाव, बेचैनी, अधीरता, विकलता । | ব্যগ্রতা, ব্যগ্রভাব, ব্যাকুলতা | व्यग्रता, व्यग्रभाव, व्याकुलता | perplexedness, perplexity, agitation. |
| **व्यजन** | पुं. | पंखा । | ব্যজন, পাখা | व्यजन, पाखा | a fan. |
| **व्यतिक्रम** | पुं. | 1. किसी क्रम में होनेवाली बाधा या रुकावट; | ব্যতিক্রম, ক্রমে যে বাধা উপস্থিত হয়; | व्यतिक्रम, क्रमे जे बाधा उपस्थित हय; | infraction; |
| | | 2. क्रमविपर्यय; | ক্রমবিপর্যয়; | क्रमविपर्जय; | violation of established order; |
| | | 3. उल्लंघन । | উল্লঙ্ঘন | उल्लङ्घन | violation. |
| **व्यतिरेक** | पुं. | 1. दो चीजों की ऐसी तुलना जो उनके परस्पर विरोधी गुणों को आधार बनाकर की गई हो; | বৈষম্যমূলক তুলনা; | वैषम्यमूलक तुलना; | contrast; |
| | | 2. अन्तर, भेद । | ব্যতিরেক, ভেদ | ब्यतिरेक, भेद | difference. |
| **व्यतीत** | वि. | गुजरा या बीता हुआ । | ব্যতীত, বিগত অতিবাহিত | ब्यतीत, बिगत, अतिबाहित | passed away, gone, past. |
| **व्यथा** | स्त्री. | उग्र मानसिक या शारीरिक पीड़ा । | ব্যথা, বেদনা, কষ্ট | ब्यथा, बेदना, कष्ट | pain, agony, anguish. |
| **व्यथित** | वि. | व्यथाग्रस्त । | ব্যথিত, ব্যথা-প্রাপ্ত, ব্যথাযুক্ত | ब्यथित, ब्यथा-प्राप्त, ब्यथाजुक्त | afflicted, distressed, pained. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **व्यपगत** | वि. | 1. जो बीत गया हो,<br>बीता हुआ; | ব্যপগত,<br>বিগত; | व्यपगत,<br>बिगत; | gone away; |
| | | 2. जिसकी नियत अवधि<br>समाप्त हो गई हो,<br>गतावधि; | বিচ্যুত; | बिच्युत; | fallen away from; |
| | | 3. जो कहीं चला गया हो,<br>जो दूर हो गया हो या<br>हट गया हो; | তিরোভূত, | तिरोभूत; | disappeared,<br>departed; |
| | | 4. वंचित, रहित । | বংচিত, রহিত | बंचित, रहित | devoid of. |
| **व्यभिचार** | पुं. | 1. स्त्री का पर-पुरुष से या<br>पुरुष का पर-स्त्री से<br>होनेवाला अनुचित संबंध,<br>छिनाला, जारकर्म; | ব্যভিচার,<br>স্ত্রীপুরুষের<br>অবৈধ যৌনসম্পর্ক; | ब्यभिचार,<br>स्त्रीपुरुषेर<br>अवैध जौनसम्पर्क; | fornication,<br>adultery,<br>debauchery; |
| | | 2. न्याय में ऐसा हेतु जिसका<br>साध्य न हो; | (ন্যায়ে) হেত্বাভাস; | (न्याये) हेत्वाभास; | following<br>improper course; |
| | | 3. नियमों का अपवाद; | ব্যতিক্রম; | ब्यतिक्रम; | exception of rules; |
| | | 4. एक तर्क छोड़कर दूसरे<br>तर्क का सहारा लेना । | এক যুক্তি ছাড়িয়া<br>যুক্তির আশ্রয় নেওয়া | एक जुक्ति छाड़िया<br>जुक्तिर आश्रय नेओया | wandering from<br>an argument. |
| **व्यभिचारिणी** | वि.,<br>स्त्री. | 1. व्यभिचार करनेवाली<br>(स्त्री), पुंश्चली, कुलटा,<br>दुश्चरित्रा; | ব্যভিচারিণী,<br>পরপুরুষগামিনী,<br>অসতী; | ब्यभिचारिनी,<br>परपुरुषगामिनी<br>असती; | wanton woman,<br>unchaste wife; |
| | | 2. स्थिर न रहनेवाली<br>(बुद्धि) । | অস্থির<br>(বুদ্ধি); | अस्थिर<br>(बुद्धि); | adulteration (of<br>mind). |
| **व्यभिचारी** | वि. | 1. व्यभिचार करनेवाला,<br>अनुचित यौन संबंध<br>रखनेवाला, दुश्चरित्र,<br>कुमार्गगामी; | ব্যভিচারী,<br>ব্যভিচারকারী,<br>পরস্ত্রীগামী; | ब्यभिचारी,<br>ब्यभिचारकारी,<br>परस्त्रीगामी; | a debauchee, an<br>adulterer; |
| | | 2. अस्थिर, अस्थायी । | অনিত্য | अनित्य | changeable,<br>unconstant,<br>transgressing. |
| | पुं. | साहित्य में संचारी भाव । | (সাহিত্যে)<br>সঞ্চারিভাব | (साहित्ये)<br>सञ्चारिभाब | a transitory mental<br>or physical status<br>according to<br>Indian poetics. |
| **व्यय** | पुं. | 1. धन आदि का किसी काम<br>में लगाना, खर्च, आय का<br>विपर्याय; | ব্যয়, খরচ; | ब्यय, खरच;. | expenditure, cost; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उपभोग आदि में आने के कारण किसी चीज का होनेवाला क्षय, नाश या लोप; | ক্ষয়, নাশ; | क्षय, नाश: | consumption, decay; |
| | | 3. किसी मद विशेष में होने-वाला धन का खर्च (उदा. – डाक व्यय, यात्रा व्यय) । | কোনো বিশেষ ব্যাপারে অর্থব্যায় | कोनो विशेश व्यापारे अर्थव्यय | outlay. |
| व्यर्थ | वि. | 1. जो उपयोग में न आने को हो, अनुपयोगी; | ব্যর্থ, অব্যবহার্য, অনুপযোগী; | व्यर्थ, अव्यवहार्ज, अनुपजोगी: | useless, futile; |
| | | 2. अनावश्यक; | অনাবশ্যক; | अनावश्यक: | unnecessary; |
| | | 3. जो लाभप्रद न हो, अलाभदायक, निरर्थक; | নিরর্থক; | निरर्थक: | unprofitable, meaningless; |
| | | 4. बेकार, अप्रभावी, जो कारगर न हो, निष्फल । | নিষ্ফল | निष्फल | vain, ineffective. |
| | अव्य. | नाहक, बिना मतलब के, यों ही । | ব্যর্থ, নিরর্থক | व्यर्थ, निरर्थक | vain, ineffective. |
| व्यवधान | पुं. | 1. बीच में आड़ करनेवाली चीज, ओट, परदा; | ব্যবধান, অন্তরাল; | व्यवधान, अन्तराल: | hindrance, intervention; |
| | | 2. बाधा; | বাধা; | बाधा: | obstruction; |
| | | 3. बीच में पड़नेवाला अवकाश । | অবকাশ | अवकाश | interval. |
| व्यवसाय | पुं. | 1. ऐसा कार्य जिसके द्वारा किसी की जीविका का निर्वाह होता हो, पेशा वृत्ति; | ব্যবসায়, পেশা, বৃত্তি; | व्यबसाय, पेशा, बृत्ति: | profession, practice; |
| | | 2. रोजगार, व्यापार; | রোজগার, বাণিজ্য, কারবার; | रोजगार, बानिज्य, कारबार: | occupation, business, employ-ment, practice; |
| | | 3. प्रयत्न, प्रयास, उद्योग; | যত্ন, উদ্যম; | जत्न, उद्यम: | efforts, try; |
| | | 4. कार्य-धन्धा, उद्यम । | কাজকর্ম, উদ্যম | काजकर्म, उद्यम | practice, industry. |
| व्यवसायी | वि. | 1. किसी व्यवसाय में लगा हुआ, कोई काम करता हुआ या किसी काम में लगा हुआ; | ব্যবসায়ী, অনুষ্ঠানকারী; | व्यबसाय, अनुष्ठनकारी; | performing, doing, employed; |
| | | 2. पेशेवर, व्यावसायिक; | পেশাদার; | पेशादार; | professional, practitioner; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. उद्यमी, परिश्रमी, उत्साही; | উদ্যোগী, উদ্যমী; | उद्योगी, उद्यमी; | painstaking, industrious, diligent, laborious; |
| | | 4. किसी पेशे में लगा हुआ । | কোনো পেশা অবলম্বনকারী | कोनो पेशा अबलम्बनकारी | employed in any business. |
| | पुं. | व्यापारी, कारबार करनेवाला । | ব্যাপারী, বাণিজ্য-কারক, কারবারী | ब्यापारी, बानिज्य-कारक, कारबारी | trader, business man. |
| व्यवस्था | स्त्री. | 1. ठीक अवस्था, अच्छी हालत; | ব্যবস্থা; | ब्यबस्था; | state, condition; |
| | | 2. क्रम, ढंग आदि के विचार से उपयुक्त स्थिति में होना, विन्यास; | ক্রমানুগতস্থিতি, বিন্যাস-পদ্ধতি; | क्रमानुगतस्थिति, बिन्यास-पद्धति; | order, system; |
| | | 3. प्रबंध, इंतज़ाम; | বন্দোবস্ত; | बन्दोबस्त; | management, arrangement; |
| | | 4. विधिक और वैधानिक क्षेत्रों में, किसी निम्नस्थ अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध बड़े अधिकारी का दिया हुआ आदेश या किया हुआ निर्णय; | বিনির্দেশ; | बिनिर्देश; | ruling; |
| | | 5. नियम, विधि आदि में किसी विशिष्ट उद्देश्य से निकाली जानेवाली गुंजाइश या रास्ता; | বিধি আইন ইত্যাদি ধারা; | बिधि आइन इत्यादि धारा; | provision; |
| | | 6. निपटारा, निपटान । | নিষ্পত্তি | निष्पत्ति | settlement. |
| व्यवस्थापक | पुं. | 1. वह अधिकारी जो संस्था आदि के कार्यों का प्रबंध करता हो, प्रबंधक; | ব্যবস্থাপক, নিয়ামক, অধ্যক্ষ; | ब्यवस्थापक नियामक, अध्यक्ष; | manager of any institution, manager; |
| | | 2. वह जो यह बतलाता हो कि अमुक विषय में शास्त्रों का क्या मत है, व्यवस्था देनेवाला । | ব্যবস্থা দানকারী | ब्यबस्था दानकारी | one who gives a legal opinion. |
| व्यवस्थापन | पुं. | 1. व्यवस्था करने की क्रिया या भाव; | ব্যবস্থাকরণ; | ब्यबस्थाकरन; | imparting an order; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उपयुक्त क्रम या स्थिति में लाना, विधिपूर्वक रखना; | যথোচিত ক্রম বা শৃঙ্খলার মধ্যে আনা; | जथोचित क्रम बा शृङ्खलार मध्ये आना; | organising, imparting an order, systematizing; |
| | | 3. किसी विषय में शास्त्रीय व्यवस्था देना या बतलाना । | কোনো বিষয়ে শাস্ত্রীয় ব্যবস্থা দেওয়া | कोनो बिषये शास्त्रीय ब्यबस्था देओया | giving a technical advice on a particular subject. |
| व्यवस्थित | वि. | 1. जिसकी ठीक व्यवस्था की गई हो; | যাহার ঠিক ব্যবস্থা করা হইয়াছে; | जाहार ठिक ब्यबस्था करा हइयाछे; | systematic, methodical; |
| | | 2. जो ठीक क्रम या सिलसिले से चल रहा हो । | সুশৃঙ্খল | सुश्रृङ्खल | in order. |
| व्यवहर्ता | पुं. | 1. व्यवहार करनेवाला, पालनकर्ता, प्रयोगकर्ता; | অনুষ্ঠানকারী, প্রয়োগকারী; | अनुष्ठानकारी, प्रयोगकारी; | one who acts or transacts business, a user; |
| | | 2. उपयोग करनेवाला, काम में लानेवाला । | ব্যবহারকারী | ब्यबहारकारी | consumer, utilizer. |
| व्यवहार | पुं. | 1. दूसरों से किया जानेवाला बरताव, आचरण; | ব্যবহার, | ब्यबहार, | behaviour, conduct; |
| | | 2. वस्तु आदि का किया जानेवाला उपयोग, काम में लाना, उपयोग; | আচরণ; ভোগ, কাজে লাগান; | आचरन; भोग, काजे लागान; | utilization, consumption; |
| | | 3. कार्यान्वित करना, पालन, प्रयोग; | কাজে নিয়োগ, প্রয়োগ; | काजे नियोग, प्रयोग; | implementation, compliance, usage; |
| | | 4. रुपए-पैसे, लेन-देन आदि का काम, महाजनी । | টাকাপয়সার লেনদেন | टाकापयसार लेनदेन | mercantile, transaction. |
| व्यवहार्य | वि. | 1. जो व्यवहार में आने के योग्य हो, जिसका व्यवहार हो सके, काम में लाने योग्य; | ব্যবহার্য, ব্যবহারযোগ্য; | ब्यबहार्ज, ब्यबहारजोग्य; | to be practised, to be used; |
| | | 2. करने योग्य, साध्य । | সাধ্য | साध्य | practicable. |
| व्यवहृत | वि. | 1. व्यवहार या प्रयोग में लाया हुआ; | ব্যবহৃত, ব্যবহার করা হইয়াছে এমন; | ब्यबहृत, ब्यबहार करा हइयाछे एमन; | used, employed; |
| | | 2. आचरित, अनुष्ठित; | আচরিত, অনুষ্ঠিত; | आचरित, अनुष्ठित; | followed in practice, implemented; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. कार्यान्वित, लागू किया हुआ । | কার্যে পরিণত, কৃতপ্রয়োগ, প্রযুক্ত | कार्जे परिनत, कृतप्रयोग, प्रजुक्त | implemented, applied. |
| **व्यष्टि** | स्त्री. | समष्टि का एक स्वतंत्र अंग, व्यक्ति । | সমষ্টির এক স্বতন্ত্র অংশ, ব্যক্তি | समष्टिर एक स्वतंत्र अंश, ब्यक्ति | an independent part of the community, an individual. |
| **व्यसन** | पुं. | **1. बुरी आदत, लत;** | বদভ্যাস; | बदभ्यास; | addiction, evil habit; |
| | | **2. किसी काम या बात के संबंध में होनेवाली ऐसी तीव्र प्रवृत्ति या रुचि जिसके फलस्वरूप मनुष्य प्राय: उसी काम में लगा रहता हो (उदा. – लिखने-पढ़ने का व्यसन);** | ব্যসন, আসক্তি, নেশা; | ब्यसन, आसक्ति, नेशा; | attachment or devotion, hobby (as of reading). |
| | | **3. विपत्ति, आफत, संकट** | বিপত্তি, বিপদ | बिपत्ति, बिपद | calamity, distress, disaster. |
| **व्यसनी** | वि. | **1. जिसे किसी बुरे काम की लत पड़ गई हो;** | বদভ্যাসযুক্ত; | बदभ्यासजुक्त; | addicted to any vice or evil practice; |
| | | **2. विषयासक्त;** | কোনো বিষয়ে অত্যন্ত আসক্ত; | कोनो बिषये अत्यन्त आसक्त; | excessively devoted to any thing; |
| | | **3. जिसे किसी विषय का बहुत शौक हो ।** | কোনো বিষয়ে নেশাগ্রস্ত | कोनो बिषये नेशाग्रस्त | fond of, passionate for. |
| **व्यस्त** | वि. | **1. कार्य आदि में संलग्न, उलझा हुआ;** | ব্যস্ত, নিযুক্ত, ব্যাহত; | ब्यस्त, निजुक्त, ब्याहत; | engaged, busy; |
| | | **2. जो ठीक क्रम से न हो, अव्यवस्थित;** | অব্যবস্থিত; | अब्यवस्थित; | disordered, disarranged; |
| | | **3. समासरहित (व्या.)** | (ব্যাকরণে) বিগ্রহ-বাক্যে বিভাগপূর্বক ন্যস্ত, বিগৃহীত; | (ब्याकरने) बिग्रह-बाक्ये बिभागपूर्बक न्यस्त, बिगृहीत; | uncompounded (as a word); |
| | | **4. पृथक्, अलग;** | পৃথক; | पृथक; | separated, isolated; |
| | | **5. किसी के अंदर फैला हुआ, व्याप्त ।** | বিক্ষিপ্ত | बिक्षिप्त | scattered, pervading, inherent in. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| व्याकरण | पुं. | वह शास्त्र जिसमें बोलचाल तथा साहित्य में प्रयुक्त होने-वाली भाषा का स्वरूप, उसके गठन, उसके अवयवों, उनके प्रकारों और पारस्परिक संबंधों तथा उनके रचना-विधान और रूप परिवर्तन का विचार होता है । | ব্যাকরণ, যাহা দ্বারা বা যাহাতে প্রকৃতি-প্রত্যয়-ভেদে শব্দ ব্যুৎপাদিত হয়, কোনো ভাষা বিশুদ্ধরূপে শিক্ষা করার সহায়ক শাস্ত্র | ब्याकरन, जाहा द्वारा बा जाहाते प्रकृति-प्रत्यय-भेदे शब्द ब्युत्पादि हय, कोनो भाषा बिशुद्धरूपे शिक्षा करार सहायक शास्त्र | grammar. |
| व्याकरणिक | वि. | व्याकरण संबंधी, व्याकरण का । | ব্যাকরণিক ব্যাকরণ-সম্বন্ধী | ब्याकरनिक, ब्याकरन-सम्बन्धी | pertaining to grammar, grammatical. |
| व्याकुल | वि. | 1. उत्सुकता, भय, परेशानी आदि के फलस्वरूप जिसके मन में घबराहट हो, बेचैन, व्यग्र, विकल, अधीर; | ব্যাকুল বিহ্বল, ব্যগ্র, বিকল, চঞ্চল; | ब्याकुल बिह्वल, ब्यग्र, बिकल, चन्चल; | agitated, perplexed, restless, confused, troubled, con-founded, impatient, perturbed; |
| | | 2. जिसे कोई विशेष उत्कंठा या कामना हो, उत्कंठित, उत्सुक; | উৎকণ্ঠিত, উদ্‌গ্রীব; | उत्कन्ठित, उद्ग्रीब; | curious, eager, keenly desirous, longing (for); |
| | | 3. कातर । | বিহ্বল, কাতর | बिव्हल, कातर | distracted. |
| व्याकुलता | स्त्री. | 1. विकलता, घबराहट, व्यग्रता, अधीरता; | ব্যাকুলতা, বিহ্বলতা, ব্যগ্রতা, চাঞ্চল্য; | ब्याकुलता, बिह्बलता, ब्यग्रता, चान्चल्य; | restlessness, agitation, perturbation, impatience; |
| | | 2. कातरता; | কাতরতা; | कातरता; | distraction; |
| | | 3. उत्कंठा, उत्सुकता । | উৎকণ্ঠা, উদ্‌গ্রীবতা | उत्कन्ठा, उद्ग्रीबता | eagerness, curiosity. |
| व्याख्या | स्त्री. | 1. किसी जटिल वाक्य, विषय आदि को अधिक बोधगम्य रूप से समझाना, अर्थ का स्पष्टीकरण; | ব্যাখ্যা, অর্থাদি প্রকাশ; | ब्याख्या, अर्थादि प्रकाश; | explanation, narration; |
| | | 2. प्रतिपादन, विवेचन, सविस्तार वर्णन; | সবিস্তারবর্ণন; | सबिस्तरबर्नन; | exposition, critical appreciation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. टीका, विवृति; | টীকা; | टीका; | commentary; |
| | | 4. किसी वाक्य, कथन आदि का अपनी बुद्धि या दृष्टिकोण से लगाया जानेवाला अर्थ, निर्वचन । | অর্থ বিশদভাবে ব্যক্তকরণ | अर्थ बिषदभावे ब्यक्तकरन | interpretation. |
| व्याख्याता | पुं. | 1. व्याख्या करनेवाला, टीकाकार; | ব্যাখ্যাতা, ব্যাখ্যাকর্ত্তা; | ब्याख्याता, ब्याख्याकर्ता; | commentator, explainer; |
| | | 2. व्याख्यान देनेवाला, भाषण देनेवाला; | প্রবক্তা. | प्रबक्तर; | Lecturer; |
| | | 3. निर्वचनकर्ता । | নির্বচনকর্তা | निर्बचनकर्ता | interpreter. |
| व्याख्यान | पुं. | 1. भाषण, वक्तृता; | ব্যাখ্যান, ভাষণ; | ब्याख्यान, भाषन; | speech, lecture; |
| | | 2. व्याख्या करने की क्रिया या भाव, विवेचन, विस्तारपूर्वक वर्णन । | ব্যাখ্যা, সবিস্তরবর্ণন | ब्याख्या, सबिस्तरबर्नन | explanation, interpretation. narration. |
| व्याघात | पुं. | 1. क्रम सिलसिले आदि में पड़नेवाली बाधा, रुकावट; | ব্যাঘাত, বিঘ্ন, প্রতিবন্ধ, অন্তরায়; | ब्याघात, बिघ्न, प्रतिबन्ध, अन्तराय | interruption, hindrance, obstruction; |
| | | 2. विरोध, असंगति, परस्पर विरोध । | বিরোধ, অসংগতি | बिरोध, असङ्गति | contraction, anomaly, inconsistency. |
| व्याघ्र | पुं. | बाघ, शेर । | ব্যাঘ্র, বাঘ | ब्याघ्र, बाघ | a tiger. |
| व्याज | पुं. | 1. मन में कोई बात रखकर ऊपर से कुछ और कहना या करना, बहाना, मिस, छल, हीला; | ব্যাজ, ছল, কপট; | ब्याज, छल, कपट; | deception, pretext, pretence, trick, fraud; |
| | | 2. ब्याज, सूद । | সুদ | सुद | interest. |
| व्याज-निंदा | स्त्री. | 1. छल या बहाने से की जानेवाली किसी की निंदा; | ব্যাজনিন্দা, ছল করিয়া নিন্দা: | ब्याजनिन्दा, छल करिया निन्दा; | artful censure, ironical censure; |
| | | 2. साहित्य में एक अलंकार जो उस समय माना जाता है जब किसी एक की निंदा इस प्रकार की जाती है कि उससे किसी दूसरे की निंदा प्रतीत होने लगती है । | একের নিন্দা দ্বারা অন্যের নিন্দার অভিব্যক্তিরূপ অর্থালঙ্কার-বিশেষ | एकेर निन्दा द्वारा अन्येर निन्दार अभिब्यक्तिरूप अर्थालङ्कार-बिशेष | a figure of speech resembling the English 'Irony', wherein censure is implied by apparent praise. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| व्याज-स्तुति | स्त्री. | 1. ऐसी स्तुति जो व्याज या किसी बहाने से की जाए और ऊपर से देखने में स्तुति न जान पड़े फिर भी उसकी स्तुति ही हो; | ব্যাজস্তুতি কপটস্তুতি; | व्याजस्तुति, कपटस्तुति; | indirect eulogy, ironical praise or commendation; |
| | | 2. साहित्य में एक अलंकार जो उस समय माना जाता है जब कोई कथन अभिधा शक्ति की दृष्टि से निंदासूचक होता है परन्तु जिसका वाक्यार्थ वस्तुत: स्तुतिपरक होता है । | নিন্দাচ্ছলে স্তুতি বা স্তুতি-চ্ছলে নিন্দারূপ অলঙ্কার | निन्दाच्छले स्तुति वा स्तुति-च्छले निन्दारूप अलङ्कार | a figure of speech resembling the English 'Irony' wherein praise is implied by apparent censure. |
| व्याध | पुं. | 1. बहेलिया, चिड़ीमार; | ব্যাধ, শিকারী, পশুপক্ষিবধকারী; | व्याध, शिकारी, पशुपक्षिवधकारी; | a hunter, a fowler; |
| | | 2. प्राचीन भारत में शिकार द्वारा जीविका उपार्जित करने वाली एक जाति । | শিকারজীবী প্রাচীন ভারতীয় জাতিবিশেষ | शिकारजीवी प्राचीन भारतीय जातिविशेष | a caste in ancient India living on hunting. |
| व्याधि | स्त्री. | 1. किसी प्रकार का शारीरिक कष्ट; | ব্যাধি; | व्याधि; | any type of bodily pain; |
| | | 2. रोग, बीमारी । | রোগ, পীড়া | रोग, पीड़ा | disease, illness. |
| व्यापक | वि. | 1. चारों ओर फैला हुआ, समाया हुआ; | ব্যাপক, সর্বব্যাপী; | व्यापक, सर्वव्यापी; | pervading; |
| | | 2. विस्तृत | বহুদূরবিস্তৃত, প্রসারিত; | बहुदूरविस्तृत प्रसारित; | widespread, extensive; |
| | | 3. जिसके कार्यक्षेत्र में या पेटे में बहुत-सी बातें आती हों, बृहद । | বহুবিষয় অন্তর্ভুক্ত করে এমন | बहुविषय अन्तर्भुक्त करे एमन | comprehensive. |
| व्यापार | पुं. | 1. कार्य, आचरण, प्रयोग आदि के रूप में की जाने वाली कोई बात, किया जानेवाला या किया हुआ कोई काम; | ব্যাপার, অনুষ্ঠান, কার্য; | व्यापार, अनुष्ठान, कार्ज; | action, performance; |
| | | 2. क्रियात्मक रूप धारण करने का भाव, काम करना; | ক্রিয়া; | क्रिया; | operation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. वह जो आचरण, व्यवहार, प्रयोग आदि के रूप में किया जाए; | আচার, ব্যবহার ইত্যাদি; | आचार, ब्यबहार इत्यादि; | conduct; |
| | | 4. रोजगार । | বাণিজ্য, ব্যবসায় | बानिज्य, ब्यबसाय | trade, business. |
| व्यापारिक | वि. | व्यापार या रोजगार से संबंधित, व्यापार या रोजगार का । | ব্যবসায় বা বাণিজ্যসম্বন্ধী | ब्याबसाय बा बानिज्यसम्बन्धी | pertaining to a trade or business, mercantile. |
| व्यापारी | पुं. | व्यापार या रोजगार करने-वाला व्यक्ति । | ব্যাপারী, ব্যবসায়ী | ब्यापारी, ब्यबसायी | businessman, trader, merchant. |
| व्यापी | वि. | 1. व्याप्त होनेवाला; | ব্যাপী, ব্যাপক; | ब्यापी, ब्यापक; | all pervading; |
| | | 2. सर्वत्र फैलने वाला या फैला हुआ; | সর্বত্র প্রসারী; | सर्बत्र प्रसारी; | spreading, widespread; |
| | | 3. आच्छादक । | আচ্ছাদক | आच्छादक | comprehensive, covered. |
| व्याप्त | वि. | 1. जो किसी के अंदर पूरी तरह से फैला या समाया हुआ हो; | ব্যাপ্ত, পরিব্যাপ্ত; | ब्याप्त, परिब्याप्त; | pervaded; |
| | | 2. जिसमें कुछ फैला या समाया हुआ हो; | পূরিত; | पूरित; | permeated, extended, spread through; |
| | | 3. सब ओर से घिरा या ढका हुआ । | আচ্ছন্ন | आच्छन्न | covered, comprehended. |
| व्याप्ति | स्त्री. | 1. किसी वस्तु या स्थान के सब अंगों या भागों में फैले हुए या व्याप्त होने की अवस्था, क्रिया या भाव; | ব্যাপ্তি, পরিব্যাপ্তি; | ब्याप्ति, परिब्याप्ति; | pervasion; |
| | | 2. साधारणतः सभी अवस्थाओं में व्याप्त होने का भाव; | সাধারণত: সব অবস্থায় ব্যাপ্ত হওয়ার ভাব; | साधारनतः सब अबस्थाय ब्याप्त हओयार भाब; | generality, universality; |
| | | 3. न्यायशास्त्र में किसी कथन, तत्व, विषय आदि में दूसरे कथन, विषय, तत्व आदि का मिला या फैला हुआ होना (उदा. – अतिव्याप्ति, अव्याप्ति); | লক্ষ্যপ্রাপ্তি, যথা অব্যাপ্তি, অতিব্যাপ্তি | लक्ष्यप्राप्ति, जथा अब्याप्ति, अतिब्याप्ति | omnipresence; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. स्थिर सहवर्तिता (न्याय-शास्त्र); | (ন্যায়শাস্ত্রে) নিত্যসম্বন্ধ; | (न्यायशास्त्रे) नित्यसम्बन्ध; | invariable concomitance; |
| | | 5. फैलाव, विस्तार। | বিস্তৃতি, প্রসার | विस्तृति, प्रसार | extension. |
| व्यामोह | पु. | 1. ऐसी मानसिक अवस्था जिसमें घबराहट के कारण मनुष्य अपना कर्तव्य स्थिर करने में असमर्थ हो, सम्भ्रम, किंकर्तव्यविमूढ़ता; | ব্যামোহ, বুদ্ধিভ্রংশ, বিমূঢ়তা | व्यामोह, बुद्धिभ्रंश, विमूढ़ता; | mental confusion, bewilderment; |
| | | 2. भ्रम, भ्रांति; | চিত্তবিভ্রম; | चित्तविभ्रम; | illusion; |
| | | 3. विशेषरूप से होनेवाला मोह, अज्ञान। | বিশেষ মোহ, অজ্ঞানতা | विशेष मोह, अज्ञानता | foolishness. |
| व्यायाम | पु. | 1. कोई ऐसी क्रिया या व्यापार जिसमें शरीर अथवा उसके किसी एक या अनेक अंगों को किसी असामान्य स्थिति में अथवा विभिन्न स्थितियों में इस उद्देश्य से लगाया जाता है जिससे शरीर पुष्ट हो तथा रक्त संचार ठीक प्रकार से होता हो, कसरत; | ব্যায়াম, স্বাস্থ্যরক্ষার বা স্বাস্থ্যোন্নতির শরীরচর্চা; | व्यायाम, स्वास्थ्यरक्षार वा स्वास्थ्योन्नतिर शरीरचर्चा; | physical exercise, exercise, gymnastics; |
| | | 2. परिश्रम। | শ্রম | श्रम | labour. |
| व्यावसायिक | वि. | व्यवसाय से, पेशे से संबंधित। | ব্যাবসায়িক, ব্যবসায়ঘটিত | व्यावसायिक, व्यावसायघटित | professional, vocational. |
| व्यावहारिक | वि. | 1. (व्यक्ति) जो व्यवहारशील हो, उपयुक्त व्यवहार करनेवाला, व्यवहार-कुशल; | ব্যবহার-কুশল, কাজের; | व्यवहार-कुशल, काजेर; | a practical man; |
| | | 2. जिसे व्यवहार में लाया जा सकता हो, प्रायोगिक; | ব্যবহারিক, কাজে লাগান যায় এমন; | व्यवहारिक, काजे लागान जाय एमन; | practical, experimental; |
| | | 3. जो व्यवहार में आ सकता हो, उपयोगी | ব্যবহারযোগ্য, উপযোগী | व्यवहारजोग्य, उपजोगी | customary, useful. |
| व्यास | पु. | 1. किसी वृत्त की वह रेखा जो उसके केन्द्र से होकर एक सिरे से दूसरे सिरे तक सीधी जाती हो; | ব্যাস, বৃত্তের কেন্দ্রগত পরিধি পর্যন্ত মধ্যরেখা; | व्यास, बृत्तेर केन्द्रगत परिधि पर्जन्त मध्यरेखा; | diameter; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. फैलाव, प्रसार, विस्तार; | বিস্তার; | बिस्तार; | diffusion, calibre; |
| | | 3. पराशर के पुत्र कृष्ण द्वैपायन जिन्होंने महाभारत की रचना की थी । | মহাভারতকার কৃষ্ণদ্বৈপায়ন বেদব্যাস | महाभारतकार कृष्नद्वैपायन वेदब्यास | a celebrated ancient Indian sage and savant who wrote Mahabharat. |
| व्युत्पत्ति | स्त्री. | 1. किसी शब्द का वह मूल रूप जिससे निकल या बिगड़ कर उसका प्रस्तुत रूप बना हो; | ব্যুৎপত্তি, বিশেষোৎপত্তি, প্রকৃতিপ্রত্যয়ানুসারে শব্দসাধন; | ब्युत्पत्ति, बिशेषोत्पत्ति, प्रकृतिप्रत्ययानुसारे शब्दसाधन; | derivation (Spe. of words from roots etc.); |
| | | 2. व्याकरण, कोश आदि में किसी शब्द की मौलिक रचना आदि का विवरण; | প্রকৃতিপ্রত্যয়াদি বিশ্লেষপূর্বক শব্দের গঠনবিচার; | प्रकृतिप्रत्ययादि बिश्लेषपूर्बक शब्देर गठनबिचार; | etymology (of words); |
| | | 3. किसी चीज का मूल उद्गम या उत्पत्ति का स्थान; | মূল; | मूल; | origin; |
| | | 4. किसी विज्ञान या शास्त्र का अच्छा ज्ञान, बहुज्ञता । | শাস্ত্রে গভীর পান্ডিত্য, পারদর্শিতা | शास्त्रे गभीर पान्डित्य, पारदर्शिता | perfect proficiency, scholarship. |
| व्युत्पन्न | वि. | 1. (शब्द) जो किसी अन्य मूल शब्द से निकलकर या बिगड़कर बना हो, व्युत्पादित; | ব্যুৎপন্ন, প্রকৃতিপ্রত্যয়াদি-যোগে উৎপন্ন (শব্দ); | ब्युत्पन्न, प्रकृतिप्रत्ययादि-जोगे उत्पन्न (शब्द); | formed by derivation, originated; |
| | | 2. (शब्द) जिसकी व्युत्पत्ति-ज्ञात हो; | যাহার ব্যুৎপত্তি জানা গিয়াছে; | जाहार ब्युत्पत्ति जाना गियाछे; | explained etymologically; |
| | | 3. विद्वान्, पंडित । | জ্ঞানী, পন্ডিত | ज्ञानी, पन्डित | learned, quite conversant (with), thoroughly proficient (in). |
| व्यूह | पुं. | युद्ध में सुदृढ़ रक्षा पंक्ति बनाने के उद्देश्य से सैनिकों को किसी विशेष क्रम से खड़ा करना । | ব্যূহ, যুদ্ধার্থ কৌশলসহকারে সৈন্যবিন্যাস | ब्यूह, जुद्धार्थ कौशलसहकारे सैन्यबिन्यास | military array. |
| व्योम | पुं. | आकाश, अंतरिक्ष, आसमान । | ব্যোম, আকাশ, আসমান | ब्योम, आकाश, आसमान | sky, heaven, ether, space; |
| व्रण | पुं. | 1. किसी प्रकार के प्राकृतिक विकार से होनेवाला घाव, फोड़ा; | ব্রণ, ফোড়া, বিস্ফোটক, | ब्रन, फोड़ा, बिस्फोटक; | wound, sore, boil; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. घाव, क्षत । | ঘা, ক্ষত | घा, क्षत | ulcer, bruise. |
| व्रत | पुं. | 1. धार्मिक या नैतिक पवित्रता के निमित्त किया जाने वाला दृढ़ निश्चय या संकल्प; | ব্রত, সঙ্কল্প; | ब्रत, सङ्कल्प; | a vow, resolve; |
| | | 2. पुण्य-प्राप्ति या धार्मिक अनुष्ठान के लिए किया जानेवाला उपवास । | পুণ্যলাভের জন্য ধর্মানুষ্ঠানসম্মত উপবাস | पुन्यलाभेर जन्य धर्मानुष्ठानसम्मत उपवास | fast. |
| व्रती | वि., पुं. | 1. जिसने किसी प्रकार का व्रत धारण किया हो, व्रत धारण करनेवाला, दृढ़ निश्चय या संकल्प करनेवाला; | ব্রতী, ব্রতধারী; | ब्रती, ब्रतधारी; | engaged in observance of the religious obligations or vows; |
| | | 2. उपवास करने वाला । | উপবাসকারী | उपबासकारी | one who fasts. |
| व्रीड़ा | स्त्री. | लज्जा, शरम । | ব্রীড়া, লজ্জা, শরম | ब्रीड़ा, लज्जा, शरम | shame, modesty, bashfulness. |
| शंका | स्त्री. | 1. संशय, संदेश; | শঙ্কা, সংশয়; | शङ्का, संशय: | doubt, uncertainty; |
| | | 2. भय, आशंका, अंदेशा, खटका; | ভয়, আশঙ্কা; | भय, आशङ्का: | fear, apprehension, dread, alarm; |
| | | 3. शक, शुबहा । | সন্দেহ | सन्देह | suspicion, distrust, misgiving. |
| शंकालु | वि. | शंकायुक्त, जिसे शंका हो । | শঙ্কাযুক্ত, সন্দেহযুক্ত, সংশয়াকুল | शङ्काजुक्त, सन्देहजुक्त, संशयाकुल | suspicious, distrustful, doubting. |
| शंकित | वि. | 1. शंकायुक्त; | শংকিত, শংকাযুক্ত, সন্দেহযুক্ত; | शंकित, शङ्काजुक्त, सन्देहजुक्त; | suspicious, suspecting, distrustful, filled with doubt; |
| | | 2. डरा हुआ, भीत । | ত্রস্ত, ভীত | त्रस्त, भीत | alarmed, frightened, apprehensive. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शंकु | पुं. | कोई ऐसा घन पदार्थ जिसका नीचे वाला भाग तो गोलाकार हो, मध्य भाग क्रमशः पतला होता गया हो और ऊपरी सिरा बिल्कुल नुकीला हो । | বৃত্তাকার ও সমতল তলদেশ-যুক্ত মোচার আকারের বস্তু | वृत्ताकार ओ समतल तलदेश-जुक्त मोचार आकारेर बस्तु | cone. |
| शंख | पुं. | 1. समुद्र में पैदा होनेवाले एक जंतु का खोल जो पत्थर की तरह कड़ा और सफेद होता है; | শঙ্খ, সমুদ্রজাত জন্তুবিশেষের কোষাস্থি, শাঁখ; | शङ्ख, समुद्रजात जन्तुविशेषेर कोषास्थि, शांख; | the conch-shell, a shell; |
| | | 2. दस लाख करोड़ की संख्या; | লক্ষকোটি; | लक्षकोटि; | a number equal to 10,00,000 crores or a thousand billion; |
| | | 3. युद्ध का नगाड़ा । | প্রাচীন রণবাদ্যবিশেষ | प्राचीन रनबाद्यबिशेष | military drum or other musical instrument. |
| शऊर | पुं. | 1. कोई बात या काम करने का ढंग, तरीका, सलीका, तमीज; | কথা বলার বা কাজ করার ধরন, প্রণালী, চাল-চলন; | कथा बलार बा काज करार धरन, प्रनाली, चाल-चलन; | mannerliness, manners, decency, etiquette; |
| | | 2. समझ, समझदारी, बुद्धि, लियाकत । | সমঝ, বুদ্ধিমত্তা, শিষ্টতা | समझ, बुद्धिमत्ता, शिष्टता | sense, sensibility, discretion, discernment. |
| शक | पुं. | संदेह, संशय, शुबहा । | সন্দেহ, সংশয় | सन्देह, संशय | doubt, suspicion. |
| शकर (शक्कर) | पुं. | घी चीनी, शर्करा । | চিনি, শর্করা | चिनि, शर्करा | sugar. |
| शकरकंद | पुं. | मोटी मूली की शक्ल का एक कंद जो काफी मीठा होता है और जिसे उबालकर या भूनकर खाते हैं । | শকরকন্দ, সকরকন্দ, রাঙা-আলু, মিষ্ট আলু | शकरकन्द, सकरकन्द, राङा-आलु, मिष्ट आलु | the sweet potato. |
| शकरपारा | पुं. | एक तरह का मीठा (या नमकीन) पकवान । | ময়দার তৈরী ভাজা মিষ্ট বা নোনতা খাদ্য-বিশেষ | मयदार तैरी भाजा मिष्ट बा नोनता खाद्य-बिशेष | a kind of sweet (or saltish) preparation of fried flour. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शकुन (सगुन)** | पुं. | 1. विशिष्ट पशु, पक्षी, व्यक्ति, वस्तु, व्यापार आदि के देखने-सुनने, होने आदि से मिलनेवाली शुभ-अशुभ की पूर्व-सूचना; | শকুন, শুভাশুভফলসূচক চিহ্ন বা লক্ষণ; | शकुन, शुभाशुभफलसूचक चिहन वा लक्षन; | an omen; |
| | | 2. शुभ अवसर पर गाये जाने-वाले गीत; | উৎসবাদিতে গেয় গীতবিশেষ; | उत्सबादिते गेय गीतबिशेष; | a kind of song (sung at festivals); |
| | | 3. पक्षी । | পক্ষী | पक्षी | a bird (in general). |
| **शक्की** | वि. | हर बात को संदेह की दृष्टि से देखनेवाला, शंकाशील, संदेहशील । | সন্দেহপরায়ণ | सन्देहपरायन | sceptical, suspicious. |
| **शक्ति** | स्त्री. | 1. बल, सामर्थ्य; | শক্তি, বল, সামর্থ্য; | शक्ति, बल, सामर्थ्य; | strength, power, force; |
| | | 2. क्षमता, योग्यता; | ক্ষমতা; | क्षमता; | ability, compe-tency, capacity, energy, potency; |
| | | 3. वश; | বশ; | बश; | control; |
| | | 4. प्रभाव; | প্রভাব; | प्रभाब; | influence, effect; |
| | | 5. साधन; | সাধন; | साधन; | means, resources; |
| | | 6. साधन और शक्ति संपन्न राष्ट्र या राज्य; | পরাক্রান্ত স্বাধীন রাষ্ট্র; | पराक्रान्त स्बाधीन राष्ट्र; | powerful and resourceful nation or country; |
| | | 7. दुर्गा; | দুর্গাপ্রভৃতি; | दुर्गाप्रभृति; | name of the goddess personi-fying divine power, the goddess Durga; |
| | | 8. गुण । | গুণ | गुन | quality. |
| **शक्तिमान्** | वि. | बलवान्, बलिष्ठ, ताकतवर । | শক্তিমান্, বলবান্, বলী | शक्तिमान्, बलबान्, बली | strong, powerful, mighty, forceful. |
| **शक्तिशाली** | वि. | शक्तिसंपन्न, बलवान्, शक्तिमान् । | শক্তিশালী, বলবান, শক্তিমান্ | शक्तिशाली, बलबान, शक्तिमान् | powerful, strong, mighty, forceful. |
| **शक्तिहीन** | वि. | निर्बल, सामर्थ्यरहित । | শক্তিহীন, দুর্বল, সামর্থহীন | शक्तिहीन, दुर्बल, सामर्थ्यहीन | powerless, weak, impotent. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शक्य** | वि. | होने योग्य, साध्य, संभव । | শক্য, সাধ্য,<br>সাধনযোগ্য | शक्य, साध्य,<br>साधनजोग्य | possible, feasible, practicable, capable of being done or effected. |
| **शक्ल** | स्त्री. | 1. रूप, आकृति; | রূপ, আকৃতি; | रूप, आकृति; | shape, form, figure; |
| | | 2. चेहरा; | চেহারা; | चेहारा; | appearance, countenance, looks; |
| | | 3. रेखागणित की कोई आकृति । | জ্যামিতিতে<br>অঙ্কিত অনুচিত্র | ज्यामितिते<br>अङ्कित अनुचित्र | (in Geom.) a diagram, figure. |
| **शठ** | वि. | 1. दुष्ट; | শঠ, দুর্বৃত্ত,<br>খল; | शठ, दुर्वृत्त,<br>खल; | wicked, crafty, dishonest, cunning, rogue; |
| | | 2. धोखेबाज । | প্রতারক,<br>ধোকাবাজ,<br>বঞ্চক | प्रतारक,<br>धोकाबाज,<br>वञ्चक | deceitful, fraudulent, cheat, swindler. |
| **शठता** | स्त्री. | शठ का भाव, कर्म या धर्म, दुष्ट उद्देश्य से किया जानेवाला कोई काम, दुष्टता । | শঠতা, শাঠ্য,<br>শঠভাব,<br>শঠকর্ম | शठता, शाठ्य,<br>शठभाव,<br>शठकर्म | wickedness, cunningness, roguery, deceitfulness, knavery, craftiness, perfidiousness. |
| **शत** | वि.<br>पुं. | सौ ।<br>सौ का सूचक अंक । | শ<br>১০০ এই সংখ্যা | श<br>100 एइ संख्या | a hundred.<br>the number one hundred. |
| **शतक** | पुं. | 1. प्राय: एक ही प्रकार या एक ही व्यक्ति की सौ वस्तुओं, रचनाओं आदि का संग्रह; | শতক, এক শত<br>শ্লোক বা কবিতা-<br>সম্বলিত কাব্য,<br>শ্লোকশত; | शतक, एक शत<br>श्लोक बा कबिता-<br>सम्बलित काब्य,<br>श्लोकशत; | a collection of one hundred stanzas, containing a hundred; |
| | | 2. शती, शताब्दी । | শতাব্দী | शताब्दी | a century. |
| **शतदल** | पुं. | कमल (पुष्प) । | শতদল, কমল, পদ্ম | शतदल, कमल, पद्म | a lotus flower. |
| **शतधा** | अव्य.<br>वि. | सैकड़ों प्रकार से ।<br>1. सौ गुना;<br>2. सौ तरह का । | শতধা, শতপ্রকারে<br>শতগুণ;<br>শতরকমের | शतधा, शतप्रकारे<br>शतगुन;<br>शतरकमेर | in a hundred ways.<br>hundred-fold;<br>of hundred kinds. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शतरंज | स्त्री., पुं. | एक प्रकार का प्रसिद्ध खेल जो चौंसठ खानों की बिसात पर छत्तीस गोटियों से खेला जाता है । | শতরঞ্চ, দাবাখেলা | शतरञ्च, दावाखेला | the game of chess. |
| शतरंजी | स्त्री. | 1. शतरंज खेलने की बिसात; 2. रंग-बिरंगे (खानों वाली दरी या चादर) । | দাবাখেলার ফলক; শতরঞ্চি, রঙবেরঙ চাদর-বিশেষ | दाबाखेलार फलक; शतरञ्चि, रङबेरङ चादर-बिशेष | chess-board; a bed-cover with chess-board design printed over it. |
| | पुं. | शतरंज खेलने वाला । | দাবাড়ে, দাবাড়ু | दाबाड़े, दाबाड़ु | a chess-player. |
| शतशः | क्रि. वि. | सैकड़ों प्रकार से, बहुत प्रकार से । | শত প্রকারে, বহু প্রকার | शत प्रकारे, बहु प्रकार | in a hundred ways, variously. |
| शतांश | पुं. | सौवां हिस्सा । | শতাংশ | शतांश | a hundredth part. |
| शताब्दी | स्त्री. | 1. सौ वर्षों की अवधि, शती, सदी; 2. वह जो सौ वर्षों के उपरांत हो । | শতাব্দী, শতাব্দ, শতক; শতবর্ষ অন্তে যা হয়, শতবার্ষিকী | शताब्दी, शताब्द, शतक; शतबर्ष अन्ते जा हय, शतबार्षिकी | a century, span of hundred years; centenary. |
| शतायु | वि. | सौ वर्षों की आयुवाला । | শতায়ু, শতবর্ষ-জীবিতকাল | शतायु, शतवर्ष-जीबितकाल | hundred years of age, a centenarian. |
| शती | स्त्री. | 1. सौ का संग्रह या समूह; | এক শতের সংগ্রহ বা এক শতের সমষ্টি; | एक शतेर संग्रह बा एक शतेर समष्टि; | a collection of hundred, containing a hundred; |
| | | 2. शताब्दी, शती । | শতাব্দী | शताब्दी | century. |
| शत्रु | पुं. | 1. वैरी, दुश्मन, अहित चाहनेवाला; 2. अपकारी । | শত্রু, বৈরী, দুশমন; অপকারী | शत्रु, बैरी, दुशमन; अपकारी | an enemy, adversary, foe; malefactor. |
| शत्रुता | स्त्री. | द्वेषभाव से उत्पन्न वह मनोभावना जिससे किसी को कष्ट या हानि पहुंचाने की प्रवृत्ति होती है, वैर, दुश्मनी । | শত্রুতা, বৈরিতা, দুশমনি | शत्रुता, बैरिता, दुशमनि | enmity, hostility, animosity. |
| शनाख्त (शिनाख्त) | स्त्री. | ठीक-ठाक और पूरी-पूरी पहचान । | শতাক্ত, নিশানদিহি | शताक्त, निशानदिहि | identification. |
| शनि | पुं. | 1. नौ ग्रहों में से सातवां ग्रह, शनैश्चर; | শনি, গ্রহবিশেষ; | शनि, ग्रहबिशेष; | the planet Saturn; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. शनिवार । | শনিবার | शनिवार | Saturday. |
| शनिवार | पुं. | शुक्रवार के बाद का दिन । | শনিবার | शनिवार | Saturday. |
| शनैः शनैः | क्रि. वि. | 1. धीरे-धीरे, मंदगति से ; | শনৈ: শনৈ:, আস্তে আস্তে; | शनैः शनैः, आस्ते आस्ते: | slowly, by slow degrees; |
| | | 2. क्रमशः । | ক্রমশ: | क्रमशः | taking place by degrees, gradually, in order. |
| शपथ | स्त्री. | अंतःकरण, ईश्वर, किसी पूज्य या प्रिय वस्तु को साक्षी रखकर किया गया कथन, सौगंध, कसम । | শপথ, দিব্য, প্রতিজ্ঞা | शपथ, दिव्य, प्रतिज्ञा | an oath, swearing. |
| शपथ-ग्रहण | पुं. | ईश्वर, अंतःकरण, पूज्य या प्रिय वस्तु को साक्षी रखकर कोई कथन करना, कसम खाना, सौगंध खाना । | শপথগ্রহণ, ঈশ্বর বা অন্য কোন মহৎ বস্তুর নাম করিয়া প্রতিজ্ঞা করণ | शपथग्रहन, ईश्वर वा अन्य कोन महत् वस्तुर नाम करिया प्रतिज्ञा करन | taking an oath, swearing. |
| शपथपत्र | पुं. | ईश्वर या अंतःकरण को साक्षी रखकर लिखा जानेवाला वह पत्र जो न्यायालय में या किसी वरिष्ठ अधिकारी के सामने यह सूचित करने के लिए उपस्थित किया जाता है कि मेरा अमुक कथन या प्रस्थापन बिलकुल ठीक है, हलफनामा । | শপথপত্র, শপথপূর্বক-স্বীকৃতিবিষয়ক পত্র | शपथपत्र, शपथपूर्वक-स्वीकृतिविषयक पत्र | an affidavit, a statement on oath. |
| शब्द | पुं. | 1. आकाश में किसी भी प्रकार से उत्पन्न क्षोभ जो वायु-तरंग द्वारा कानों में पहुंचकर सुनाई पड़े, ध्वनि, आवाज; | শব্দ, শ্রোত্রগ্রাহ্য আকাশগুণ, ধ্বনি, আওয়াজ; | शब्द, श्रोत्रग्राह्य आकाशगुन, ध्वनि आओयाज: | sound, note, noise, the sound of a musical instrument; |
| | | 2. निर्विभक्तिक नाम जो वर्णसमूह द्वारा निर्मित और सार्थक हो; | সার্থকবর্ণসমূহ, বিভক্তিহীন পদ; | सार्थकबर्नसमूह, बिभक्तिहीन पद: | a word, significant word, terms; |
| | | 3. आप्तवचन । | আপ্তবাক্য | आप्तवाक्य | verbal authority. |
| शब्दकोश | पुं. | वह ग्रंथ जिसमें शब्दों के सम्यक् वर्ण-विन्यास, अर्थ, प्रयोग, पर्याय आदि हों, अभिधान । | শব্দকোশ, শব্দকোষ, অভিধান | शब्दकोश, शब्दकोश, अभिधान | a lexicon, dictionary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शब्दचित्र | पु. | चुने हुए शब्दों में किसी घटना या बात का किया जानेवाला सजीव वर्णन । | শব্দচিত্র, শব্দের দ্বারা রচিত চিত্র | शब्दचित्र, शब्देर द्वारा रचित चित्र | a word sketch. |
| शब्दभेद | पुं. | व्याकरण में अपने कार्य, स्थिति, संबंध आदि के आधार पर किया गया शब्दों का वह विभाजन जिससे निश्चय होता है कि कोई शब्द संज्ञा है या सर्वनाम, क्रिया या अव्यय इत्यादि । | শব্দভেদ (ব্যাকরন) | शब्दभेद (ब्याकरन) | part of speech. |
| शब्दवेध | पुं. | किसी ऐसे लक्ष्य पर तीर चलाना जो देखा तो न गया हो परन्तु जिससे या जिसका होता हुआ शब्द सुना गया हो । | মাত্র শব্দ শুনিয়া লক্ষ্যভেদ করা | मात्र शब्द शुनिया लक्षभेद करा | the act of shooting at or hitting an invisible mark or object, the sound of which is only heard, hitting at the sound. |
| शब्दवेधी | पुं. | वह व्यक्ति जो बिना लक्षित किए ऐसे लक्ष्य का वेधन करता हो जहां से कुछ शब्द हुआ हो । | শব্দ শুনিয়া লক্ষ্যভেদে সমর্থ ব্যক্তি | शब्द शुनिया लक्ष्यभेदे समर्थ ब्यक्ति | hitting an invisible mark or object, the sound of which is only heard. |
| | वि. | शब्द सुनकर लक्ष्य का वेध करनेवाला । | শব্দানুসারে লক্ষ্যভেদে সমর্থ | शब्दानुसारे लक्ष्यभेदे समर्थ | a man who can pierce an invisible object,the sound of which is only heard. |
| शब्दश: | क्रि. वि. | 1. जैसे शब्द हैं वैसे; | আক্ষরিকভাবে; | आक्षरिकभावे; | verbatim; |
| | | 2. एक-एक शब्द करके, प्रत्येक शब्द का ठीक-ठीक अनुसरण करते हुए । | শব্দানুক্রমে, প্রত্যেক শব্দের অনুসরণপূর্বক | श्ब्दानुक्रमे, प्रत्येक शब्देर अनुसरनपूर्बक | word for word. |
| शब्दाडंबर | पुं. | 1. साधारण बात कहने के लिए बड़े-बड़े शब्दों और जटिल वाक्यों का प्रयोग, शब्दजाल; | শব্দাড়ম্বর, বাগাড়ম্বর; | शब्दाड़म्बर, बागाड़म्बर; | bombast, verbosity, high sounding or grandiloquent word, verbiage; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उक्त प्रकार की चमत्कार-रहित उक्ति । | বাগাড়ম্বরপূর্ণ বিবৃতি | बागाड़म्बरपूर्न बिवृति | a bombastic statement (lacking any miracle or charm). |
| **शब्दानुशासन** | पुं. | व्याकरण । | শব্দানুশাসন, ব্যাকরণ | शब्दानुशासन, ब्याकरन | the science of words i.e. grammar. |
| **शब्दार्थ** | पुं. | **शब्द का अर्थ ।** | শব্দার্থ, শব্দের মানে | शब्दार्थ, शब्देर माने | the sense or meaning of a word. |
| **शब्दावली** | स्त्री. | **1. किसी कथन, रचना या भाषा में प्रयुक्त होनेवाले शब्दों का समूह;** | শব্দাবলী, বাক্য, রচনা, ভাষাদিতে ব্যবহৃত শব্দ সমূহ; | शब्दावली, बाक्य, रचना, भाषादिते ब्यवहृत शब्द समूह; | vocabulary; |
| | | **2. किसी वाक्य आदि के शब्दों का प्रकार तथा क्रम;** | বাক্য ব্যবহৃত শব্দসমূহ ও তাহাদের যথোচিত প্রয়োগক্রম; | बाक्य ब्यवहृत शब्दसमूह ओ ताहादेर जथोचित प्रयोगक्रम; | the words used and their order followed in a sentence etc.; |
| | | **3. किसी विषय में प्रयुक्त होनेवाले पारिभाषिक शब्दों की सूची, विशेषतः ऐसी जो अक्षरक्रम से लगी हो और जिसके साथ उसके पर्याय या व्याख्याएं दी गई हों, शब्दसंग्रह ।** | পারিভাষিক শব্দসূচী | पारिभाषिक शब्दसूची | terminology, glossary. |
| **शम** | पुं. | **1. शांति;** | শম, শান্তি; | शम, शान्ति; | quiet, tranquility, calmness; |
| | | **2. अंतःकरण और मन का संयम ।** | চিত্তসংযম | चित्तसंजम | absence or restraint of passions, mental quietness, quietism. |
| **शमन** | पुं. | **1. शांत करना;** | শমন, শান্তিসম্পাদন; | शमन, शान्तिसम्पादन; | appeasing, allaying, soothing, pacification, alleviating; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बुझाना; | প্রশমন, নির্বাপণ; | प्रशमन, निर्बापन; | quenching, extinguishing; |
| | | 3. दबाना, दमन । | দমন | दमन | quelling, suppression, subduing. |
| शम्मा | स्त्री. | 1. मोमबत्ती; | মোমবাতি; | मोमबाति; | a wax candle; |
| | | 2. दीया, बत्ती । | দীপ, বাতি | दीप, बाति | a candle, a lamp. |
| शयन | पुं. | 1. निद्रित होने या सोने की क्रिया, सोना; | শয়ন, নিদ্রা, শোওয়া; | शयन, निद्रा, शोओया; | sleeping, sleep, lying down; |
| | | 2. शय्या, पलंग; | শয্যা; | शज्या; | a bed, couch; |
| | | 3. बिस्तर, बिछौना; | বিছানা; | बिछाना; | bedding; |
| | | 4. मैथुन, संभोग । | মৈথুন | मैथुन | copulation, sexual union. |
| शयनागार | पुं. | सोने का स्थान, शयनगृह । | শয়নাগার, শয়ন-কক্ষ, শয়নমন্দির | शयनागार, शयन-कक्ष, शयनमन्दिर | a bed chamber, bed-room. |
| शय्या | स्त्री. | 1. खाट, पलंग; | শয্যা, খাট, পালঙ্গ; | शज्या, खाट, पालङ्ग; | a bed, bedstead, couch; |
| | | 2. बिस्तर, बिछौना । | বিছানা | बिछाना | bedding. |
| शर | पुं. | तीर, बाण । | শর, তীর, বাণ | शर, तीर, बान | an arrow, a shaft. |
| शरण | स्त्री. | 1. आश्रय, पनाह; | শরণ, আশ্রয়; | शरन, आश्रय; | refuge, shelter; |
| | | 2. रक्षा का स्थान; | আশ্রয়স্থান; | आश्रयस्थान; | a place of refuge, resort, asylum; |
| | | 3. बचाव, संरक्षण । | রক্ষণ | रक्षन | protection, defence. |
| शरणागत | वि. | शरण में आया हुआ । | শরণাগত, শরণাপন্ন | शरनागत, शरनापन्न | (one who has) come for protection or shelter. |
| शरणार्थी | पुं. | 1. शरण चाहनेवाला, असहाय; | শরণার্থী, আশ্রয়প্রার্থী; | शरनार्थी, आश्रयप्रार्थी; | seeking refuge or shelter; |
| | | 2. विस्थापित, किसी अन्य देश से उजड़कर और भागकर शरण लेने के लिए आया हुआ । | আশ্রয়প্রার্থী উদ্বাস্তু | आश्रयप्रार्थी उद्‌बास्तु | a refugee. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शरत् (शरद्) | स्त्री. | आश्विन और कार्तिक महीनों की ऋतु । | শরৎ, ঋতুবিশেষ | शरत्, ऋतुबिशेष | the autumn, autumnal season (comprising the two months Ashwin & Kartik). |
| शरबत | पुं. | पानी तथा चीनी, फल के रस आदि से तैयार किया गया पेय, मधुर पेय या रस । | শরবত, চিনি ফলের পানীয়বিশেষ | शरबत, चिनि फलेर पानीयबिशेष | sweet beverage, syrup. |
| शरम | स्त्री. | 1. लज्जा; | শরম, লজ্জা; | शरम, लज्जा; | shame, bashfulness; |
| | | 2. लिहाज, संकोच; | লাজ, সঙ্কোচ; | लाज, सङ्कोच; | modesty, shyness; |
| | | 3. इज्जत, प्रतिष्ठा, लाज । | ইজ্জত, সম্ভ্রম | इज्जत, सम्भ्रम | honour. |
| शरमाना | अ. क्रि. | 1. झेंपना, लाज से नम्र होना; | লজ্জায় লাল হওয়া, লজ্জা পাওয়া; | लज्जाय लाल हओया, लज्जा पाओया; | to be bashful, to feel abashed, to blush, to feel embarrassed; |
| | | 2. लज्जित होना । | লজ্জিত হওয়া | लज्जित हओया | to feel shame, to be ashamed, to feel shy. |
| | स. क्रि. | लज्जित करना । | লজ্জা দেওয়া, লজ্জিত করা | लज्जा देओया, लज्जित करा | to make (one) ashamed, to put to shame, to abash. |
| शराफत | स्त्री. | सज्जनता, भलमनसी, सज्जनोचित व्यवहार, शिष्टाचार । | সজ্জনতা, ভালমানুষি, শিষ্টাচার | सज्जनता, भालमानुषि, शिष्टाचार | nobility, civility, gentlemanliness. |
| शराब | स्त्री. | मद्य, मदिरा । | শরাব, মদ, সুরা | शराब, मद, सुरा | wine, liquor. |
| शराबखोरी | स्त्री. | शराब पीने की आदत । | মদ্যপানাসক্তি | मद्यपानासक्ति | addiction to liquor, habitual drinking, drunkenness. |
| शराबी | पुं. | शराब पीने की आदत वाला, मद्यव्यसनी । | শরাবী, শরাপী, মাতাল | शराबी, शरापी, माताल | drunkard, boozy. |
| शरारत | स्त्री. | पाजीपन, दुष्टता, दुष्टतापूर्ण कार्य । | পেজোমি, দুষ্টতা, দুর্বৃত্ততা | पेजोमि, दुष्टता, दुर्बृत्तता | wickedness, mischief, vice, villainy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शरीक | वि. | शामिल, सम्मिलित । | শামিল,অন্তগত | शामिल, अन्तर्गत | included. |
| | पुं. | साझीदार, हिस्सेदार । | শরীক, শরিক, অংশীদার, ভাগীদার | शरीक, शरिक अंशीदार, भागीदार | sharer, participator, partaker, co-partner, co-sharer. |
| शरीफ | पुं. | 1. भलामानस, सज्जन व्यक्ति; | ভদ্রলোক, সজ্জন ব্যক্তি; | भद्रलोक, सज्जन ब्यक्ति; | gentleman, nobleman, virtuous man; |
| | | 2. कुलीन व्यक्ति । | অভিজাত-ব্যক্তি | अभिजात ब्यक्ति | a man of good family, a high-born. |
| | वि. | 1. भला, नेक; | মহানুভব, ভাল; | महानुभव, भाल; | gentlemanly, noble, virtuous; |
| | | 2. कुलीन । | অভিজাত | अभिजात | of good family, high born. |
| शरीफा | पुं. | एक प्रकार का वृक्ष तथा उसका फल, जिसका छिलका गोल और उभरे हुए छोटे-छोटे खंडों से बना होता है तथा गूदा मीठा तथा सफेद और लंबोतरे काले बीजों में लिपटा रहता है, सीताफल । | শরীফা, আতা গাছ, আতাফল | शरीफा, आता गाछ, आताफल | custard apple (tree and fruit). |
| शरीर | पुं. | मनुष्य या पशु आदि के समस्त अंगों की समष्टि, देह, तन, जिस्म । | শরীর, দেহ, তনু কলেবর | शरीर, देह, तनु, कलेबर | body. |
| शरीरांत | पुं. | मृत्यु, देहावसान । | দেহান্ত,মৃত্যু, দেহাবসান | देहान्त, मृत्यु, देहावसान | the end or destruction of the body, death, demise. |
| शर्करा | स्त्री. | शक्कर, चीनी । | শর্করা, চিনি | शर्करा, चिनि | sugar. |
| शर्त | स्त्री. | 1. किसी बात, घटना आदि की सत्यता तथा असत्यता आदि के संबंध में दो पक्षों द्वारा दांव पर लगाया जानेवाला धन, बाजी; | বাজি | बाजि; | wager, bet; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी काम या बात के लिए आवश्यक रूप से अपेक्षित वस्तु; | শর্ত, চুক্তির নিয়ন্ত্রক নিয়ম, কড়ার; | शर्त, चुक्तिर नियंत्रक नियम, कड़ार; | condition, term; |
| | | 3. उपबंध । | বিধান, ব্যবস্থা | बिधान, ब्यबस्था | provision. |
| शर्तिया | वि. | अचूक, पक्का, निश्चित । | নির্ভুল, পাকা সুনিশ্চিত | निर्भुल, पाका, सुनिश्चित | sure, unfailing, definite. |
| | अव्य. | शर्त बदकर, निश्चयपूर्वक । | অবশ্যই, নিশ্চিতরূপে | अबश्यइ, निश्चितरूपे | surely, without fail, definitely, certainly, positively. |
| शर्म (शरम) | स्त्री. | दे. 'शरम' । | দ্রষ্টব্য 'শরম' | द्रष्टव्य 'शरम' | see 'शरम'. |
| शर्मनाक | पुं. | लज्जाजनक, निर्लज्जतापूर्ण । | লজ্জাজনক, নির্লজ্জ | लज्जाजनक, निर्लज्ज | shameful, disgraceful. |
| शर्मिंदा | वि. | लज्जित । | লজ্জিত | लज्जित | ashamed, abashed, shamefaced. |
| शर्मीला (शर्मीली) | वि. | लाजभरा, लज्जाशील । | লাজুক, লজ্জাশীল | लाजुक, लज्जाशील | shy, shamefaced, bashful etc. |
| शलगम (शलजम) | पुं. | एक प्रकार का कंद जिसकी जड़ की तरकारी आदि बनाई जाती है तथा पत्ते साग की तरह खाए जाते हैं । | শালগম | शालगम | a turnip. |
| शलभ | पुं. | 1. पतंग, फतिंगा; | শলভ, পতংগ; | शलभ, पतङ्ग; | moth; |
| | | 2. टिड्डी । | পংগপাল | पङ्गपाल | grass-hopper, locust. |
| शलाका | स्त्री. | 1. धातु, लकड़ी आदि की बनी लंबी सलाई, सलाखा, सीख; | শলাকা, শলা, কাঠি, ছাতার শিক; | शलाका, शला, काठि छातार शिक; | small stick, rod, thin bar (of any-thing); |
| | | 2. आंख में सुरमा लगाने की सलाई; | অঞ্জনতুলিকা, কাজল পরার তুলী; | अञ्जनतुलिका, काजल परार तुली; | pencil, small stick (used in painting the eyes with collyrium), arrow; |
| | | 3. घाव की गहराई नापने की सलाई; | ঘায়ের গভীরতা পরিমাপক শলাকা বিশেষ; | घायेर गभीरता परिमापक शलाका बिशेष; | a probe or a kind of pointed surgical instrument; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. काठ का छोटा टुकड़ा जिसकी सहायता से निर्वाचन में मत लिया जाता है । | ছোট কাঠের টুকরা–গুপ্তভাবে ভোট দেওয়ার সময় এটি ব্যবহৃত হয় | छोट काठेर टुकरा–गुप्तभावे भोटदेओयार समय एटि व्यवहृत हय | ballot-stick. |
| शल्य | पुं. | 1. कांटा; | শল্য, কাঁটা; | शल्य, कांटा; | thorn; |
| | | 2. डाक्टर का चीड़-फाड़ करने का औज़ार; | শল্যচিকিৎসায় ব্যবহৃত অস্ত্রবিশেষ; | शल्यचिकित्साय ब्यबहृत अस्त्रविशेष; | surgical instrument; |
| | | 3. वे पदार्थ जिनसे शरीर में भयंकर पीड़ा होती है । | শরীরের পীড়াকর বিষয়মাত্র; | शरीरेर पीड़ाकर विषयमात्र; | any extraneous substance lodged in the body and giving it very great pain; |
| | | 4. बाण । | শল্য, বান | शल्य, बान | arrow, shaft, dart. |
| शल्यचिकित्सा | स्त्री. | 1. चीड़फाड़ के द्वारा की जानेवाली चिकित्सा, शस्त्र-चिकित्सा, शल्य क्रिया; | শল্যচিকিৎসা, দেহে অস্ত্রোপচার; | शल्यचिकित्सा, देहे अस्त्रोपचार; | operation, surgical operation; |
| | | 2. चीड़फाड़ द्वारा की जानेवाली चिकित्सा का विज्ञान, शल्यविज्ञान, शल्यक्रिया-विज्ञान, शल्यशास्त्र । | অস্ত্রচিকিৎসা | अस्त्रचिकित्सा | surgery. |
| शव | पुं. | लाश, मृतशरीर । | শব, লাশ, লাস, মৃতদেহ | शव, लाश, लास, मृतदेह | dead body, corpse. |
| शवपरीक्षा | स्त्री. | मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए मृतव्यक्ति के शव की की जानेवाली परीक्षा या जाँच । | শবব্যবচ্ছেদ | शवव्यवच्छेद | post-mortem, autopsy. |
| शवयात्रा | स्त्री. | 1. शव के साथ चलनेवाला जनसमूह या जलूस आदि; | শবযাত্রা, শবদেহের অনুগামী মিছিল; | शबजात्रा, शबदेहेर अनुगामी मिछिल; | funeral procession; |
| | | 2. श्मशान अथवा कब्रिस्तान तक शव को ले जाने की क्रिया । | দাহ করার বা কবর দেওয়ার জন্য মৃতদেহ লইয়া যাওয়া | दाह करार बा कबर देओयार जन्य मृतदेह लइया जाओया | taking or carrying the dead body to the cremation or the burial ground. |
| शशि | पुं. | चंद्रमा । | শশী, চন্দ্র | शशी, चन्द्र | moon. |
| शस्त्र | पुं. | 1. हाथ में रखकर प्रयोग में लाया जानेवाला हथियार; | শস্ত্র, যে প্রহরণ হাতে ধরিয়া আঘাত করা হয়; | शस्त्र, जे प्रहरन हाते धरिया आघात करा हय; | weapon, arms; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उपकरण, औजार | হাতিয়ার, যন্ত্র | हातियार, जन्त्र | instrument, a tool in general. |
| शस्त्रास्त्र | पुं. | शस्त्र और अस्त्र, हाथ में लेकर और फेंककर मारने के हथियार । | অস্ত্রশস্ত্র | अस्त्रशस्त्र | weapons for striking and throwing, arms and missiles, arms or weapons. |
| शस्त्रीकरण | पुं. | आक्रमण आदि से राष्ट्र की रक्षा के उद्देश्य से सेना तथा निवासियों को शस्त्रों आदि से सज्जित करना । | অস্ত্রীকরণ, অস্ত্রশস্ত্রাদিতে সজ্জিতকরণ | अस्त्रीकरन, अस्त्रशस्त्रादिते सजितकरन | armament, (the act or process of) equipping with arms. |
| शस्य | पुं. | 1. फसल;<br>2. अन्न, धान्य । | শস্য, ফসল; ক্ষেত্রগত, ধান্যাদি | शस्य, फसल; क्षेत्रगत, धान्यादि | crop, harvest; corn or grain in general. |
| शह | स्त्री. | 1. गुप्त रूप से किसी को भड़काने या उकसाने की क्रिया या भाव; | উসকানি; | उसकानि; | instigation, incitement; |
| | | 2. हिमायत, तरफदारी, मदद; | সমর্থন, সহায়তা, সাহায্য; | समर्थन, सहायता, साहाज्य; | support, help; |
| | | 3. शतरंज के खेल में कोई मोहरा किसी ऐसे स्थान पर रखना जहां से बादशाह उसकी घात में पड़ता हो । | কিস্তি | किस्ति | check (in chess). |
| शहतीर | पुं. | पाटन के नीचे दी जानेवाली बड़ी कड़ी, धरन । | কড়ি | कड़ि | beam, girder. |
| शहतूत | पुं. | एक प्रसिद्ध पेड़ और उसका फल जो पकने पर काफी मीठा होता है, तूत । | তুত, তুঁত | तुत, तुंत | mulberry (tree and fruit). |
| शहद | पुं. | एक बहुत मीठा, गाढ़ा और स्वादिष्ट तरल पदार्थ जिसे मधुमक्खियां अनेक प्रकार के फूलों के मकरंद से संग्रह करके अपने छत्तों में रखती हैं, मधु । | মধু | मधु | honey. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शहनाई** | स्त्री. | **बांसुरी या अलगोजे की भांति मुँह से फूककर बजाया जाने-वाला एक प्रकार का बाजा जो प्राय: रोशनचौकी के साथ बजाया जाता है, नफीरी ।** | শানাই, সানাই | शानाइ, सानाइ | a musical instrument, Indian clarinet (clarionet). |
| **शहर** | पुं. | **नगर ।** | শহর, নগর | शहर, नगर | city, town. |
| **शहरी** | वि. | **1. शहर का, शहर से संबंधित;** | শহুরে, শহরসম্বন্ধী; | शहुरे, शहरसम्बन्धी; | of or belonging to city, urban; |
| | | **2. शहर का निवासी;** | শহরবাসী; | शहरबासी; | inhabitant of city, city-dweller, citizen; |
| | | **3. शहर निवासियों की तरह का ।** | শাহুরে জনোচিত | शाहुरे जनोचित | similar to a city-dweller or citizen, urban. |
| **शहादत** | स्त्री. | **1. शहीद होने की अवस्था या भाव, विशेषत: किसी श्रेष्ठ उद्देश्य के लिए लड़ते हुए प्राण देना, बलिदान;** | শহীদত্ব; | शहीदत्व; | martyrdom; |
| | | **2. गवाही;** | সাক্ষ্য | साक्ष्य; | evidence, testimony, witness; |
| | | **3. प्रमाण ।** | প্রমাণ | प्रमान | proof. |
| **शहीद** | पुं. | **अपने धर्म, सदाचार, कर्तव्यपरायणता या देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण देनेवाला, हुतात्मा ।** | শহীদ. ধর্মযুদ্ধে বা ন্যায়সংগত অধিকার লাভের জন্য প্রাণবিসর্জনকারী | शहीद, धर्मजुद्धे बा न्यायसङ्गत अधिकार लाभेर जन्य प्रानबिसर्जनकारी | martyr. |
| **शांत** | वि. | **1. जिसका शमन हो चुका हो, दमित, उग्रता या प्रचंडता रहित;** | শান্ত, শমপ্রাপ্ত, ক্ষোভরহিত, অনুদ্ধত, প্রসাদিত; | शान्त, शमप्राप्त, क्षोभरहित, अनुद्धत, प्रसादित; | abated, subsided, suppressed, allayed, pacified; |
| | | **2. समाप्त;** | সমাপ্ত; | समाप्त; | ceased, stopped; |
| | | **3. चंचलता या आवेग आदि से रहित;** | অচঞ্চল; | अचञ्चल; | calm, quiet, unpert-urbed, tranquil; |
| | | **4. चुप, मौन;** | চুপ, নীরব; | चुप नीरब; | silent, quiet; |
| | | **5. बुझा हुआ;** | নিবৃত; | निबृत; | quenched, extinguished; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 6. चितारहित | চিন্তারহিত; | चिन्तारहित; | carefree; |
| | | 7. नि:शब्द, सुनसान । | নি:শব্দ,<br>জনহীন | नि:शब्द,<br>जनहीन | peaceful, pacific, still, undisturbed. |
| | पुं. | साहित्य में नौ रसों में से एक जिसका स्थायी भाव निर्वेद है । | সাহিত্য নবরসের একটি-নির্বেদ যার স্থায়ী ভাব | साहित्य नबरसेर एकटि-निर्बेद जार स्थायी भाव | tranquility. |
| शांति | स्त्री. | 1. उत्पात, उपद्रव, मारपीट, संघर्ष आदि से रहित स्थिति; | শান্তি,<br>উপদ্রবসংঘর্ষাদি হীনতা; | शान्ति,<br>उपद्रबसंघर्षादि हीनता; | peace; |
| | | 2. दिल का आराम, इतमीनान और चैन; | বিশ্রাম; | बिश्राम; | comfort. rest, ease, repose; |
| | | 3. शमन होने या करने की अवस्था या भाव, निवारण, दमन; | প্রবৃত্তিদমন,<br>নিবৃত্তি,<br>উপশম; | प्रबृत्तिदमन,<br>निबृत्ति,<br>उपशम; | abatement, subsidence, suppression, allayment, pacification; |
| | | 4. चंचलता, आवेग आदि से रहित स्थिति; | অচঞ্চলতা; | अचञ्चलता; | calmness, tranquility, quietness, unperturbedness, absence of passion; |
| | | 5. नीरवता, सन्नाटा; | নীরবতা, প্রশান্তি; | नीरबता, प्रशान्ति; | silence, quietude; |
| | | 6. समाप्ति, अंत; | সমাপ্তি অন্ত; | समाप्ति, अन्त; | cessation, stop; |
| | | 7. निश्चिंतता । | নিশ্চিন্ততা | निश्चिन्तता | carefreeness. |
| शांतिभंग | पुं. | शांति का नाश, उपद्रव का होना, शासन, अनुशासन आदि का न माना जाना, विघ्न उपस्थित करना । | শান্তিভংগ,<br>উপদ্রবাদির দ্বারা শান্তিনাশ | शान्तिभङ्ग,<br>उपद्रबादिर द्वारा शान्तिनाश | breach of peace, eruption of disturbances. |
| शाक | पुं. | 1. वनस्पति, विशेषत: ऐसी वनस्पति जिसकी तरकारी बनाई जाती हो; | শাক, রাঁধিয়া খাইবারযোগ্য বৃক্ষ লতাদির পত্র; | शाक, राँधिया खाइबारजोग्य बृक्ष लतादिर पत्र; | vegetable, pot herb, any edible leaf, fruit or root used as a vegetable, greens; |
| | | 2. उक्त की बनी हुई तरकारी, साग । | রন্ধন করা,<br>শাকসব্জী | रन्धन करा,<br>शाकसब्जी | cooked vegetable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शाकाहार | पुं. | अनाज, फल, फूल, पत्ते आदि का भोजन (मांसाहार से भिन्न) । | নিরামিষ ভোজন | निरामिष भोजन | vegetarian diet or food. |
| शाकाहारी | पुं., वि. | केवल अन्न, फल, सागभाजी खानेवाला, निरामिषभोजी । | নিরামিষ-ভোজী | निरामिष-भोजी | vegetarian. |
| शाक्त | वि. | शक्ति अर्थात् दुर्गा से संबंधित । | শক্তিসম্বন্ধী, শাক্ত | शक्तिसम्बन्धी, शाक्त | relating to Sakti or the female personification of divine energy. |
| | पुं. | तंत्र संप्रदाय में दीक्षित, शक्ति अर्थात् देवी का उपासक । | শক্তির উপাসক | शक्तिर उपासक | worshipper of Sakti. |
| शाखा | स्त्री. | 1. पेड़ की टहनी, डाल; | শাখা, ডাল; | शाखा, डाल; | branch, off-shoot, bough, twig (of a tree); |
| | | 2. किसी मूल वस्तु का अंश विभाग, हिस्सा; | অংশ, বিভাগ; | अंश, बिभाग; | lateral extension or subdivision, part, section etc.; |
| | | 3. किसी सिद्धांत, दर्शन या शास्त्र आदि के संप्रदाय, वर्ग या भेद । | ধর্মদর্শনাদিভুক্ত সম্প্রদায় | धर्मदर्शनादिभुक्त सम्प्रदाय | school (of thought etc.). |
| शागिर्द | पुं. | 1. शिष्य, चेला; 2. संबंध के विचार से किसी के द्वारा सिखाया-पढ़ाया गया व्यक्ति । | শাক্রেদ, শিষ্য; ছাত্র | शाक्रेद, शिष्य; छात्र | pupil, disciple, student, apprentice. |
| शाठ्य | पुं. | दे. 'शठता' । | দ্র: 'শঠতা' | द्र: 'शठता' | see 'शठता'. |
| शातिर | वि. | चालाक, धूर्त । | চালাক, ধূর্ত | चालाक, धूर्त | cunning, sly, mischievous, roguish, vicious. |
| | पुं. | शतरंज का अच्छा खिलाड़ी । | দক্ষ, দাবাড়ে | दक्ष, दाबाड़े | good chess player. |
| शादी | स्त्री. | विवाह । | শাদী, সাদি, বিবাহ | शादी, सादी, बिबाह | marriage, wedding. |
| शान | स्त्री. | 1. ठाठ-बाट, तड़कभड़क-वाली सजावट; | জাঁকজমক; | जांकजमक; | grandeur, pomp, splendour; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. मर्यादा, प्रतिष्ठा; 3. गर्व, गौरव, बड़प्पन; 4. विशालता, भव्यता । | মর্যাদা, প্রতিষ্ঠা; গর্ব, গৌরব; বিশালতা | मर्यादा, प्रतिष्ठा; गर्व, गौरव; विशालता | honour, dignity; pride, glory; grandness, vastness. |
| | पु. | सान नामक कृत्रिम पत्थर का उपकरण जिससे चाकू आदि की धार तेज की जाती है । | শান, অস্ত্রাদিতে ধার দিবার পাথর | शान, अस्त्रादिते धार दिबार पाथर | whet stone. |
| शानदार | वि. | 1. भड़कीला, तड़कभड़क-वाला; 2. उच्चकोटि का प्रशंसनीय; 3. ऐश्वर्यपूर्ण । | জাঁকালো; মহিমান্বিত; ঐশ্বর্যপূর্ণ | जांकालो; महिमान्वित; ऐश्वर्जपूर्न | pompous, splendid; glorious, praise-worthy; stately, grand, opulence. |
| शानशौकत | स्त्री. | ठाठ-बाट, तड़क-भड़क । | জাঁকজমক | जांकजमक | embellishment, pomp and show, pomp and dignity, splendour, grandeur. |
| शाप | पु. | अनिष्ट कामना के उद्देश्य से किया गया कथन, अभिशाप, बद्दुआ । | শাপ, অভিসম্পাত | शाप, अभिसम्पात | curse, imprecation, anathema. |
| शापित | वि. | जिसे शाप दिया गया हो, अभिशप्त । | অভিশপ্ত | अभिशप्त | imprecated, cursed, accursed. |
| शाबाश (शाबास) | अव्य. | एक प्रशंसासूचक शब्द, वाह-वाह, धन्य हो, खुश रहो आदि के लिए प्रयुक्त । | শাবাশ, সাবাস | शाबाश, साबास | well done ! bravo ! excellent ! |
| शाबाशी (शाबासी) | स्त्री. | 'शाबास' कहना, साधुवाद, वाहवाही । | সাবাসি, ধন্যবাদ, সাধুবাদ | साबासि, धन्यबाद साधुवाद | praise, applause, plaudit. |
| शाब्दिक | वि. | 1. शब्दसंबंधी; 2. शब्द पर आश्रित; 3. मौखिक । | শাব্দিক, শব্দসম্বন্ধীয়; আক্ষরিক; মৌখিক | शाब्दिक, शब्दसम्बन्धीय; आक्षरिक; मौखिक | relating to sounds or words; literal; verbal, oral. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शाम** | स्त्री. | सूर्यास्त का समय, सायंकाल, संध्या । | সায়ংকাল, সন্ধ্যা | सायंकाल, सन्ध्या | evening, dusk. |
| **शामत** | स्त्री. | 1. विपत्ति, मुसीबत; | বিপত্তি; বিপদ; | विपत्ति, विपद; | adversity, calamity; |
| | | 2. दुर्भाग्य, बदकिस्मती । | দুর্ভাগ্য | दुर्भाग्य | ill luck, misfortune. |
| **शामियाना** | पुं. | एक प्रकार का तंबू जो बांसों पर रस्सियों की सहायता से टांगा जाता है । | শামিয়ানা, বস্ত্র-নির্মিত অস্থায়ী ছাদবিশেষ | शामियाना, वस्त्र-निर्मित अस्थायी छादविशेष | a kind of tent, a pavilion, a canopy. |
| **शामिल** | वि. | 1. मिला हुआ, सम्मिलित; | শামিল, অন্তর্গত; | शामिल, अन्तर्गत; | included; |
| | | 2. संबद्ध; | সম্বন্ধ; | सम्बन्ध; | associated; |
| | | 3. संयुक्त । | সংযুক্ত | संयुक्त | united (to), connected (with). |
| **शायद** | अव्य. | कदाचित्, संभवतः । | সম্ভবতঃ | सम्भवतः | it may be, perhaps, possibly, probably. |
| **शायर** | पुं. | काव्यरचना करनेवाला, कवि । | কবি | कवि | a poet. |
| **शायरी** | स्त्री. | 1. कविता करने की कला, भाव या कार्य, कविकर्म; | কবিকর্ম; | कविकर्म; | the art or practice of poetry; |
| | | 2. कविता, काव्य । | কবিতা, কাব্য | कविता, काव्य | poetry, poetic compositions. |
| **शारदा** | स्त्री. | 1. सरस्वती; | শারদা, সরস্বতী; | शारदा, सरस्वती; | a name of Saraswati; |
| | | 2. भारत की एक प्राचीन लिपि । | প্রাচীনভারতীয় লিপিবিশেষ | प्राचीनभारतीय लिपिविशेष | an ancient Indian script. |
| **शारदीय** | वि. | शरद्कालीन, शरदृतु संबंधी । | শারদীয়, শরৎকালীন, শরৎসম্বন্ধী | शारदीय, शरत्कालीन, शरत्सम्बन्धी | autumnal, pertaining to autumn. |
| **शारीरिक** | वि. | 1. शरीर संबंधी; | শারীরিক, শরীর সম্বন্ধী; | शारीरिक, शरीर- सम्बन्धी; | relating to the body, bodily, corporeal, physical; |
| | | 2. भौतिक । | ভৌতিক, জড় | भौतिक, जड़ | material. |
| **शार्दूल** | पुं. | 1. सिंह, केसरी; | সিংহ; | सिंह; | a lion; |
| | | 2. चीता, बाघ । | শার্দূল, বাঘ | शार्दूल, बाघ | a tiger.. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शाल | पुं. | साखू या सखुआ नामक पेड़ | শাল, বৃহৎ বৃক্ষবিশেষ, শালগাছ | शाल, वृहत्- वृक्षविशेष, शालगाछ | a tree (very tall and stately), the sal tree. |
| | स्त्री. | ओढ़ने की एक प्रकार की गरम चादर । | দামী পশমী গাত্রবস্ত্রবিশেষ | दामी पशमी गात्रवस्त्रविशेष | a shawl. |
| शाला | स्त्री. | 1. गृह, घर, मकान; | শালা, গৃহ, ঘর, আলয়; | शाला, गृह, घर, आलय; | house, residence, abode; |
| | | 2. किसी विशिष्ट कार्य के लिए बना हुआ स्थान (समास में) । | কক্ষ, অশ্বাদির গৃহ, শিল্পগৃহ | कक्ष, अश्वादिर गृह, शिल्पगृह | a place dedicated to or meant for a particular purpose, an apartment, a room, a hall (in comp.) |
| शाली | प्रत्य. | एक प्रत्यय जो संज्ञा शब्दों के अंत में लगकर उसे विशेषण बना देता है और 'युक्त, वाला, सहित' आदि का अर्थ देता है । | শালী, যুক্ত, বিশিষ্ট, সম্পন্ন- ইত্যাদি অর্থে উপযোগী বিশেষ্য- পদের সংগে যুক্ত হয় | शाली, जुक्त, बिशिष्ट सम्पन्न- इत्यादि अर्थे उपजोगी बिशेष्य- पदेर सङ्गे जुक्त हय | an adjectival suffix used at the end (comp.), endowed with, possessed of, possessing, having. |
| शालीन | वि. | 1. नम्र, विनीत; | শালীন, নম্র, বিনয়ী; | शालीन, नम्र, बिनयी: | modest, humble, gentle; |
| | | 2. सुशील, शिष्ट, अच्छे आचरणवाला । | ভদ্র, অপ্রগল্ভ, অধৃষ্ট | भद्र अप्रगल्भ, अधृष्ट | well-behaved, cultured. |
| शालीनता | स्त्री. | शालीन होने की अवस्था, धर्म या भाव, नम्रता, शिष्टता । | শালীনতা, শালীনত্ব, শালীন- ভাব, নম্রতা, ভদ্রতা | शालीनता, शालीनत्व, शालीन- भाव, नम्रता, भद्रता | modesty, gentleness, humbleness politeness. |
| शावक | पुं. | किसी पशु या पक्षी का बच्चा । | শাবক, ছানা, পশুপাখীর বাচ্চা | शावक, छाना, पशुपाखीर वाच्चा | young (of an animal). |
| शाश्वत | वि. | जो सदा से चला आ रहा हो और सदा चलता रहने को हो, नित्य, सनातन, सतत, स्थायी । | শাশ্বত, শশ্বদ্ভব, নিত্য, চিরন্তন, চিরস্থায়ী | शाश्वत, शश्वद्‌भव, नित्य, चिरन्तन, चिरस्थायी | eternal, constant, perpetual, immortal, ever-lasting. |
| शासक | पुं. | शासन करनेवाला व्यक्ति, शासनकर्ता । | শাসক, শাসন- কারী শাসনকর্তা | शासक, शासन- कारी, शासनकर्ता | a ruler, administrator. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शासन** | पुं. | **1. सरकार, हुकूमत;** | সরকার; | सरकार: | government; |
| | | **2. सरकार द्वारा किए जानेवाले नियन्त्रण, संचालन, व्यवस्था आदि से संबंधित कार्य;** | শাসন, সরকার দ্বারা কৃত নিয়ন্ত্রণ পরিচালনাদি | शासन, सरकार द्वारा कृत नियन्त्रन परिचालनादि: | administration, rule; |
| | | **3. नियंत्रण, निर्देशन, देखरेख;** | নিয়ন্ত্রণ, নির্দেশ; | नियन्त्रन, निर्देश: | control, check, restraint; |
| | | **4. आज्ञा, आदेश ।** | আজ্ঞা, আদেশ | आज्ञा, आदेश | order, command. |
| **शासनिक** | वि. | **1. शासन संबंधी;** | শাসনসম্বন্ধী; | शासनसम्बन्धी: | pertaining to administration, administrative; |
| | | **2. सरकारी, राजकीय ।** | সরকারী | सरकारी | governmental, official. |
| **शासित** | वि. | **1. (प्रदेश) जो शासन के अधीन हो;** | শাসিত, কৃতশাসন; | शासित, कृतशासन: | ruled, governed, administered; |
| | | **2. नियंत्रण के अधीन (व्यक्ति) ।** | নিয়ন্ত্রিত | नियन्त्रित | restrained, controlled. |
| **शास्त्र** | पुं. | **1. आचार, नीति आदि के नियमों का विधान करने-वाला ऐसा धर्मग्रंथ जिसे लोग पवित्र तथा पूज्य मानते हों;** | শাস্ত্র, শ্রুতিস্মৃতি-পুরাণাদি ধর্মগ্রন্থ, | शास्त्र, श्रुतिस्मृति-पुरानादि धर्मग्रन्थ, | a religious or sacred treatise, sacred book, scripture, a code of law; |
| | | **2. किसी कला, विषय या विशिष्ट विषय का सांगोपांग वैज्ञानिक विवेचन और विश्लेषण या तत्संबंधी ग्रंथ, विज्ञान;** | বিদ্যাবিজ্ঞানাদি-বিষয়ক গ্রন্থ, বিজ্ঞান; | विद्याविज्ञानादि-विषयक ग्रन्थ, विज्ञान: | systematic knowledge, science; |
| | | **3. किसी गंभीर विषय पर किसी के द्वारा प्रतिपादित मत या सिद्धांत;** | কোনো গম্ভীর বিষয়ে প্রতিপাদিত মত বা সিদ্ধান্ত; | कोनो गम्भीर विषये प्रतिपादित मत वा सिद्धान्त: | philosophy; |
| | | **4. ज्ञान की कोई शाखा ।** | জ্ঞানের কোনো শাখা | ज्ञानेर कोनो शाखा | any department of knowledge, discipline. |
| **शास्त्रार्थ** | पुं. | **1. शास्त्र का अर्थ;** | শাস্ত্রার্থ, শাস্ত্রতাৎপর্য; | शास्त्रार्थ, शास्त्रतात्पर्ज: | the meaning or purpose of the sacred precept or scriptures; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. शास्त्रों के ठीक अर्थ तक पहुंचने के लिए होनेवाला तर्कवितर्क या वादविवाद; | শাস্ত্রের তাৎপর্য নির্ণয়ের জন্য তর্কবিতর্ক; | शास्त्रेर तात्पर्ज निर्नयेर जन्य तर्कवितर्क; | discussion, contention, debate or discourse on the scriptures (शास्त्र); |
| | | 3. किसी प्रकार का तात्विक वादविवाद । | কোনো তত্ত্ব নিয়ে বাদানুবাদ | कोनो तत्त्व निये बादानुबाद | material or substantial discussion. |
| **शास्त्री** | पु. | 1. शास्त्रज्ञ, शास्त्र का जानकार, शास्त्र का पूर्ण अधिकारी विद्वान; | শাস্ত্রী, শাস্ত্রক, শাস্ত্রজ্ঞানবান্; | शास्त्री, शास्त्रक, शास्त्रज्ञानबान्; | one who is well versed or skilled in the Sastras, a scholar of authority on the scriptures; |
| | | 2. कुछ विशिष्ट परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने पर मिलनेवाली एक प्रकार की उपाधि । | পন্ডিতের উপাধি | पन्डितेर उपाधि | one who has mastered the Sastras, learned, a great Pandit. |
| **शास्त्रीय** | वि. | 1. शास्त्र संबंधी; | শাস্ত্রীয়, | शास्त्रीय; | scriptural; |
| | | 2. शास्त्र सम्मत, शास्त्र में विहित ढंग का; | শাস্ত্রসম্মত, শাস্ত্রবিহিত; | शास्त्रसम्मत, शास्त्रविहित; | classical, authorised by or conformable to Sastras; |
| | | 3. वैज्ञानिक; | বৈজ্ঞানিক; | बैज्ञानिक; | scientific; |
| | | 4. शास्त्रीय ज्ञान से संबंधित, शास्त्रीय ज्ञान पर आधारित । | শাস্ত্রজ্ঞান সম্পর্কিত, শাস্ত্র-জ্ঞানভিত্তিক | शास्त्रज्ञान सम्पर्कित, शास्त्र-ज्ञानभित्तिक | academic. |
| **शाह** | पु. | 1. राजा, महाराजा, बादशाह; | শাহ, রাজা, বাদশাহ; | शाह, राजा, बादशाह; | king, monarch; |
| | | 2. शतरंज का एक मोहरा । | দাবার রাজা | दाबार राजा | the king in chess or cards. |
| **शाहजादा** | पु. | बादशाह का लड़का, राजकुमार । | শাহজাদা, রাজকুমার | शाहजादा, राजकुमार | king's son, prince. |
| **शाही** | वि. | 1. शाह या बादशाह का, शाह द्वारा बनवाया हुआ; | শাহী, বাদশার বা বাদশা দ্বারা কৃত; | शाही, बादशार वा बादशा द्वारा कृत; | of or built by a king, royal, imperial; |
| | | 2. शाहों का सा, राजसी । | নবাবি, রাজসিক; | नबाबि, राजसिक; | like a king, princely, kingly, royal, majestic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | स्त्री. | शासन, राज्य, राज्यकाल । | শাসন, রাজত্ব, রাজত্বকাল | शासन, राजत्व, राजत्वकाल | reign, kingdom, rule, period of the rule. |
| **शिकंजा** | पुं. | 1. चीजों को कसकर दबाने का यंत्र;<br>2. पकड़, दबाव । | সাঁড়াসি, জাতীয় প্রতিবিধানের জন্য<br>কবল, খপ্পর | सांड़ासि जातीय प्रतिविधानेर जन्य<br>कबल, खप्पर् | clamp, pressing appliance;<br>clasp, grasp, clutches (fig.). |
| **शिकंजी (शिकंजवी)** | स्त्री. | मधुरपेय जो जल में नीबू का रस और चीनी मिलाकर तैयार किया जाता है, शिकंजवी । | লেবুর সরবত | लेबुर सरबत | lemon squash, syrup prepared with fresh lemon. |
| **शिकन** | स्त्री. | सिकुड़न, सिलवट । | কুঁচকান, কুঞ্চন, বলি | कुंचकान, कुञ्चन, बलि | wrinkle, crease, shrivelling. |
| **शिकमी** | पुं. | वह काश्तकार जो असल काश्तकार से जमीन लेकर जोते-बोए, उपपट्टाधारी (काश्तकार) । | কোরফা, রায়ত | कोरफा, रायत | subtenant of a holding. |
| | वि. | किराए, लगान आदि के विचार से जो किसी दूसरे के अन्तर्गत हो, उपपट्टे पर लेनेवाला । | কোরফা-রায়তী স্বত্বে প্রদত্ত | कोरफा-रायती स्वत्वे प्रदत्त | subtenanted, subleased. |
| **शिकस्त** | स्त्री. | 1. पराजय, हार, मात,<br>2. विफलता । | পরাজয়;<br>বিফলতা; | पराजय;<br>बिफलता; | defeat;<br>failure, unsuccess. |
| **शिकायत** | स्त्री. | 1. किसी के दोष या अनुचित काम का किसी के समक्ष किया गया कथन, दोषकथन;<br>2. किसी के अनुचित काम के प्रति होनेवाला असंतोष;<br>3. उक्त असंतोष को दूर करने के लिए किया गया निवेदन;<br>4. दोष, त्रुटि, खराबी । | শিকায়ৎ, শিকায়েত, অভিযোগ, দোষারোপ;<br>অন্যায় কাজ সম্পর্কে অসন্তোষ;<br>উক্ত অসন্তোষের প্রতিবিধানের জন্য আবেদন;<br>দোষ, ত্রুটি | शिकायत्, शिकायेत, अभिजोग, दोषारोप;<br>अन्याय काज् सम्पर्के असन्तोष;<br>उक्त असन्तोषेर प्रतिविधानेर जन्य आबेदन;<br>दोष, त्रुटि | accusation;<br>complaint, grievance;<br>complaining, making complaint;<br>defect. |
| **शिकायती** | वि. | 1. शिकायत करनेवाला, फरियादी; | অভিযোগকারী, ফরিয়াদী; | अभिजोगकारी, फरियादी; | complainant; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिसमें किसी की शिकायत हो । | যাহার সম্বন্ধে অভিযোগ আছে এমন | जाहार सम्वन्ध अभिजोग आछे एमन | containing a complaint or grievance. |
| **शिकार** | पुं. | 1. क्रीड़ा या आहार के लिए पशु-पक्षियों के मारने या पकड़ने का कार्य, मृगया, आखेट; | শিকার, মৃগয়া; | शिकार, मृगया; | hunting, hunt, the chase; |
| | | 2. शिकार में मारा या पकड़ा गया पशु-पक्षी । | মৃগয়ালব্ধ প্রাণী-পশুপক্ষী ইত্যাদি | मृगयालब्ध प्रानी-पशुपक्षी इत्यादि | prey, game, victim. |
| **शिकारी** | पुं. | शिकार करनेवाला, व्याध, अहेरी । | শিকারী, ব্যাধ | शिकारी, व्याध | a hunter, huntsman. |
| | वि. | 1. शिकारसंबंधी ; | শিকার-সমন্ধী; | शिकार-सम्वन्धी; | of or belonging to the chase, relating to hunting; |
| | | 2. जिससे शिकार किया जाता हो या शिकार में सहायक हो । | যে শিকার করে, শিকারে নিপুণ | जे शिकार करे, शिकारे निपुन | hunting. |
| **शिक्षक** | पुं. | 1. अध्यापक, गुरु;<br>2. सिखानेवाला । | শিক্ষক, অধ্যাপক;<br>শিক্ষাদাতা | शिक्षक, अध्यापक;<br>शिक्षादाता | teacher, educator; instructor, tutor, trainer. |
| **शिक्षण** | पुं. | शिक्षा देने का काम, पढ़ाना, अध्यापन । | শিক্ষণ, শিক্ষা-দান, শিক্ষান, অধ্যাপনা | शिक्षन, शिक्षा-दान, शिक्षान, अध्यापना | teaching, instruction, educating, education. |
| **शिक्षा** | स्त्री. | 1. किसी प्रकार के ज्ञान के सीखने-सिखाने का क्रम, पढ़ाई; | শিক্ষা, বিদ্যাগ্রহণ, শিক্ষণ, শেখা, শেখানো; | शिक्षा, विद्याग्रहन, शिक्षन, शेखा, शेखानो; | learning, study, teaching, instruction; |
| | | 2. उक्त प्रकार से प्राप्त ज्ञान या विद्या; | শিক্ষামাধ্যমে প্রাপ্ত জ্ঞান বা বিদ্যা; | शिक्षामाध्यमे प्राप्त ज्ञान वा विद्या; | education, knowledge; |
| | | 3. उपदेश, नसीहत, सबक; | উপদেশ | उपदेश | teaching, moral, lesson; |
| | | 4. दंड, सजा (ला.); | দন্ড, শাস্তি; | दन्ड, शास्ति; | punishment (fig.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. छः वेदांगों में से एक जिसमें वैदिक साहित्य के वर्णों, मात्राओं, स्वरों, आदि के उच्चारण का विवेचन है । | উচ্চারণ-বিষয়ক বেদাংগবিশেষ | उच्चारन-बिषयक बेदाङ्गबिशेष | one of the six vedangas, the science which teaches the proper pronunciation of words and laws of euphony. |
| **शिक्षार्थी** | पुं. | 1. शिक्षा प्राप्त करने का इच्छुक व्यक्ति; | শিক্ষার্থী, শিক্ষালাভে ইচ্ছুক; | शिक्षार्थी, शिक्षालाभे इच्छुक; | desirous of getting education; |
| | | 2. शिक्षा प्राप्त करनेवाला, छात्र, विद्यार्थी । | ছাত্র | छात्र | student, pupil. |
| **शिक्षित** | वि. | 1. जो शिक्षा प्राप्त कर चुका हो, पढ़ा-लिखा; | শিক্ষিত, শিক্ষা-প্রাপ্ত, বিদ্বান; | शिक्षित, शिक्षा-प्राप्त, बिद्वान; | educated; |
| | | 2. सिखाया हुआ । | কারিতশিক্ষণ, উপদিষ্ট | कारितशिक्षन, उपदिष्ट | taught, instructed, trained. |
| **शिखर** | पुं. | 1. किसी चीज का सबसे ऊपरी भाग, सिरा, चोटी; | শিখর, শীর্ষদেশ; | शिखर, शीर्षदेश; | top, peak, point in general; |
| | | 2. पर्वत की चोटी; | পর্বতশৃংগ; | पर्वतश्रृङ्ग; | top, summit or peak of a mountain; |
| | | 3. मंदिर या मकान के ऊपर का उठा हुआ नुकीला सिरा, कंगूरा । | অট্টালিকাদির চূড়া, মিনার | अट्टालिकादिर चूड़ा, मिनार | turret, pinnacle. |
| **शिखर सम्मेलन** | पुं. | किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक विषय पर विचार करने के लिए कई राष्ट्रों के सर्वोच्च अधिकारियों या शासकों का सम्मेलन । | শীর্ষসম্মিলন | शीर्षसम्मिलन | summit conference. |
| **शिखा** | स्त्री. | 1. सिर के बीचों-बीच छोड़ा हुआ बालों का गुच्छा जो कटाया नहीं जाता, चोटी, चुटिया, चूड़ा; | শিখা, মস্তক-মধ্যস্ত, কেশগুচ্ছ, টিকি চুটকি; | शिखा, मस्तक-मध्यस्त, केशगुच्छ, टिकि, चुटकि; | a lock of hair left on the crown of the head; |
| | | 2. मोर आदि के सिर की कलंगी; | ময়ূরাদির চূড়া; | मयूरादिर चूड़ा; | crest or comb of a cock or peacock; |
| | | 3. आग, दीपक आदि की लौ; | আগুন, প্রদিপাদির শিখা; | आगुन, प्रदिपादिर शिखा; | flame; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. नोक, ऊपर उठा हुआ सिरा । | অগ্রমাত্র | अग्रमात्र | sharp end, point, peak, pinnacle, end tip, top, summit. |
| शिखी | पुं. | 1. मोर, मयूर; | শিখী, ময়ূর; | शिखी, मयूर: | peacock; |
| | | 2. मुर्गा । | কুক্কুট, মোরগ | कुक्कुट, मोरग | cock. |
| | वि. | शिखायुक्त, चोटीवाला । | শিখাবান্, চূড়াযুক্ত | शिखावान्, चूड़ाजुक्त | crested, having a lock of hair on top of the head. |
| शिथिल | वि. | 1. ढीला, जो कसकर बंधा न हो; | শিথিল, ঢিলা, আলগা; | शिथिल, ढिला, आलगा: | loosened, loose, slack, lax; |
| | | 2. आलसी, सुस्त; | অলস, মন্থর; | अलस, मन्थर: | slow, tardy, languid; |
| | | 3. थका हुआ, निढाल; | অবসন্ন, ক্লান্ত; | अवसन्न, क्लान्त: | weary, tired; |
| | | 4. जिसे कुछ छूट दी गई हो, जिसका पालन दृढ़ता-पूर्वक न हो । | শ্লথ, বিস্রস্ত | श्लथ, विस्रस्त | loosely done, not strictly or rigidly performed, relaxed. |
| शिथिलता | स्त्री. | 1. शिथिल होने की अवस्था धर्म या भाव, ढीलापन; | শিথিলতা, শৈথিল্য, ঢিলেমি; | शिथिलता, शैथिल्य, ढिलेमि: | looseness, slackness, laxity; |
| | | 2. आलस्य, सुस्ती; | আলস্য; | आलस्य: | slowness, tardiness; |
| | | 3. थकान; | অবসাদ, ক্লান্তি; | अवसाद, क्लान्ति: | weariness, tiredness; |
| | | 4. छूट, दृढ़तापूर्वक पालन न करना; | বিস্রস্তভাব; | विस्रस्तभाव: | relaxation, remission, unrigid or unstrict performance; |
| | | 5. वाक्यरचना संबंधी एक दोष जिसमें अर्थ की दृष्टि से शब्द भलीभांति गठे हुए नहीं होते । | বাক্যরচনার ক্ষেত্রে দোষবিশেষ– অর্থের বিচারে শব্দ দৃঢ়নিবদ্ধ না হইলে এই দোষ হয় | वाक्यरचनार क्षेत्रे दोषविशेष– अर्थेर विचारे शब्द दृढ़निवद्ध ना हइले एइ दोष हय | a kind of flaw in the construction of a sentence, laxity or looseness of words in the construction of a sentence |
| शिर | पुं. | 1. सिर; | শির, মাথা, মস্তক; | शिर, माथा, मस्तक: | head; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कपाल, खोपड़ी; | কপাল; | कपाल; | skull; |
| | | 3. ऊपरी भाग, चोटी; | চূড়া, অগ্রভাগ; | चूड़ा, अग्रभाग; | a peak, summit, top; |
| | | 4. प्रधान, अगुआ; | প্রধান; | प्रधान; | chief, principal; |
| | | 5. मस्तक, माथा । | মূর্ধা | मुर्द्धा | forehead, head, front, forepart. |
| शिरा | स्त्री. | खून की छोटी नाड़ी, रक्त-वाहनी छोटी नाड़ी । | শিরা, রক্তবহা নাড়ি | शिरा, रक्तवहा नाड़ि | vein, blood vessel. |
| शिरोधार्य | वि. | आदरपूर्वक स्वीकार किए जाने योग्य, अतिशय माननीय, सादर स्वीकार्य । | শিরোধার্য, মস্তকে ধারণীয়, অবশ্য পালনীয়, অতিশয় মান্য | शिरोधार्ज, मस्तके धारनीय, अवश्य पालनीय, अतिशय मान्य | to be greatly honoured, worthy of respect or to be .respected, to be honourably accepted. |
| शिरोमणि | पुं. | 1. सिर या मस्तक पर धारण करने का रत्न, चूड़ामणि; 2. श्रेष्ठ पुरुष । | শিরোমণি, শিরো-রত্ন, চূড়ামণি; শ্রেষ্ঠ ব্যক্তি | शिरोमनि, शिरो-रत्न, चूड़ामनि; श्रेष्ठ ब्यक्ति | jewel worn on the head, a crest jewel; the most outstanding person. |
| | वि. | सर्वश्रेष्ठ । | সর্বশ্রেষ্ঠ | सर्वश्रेष्ठ | most outstanding. |
| शिरोरेखा | स्त्री. | वर्णों के ऊपर लगाई जानेवाली आड़ीलकीर या रेखा । | শিরোরেখা, মাত্রা | शिरोरेखा, मात्रा | top line, a horizontal line drawn on the top of the letters. |
| शिरोरुह | पुं. | सिर के बाल । | শিরোরুহ, মাথার চুল | शिरोरुह, माथार चुल | the hair of the head. |
| शिला | स्त्री. | 1. पत्थर; | শিলা, পাথর; | शिला, पाथर; | a stone; |
| | | 2. पत्थर का बड़ा खंड, चट्टान; | প্রকান্ড প্রস্তর খন্ড; | प्रकान्ड प्रस्तर खन्ड; | rock; |
| | | 3. पत्थर की पटिया या पट्टी सिल । | শিল | शिल | a flat stone or stone slab (on which condiments are ground.). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शिलाजीत | स्त्री. | सूर्य के ताप से तपी हुई कुछ विशिष्ट प्रकार की चट्टानों से निकला काला रस जो बहुत पौष्टिक माना जाता है, शिलारस । | শিলাজতু, শিলানির্যাস | शिलाजतु शिलानिर्जास | storax, rock-exudation. |
| शिलान्यास | पुं. | 1. नए भवन की नींव के रूप में पत्थर रखना;<br>2. नींव रखने का कृत्य या समारोह । | শিলান্যাস, ভিত্তি-প্রস্তরস্থাপন;<br>ভিত্তিপ্রস্তর-স্থাপন অনুষ্ঠান | शिलान्यास, भित्ति-प्रस्तरस्थापन;<br>भित्तिप्रस्तर-स्थापन अनुष्ठान | laying of the foundation stone;<br>ceremony of laying of the foundation stone. |
| शिलालेख | पुं. | पत्थर पर खुदा हुआ लेख । | শিলালেখ, শিলালিপি | शिलालेख, शिलालिपि | (rock) inscription. |
| शिलीमुख | पुं. | 1. भ्रमर;<br>2. बाण, तीर । | শিলীমুখ, ভ্রমর;<br>বাণ | शिलीमुख, भ्रमर;<br>बान | a bee;<br>an arrow. |
| शिल्प | पुं. | 1. हस्तकला, दस्तकारी;<br>2. कारीगरी;<br>3. रचनाविधान, निर्माण;<br>4. स्थापत्य, वास्तुकला । | শিল্প, হস্তশিল্প;<br>কারিগরি;<br>ক্রিয়াকৌশল;<br>স্থাপত্য | शिल्प, हस्तशिल्प;<br>कारिगरि;<br>क्रियाकौशल;<br>स्थापत्य | handicraft;<br>skill (in any art), craft, art;<br>technique;<br>architecture. |
| शिल्पकार | पुं. | 1. शिल्पी, कारीगर;<br>2. मकान बनानेवाला राज । | শিল্পকার, শিল্পী;<br>রাজমিস্ত্রি | शिल्पकार, शिल्पी;<br>राजमिस्त्रि | artisan, craftsman;<br>architect. |
| शिल्पी | पुं. | 1. शिल्प संबंधी काम करनेवाला, शिल्पकार, कारीगर;<br>2. राज, मकान बनानेवाला कारीगर । | শিল্পী, শিল্পকার;<br>রাজমিস্ত্রি | शिल्पी, शिल्पकार;<br>राजमिस्त्रि | craftsman, artisan;<br>architect. |
| शिव | पुं. | 1. हिन्दुओं के तीन प्रधान देवताओं में से एक, जिनका कार्य सृष्टि का संहार करना है, महादेव, शंकर, महेश;<br>2. कल्याण, मंगल । | শিব, হিন্দু ত্রিমূর্তির অন্যতম, ইনি সংহারকর্তা, মহাদেব, শঙ্কর, মহেশ;<br>মঙ্গল, শুভ | शिब, हिन्दु त्रिमूर्तिर अन्यतम, इनि संहारकर्ता, महादेब, शङ्कर, महेश;<br>मङ्गल, शुभ | name of the third god of the sacred Hindu trinity, who is entrusted with the work of destruction;<br>the good, well being, welfare. |
| | वि. | शुभ, मांगलिक । | শুভঙ্কর, কল্যাণকারী | शुभंकर कल्यानकारी | auspicious, propitious. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शिवाला** | पुं. | ऐसा देवमंदिर जिसमें शिवलिंग, शिवमूर्ति स्थापित हो, शिवालय, शिवमंदिर । | শিবালয়, শিবমন্দির | शिवालय, शिवमन्दिर | any temple dedicated to Siva. |
| **शिविका** | स्त्री. | पालकी, डोली । | শিবিকা, পাল্‌কী | शिबिका, पाल्की | a palanquin, litter; |
| **शिविर** | पुं. | 1. पड़ाव;<br>2. सैनिक पड़ाव, छावनी;<br>3. खेमा, तंबू । | শিবির;<br>সেনানিবাস;<br>তাঁবু | शिबिर;<br>सेनानिबास;<br>तांबु | camp;<br>a military camp;<br>tent. |
| **शिशिर** | पुं. | 1. छह ऋतुओं में से एक जो माघ और फाल्गुन के महीनों में पड़ती है;<br>2. शीतकाल, जाड़ा । | শিশির,<br>হিম-ঋতু;<br>শীতকাল | शिशिर,<br>हिम-ऋतु;<br>शीतकाल | the cold season about the middle of January to that of March.<br>winter. |
| **शिशु** | पुं. | 1. नवजात से लेकर लगभग आठ वर्ष तक की उम्र का बालक, बच्चा;<br>2. बहुत ही छोटा बच्चा;<br>3. पशुओं, पक्षियों आदि का बच्चा, शावक । | শিশু, অষ্টম বর্ষের অনধিক বয়স্ক বালক;<br>বাচ্চা;<br>শাবকমাত্র, বাচ্চা, ছানা | शिशु, अष्टम बर्षेर अनधिक बयस्क बालक;<br>बाच्चा;<br>शाबकमात्र, बाच्चा, छाना | a boy under eight years of age, a child, infant;<br>baby;<br>the young of any animal. |
| **शिष्टता** | स्त्री. | 1. शिष्ट होने की अवस्था, गुण या भाव, सभ्यता, सौजन्य;<br>2. शिष्ट आचरण । | শিষ্টতা, ভদ্রতা;<br>শিষ্ট আচরণ | शिष्टता, भद्रता;<br>शिष्ट आचरन | politeness, civility, courteousness, gentleness;<br>good behaviour, decency. |
| **शिष्टमंडल** | पुं. | किसी विशिष्ट कार्य के लिए कहीं भेजा जानेवाला विशिष्ट व्यक्तियों का दल, प्रतिनिधि-मंडल । | প্রতিনিধি-মন্ডল | प्रतिनिधि-मन्डल | delegation, deputation. |
| **शिष्टाचार** | पुं. | 1. शिष्टतापूर्ण आचरण और व्यवहार; | শিষ্টাচার, ভদ্র ব্যবহার, সদাচরণ; | शिष्टाचार, भद्र ब्यबहार, सदाचरन; | gentlemanly conduct, proper behaviour, good manners, politeness, civility, courtesy; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. निर्धारित नियमों के अनुसार आचरण, औपचारिक आचरण, दिखावटी सभ्य व्यवहार | রীতিসম্মত আচরণ, কিতাব দুরস্ত আচরণ | रीतिसम्मत आचरन, किताव दुरस्त आचरन | formal conduct or manners, formal politeness, etiquette. |
| शिष्य | पुं. | 1. शिक्षक या अध्यापक से शिक्षा प्राप्त करनेवाला, छात्र, विद्यार्थी; | শিষ্য, ছাত্র; | शिष्य, छात्र; | student, pupil; |
| | | 2. किसी से विद्या आदि सीखनेवाला या उसके आदर्शों का अनुयायी, चेला । | চেলা | चेला | disciple, follower. |
| शीघ्र | क्रि. वि. | 1. जल्द, अविलंब, झटपट, तुरंत, फौरन; | শীঘ্র, সত্বর, ত্বরায়, আশু; | शीघ्र, सत्वर, त्वराय, आशु; | quickly, immediately, urgently speedily, rapidly; |
| | | 2. निकट भविष्य में, जल्दी । | অবিলম্বে, অচিরে | अविलम्बे, अचिरे | soon, in a short time. |
| शीघ्रगामी | वि. | तेज चलनेवाला, द्रुतगामी । | শীঘ্রগামী, দ্রুতগামী | शीघ्रगामी, द्रुतगामी | going or moving quickly, fast (in movement). |
| शीघ्रता | स्त्री. | 1. जल्दी; | তাড়াতাড়ি; | ताड़ाताड़ि; | soon; |
| | | 2. तेजी, फुर्ती; | দ্রুততা; | द्रुतता; | quickness, swiftness; |
| | | 3. जल्दबाजी, उतावलापन । | ত্বরা | त्वरा | haste, hastiness, hurry. |
| शीत | वि. | शीतल, ठंडा । | শীত, শীতল | शीत, शीतल | cool, cold, chilly; |
| | पुं. | 1. जाड़ा, ठंड, सरदी; | শীত,শৈত্য; | शीत, शैत्य; | cold, coldness; |
| | | 2. जाड़े का मौसम । | হিম-ঋতু | हिम-ऋतु | cold season, winter. |
| शीतयुद्ध | पुं. | राष्ट्रों के पारस्परिक व्यवहार की ऐसी स्थिति जिसमें प्रत्यक्ष रूप से युद्ध तो नहीं होता, फिर भी प्रत्येक राष्ट्र स्वयं को शक्तिशाली और प्रभावयुक्त | ঠান্ডা লড়াই | ठान्डा लड़ाइ | cold war. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बनाने के लिए ऐसी चालें चलता है जिनसे दूसरे राष्ट्रों के समक्ष बाधाएं और उलझनें खड़ी होती रहती हैं । | | | |
| शीतल | वि. | 1. शीतगुणयुक्त, ठंडा; | শীতল, ঠান্ডা; | शीतल, ठान्डा; | cool, cold, chilly, frigid; |
| | | 2. आवेशरहित, शांत, सौम्य; | উত্তেজনারহিত, উদ্বেগরহিত, শান্ত | उत्तेजनारहित, उद्वेगरहित, शान्त | not exciting, calm, gentle, composed. |
| शीतलता | स्त्री. | 1. शीतल होने की अवस्था, गुण, धर्म या भाव; | শীতলতা, শৈত্য; | शीतलता, शैत्य; | coldness, chilliness; |
| | | 2. आवेश से रहित होने का भाव, शांति । | উদ্বেগহীনতা, উত্তেজনাহীনতা, শান্তি | उद्वेगहीनता, उत्तेजनाहीनता, शान्ति | calmness, unexcitedness, composure. |
| शीतला | स्त्री. | 1. एक रोग जिसमें शरीर पर दाने या फफोले निकल आते हैं, चेचक; | শীতলা, বসন্ত; | शीतला, बसन्त; | small-pox; |
| | | 2. उक्त रोग की अधिष्ठात्री देवी । | বসন্তরোগের অধিষ্ঠাত্রী দেবী | बसन्तरोगेर अधिष्ठात्री देबी | goddess presiding over small-pox. |
| शीतोष्ण | वि. | 1. ठंडा और गरम; | শীতোষ্ণ, ঠান্ডা ও গরম; | शीतोष्न, ठान्डा ओ गरम; | temperate, cold and hot, a mixture of cold and heat; |
| | | 2. कुछ-कुछ ठंडा और कुछ-कुछ गरम । | ঈষদুষ্ণ | ईषदुष्न | lukewarm. |
| शीरा | पुं. | गुड़, चीनी, मिसरी आदि के घोल को उबालकर तैयार की हुई चासनी । | গুড়, চিনি মিশ্রি ইত্যাদি জ্বাল দিয়া তৈরী করা রস | गुड़, चिनि मिश्रि इत्यादि ज्वाल दिया तैरी करा रस | syrup, molasses. |
| शीर्ष | पुं. | 1. सिर; | শীর্ষ, শির; | शीर्ष, शिर; | head; |
| | | 2. मस्तक; | মূর্ধা, ললাট; | मूर्द्धा, ललाट; | forehead; |
| | | 3. किसी वस्तु का सबसे ऊपरी तथा उन्नत सिरा; | অগ্রভাগ, উপরিভাগ, চূড়া; | अग्रभाग, उपरिभाग, चूड़ा; | upper part, tip, top; |
| | | 4. (ज्यामिति) वह बिंदु जिस पर दो ओर से दो तिरछी रेखाएं आकर मिलती हों; | (গণিতে) ত্রিভুজাদির কোণের প্রান্তবর্তী বিন্দু; | (गनिते) त्रिभुजादिर कोनेर प्रान्तबर्ती बिन्दु; | (geom.) vertex of a triangle ; |
| | | 5. खाते में किसी मद का नाम । | কোনো খাতে বিষয়-বিশেষের নাম | कोनो खाते बिषय-बिशेषेर नाम | head (of account), item. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शीर्षक** | पुं. | निबंध, ग्रन्थ, लेख आदि के ऊपर दिया जानेवाला उनका नाम जिससे उनके विषय का कुछ परिचय मिलता है । | शीर्षक, शिरोनामा | शीर्षक, शिरोनामा | heading, title. |
| **शीर्षबिंदु** | पुं. | आकाश में वह स्थान या उसका सूचक बिंदु जो हमारे सिर के ठीक ऊपर पड़ता है, शिरोबिंदु ऊर्ध्वबिन्दु । | शीर्षविन्दु, शिरोविन्दु, ऊर्ध्वविन्दु | शीर्षविन्दु, शिरोविन्दु, ऊर्ध्वविन्दु | zenith. |
| **शील** | पुं. | 1. नैतिक आचरण और व्यवहार,शुद्ध और शुभ चरित्र; | शील, सद्वृत्त; सच्चरित्र | शील, सद्वृत्त; सच्चरित्र | moral conduct, morality, good conduct, virtue, piety; |
| | | 2. विनम्रता, शिष्टता; | नम्रता, शिष्टता; | नम्रता, शिष्टता; | modesty, politeness, humbleness, courtesy; |
| | | 3. लज्जा, संकोच; | लज्जा, सङ्कोच; | लज्जा, सङ्कोच; | shyness, bashfulness; |
| | | 4. स्वभाव, प्रकृति । | स्वभाव, प्रकृति | स्वभाव, प्रकृति | disposition, nature. |
| **शीलवान्** | वि. | 1. उत्तम शील अर्थात आचरणवाला, सुशील, नेक चलन; | शीलवान्, उत्तम शीलविशिष्ट, सुशील; | शीलवान्, उत्तम शीलविशिष्ट, सुशील; | possessed of good qualities, of good moral character, of a good or amiable disposition, well-behaved; |
| | | 2. शिष्ट, नम्र; | शिष्ट, नम्र; | शिष्ट, नम्र; | modest, polite, humble; |
| | | 3. संकोची, लज्जालु । | लाजुक | लाजुक | shy, bashful. |
| **शीश** | पुं. | सिर । | शिर, मस्तक | शिर, मस्तक | head. |
| **शीशम** | पुं. | एक प्रसिद्ध पेड़ जिसकी लकड़ी इमारत, मेज, कुर्सी आदि बनाने के काम आती है । | शिशुगाछ, शिंशपा | शिशुगाछ, शिंशपा | Indian rose-wood tree. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शीशमहल | पुं. | 1. वह कमरा जिसकी दीवारों में सर्वत्र शीशे जड़े हों; | যে কামরার দেওয়ালে সর্বত্র কাঁচ বসান আছে; | जे कामरार देओयाले सर्वत्र कांच बसान आछे; | apartment the walls of which are inlaid with pieces of glass; |
| | | 2. शीशे का मकान । | কাঁচঘর | कांचघर | glass house. |
| शीशा | पुं. | 1. एक प्रसिद्ध कड़ा और भंगुर पदार्थ जो बालू, खारी मिट्टी या रेह को आग में गलाने से बनता है तथा जिससे अनेक प्रकार के पात्र, दर्पण आदि बनते हैं । | কাঁচ; | कांच; | glass; |
| | | 2. दर्पण, आईना । | দর্পণ, আয়না | दर्पन, आयना | looking glass. mirror. |
| शीशी | स्त्री. | कांच की लम्बी कुप्पी, बोतल के आकार का छोटा पात्र । | শিশি | शिशि | small bottle, phial, vial. |
| शुक | पुं. | तोता, सुग्गा । | তোতা, টিয়া | तोता, टिया | parrot. |
| शुक्ति | स्त्री. | 1. सीप, सीपी; | শুক্তি, ঝিনুক; | शुक्ति, झिनुक; | oyster, peal oyster; |
| | | 2. सीपी का कड़ा खोल । | ঝিনুকের খোলা | झिनुकेर खोला | oyster-shell. |
| शुक्र | पुं. | 1. एक ग्रह जो कभी-कभी दिन के प्रकाश में भी दिखाई देता है; | শুক্র, গ্রহবিশেষ; | शुक्र, ग्रहबिशेष; | the planet Venus; |
| | | 2. वीर्य; | বীর্য; | बीर्ज; | semen, sperm; |
| | | 3. शुक्रवार; | শুক্রবার; | शुक्रबार; | Friday; |
| | | 4. कृतज्ञता का प्रकाशन, उपकार मानना । | কৃতজ্ঞতাপ্রকাশ, ধন্যবাদ | कृतज्ञताप्रकाश, धन्यबाद | thanks, expression of gratitudes, thanks giving. |
| शुक्रगुज़ार | वि. | आभार माननेवाला, आभार प्रदर्शित करनेवाला । | কৃতজ্ঞ, ধন্যবাদ জ্ঞাপন করে এমন | कृतज्ञ, धन्यबाद ज्ञापन करे एमन | thankful, grateful. |
| शुक्रवार | पुं. | वृहस्पतिवार के बाद का और शनिवार के पहले का दिन, सप्ताह का छटा दिन । | শুক্রবার, বৃহস্পতিবারের পরের দিন | शुक्रबार, बृहस्पतिबारेर परेर दिन | Friday. |
| शुक्रिया | पुं. | कृतज्ञता-प्रकाशन, उपकार मानना, आभार । | কৃতজ্ঞতা প্রকাশ, ধন্যবাদ জ্ঞাপন | कृतज्ञता प्रकाश, धन्यबाद ज्ञापन | gratitude, thanks giving. |
| | अव्य. | धन्यवाद । | ধন্যবাদ | धन्यबाद | thanks ! thank you |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शुक्ल** | वि. | **1. श्वेत, सफेद;** | শুক্ল, শ্বেত, সাদা; | शुक्ल, श्वेत, सादा; | white; |
| | | **2. चमकीला ।** | উজ্জ্বল | उज्ज्वल | bright. |
| | पुं. | **चान्द्रमास का शुक्लपक्ष ।** | শুক্লপক্ষ | शुक्लपक्ष | bright or light half of a lunar month (from new to full moon). |
| **शुक्लपक्ष** | पुं. | **महीने के दो भागों में से वह भाग जिसमें चन्द्रमा की कला प्रतिदिन बढ़ती है और रात उजाली होती जाती है ।** | শুক্লপক্ষ, পূর্ণিমা তিথিতে যে-পক্ষের অবসান হয় | शुक्लपक्ष, पूर्निमा तिथिते जे-पक्षेर अबसान हय | light half of the month (fortnight of the moon's increase). |
| **शुचि** | स्त्री. | **1. पवित्रता, शुद्धता;** | শুচি, পবিত্রতা, শুদ্ধতা; | शुचि, पवित्रता, शुद्धता; | purity, sanctity, holiness; |
| | | **2. स्वच्छता ।** | নির্মলতা | निर्मलता | cleanliness. |
| | वि. | **1. शुद्ध, पवित्र;** | শুদ্ধ, পবিত্র; | शुद्ध, पवित्र; | pure, sacred; |
| | | **2. साफ, स्वच्छ;** | নির্মল; | निर्मल; | clean, clear; |
| | | **3. निर्दोष;** | নির্দোষ; | निर्दोष; | free from fault, flawless, guiltless; |
| | | **4. ईमानदार, सच्चा ।** | ন্যায়বান্, ধার্মিক | न्यायवान्, धार्मिक | honest, upright, true, virtuous. |
| **शुचिता** | स्त्री. | **1. पवित्रता, शुद्धता;** | শুচিতা, পবিত্রতা, শুদ্ধি; | शुचिता, पवित्रता, शुद्धि; | purity, sanctity, holiness; |
| | | **2. स्वच्छता, सफाई;** | নির্মলতা; | निर्मलता; | cleanliness,. clearness; |
| | | **3. ईमानदारी, सच्चाई;** | ন্যায়পরতা, সাধুতা; | न्यायपरता, साधुता; | honesty, virtuousness, uprightness; |
| | | **4. निर्दोषता ।** | নির্দোষতা | निर्दोषता | faultlessness, flawlessness, guiltlessness. |
| **शुतुरमुर्ग** | पुं. | **मुर्गे की जाति का एक विशालकाय पक्षी जिसकी गर्दन ऊंट की तरह लंबी होती है ।** | উটপাখী | उटपाखी | ostrich. |
| **शुद्ध** | वि. | **1. पवित्र;** | শুদ্ধ, পবিত্র; | शुद्ध, पवित्र; | pure, sacred; |
| | | **2. साफ, स्वच्छ, निर्मल;** | নির্মল, স্বচ্ছ; | निर्मल, स्वच्छ; | clean, clear, purified; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. मिलावटरहित, खालिस, सच्चा, असली; | খাঁটি, ভেজালহীন; | खाँटि, भेजालहीन; | unadulterated, genuine; |
| | | 4. निर्दोष; | নির্দোষ; | निर्दोष; | faultless, flawless; |
| | | 5. निष्पाप; | নিষ্কলুষ, নিষ্পাপ; | निष्कलुष, निष्पाप; | guiltless; |
| | | 6. जिसमें अशुद्धि, गलती या भूल न हो, त्रुटिरहित, सही, ठीक । | ভ্রমরহিত, নির্ভুল | भ्रमरहित, निर्भुल | correct, rectified, defectless. |
| | पुं. | संगीत शास्त्र में प्राचीन रागों की संज्ञा । | ভারতীয় মার্গ-সংগীতের প্রাচীন রাগের নাম | भारतीय मार्ग-सङ्गीतेर प्राचीन रागेर नाम | natural note in Indian Classical music. |
| शुद्धता | स्त्री. | 1. पवित्रता; | শুদ্ধতা, পবিত্রতা; | शुद्धता, पबित्रता; | purity, holiness; |
| | | 2. सफाई, स्वच्छता; | নির্মলতা, স্বচ্ছতা; | निर्मलता, स्वच्छता; | cleanliness, clearness; |
| | | 3. निर्दोषता; | নির্দোষতা; | निर्दोषता; | faultlessness, flawlessness; guiltlessness; |
| | | 4. मिलावट रहित होने का भाव । | ভেজালহীনতা | भेजालहीनता | unadulteratedness, genuineness. |
| शुद्धि | स्त्री. | 1. पवित्रता; | শুদ্ধি, পবিত্রতা; | शुद्धि, पवित्रता; | purity, holiness, sanctity; |
| | | 2. सफाई, स्वच्छता; | নির্মলতা, স্বচ্ছতা; | निर्मलता, स्वच्छता; | cleanliness, clearness; |
| | | 3. निर्दोषता; | দোষহীনতা; | दोषहीनता; | faultlessness, flawlessness, guiltlessness; |
| | | 4. संशोधन, ठीक करना; | সংশোধন; | संशोधन; | correction, rectification; |
| | | 5. मिलावट रहित होने का भाव; | ভেজালহীনতা; | भेजालहीनता; | unadulteratedness, genuineness; |
| | | 6. शुद्ध होने या करने की क्रिया, मार्जन । | নৈর্মল্যসম্পাদন, মার্জনা, পরিষ্করণ | नैर्मल्यसम्पादन, मार्जना, परिष्करन | cleaning, clearing. |
| शुद्धिपत्र | पुं. | 1. ग्रंथ आदि के अंत में लगाया जानेवाला वह पत्र, सूची आदि जिसमें उक्त ग्रंथ आदि में हुई अशुद्धियों को ठीक करके लिखा गया हो । | শুদ্ধিপত্র, গ্রন্থাদির ভ্রমসংশোধন তালিকা; | शुद्धिपत्र, ग्रन्थादिर भ्रमसंशोधन तालिका; | errata. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. समाचारपत्र आदि में प्रकाशित ऐसी कोई सूचना जिसमें पूर्वप्रकाशित गलत सूचना को ठीक किया गया हो । | ভ্রমসংশোধন; | भ्रमसंशोधन; | corrigendum. |
| शुभ | वि. | मंगलमय, कल्याणकारी । | শুভ মংগলজনক, কল্যাণকর; | शुभ मङ्गलजनक, कल्यानकर; | auspicious, lucky, happy, fortunate. |
| | पुं. | कल्याण, मंगल । | কল্যাণ, মংগল | कल्यान, मङ्गल | auspiciousness, welfare, well-being, good fortune, happiness. |
| शुभचिन्तक | पुं. | किसी की भलाई चाहनेवाला, हितैषी, शुभेच्छु, शुभाकांक्षी । | শুভানুধ্যায়ী | शुभानुध्यायी | well-wisher, friend. |
| शुभाकांक्षी | पुं., वि. | शुभचिंतक । | শুভাকাঙ্ক্ষী, কল্যাণকারী হিতাভিলাষী | शुभकाङ्क्षी, कल्यानकारी, हिताभिलाषी | well-wishing, well-wisher. |
| शुभागमन | पुं. | मंगलप्रद या सुखद आगमन । | শুভাগমন, শুভকর উপস্থিতি | शुभागमन, शुभकर उपस्थिति | welcome, welcome arrival. |
| शुभाशीष | स्त्री. | मंगलकारी आशीर्वाद, शुभाशीर्वाद । | শুভাশিষ (শুভাশীষ) শুভাশীর্বাদ | शुभाशिष (शुभाशीष) शुभाशीर्बाद | good wishes, benediction, blessing. |
| शुभेच्छु | पुं. | शुभचिंतक, शुभकामना करनेवाला । | শুভেচ্ছু, শুভার্থী | शुभेच्छु, शुभार्थी | well-wisher. |
| शुभ्र | वि. | 1. श्वेत, सफेद; 2. चमकीला, उज्ज्वल; | শুভ্র, শ্বেত, শুক্ল; দীপ্ত, উজ্জ্বল; | शुभ्र, श्वेत, शुक्ल; दीप्त, उज्ज्वल; | white; shining, bright, radiant; |
| | | 3. निर्मल, निष्कलंक । | নির্মল | निर्मल | spotless, immaculate. |
| शुभ्रता | स्त्री. | 1. सफेदी; 2. चमकीलापन, निर्मलता; | শুভ্রতা, শুক্লত্ব; দীপ্তি, নির্মলতা; | शुभ्रता, शुक्लत्व; दीप्ति, निर्मलता; | whiteness; radiance, brightness; |
| | | 3. निष्कलंकता । | নিষ্কলঙ্কতা | निष्कलङ्कता | spotlessness, immaculateness. |
| शुरू | पुं. | आरंभ, प्रारंभ । | শুরু, আরম্ভ, সূত্রপাত | शुरु, आरम्भ, सूत्रपात | beginning, commencement. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शुल्क | पुं. | 1. वह धन जो वस्तुओं की उत्पत्ति, उपभोग, आयात, निर्यात आदि करने पर कानूनन कर के रूप में देय हो; | শুল্ক, পণ্যদ্রব্যের আমদানি-রপ্তানির উপর স্থাপিত কর বা মাসুল; | शुल्क, पन्यद्रब्येर आमदानि-रप्तानिर उपर स्थापित कर बा मासूल; | duty; |
| | | 2. विशिष्ट सुविधा प्रदान करने पर किसी संस्था को दिया जानेवाला धन; | ফী; | फी; | fee; |
| | | 3. चंदा । | চাঁদা | चांदा | subscription. |
| शुश्रूषा | स्त्री. | 1. सेवा-टहल; | শুশ্রূষা, সেবা; | सुश्रुषा, सेबा; | service, attendance; |
| | | 2. परिचर्या, रोगी की देखरेख । | পরিচর্যা | परिचर्जा | nursing. |
| शुष्क | वि. | 1. आर्द्रतारहित; | শুষ্ক, শুকনা, অনার্দ্র; | शुष्क, शुकना, अनार्द्र; | dried up, dry, withered; |
| | | 2. जहां वर्षा न हुई हो या न होती हो, सूखा; | বৃষ্টিহীন; | बृष्टिहीन; | arid, droughty. |
| | | 3. हृदयहीन, कोमलतारहित; | হৃদয়হীন, কোমলতারহিত; | हृदयहीन, कोमलतारहित; | unfeeling, emotionless; |
| | | 4. नीरस, दिमाग को थकाने वाला । | নীরস, অবসাদজনক | नीरस, अबसादजनक | prosaic, uninteresting, tedious. |
| शुष्कता | स्त्री. | 1. शुष्क होने की अवस्था या भाव, आर्द्रता से रहित होना; | শুষ্কতা, অনার্দ্রতা; | शुष्कता, अनाद्रता; | dryness, witheredness; |
| | | 2. हृदयहीनता, कोमलता से रहित होना; | হৃদয়হীনতা; | हृदयहीनता; | unfeeling temperament, emotionlessness, hardness; |
| | | 3. नीरसता, उबाऊपन; | নীরসতা; | नीरसता; | prosaicness; |
| | | 4. अनावृष्टि, सूखा । | অনাবৃষ্টি, খরা | अनाबृष्टि, खरा | aridity, draught. |
| शूल | पुं. | 1. नुकीला सिरा, नोक; | শূক, সূক্ষ্ম, তীক্ষ্ণ অগ্র; | शूक, सूक्ष्म, तीक्ष्न अग्र; | point, tip, sharp end; |
| | | 2. अन्न की बाल का सींका या नुकीला भाग, टूँड़; | ধন্যাদির সূক্ষ্ম অগ্রভাগ, শুঁয়া; | धन्यादिर सूक्ष्म अग्रभाग, शुंया, | awn of barley etc. |
| | | 3. नुकीला रोयां । | তীক্ষ্ণ দৃঢ়লোম | तीक्ष्न दृढ़लोम | bristle, sharp hair, stiff hair. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शूकर | पुं. | सूअर नामक पशु, वाराह । | শূকর, বরাহ | शूकर, बराह | hog, bear, pig. |
| शूद्र | पुं. | 1. हिन्दुओं की वर्णव्यवस्था में चतुर्थ वर्ण; | শূদ্র, হিন্দু চতুর্বর্ণের চতুর্থটি; | शूद्र, हिन्दु चतुर्वर्नेर चतुर्थटि; | fourth or the last of the four principal classes or castes of Hindus; |
| | | 2. उक्त वर्ण का व्यक्ति । | উক্ত বর্ণের পুরুষ | उक्त वर्नेर पुरुष | member of the above caste. |
| शून्य | वि. | 1. रिक्त, खाली; | শূন্য, রিক্ত; | शून्य, रिक्त; | empty, void, vacant; |
| | | 2. अस्तित्वरहित, असत्; | অস্তিত্বরহিত; | अस्तित्वरहित; | non-existent; |
| | | 3. निर्जन; | জনহীন; | जनहीन; | desolate, deserted (place); |
| | | 4. (समस्त पदों के अंत में) रहित, हीन । | (পদান্তে) রহিত, বিহীন | (पदान्ते) रहित, विहीन | (in comp.) devoid of. |
| | पुं. | 1. खाली स्थान, अवकाश; | খালি জায়গা, ফাঁক; | खालि जायगा, फांक; | vacuum, void, blank; |
| | | 2. आकाश; | আকাশ; | आकाश; | sky, space, atmosphere; |
| | | 3. एकांत स्थान; | বিজন, রিক্তস্থান; | बिजन, रिक्तस्थान; | desolate or deserted place, seclusion; |
| | | 4. गणित में अभावसूचक चिह्न; | (গণিতে) 0 এই চিহ্ন; | (गनिते) 0 एइ चिह्न; | cipher, zero; |
| | | 5. बिन्दु, बिन्दी; | বিন্দু; | बिन्दु; | dot; |
| | | 6. अभाव, अनस्तित्व । | অভাব, অনস্তিত্ব | अभाव, अनस्तित्व | non-entity, (absolute) non-existence. |
| शूर | वि., पुं. | 1. वीर, बहादुर; | শূর, বীর, শৌর্যশালী; | शूर, बीर, शौर्जशाली; | brave or valiant man; |
| | | 2. योद्धा, सूरमा; | যোধ, যোদ্ধা; | जोध, जोद्धा; | warrior; |
| | | 3. वह जो किसी काम या बात में औरों से बढ़कर हो । | শ্রেষ্ঠ | श्रेष्ठ | outstanding or eminent person. |
| शूरता | स्त्री. | शूर होने की अवस्था या भाव, शौर्य, बहादुरी, वीरता, पराक्रम । | বীরত্ব, শৌর্য | बीरत्व, शौर्ज | bravery, courage, valour, heroism, gallantry. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शूल** | पु. | 1. बरछा, भाला; | শূল, বর্শা; | शूल, बर्शा; | spear, lance; |
| | | 2. बड़ा, लंबा और नुकीला कांटा; | বড় লম্বা, ছুঁচালো কাঁটা; | बड़ लम्बा, छुंचालो कांटा; | prong, pointed big thorn; |
| | | 3. वात प्रकोप के कारण आंतों में होनेवाली प्रबल पीड़ा; | পেটের তীব্র ব্যথা; | पेटेर तीव्र व्यथा; | sharp pain in the stomach, colic; |
| | | 4. ऐसी शारीरिक पीड़ा जो बरछी की तरह चुभती हुई जान पड़ती है; | তীব্রবেদনা; | तीव्रबेदना; | any sharp or acute pain; |
| | | 5. वेदना, व्यथा । | বেদনা, ব্যথা | बेदना, ब्यथा | grief, sorrow. |
| **शूली** | स्त्री. | 1. सूली, फांसी का तख्ता; | ফাঁসিকাঠ; | फांसिकाठ; | gallows; |
| | | 2. फांसी की सजा, प्राणदण्ड । | ফাঁসি যাওয়ার দন্ড, প্রাণদন্ড | फांसि जाओयार दन्ड, प्रानदन्ड | (death by) hanging, execution. |
| **शृंखला** | स्त्री. | 1. क्रम, माला; | শৃঙ্খলা, ধারা; | श्रृङखला, धारा; | series, succession, range; |
| | | 2. पंक्ति, कतार, श्रेणी; | পঙ্ক্তি, শ্রেণী; | पङक्ति, श्रेनी; | line, row, queue;. |
| | | 3. कोटिक्रम, तारतम्य; | ক্রম, পরম্পরা; | क्रम, परम्परा; | order, sequence; |
| | | 4. करधनी | কটিবদ্ধ অলংকারবিশেষ; | कटिबद्ध अलङ्कारबिशेष; | chain or belt worn round the waist; |
| | | 5. जंजीर, सिकड़ी; | শিকল; | शिकल; | chain, fetter in general; |
| | | 6. बंधन । | বন্ধন | बन्धन | bond, tie. |
| **शृंग** | पु. | 1. पशुओं की सींग; | শৃংগ, শিঙ, শিং; | श्रृङ्ग, शिङ्, शिं; | horn; |
| | | 2. चोटी, शिखर; | পর্বতাগ্র, শিখর; | पर्बताग्र, शिखर; | top or summit (of a mountain); |
| | | 3. कंगूरा। | প্রাসাদাগ্র, গৃহচূড়া | प्रासादाग्र, गृहचूड़ा | top of a building, turnet; |
| **शृंगार** | पु. | 1. साहित्य के नौ रसों में से एक प्रधान रस जिसमें प्रेमी और प्रेमिका के प्रेमपूर्ण व्यवहारों की चर्चा होती है; | শৃংগার (সাহিত্য) নবরসের প্রধান (আদি) রস, প্রেমিক-প্রেমিকার সম্তম আচরণ যার ভিত্তি; | श्रृङ्गार (साहित्य) नबरसेर प्रधान (आदि) रस, प्रेमिक-प्रेमिकार सप्तम आचरन जार भित्ति; | sentiment of love or sexual passion, erotic sentiment; |
| | | 2. सौंदर्य की वृद्धि के लिए सौंदर्य प्रसाधनों द्वारा बनाव-सजाव; | প্রসাধক সাজসজ্জা; | प्रसाधक साजसज्जा; | make-up; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. सौंदर्य विधायक तत्व । | অংগরাগ | अङ्गराग | decoration, embellishment, ornament. |
| श्रृगाल | पुं. | 1. गीदड़; | শৃগাল, শিয়াল; | श्रृगाल, शियाल; | jackal. |
| | | 2. (ला.) डरपोक, कायर । | ভীরু | भीरु | (fig.) coward. |
| शेखचिल्ली | पुं. | 1. एक कल्पित मूर्ख जिसकी मूर्खता की अनेक कहानियां जनसाधारण में प्रसिद्ध हैं । | লোকপ্রসিদ্ধ মহামূর্খ; | लोकप्रसिद्ध महामूर्ख; | conventional fool who builds castles in the air; |
| | | 2. बड़ी-बड़ी हवाई योजनाएं बनानेवाला व्यक्ति, बढ़-चढ़कर बेसिर-पैर की बातें करनेवाला व्यक्ति । | যে বাস্তববুদ্ধি-হীন ব্যক্তি আকাশকুসুম কল্পনা করে | जे बास्तवबुद्धि-हीन ब्यक्ति आकाशकुसुम कल्पना करे | typical outwit ever living in a fool's paradise. |
| शेखी | स्त्री. | 1. मिथ्याभिमान, डींग; | মিথ্যাভিমান; | मिथ्याभिमान; | vanity, boast, brag. |
| | | 2. झूठी शान, अकड़ । | মিথ্যা বড়াই | मिथ्या बड़ाइ | ostentatious; display, strut. |
| शेखीबाज | वि. | शेखी बघारने या डींग हांकने-वाला, मिथ्याभिमानी । | মিথ্যাভিমানী, দেমাকে | मिथ्याभिमानी, देमाके | boaster, braggart. |
| शेर | पुं. | 1. एक प्रसिद्ध हिंसक पशु, सिंह; | সিংহ; | सिंह; | lion; |
| | | 2. (ला.) निर्भीक, वीर और साहसी पुरुष; | নির্ভীক, বীর; | निर्भीक, वीर; | (fig.) fearless, courageous and brave man; |
| | | 3. गजल के दो चरण । | গজলের দুই চরণ | गजलेर दुइ चरन | couplet (in Urdu poetry). |
| शेरवानी | स्त्री. | मुसलमानी ढंग का एक प्रकार का अंगा । | শেরওয়ানী, লম্বা কুর্তাবিশেষ | शेरओयानी, लम्बा कुर्ताविशेष | a typical long light coat. |
| शेष | वि. | 1. बचा हुआ, बाकी, अवशिष्ट; | শেষ, অবশিষ্ট; | शेष, अबशिष्ट; | remaining, rest, all the other; |
| | | 2. समाप्त, नष्ट; | সমাপ্ত, বিনষ্ট; | समाप्त, बिनष्ट; | terminated, destroyed; |
| | | 3. जिसका भुगतान न हुआ हो, बकाया; | বাকী; | बाकी; | outstanding; |
| | | 4. जिसका उल्लेख, कथन आदि अभी होने को हो; | যাহা এখনও বলা হয় নাই এমন; | जाहा एखनओ बला हय नाइ एमन; | left out or omitted to be said; |
| | | 5. आवश्यकता से अधिक, फालतू । | বাড়তি, ফালতু | बाड़ति, फालतु | surplus. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | 1. अवशिष्ट अंश; | অবশিষ্টাংশ; | अबशिष्टांश; | remaining portion, rest, residue; |
| | | 2. बड़ी संख्या में से छोटी संख्या घटाने पर बची हुई संख्या; | ভাগশেষ; | भागशेश; | remainder; |
| | | 3. समाप्ति; | সমাপ্তি; | समाप्ति; | end, termination, conclusion; |
| | | 4. अतिरिक्त पदार्थ, फालतू; | উদ্বৃত্তাংশ; | उद्वृत्तांश; | surplus; |
| | | 5. अशोधित राशि, बकाया; | বকেয়া; | बकेया; | balance, outstanding amount; |
| | | 6. कथन का छोड़ा हुआ अंश। | যাহা এখনও বলা হয় নাই | जाहा एखनओ बला हय नाइ | anything left out or omitted to be said. |
| शेषनाग | पुं. | सर्पराज शेष जो पुराणानुसार पृथ्वी को अपने सिर पर धारण करनेवाले माने गए हैं। | শেষনাগ, পুরাণপ্রসিদ্ধ সর্পরাজ, অনন্ত, ইনি সহস্রফণা, চতুর্দশ ভুবন ইঁহার ফণায় অবস্থিত | शेषनाग, पुरानप्रसिद्ध सर्पराज, अनन्त, इनि सहस्रफना, चतुर्दश भुबन इंहार फनाय अबस्थित | name of the celebrated, mythological thousand headed, serpent who bears the entire world on his heads. |
| शैक्षिक | वि. | शिक्षा संबंधी। | শৈক্ষিক, শিক্ষাসম্বন্ধী | शैक्षिक, शिक्षासम्बन्धी | academic, educational. |
| शैतान | पुं. | 1. दुष्ट देवयोनि, ईश्वर के सन्मार्ग का विरोध करनेवाली शक्ति; | শয়তান, ঈশ্বরবিদ্বেষী উপদেবতাবিশেষ; | शयतान, ईश्वरबिद्वेषी उपदेबताबिशेष; | devil, Satan, an evil spirit, evil genius, mischief; |
| | | 2. अत्याचारी या दुष्ट व्यक्ति। | অতি দুর্বৃত্ত ব্যক্তি | अति दुर्वृत्त ब्यक्ति | tyrant and wicked person. |
| | वि. | 1. नटखट; | দুষ্ট; | दुष्ट; | naughty; |
| | | 2. दुष्ट। | দুষ্ট, পাজি | दुष्ट, पाजि | mischievous, guileful, wicked. |
| शैतानी | वि. | शैतान की तरह बहुत दुष्ट | শয়তানের মতো অত্যন্ত দুষ্ট | शयतानेर मतो अत्यन्त दुष्ट | devilish, diabolical; |
| | स्त्री. | दुष्टता, शरारत। | দুষ্টতা, পেজমি, পেজমো | दुष्टता, पेजमि, पेजमो | naughtiness, mischievousness, wickedness, mischief. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शैत्य | पुं. | शीतलता, ठंडक । | শৈত্য, শীতলতা | शैत्य, शीतलता | coldness, cold. |
| शैथिल्य | पुं. | दे. शिथिलता । | দ্রঃ 'শিথিলতা' | द्रः 'शिथिलता' | see 'शिथिलता' । |
| शैल | पुं. | 1. पर्वत, पहाड़;<br>2. चट्टान, शिला । | শৈল, পর্বত;<br>শিলাখন্ড; | शैल, पर्बत;<br>शिलाखन्ड; | mountain, hill;<br>rock. |
| शैलजा | स्त्री. | पार्वती, दुर्गा । | শৈলজা, পার্বতী, দুর্গা | शैलजा, पार्बती, दुर्गा | epithet of Durga or Parvati. |
| शैली | स्त्री. | 1. ढंग, तरीका, पद्धति; | শৈলী, রীতি, প্রণালী; | शैली, रीति, प्रनाली; | way, manner, method; |
| | | 2. (साहित्य) रचना अथवा अभिव्यक्ति का विशिष्ट ढंग; | (সাহিত) রচনার ঢঙ, স্টাইল; | (साहित्य) रचनार ढङ, स्टाइल; | (lit.) style, mode of expression, diction; |
| | | 3. कोई चीज निर्मित या प्रस्तुत करने का कलापूर्ण ढंग । | কোনো বস্তুর নির্মাণরীতি | कोनो बस्तुर निर्मानरीति | style (architectural etc.). |
| शैव | वि. | 1. शिवसंबंधी; | শৈব, শিবসম্বন্ধী; | शैब, शिबसम्बन्धी; | relating or belonging to the God Siva; |
| | | 2. शैवमतानुयायी । | শৈবমতানুসারী, শিবোপাসনাকারী | शैबमतानुसारी, शिबोपासनाकारी | follower of the Siva sect or Saivism. |
| | पुं. | 1. शिव का उपासक या भक्त; | শিবভক্ত, শিবোপাসক; | शिबभक्त, शिबोपासक; | worshipper or devotee of Siva; |
| | | 2. शिव के उपासकों का संप्रदाय । | শিবভক্ত সম্প্রদায়বিশেষ | शिबभक्त सम्प्रदायबिशेष | name of one of the three principal Hindu sects, Saivism. |
| शैवाल | पुं. | सेवार । | শৈবাল, শেয়ালা | शैबाल, शेयाला | alga. |
| शैशव | पुं. | 1. शिशु होने की अवस्था या भाव, बचपन, लड़कपन; | শৈশব, শিশুত্ব, শিশুভাব, ছেলেবেলা; | शैशब, शिशुत्ब, शिशुभाब, छेलेबेला; | infancy; |
| | | 2. सोलह वर्ष से कम अवस्था । | ষোড়শ বর্ষ-পর্যন্ত বাল্য | षोड़श बर्ष पर्जन्त बाल्य | childhood (period below sixteen). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शोक | पुं. | 1. इष्ट वस्तु या आत्मीय जन के वियोग, नाश या मृत्यु के कारण होनेवाली मानसिक व्यथा, घोर दु:ख; | শোক, প্রিয় ব্যক্তি বস্তু প্রভৃতিকে হারাইবার ফল-স্বরূপ মনোবেদনা বা দুঃখ; | शोक, प्रिय व्यक्ति वस्तु प्रभृतिके हाराइवार फल-स्वरूप मनोवेदना वा दुःख; | mourning, lamentation, wailing; |
| | | 2. बहुत अधिक दु:ख, संताप; | সন্তাপ; | सन्ताप; | sorrow, grief. anguish; |
| | | 3. संवेदना । | সমবেদনা | समवेदना | condolence. |
| शोकसंताप | पुं. | शोक से होनेवाली मानसिक जलन, बहुत तीव्र मानसिक क्लेश या पीड़ा । | শোকসন্তাপ, শোকদহন | शोकसन्ताप, शोकदहन | grief, distress, woe, sorrow, deep anguish, compunction. |
| शोकाकुल | वि. | शोक से व्याकुल । | শোকাকুল, শোকবিহ্বল শোকে কাতর | शोकाकुल, शोकविह्वल, शोके कातर | overcome with sorrow, overwhelmed with grief, greatly distressed. |
| शोख | वि. | 1. ढीठ, निर्भय; | ধৃষ্ট, নির্ভয়; | धृष्ट, निर्भय; | insolent, bold; |
| | | 2. नटखट, चपल, विनोदी; | দুষ্টু, চপল, আমোদে, হাসিখুশি; | दुष्टु, चपल, आमोदे, हासिखुशि; | playful, sportive, mischievous; |
| | | 3. चटकीला (रंग) । | উজ্জ্বল, চকমকে | उज्ज्वल, चकमके | bright (as colour). |
| शोखी | स्त्री. | 1. ढिठाई, निर्भयता; | ধৃষ্টতা, নির্ভয়তা; | धृष्टता, निर्भयता; | insolence, boldness; |
| | | 2. चपलता, नटखटपन; | চপলতা, দুষ্টুমি; | चपलता, दुष्टुमि; | playfulness, sportiveness, mischief; |
| | | 3. (रंग का) चटकीलापन; | উজ্জ্বলতা; | उज्ज्वलता; | brightness (as of colour); |
| | | 4. नाजनखरा, नखरेबाजी । | নেকামি, নেকামো | नेकामि, नेकामो | coquetry. |
| शोच | पुं. | 1. चिंता, फिक्र; | চিন্তা; | चिन्ता; | anxiety, concern; |
| | | 2. दु:ख, रंज । | শোচ, শোক | शोच, शोक | sorrow, grief. |
| शोचनीय | वि. | 1. जो चिंता या फिक्र का विषय हो, चिंतनीय; | চিন্তার কারণ এমন, চিন্তনীয়; | चिन्तार कारन, एमन चिन्तनीय; | causing concern or anxiety; |
| | | 2. जिसे देखकर दु:ख या रंज हो । | শোচনীয়, শোকার্হ, শোচ্য | शोचनीय, शोकार्ह, शोच्य | lamentable, deplorable, pitiable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शोणित** | पुं. | **रक्त, खून ।** | শোনিত, রক্ত, রুধির | शोनित, रक्त, रुधिर | blood. |
| | वि. | लाल । | লোহিত, শোণিত | लोहित, शोनित | red. |
| **शोथ** | पुं. | **1. सूजन;** | ফুলা | फुला | swelling; |
| | | **2. शरीर के किसी अंग में सूजन होने का रोग ।** | শোথ, জলসঞ্চারহেতু দেহের ফোলা রোগ | शोथ, जलसञ्चारहेतु देहेर फोला रोग | dropsy. |
| **शोध** | पुं. | **1. खोज, अनुसंधान;** | গবেষণা; | गबेषना; | research; |
| | | **2. (ऋण) चुकाना, अदा करना;** | শোধ (ঋণাদি) পরিশোধ, প্রত্যর্পণ; | शोध, (ऋनादि) परिशोध, प्रत्यर्पन; | acquittance, paying off (as of debts); |
| | | **3. शुद्ध या साफ करना, सफाई;** | শোধন, মার্জন; | शोधन, मार्जन; | purification, cleansing; |
| | | **4. कमी, त्रुटि, आदि ठीक या दुरुस्त करना ।** | ত্রুটি বিচ্যুতির সংশোধন | त्रुटि विच्युतिर संशोधन | correction, rectification. |
| **शोधक** | वि., पुं. | **1. शुद्ध या साफ करनेवाला;** | শোধক, মার্জক, শোধনকারী; | शोधक, मार्जक, शोधनकारी; | purificatory, purifying, cleansing, purgative, purifier; |
| | | **2. त्रुटि शुद्ध करनेवाला;** | ভ্রমসংশোধক; | भ्रमसंशोधक; | corrective, rectifier, corrector; |
| | | **3. (ऋण) चुकानेवाला;** | পরিশোধনকারী; | परिशोधनकारी; | paying off a debt; |
| | | **4. अन्वेषण करनेवाला, खोजी ।** | গবেষক | गबेषक | researcher. |
| **शोधन** | पुं. | **1. शुद्ध या साफ करने की क्रिया या भाव, निर्दोषीकरण, शुद्धिकरण** | শোধন, মার্জন, মলাপনয়ন; | शोधन, मार्जन, मलापनयन; | purifying, cleansing, refining; |
| | | **2. संशोधन, सही करना;** | ভ্রমসংশোধন, | भ्रमसंशोधन; | correction, rectification, clearing away errors; |
| | | **3. (ऋण) चुकाना, अदा करना ।** | (ঋণাদি) পরিশোধ | (ऋनादि) परिशोध | payment, discharge, acquittance (of debt). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शोधना** | स. क्रि. | 1. किसी शुभ कार्य के लिए विहित-अविहित मास, तिथि आदि का विचार करना; | শুভকার্যের জন্য দিনক্ষণ বিচার করা; | शुभकार्जेर जन्य दिनक्षन बिचार करा; | to work out an auspicious moment for marriage etc. by astrological calculations; |
| | | 2. शुद्ध करना; | শুদ্ধ করা, সংশোধন করা; | शुद्ध करा, संशोधन करा; | to cleanse, to purify; |
| | | 3. दुरुस्त करना । | ঠিক ঠাক করা | ठिक ठाक करा | to correct. |
| **शोध प्रबंध** | पुं. | ऐसा प्रबंध-लेख जिसमें किसी विषय के सब अंगों की अच्छी तरह जांच-पड़ताल करके उसके संबंध में कोई मत या विचार स्थिर किया गया हो । | গবেষণা নিবন্ধ | गबेषना निबन्ध | thesis, research work. |
| **शोधित** | वि. | 1. जिसका शोधन हुआ हो, शुद्ध या साफ किया हुआ; | শোধিত, মার্জিত, পরিষ্কৃত; | शोधित, मार्जित, परिष्कृत; | purified, cleansed, refined; |
| | | 2. संशोधित; | সংশোধিত; | संशोधित; | corrected, rectified; |
| | | 3. जिसके संबंध में शोध या अन्वेषण हुआ हो; | যে বিষয়ে গবেষণা করা হইয়াছে এমন; | जे बिषये गबेषना करा हइयाछे एमन; | researched, discovered; |
| | | 4. परिशोधित, चुकाया हुआ (ऋण) । | পরিশোধিত, শোধ করা হইয়াছে এমন | परिशोधित, शोध करा हइयाछे एमन | acquitted, paid off, discharged, liquidated (as a debt). |
| **शोभन** | वि. | 1. शोभायुक्त, सुंदर; | শোভন, শোভাযুক্ত, সুন্দর; | शोभन, शोभाजुक्त, सुन्दर; | handsome, beautiful, lovely, graceful; |
| | | 2. शोभावर्धक; | শোভাজনক, শোভাকারক; | शोभाजनक, शोभाकारक; | adorning, beautifying; |
| | | 3. उचित; | সমুচিত; | समुचित; | befitting, becoming, proper; |
| | | 4. मंगलकारक, शुभ । | মংগলময় | मङ्गलमय | good, auspicious, fortunate. |
| **शोभनीय** | वि. | 1. उचित; | শোভনীয়, সমুচিত; | शोभनीय, समुचित; | befitting, becoming, proper, suitable; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. सुंदर । | সুন্দর | सुन्दर | handsome, lovely, graceful. |
| **शोभा** | स्त्री. | 1. (शारीरिक या प्राकृतिक) सौंदर्य, छवि, लावण्य; | শোভা, সৌন্দর্য; | शोभा, सौन्दर्ज; | natural beauty, grace, elegance; |
| | | 2. कांति, चमक; | কান্তি, দ্যুতি; | कान्ति, द्युति; | lustre, brilliance, radiance; |
| | | 3. सौन्दर्यवर्धक तत्व । | সৌন্দর্যবর্ধক বস্তু | सौन्दर्जवर्धक बस्तु | beautifying element, embellishment. |
| **शोभायमान** | वि. | 1. जो देखने में सुंदर लगता हो; | শোভামান্ দীপ্যমান্, উজ্জ্বল; | शोभामान्, दीप्यमान्, उज्ज्वल; | looking beautiful, graceful, lustrous etc.; |
| | | 2. शोभा देता हुआ, शोभा बढ़ाता हुआ; | শোভাবর্ধক, . শোভাজনক; | शोभावर्धक, शोभाजनक; | adding to the beauty of, gracing (the occasion or place) by one's presence; |
| | | 3. विराजमान । | বিরাজমান | बिराजमान | graciously seated. |
| **शोभित** | वि. | 1. शोभायुक्त, सुंदर; | শোভিত, শোভাযুক্ত; | शोभित, शोभाजुक्त; | beautiful,lovely, graceful; |
| | | 2. सजा हुआ, सज्जित; | ভূষিত; | भूषित; | adorned, graced, decorated, embellished; |
| | | 3. विराजमान । | বিরাজমান | बिराजमान | graciously seated, gracing (an occasion or place) by one's presence. |
| **शोर** | पुं. | 1. ऊंची, तीखी और कर्णकटु आवाज, हल्ला, कोलाहल; | শোর, কোলাহল, গোলমাল, হাঁকডাক; | शोर, कोलाहल, गोलमाल, हांकडाक; | cry, noise, outcry, exclamation, din, tumult; |
| | | 2. (ला.) किसी चीज की सहसा होनेवाली व्यापक चर्चा, धूम । | ব্যাপকভাবে আলোচিত বিষয় | ब्यापकभाबे आलोचित बिषय | (fig.) burning topic. |
| **शोरबा (शोरवा)** | पुं. | पकाए हुए तरकारी, दाल, मांस आदि का जूस, रसा । | শুরুয়া, যূষ, ঝোল | शुरुया, जूष, झोल | soup, broth. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शोरा | पुं. | सफेद रंग का एक प्रकार का क्षार जो मिट्टी से निकलता है । | শোরা, সোরা, মৃত্তিকা হইতে জাত সার-বিশেষ, যবক্ষার | शोरा, सोरा, मृत्तिका हइते जात सार-विशेष, जबक्षार | soda nitre, sodium-nitrate. |
| शोला | पुं. | आग की लपट, ज्वाला । | অগ্নিশিখা | अग्निशिखा | flame of fire. |
| शोशा | पुं. | 1. किसी बात में निकाली हुई ऐसी अनोखी या नई बात जो उसे किसी दूसरी ओर प्रवृत्त कर सकती हो या उसमें कोई त्रुटि दिखलाती हो; | অদ্ভুত বস্তু | अद्‌भुत बस्तु; | queer thing; |
| | | 2. कोई व्यंग्यपूर्ण या झगड़ा खड़ा करनेवाली बात; | বাঁকা কথা; | बांका कथा; | lampoonery; |
| | | 3. आगे निकली हुई नोक । | সম্মুখে প্রসারিত সূক্ষ্ম অগ্রভাগ | सम्मुखे प्रसारित सूक्ष्म अग्रभाग | projecting point. |
| शोषक | वि. | 1. सोखनेवाला, नमी आदि चूसनेवाला; | শোষক, শোষন-কর, শোষয়িতা; | शोषक, शोषन-कर, शोषयिता; | drying up, sucking up; |
| | | 2. अपने स्वार्थ के लिए नष्ट करनेवाला । | আকর্ষণপূর্বক আত্ম-সাৎ করে এমন | आकर्षनपूर्बक आत्म-सात् करे एमन | absorbing, absorbent. |
| | पुं. | 1. दूसरों का धन हरण करनेवाला तथा उनका पूर्ण और वास्तविक देय भाग न देनेवाला व्यक्ति या व्यक्तिसमूह, शोषण करनेवाला; | শোষক, অন্যায়-ভাবে দুর্বল বা দরিদ্রের ধনাদি আত্মসাৎ করে এমন প্রবল বা ধনী ব্যক্তি; | शोषक, अन्याय-भावे दुर्बल बा दरिद्रेर धनादि आत्मसात् करे एमन प्रबल बा धनी ब्यक्ति; | exploiter, one who exploits; |
| | | 2. सोखने या चूसनेवाला पदार्थ आदि, अवशोषक, अवशोषी । | রসাকর্ষক বস্তু | रसाकर्षक बस्तु | absorber, that which absorbs. |
| शोषण | पुं. | 1. सोखना या सुखाना, चूसना; | শোষন, শুষ্কীকরন, শুকান; | शोषन, शुष्कीकरन, शुकान; | drying up, sucking up, suction, absorption, soaking, desiccation; |
| | | 2. परोक्ष उपायों से किसी की कमाई या धन धीरे-धीरे अपने हाथ में करना, | অন্যের অর্থাদি ছলে বলে আদায় করিয়া আত্মসাৎ করে | अन्येर अर्थादि छले बले आदाय करिया आत्मसात् करे | exploitation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | किसी के श्रम या व्यापार आदि से अनुचित लाभ उठाना । | | | |
| शोषित | वि. | 1. सोखा, सूखा या सुखाया हुआ; | শোষিত, জলশূন্যীকৃত, নীরসীকৃত; | शोषित, जलशून्यीकृत, नीरसीकृत; | dried up, sucked up, absorbed, desiccated; |
| | | 2. (व्यक्ति या वर्ग) जिसका देय भाग उसे पूरा-पूरा न मिलता हो और इस प्रकार जिसकी दुर्बलता या असहाय अवस्था का दूसरे फायदा उठाते हों । | ধনী বা প্রবল ব্যক্তি অন্যায়ভাবে যাহার শোষণ করিয়াছে এমন | धनी बा प्रबल व्यक्ति अन्यायभावे जाहार शोषन करियाछे एमन | exploited. |
| शौक | पु. | 1. प्रबल इच्छा, चाह, लालसा; | শক, সক, প্রবল ইচ্ছা লালসা, অতিস্পৃহা; | शक, सक, प्रबल इच्छा लालसा, अतिस्पृहा; | desire, yearning, fondness, deep longing; |
| | | 2. प्रवृत्ति, रुचि; | প্রবৃত্তি, রুচি; | प्रबृत्ति, रुचि; | inclination, predilection, liking, interest, fancy; |
| | | 3. चसका, व्यसन; | নেশা, ব্যসন, আসক্তি; | नेशा, ब्यसन, आसक्ति; | addiction, compelling habituation; |
| | | 4. शौक का काम । | শখ | शख | hobby. |
| शौकिया | वि. | शौक से भरा हुआ, केवल शौक के लिए कोई काम करनेवाला । | শৌখীন, শৌকীন, শৌখিন, শৌকিন | शौखीन, शौकीन, शौखिन, शौकिन | amateur. |
| | क्रि. वि. | 1. शौक से, शौक के कारण, चाव से, दिलबहलाव के लिए; | শখ করিয়া; | शख करिया; | as a hobby, fondly; |
| | | 2. सामान्य प्रचलन के अनुसार । | ফ্যাশন অনুসারে | फ्याशन अनुसारे | fashionably. |
| शौकीन | वि. | 1. जिसे किसी काम, चीज या बात का बहुत शौक हो; | শৌকীন, শৌকিন, শৌখীন, শৌখিন, শখযুক্ত; | शौकीन, शौकिन, शौखीन, शौखिन, शखजुक्त; | fond of fine things, desirous, longing deeply; |
| | | 2. जो सदा सजा-सँवरा या बना-ठना रहता हो, छैला; | বিলাসী; | बिलासी; | foppish, dandy; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. सुंदर और नए-नए वस्त्रों का प्रेमी, फैशनप्रिय । | ফ্যাশন-দুরন্ত | फयाशन-दुरस्त | fashionable. |
| **शौकीनी** | स्त्री. | 1. शौकीन होने की अवस्था या भाव, चाह, लालसा; | প্রবল ইচ্ছা, লালসা; | प्रबल इच्छा, लालसा; | fondness; |
| | | 2. सदा बने-ठने रहने की इच्छा, छैलापन; | বাবুগিরি, বিলাসিতা; | बाबुगिरि, बिलासिता; | foppishness, dandyism; |
| | | 3. सुंदर और नए-नए वस्त्रों की चाह, फैशनप्रियता । | ফ্যাশনপ্রীতি | फयाशनप्रीति | fashionableness. |
| **शौच** | पुं. | 1. शुद्धि, पवित्रता, शुचिता; | শৌচ, শুদ্ধি, পবিত্রতা, শুচিতা; | शौच, शुद्धि, पबित्रता, शूचिता; | purity, cleanness, purification; |
| | | 2. पाखाने जाना, मलत्याग द्वारा शरीर शुद्धि; | মলত্যাগাদি প্রাতঃকৃত্য; | मलत्यागादि प्रातःकृत्य; | voiding of excrement, evacuation of bowels; |
| | | 3. मलत्याग के बाद किया जानेवाला गुदा का प्रक्षालन; | মলত্যাগান্তে জলশুদ্ধি; | मलत्यागान्ते जलशुद्धि; | ablution of the anus after evacuation; |
| | | 4. किसी निकट संबंधी की मृत्यु होने पर लोक व्यवहार के अनुसार निश्चित समय तक क्षौर कर्म आदि कराकर शुद्ध होना । | মরণজননজন্য অশৌচান্তে শুদ্ধি | मरनजननजन्य अशौचान्ते शुद्धि | purification from defilement caused particularly by the death of a relative. |
| **शौचालय** | पुं. | घरों आदि में वह स्थान जहां लोग मलत्याग करने के लिए जाते हैं और वहां हाथ-मुंह धोने के लिए जल की व्यवस्था रहती है, पाखाना, संडास, शौचघर । | শৌচাগার | शौचागार | latrine, lavatory. |
| **शौर्य** | पुं. | शूरता, वीरता, पराक्रम, वीरतापूर्ण कृत्य। | শৌর্য, বীরত্ব, বীর্য | शौर्ज, बीरत्ब, बीर्ज | heroism, valour, bravery, prowess. |
| **श्मशान** | पुं. | 1. शव जलाने का स्थान, मसान, मरघट; | শ্মশান, শবদাহস্থান, মশান; | श्मशान, शबदाहस्थान, मशान; | a place where corpses are burnt, burning ground, cremation ground; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कब्रिस्तान; | কবরস্থান; | कवरस्थान; | cemetery, grave yard; |
| | | 3. बिलकुल उजड़ा हुआ स्थान (ला.) । | সম্পূর্ণ জনশূন্য স্থান | सम्पूर्न जनशून्य स्थान | a deserted place (fig.). |
| श्मश्रु | पुं. | दाढ़ी और मूंछें । | শ্মশ্রু, দাড়িগোফ | श्मश्रु, दाड़िगोफ | the beard and moustache. |
| श्याम | वि. | 1. काला और नीला मिला हुआ (रंग); | শ্যাম, শ্যামবর্ণ-যুক্ত, ঘননীলবর্ণ; | श्याम, श्यामबर्न-जुक्त, घननीलवर्न; | dark blue; |
| | | 2. हलका काला, सांवला; | হালকা কাল; | हालका काल; | slightly dark complexioned; |
| | | 3. काला, कृष्ण । | কাল, কৃষ্ণ | काल, कृष्न | dark coloured, black. |
| | पुं. | श्रीकृष्ण का एक नाम जो उनके शरीर के श्याम वर्ण होने के कारण पड़ा था । | শ্যাম, শ্রীকৃষ্ণ | श्याम, श्रीकृष्न | name of Lord Krishna. |
| श्यामल | वि. | श्यामवर्णवाला, काला, सांवला । | শ্যামল, শ্যামবর্ণযুক্ত, কাল | श्यामल, श्यामबर्नजुक्त, काल | black, dark-blue, blackish, dark complexioned. |
| श्रद्धांजलि | स्त्री. | किसी पूज्य या बड़े व्यक्ति के संबंध में श्रद्धा और आदरपूर्वक कही जानेवाली बातें । | শ্রদ্ধানিবেদন | श्रद्धानिबेदन | tribute, homage. |
| श्रद्धा | स्त्री. | 1. आदरपूर्ण भावना, पूज्यभाव; | শ্রদ্ধা, সাদর সম্মান, ভক্তি; | श्रद्धा, सादर सम्मान, भक्ति; | respect, reverence, veneration; |
| | | 2. आस्था, विश्वास; | আস্থা, বিশ্বাস; | आस्था, बिश्बास; | trust, faith, belief, confidence; |
| | | 3. किसी काम या बात की प्रबल इच्छा । | স্পৃহা, আকাঙ্ক্ষা | स्पृहा, आकाङ्क्षा | strong or vehement desire. |
| श्रद्धालु | वि. | 1. श्रद्धायुक्त, आदरपूर्ण भावना से युक्त, श्रद्धावान्; | শ্রদ্ধালু, শ্রদ্ধাশীল, শ্রদ্ধাযুক্ত; | श्रद्धालु, श्रद्धाशील, श्रद्धाजुक्त; | having veneration or reverence, respectful; |
| | | 2. श्रद्धा अर्थात विश्वास से युक्त, आस्थावान् । | বিশ্বাসযুক্ত, আস্থাবান্ | बिश्बासजुक्त, आस्थाबान् | having faith, faithful, believing, disposed to trust, trustful. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **श्रद्धेय** | वि. | **1. श्रद्धाभाजन, पूजनीय, आदरणीय;** | শ্রদ্ধেয়, শ্রদ্ধার্হ, শ্রদ্ধারযোগ্য; | श्रद्धेय, श्रद्धार्ह, श्रद्धारजोग्य; | venerable, reverend; |
| | | **2. विश्वसनीय ।** | বিশ্বসনীয় | बिश्वसनीय | trustworthy. |
| **श्रम** | पुं. | **1. शरीर या मन को थकाने या शिथिल करनेवाला काम, परिश्रम, मेहनत;** | শ্রম, পরিশ্রম, মেহনত; | श्रम, परिश्रम, मेहनत; | labour; exertion; |
| | | **2. मशक्कत, कठोर मेहनत;** | কঠোর পরিশ্রম; | कठोर परिश्ररम; | toil, hard labour; |
| | | **3. क्लांति, थकावट;** | ক্লান্তি; | क्लान्ति; | weariness, fatigue, exhaustion; |
| | | **4. प्रयत्न, प्रयास ।** | প্রযত্ন, প্রয়াস | प्रजत्न, प्रसास | effort. |
| **श्रमजीवी** | वि. | **शारीरिक तथा बौद्धिक परिश्रम कर जीविका चलाने-वाला ।** | শ্রমজীবী, দৈহিক শ্রমদ্বারা জীবিকার্জনকারী | श्रमजीवी, दैहिक श्रमद्वारा जीबिकार्जनकारी | working. |
| | पुं. | **मेहनतकश, मजदूर ।** | মজুর | मजुर | labourer, one who lives by one's sweat. |
| **श्रमण** | पुं. | **बौद्ध संन्यासी, बौद्ध भिक्षु ।** | শ্রমণ, বৌদ্ধ সন্ন্যাসী, ভিক্ষু | श्रमन, बौद्ध सन्न्यासी, भिक्षु | a Buddhist ascetic, a Buddhist monk or mendicant. |
| **श्रमदान** | पुं. | **किसी सामूहिक हित के लिए स्वेच्छा से नि:शुल्क श्रम करना ।** | শ্রমদান, কোনো জন-কল্যাণকর কাজে বিনা পারিশ্রমিক খাটা | श्रमदान, कोनो जन-कल्यानकर काजे बिना पारिश्रमिक खाटा | voluntary contribution of labour for a public cause. |
| **श्रमिक** | पुं. | **शारीरिक श्रम द्वारा जीविका चलानेवाला, मजदूर ।** | শ্রমিক, শ্রম-জীবী, মজুর | श्रमिक, श्रम-जीवी, मजुर | a labourer, labour. |
| **श्रवण** | पुं. | **1. सुनने की क्रिया या भाव, सुनना;** | শ্রবণ, শোনা; | श्रवन, शोना; | the act of hearing, audition; |
| | | **2. सुनने की इंद्रिय, कान;** | কান; | कान; | the ear, organ of hearing; |
| | | **3. ज्योतिष में सत्ताईस नक्षत्रों में से बाईसवां नक्षत्र जिसमें तीन तारे होते हैं ।** | (জ্যোতিষ) অশ্বিন্যাদির অন্তর্গত বিংশ বা দ্বাবিংশ নক্ষত্র | (ज्योतिष) अशिवन्यादिर अन्तर्गत बिंश बा द्वाबिंश नक्षत्र | name of a lunar unison containing three stars. |
| **श्रवणेंद्रिय** | स्त्री. | **सुनने की इंद्रिय, कान, कर्ण ।** | শ্রবণেন্দ্রিয়, কান | श्रवनेन्द्रिय, कान | the organ of hearing, the ear. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रव्य | वि. | 1. जो सुना जा सके या सुनाई देता हो; | শ্রব্য, শোনা যায় এমন; | श्रव्य, शोना जाय एमन; | perceptible to the ear, audible, which can be heard. |
| श्रव्यकाव्य | पुं. | भारतीय काव्यशास्त्र की दृष्टि से काव्य का वह प्रकार जिसका रंगमंच पर अभिनय नहीं होता प्रत्युत जो सुना और पढ़ा जाता है । | শ্রব্যকাব্য, যে-কাব্য শ্রোত্রসুখদ, দর্শনীয় ও অভিনেয় নহে | श्रव्यकाव्य, जे-काव्य श्रोत्रसुखद, दर्शनीय ओ अभिनेय नहे | one of the two main divisions of literature in Indian poetic literature that can be read and heard and is not meant for presentation on the stage. |
| श्रांत | वि. | श्रांतियुक्त, थका हुआ । | শ্রান্ত, অবসাদ-গ্রস্ত, ক্লান্ত | श्रान्त, अबसाद-ग्रस्त, क्लान्त | wearied, tired, fatigued, exhausted. |
| श्रांति | स्त्री. | थकान । | ক্লান্তি, অবসাদ | क्लान्ति, अबसाद | fatigue, weariness, exhaustion. |
| श्राद्ध | पुं. | 1. सनातनी हिन्दुओं में पितरों या मृत व्यक्तियों को प्रसन्न करने के उद्देश्य से किए जानेवाले पिंडदान, ब्राह्मण भोजन आदि कृत्य जो उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए किए जाते हैं; | কালপাত্রাদিনিয়মে শাস্ত্রবিহিত পিতৃকর্ম, শ্রদ্ধার সহিত মৃতব্যক্তির উদ্দেশ্যে পিন্ড-দানাদি শাস্ত্রনির্দিষ্ট অনুষ্ঠান | कालपात्रादिनियमे शास्त्रबिहित पितृकर्म, श्रद्धार सहित मृतब्यक्तिर उद्देश्ये पिन्ड दानादि शास्त्रनिर्दिष्ट अनुष्ठान | a funeral rite or ceremony performed in honour of the departed spirits of dead relatives as obsequial oblation, a gift or offering at a sraddha; |
| | | 2. आश्विन मास का कृष्णपक्ष, जिसमें विशिष्ट रूप से उक्त प्रकार के कृत्य करने का विधान है, पितृपक्ष । | পিতৃপক্ষ | पितृपक्ष | the dark fortnight of the month of Ashvin when oblations are offered to the manes for their spiritual gratification. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| श्राप (शाप) | पुं. | दे. 'शाप'। | দ্রষ্টব্য 'শাপ' | द्रष्टव्य 'शाप' | same as 'शाप'. |
| श्रावक | पुं. | 1. बौद्ध संन्यासी; | শ্রাবক, বৌদ্ধ সন্ন্যাসী; | श्राबक, बौद्ध सन्न्यासी; | a Buddhist ascetic or votary; |
| | | 2. जैन संन्यासी; | জৈন সন্ন্যাসী; | जैन, सन्न्यासी; | a Jain ascetic; |
| | | 3. जैन मतानुयायी; | জৈন মতানুসরণকারী; | जैन मतानुसरन-कारी; | a follower of Jainism; |
| | | 4. शिष्य, छात्र । | শিষ্য | शिष्य | a pupil, disciple. |
| श्रावण | पुं. | चांद्रगणना के अनुसार वह महीना जिसकी पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र होता है तथा जो आषाढ़ और भादों के बीच पड़ता है, सावन । | শ্রাবণ, আষাঢ় মাসের পরের মাস | श्राबन, आषाढ़ मासेर परेर मास | name of a lunar month corresponding to July and August. |
| | वि. | 1. श्रवण या कान से संबंधित; | শ্রবণসম্বন্ধী; | श्रबनसम्बन्धी; | relating to the ear; |
| | | 2. श्रवणनक्षत्र से संबंधित, श्रवणनक्षत्र का; | শ্রাবণী, শ্রবণ-নক্ষত্র সম্বন্ধীয়; | श्राबनी, श्रबन-नक्षत्र सम्बन्धीय; | of or belonging to the asterism Sravana; |
| | | 3. श्रवणनक्षत्र में उत्पन्न । | শ্রবণানক্ষত্রজাত | श्रबनानक्षत्रजात | born under the asterism Sravana; |
| श्रावणी | स्त्री. | 1. श्रावणमास की पूर्णिमा; | শ্রাবণী, শ্রাবণ-মাসীয় পূর্ণিমা; | श्राबनी, श्राबन-मासीय पूर्निमा; | the day of full moon in Sravana; |
| | | 2. उक्त पूर्णिमा को होनेवाला त्योहार । | শ্রাবণীতে অনুষ্ঠিত উৎসব | श्राबनीते अनुष्ठित उत्सब | name of the annual ceremony performed on this day when the sacred thread is put on anew. |
| श्री | स्त्री. | 1. विष्णु की पत्नी, लक्ष्मी; | শ্রী, লক্ষ্মী; | श्री, लक्ष्मी; | the goddess of wealth, Lakshmi, the wife of Vishnu; |
| | | 2. धनदौलत, संपत्ति; | ধন, বিত্ত, সম্পদ; | धन, बित्त, सम्पद्; | wealth, riches, affluence, prosperity, plenty; |
| | | 3. ऐश्वर्य, वैभव; | ঐশ্বর্য বৈভব; | ऐश्बर्ज, बैभब; | grandeur, glory, magnificence; |
| | | 4. शोभा, सौंदर्य; | শোভা, সৌন্দর্য; | शोभा, सौन्दर्ज; | beauty, grace; |
| | | 5. यश, कीर्ति । | যশ, কীর্তি | जश, कीर्ति | fame, renown; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | वि. | एक प्रकार का आदरसूचक विशेषण जो पुरुषों के नाम के पहले लगाया जाता है । | জীবিত পুরুষের নামের পূর্বে ব্যবহৃত সম্ভ্রম-সূচক শব্দ | जीवित पुरुषेर नामेर पूर्वे व्यवहृत सम्भ्रम-सूचक शब्द | an honorific term prefixed to the names of men, mister, Mr., Sir. |
| श्रीखंड | पुं. | 1. चंदन; | শ্রীখন্ড, চন্দনকাঠ; | श्रीखन्ड, चन्दनकाठ; | sandal wood; |
| | | 2. एक प्रकार का मीठा पकवान । | একপ্রকার মিঠাই | एमप्रकार मिठाइ | a kind of sweet dish. |
| श्रीमती | स्त्री. | पत्नी । | শ্রীমতী, পত্নী | श्रीमती, पत्नी | wife. |
| | वि. | प्राय: विवाहिता स्त्रियों के नाम के पूर्व जोड़ा जानेवाला आदरसूचक विशेषण । | সাধারণত: বিবাহিতা নারীর নামের পূর্বে ব্যবহৃত সম্ভ্রমসূচক শব্দ | साधारनत: विवाहिता नारीर नामेर पूर्वे व्यवहृत सम्भ्रमसूचक शब्द | an honorific term prefixed to the name (particularly) of a married woman, Mrs., Madam. |
| श्रीमान् | वि. | 1. पुरुषों के नाम के पूर्व प्रयुक्त एक आदरसूचक विशेषण; | শ্রীযুক্ত, পুংনামের পূর্বে ব্যবহৃত সম্ভ্রমসূচক বিশেষণ; | श्रीजुक्त, पुंनामेर पूर्वे व्यवहृत सम्भ्रमसूचक विशेषन; | an honorific term prefixed to the name of man, mister, Mr.,Sir; |
| | | 2. धनसंपन्न । | ধনসম্পন্ন, শ্রীমন্ত | धनसम्पन्न, श्रीमन्त | wealthy, rich, opulent. |
| श्रीयुत | वि. | 1. पुरुषों के नाम से पूर्व प्रयुक्त एक आदरसूचक विशेषण; | শ্রীযুত, শ্রীযুক্ত; | श्रीजुत, श्रीजुक्त; | an honorific term prefixed to the name of man, mister, Mr., Sir. |
| | | 2. लक्ष्मीवान्, धनसंपन्न । | লক্ষ্মীবান্ | लक्ष्मीबान् | wealthy, prosperous. |
| श्रुत | वि. | 1. सुना हुआ; | শ্রুত; | श्रुत; | heard, listened; |
| | | 2. ज्ञात; | জ্ঞাত; | ज्ञात; | learnt, ascertained, understood; |
| | | 3. प्रसिद्ध । | প্রসিদ্ধ | प्रसिद्ध | well known, famous, celebrated, renowned. |
| श्रुति | स्त्री. | 1. सुनने की क्रिया या भाव, श्रवण करना, सुनना; | শ্রুতি, শ্রবণ; | श्रुति, श्रवन; | hearing, the act of hearing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कान, कर्णेंद्रिय; | শ্রবণেন্দ্রিয়, কর্ণ; | श्रबनेन्द्रिय, कर्न; | the ear, the organ of hearing; |
| | | 3. वेद में वह विशिष्ट प्रकार की ध्वनि जो किसी स्वर का उच्चारण करने में आंशिक रूप से सहायक होती है; | বেদ; | बेद; | the Veda (known by revelation); |
| | | 4. अफवाह, किंवदन्ती, जनश्रुति । | কিংবদন্তী, জনশ্রুতি | किंबदन्ती, जनश्रुति | rumour, hearsay, current but unverified statement. |
| श्रुतिलेख | पुं. | वह लेख जो किसी के द्वारा बोले हुए वाक्यों को सुनकर लिखा जाए, श्रुतलेख । | শ্রুতিলেখন | श्रुतिलेखन | a dictation. |
| श्रेणी | स्त्री. | 1. कतार, पंक्ति; | শ্রেণী, পঙ্‌ক্তি, সারি; | श्रेनी, पङ्क्ति, सारि; | line, row, queue; |
| | | 2. क्रम, सिलसिला, श्रृंखला; | ক্রম; | क्रम; | order, sequence; |
| | | 3. एक ही तरह की ऐसी चीजें या बातों का वर्ग जो कुछ दूर तक एक ही रूप में चलता रहे; | মালা, পর্যায়; | माला पर्जाय; | series, succession, range; |
| | | 4. कार्य, योग्यता, आदि के विचार से पदार्थों, व्यक्तियों आदि का वर्ग, विभाग, दरजा; | বিভাগ, ক্লাস; | बिभाग, क्लास; | category, class, grade, rank; |
| | | 5. ज़ीना, सीढ़ी; | সিঁড়ি; | सिंड़ि; | ladder, stair; |
| | | 6. दल, समूह । | দল, পাল | दल, पाल | group, flock. |
| श्रेणीबद्ध | वि. | 1. पंक्ति के रूप में बंधा हुआ, पंक्तिबद्ध; | শ্রেণীবদ্ধ, সারিবাঁধা; | श्रेनीबद्ध, सारिबांधा; | forming a row, being in line; |
| | | 2. क्रमबद्ध, श्रृंखलाबद्ध; | ক্রমবদ্ধ, শৃঙ্খলাবদ্ধ; | क्रमबद्ध, श्रृंखलाबद्ध; | orderly, ordered, being in sequence; |
| | | 3. दलबद्ध; | দলবদ্ধ; | दलबद्ध; | grouped; |
| | | 4. वर्गीकृत । | শ্রেণীকৃত | श्रेनीकृत | classified, graded. |
| श्रेय | पुं. | 1. अच्छाई, उत्तमता; | ভালত্ব, উত্তমতা; | भालत्ब, उत्तमता; | goodness, merit, worth; |
| | | 2. मंगल, कल्याण; | শ্রেয়, মংগল, কল্যাণ; | श्रेय, मङ्गल, कल्यान; | welfare, good, good fortune, well being; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. यश; | যশঃ | जशः | fame, renown; |
| | | 4. ऐसा धार्मिक कृत्य जो मोक्ष की प्राप्ति में सहायक हो । | শ্রেয়ঃ, ধর্ম, পুণ্য | श्रेयः, धर्म, पुन्य | righteous deeds, moral, religious merit leading to salvation. |
| **श्रेयस्कर** | वि. | 1. मंगलकारी, कल्याणकर, शुभ; | শ্রেয়স্কর, কল্যাণকর, হিতকর, শুভকর; | श्रेयस्कर, कल्यानकर, हितकर, शुभकर; | promoting happiness, favourable, propitious, auspicious; |
| | | 2. यशस्कर; | যশস্কর; | जशस्कर; | bringing fame or renown; |
| | | 3. वांछनीय । | বাঞ্ছনীয় | वान्छनीय | desirable. |
| **श्रेष्ठ** | वि. | 1. गुण, मान आदि के विचार से बढ़कर, उत्तम, उत्कृष्ट; | শ্রেষ্ঠ, উত্তম, উৎকৃষ্ট; | श्रेष्ठ, उत्तम, उत्कृष्ट; | best, most excellent, excellent pre-eminent, superior; |
| | | 2. उच्च मानवीय गुणों से सम्पन्न (व्यक्ति) । | মানবীয়যুক্ত ব্যক্তি | मानवीयजुक्त व्यक्ति | great, large-hearted, noble. |
| **श्रेष्ठता** | स्त्री. | श्रेष्ठ या उत्तम होने की अवस्था या भाव, उत्तमता, अच्छाई । | শ্রেষ্ঠত্ব | श्रेष्ठत्व | betterness, superiority, eminence, excellence. |
| **श्रेष्ठी** | पुं. | 1. सेठ; | শ্রেষ্ঠী, শেঠ; | श्रेष्ठी, शेठ; | a wealthy merchant; |
| | | 2. अत्यन्त धनी व्यक्ति; | অতি ধনী ব্যক্তি; | अति धनी ब्यक्ति; | a moneyed man, a very rich person; |
| | | 3. व्यापारियों या बनियों का प्रधान । | শিল্পিকুল-শ্রেষ্ঠ বণিক্ | शिल्पीकुल-श्रेष्ठ बनिक् | the head or chief of a mercantile guild, chief of the merchants. |
| **श्रोता** | पुं. | 1. सुननेवाला; | শ্রোতা, শ্রবণকারী; | श्रोता, श्रबनकारी; | a hearer, listener; |
| | | 2. किसी सभा, नाटक-प्रदर्शन आदि के दर्शक, सुनने-वाले या पाठक (बहुवचन में) । | শ্রোতৃবর্গ, শ্রোতৃমন্ডলী; | श्रोतृवर्ग, श्रोतृमन्डली; | audience (in plural). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **श्लाघनीय** | वि. | **प्रशंसनीय ।** | শ্লাঘনীয়, প্রশংসনীয় | श्लाघनीय, प्रशंसनीय | admirable, praise-worthy, laudable, commendable. |
| **श्लाघा** | स्त्री. | 1. **प्रशंसा;** | শ্লাঘা, প্রশংসা; | श्लाघा, प्रशंसा; | praise, admiration, commendation; |
| | | 2. **चापलूसी ।** | খোশামোদি | खोशामोदि | flattery. |
| **श्लिष्ट** | वि. | 1. **किसी के साथ जुड़ा, मिला या लगा हुआ;** | শ্লিষ্ট, পরিষক্ত, আলিংগিত, লগ্ন; | श्लिष्ट, परिषक्त, आलिङ्गित, लग्न; | embraced, clasped, joined together, clung, adhered to; |
| | | 2. **सम्मिलित, संयुक्त, संश्लिष्ट;** | সংযুক্ত; | संजुक्त; | synthetic, synthesized, mixed; |
| | | 3. **श्लेषयुक्त, दो अर्थों वाला ।** | শ্লেষযুক্ত, দ্ব্যর্থবাচক | श्लेषजुक्त, द्वयर्थबाचक | involving a pun, susceptible of a double interpretation, equivocal. |
| **श्लील** | वि. | 1. **जो अश्लील अर्थात भद्दा न हो;** | শ্লীষ, যাহা অশ্লীল নহে; | श्लीष, जाहा अश्लील नहे; | which is not obscene; |
| | | 2. **जो शिष्ट समाज में दिखाए या पढ़े जाने योग्य हो, समयोचित, अग्राम्य ।** | রুচি সম্মত, ভদ্র | रुचि सम्मत, भद्र | not vulgar, decent. |
| **श्लेष** | पुं. | 1. **काव्य में एक अलंकार जिसमें एक शब्द के कई अर्थों द्वारा काव्य में चमत्कार उत्पन्न होता है या किया जाता है;** | শ্লেষ, একই শব্দের একাধিক অর্থে ব্যবহার-রূপ শব্দালঙ্কার-বিশেষ; | श्लेष, एकइ शब्देर एकाधिक अर्थे ब्यबहार-रूप शब्दालङ्कार-बिशेष; | pun, paronomasia, agnomination; |
| | | 2. **संयोग, जुड़ना, मिलना;** | সংযোগ; সন্ধি; | संजोग, सन्धि; | clinging or adhering to, union, junction, contact. |
| | | 3. **आलिंगन ।** | আলিংগন | आलिङ्गन | embrace. |
| **श्लोक** | पुं. | 1. **यश, कीर्ति;** | যশঃ; | जशः, | celebrity, fame, renown, name; |
| | | 2. **प्रशंसा;** | প্রশংসা; | प्रशंसा; | praise, glory; |
| | | 3. **प्रशंसा का विषय;** | প্রশংসার বিষয়; | प्रशंसार बिषय; | an object of praise; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. संस्कृत के अनुष्टुप छंद का पुराना नाम; | (সংস্কৃতে) অনুষ্টুপ-ছন্দের প্রাচীন নাম; | (संस्कृते) अनुष्टुप-छन्देर प्राचीन नाम; | a stanza in Sanskrit poetics; |
| | | 5. आजकल संस्कृत का कोई छंद या पद्य; | (সংস্কৃতে) যে-কোনো প্রকার ছন্দ; | (संस्कृते) जे-कोनो प्रकार छन्द; | a stanza or verse in general (in Sanskrit); |
| | | 6. प्रशंसात्मक पद्य या स्तोत्र । | স্তোত্র | स्तोत्र | hymn of praise. |
| श्वसुर | पुं. | किसी के पति या पत्नी का पिता, ससुर । | শ্বশুর, পতি ও পত্নীর পিতা | श्वसुर, पति ओ पत्नीर पिता | a father-in-law, wife's or husband's father. |
| श्वान | पुं. | कुत्ता । | শ্বান, কুকুর | श्वान, कुकुर | a dog. |
| श्वास | पुं. | 1. प्राणियों का नाक से हवा खींचकर अंदर फेफड़ों या हृदय तक पहुंचाना और फिर बाहर निकालना, सांस; | শ্বাস, নিঃশ্বাস-প্রশ্বাস; | श्वास, निःश्वास-प्रश्वास; | breathing, breath, respiration; |
| | | 2. दमा नामक रोग । | হাঁফানি রোগ | हांफानि रोग | asthma. |
| श्वासनली | स्त्री. | सिर, गले और छाती के अंदर की वह नली जिससे प्राणी सांस लेते और निकालते हैं । | শ্বাসনালী, ক্রোমনালিকা | श्वासनाली, क्रोमनालिका | trachea, wind pipe, bronchial tube. |
| श्वासोच्छ्वास | पुं. | वेगपूर्वक सांस लेना और बाहर निकालना । | শ্বাসোচ্ছ্বাস, অন্তর্মুখশ্বাস ও বহির্মুখশ্বাস | स्वासोच्छ्वास, अन्तर्मुखश्वास ओ वहिर्मुखश्वास | deep inspiration and expiration, exhalation and inhalation, respiration. |
| श्वेत | वि. | 1. सफेद, धवल, उजला, उज्ज्वल; | শ্বেত, সাদা, ধবল; | श्वेत, सादा, धवल; | white; |
| | | 2. निर्मल, स्वच्छ, साफ; | নির্মল, স্বচ্ছ; | निर्मल, स्वच्छ; | clean; |
| | | 3. निर्दोष; | নির্দোষ; | निर्दोष; | flawless, blemishless; |
| | | 4. उज्ज्वलवर्ण का, गोरा । | গৌরবর্ণ | गौरवर्न | fair complexioned. |
| श्वेतपत्र | पुं. | आधुनिक राजनीति में वह राजकीय विज्ञप्ति जो किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक चर्चा, वार्ता आदि के संबंध में (प्रायः सफेद कागज पर लिखकर) प्रकाशित की जाती है । | ব্যবস্থাপক সভাদির অবগতির জন্য সরকার কর্তৃক সাদা কাগজে মুদ্রিত বিজ্ঞপ্তি | व्यवस्थापक सभादिर अबगतिर जन्य सरकार कर्तृक सादा कागजे मुद्रित विज्ञप्ति | white paper. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| श्वेतसार | पुं. | अनाज, आलू, मटर आदि में पाया जानेवाला एक प्रकार का गंधहीन सफेद खाद्य पदार्थ जिसका उपयोग औषधों और शिल्पीय कार्यों में होता है, चावल में यही माड़ के रूप में निकलता है, मण्ड, मांडी । | খাদ্যশস্য বা ফলমূলাদির সারাংশ, পালো | खाद्यशस्य बा फलमूलादिर सारांश, पालो | starch. |
| षट् | वि. | पांच और एक, छः । | ষট্,ছয় | षट्, छय | six. |
| | पुं. | छः का सूचक अंक या संख्या । | (৬) এই সংখ্যা | (6) एइ संख्या | the number six. |
| षट्कोण | वि. | छः कोणोंवाला (क्षेत्र), छपहला, षट्कोणीय, षड्भुजाकार । | ষট্কোণ, ষট-সংখ্যক কোণ-বিশিষ্ট, ছ-কোণা | षट्कोन, षट्-संख्याक कोन-बिशिष्ट, छ-कोना | hexagonal, six-angled. |
| | पुं. | ज्यामिति में छह कोणोंवाली आकृति, षड्भुज । | ষটকোণ, ষট্কোণ ক্ষেত্র | षटकोन, षट्कोन क्षेत्र | a hexagon, any six-angled figure (in geometry). |
| षट्पद | पुं. | 1. भ्रमर; | ষট্পদ, ভ্রমর; | षट्पद, भ्रमर; | a bee, big male black bee; |
| | | 2. छः पदोंवाला छंद । | এক প্রকারের পদ্য | एम प्रकारेर पद्य | a type of verse. |
| | वि. | छः पैरोंवाला । | ষট্পদ, ছপেয়ে | षट्पद, छपेये | six footed. |
| षड्यंत्र | पुं. | 1. कुछ लोगों द्वारा सामूहिक रूप से कोई अनुचित तथा अपराधपूर्ण काम करने के लिए गुप्त रूप से बनाई गई योजना, साजिश, दुरभिसंधि, कुचक्र; | ষড়যন্ত্র, কাহারও বিরুদ্ধা-চরণের জন্য গুপ্ত মন্ত্রণা; | षडयन्त्र, काहारओ बिरुद्धा-चरनेर जन्य गुप्त मन्त्रना; | underhand plotting, plot, intrigue; |
| | | 2. कोई बड़ा परिवर्तन करने के लिए गुप्त रूप से की जानेवाली कार्यवाही, अभिसंधि । | চক্রান্ত | चक्रान्त | conspiracy. |
| षष्टि | स्त्री. | साठ की सूचक संख्या । | (৬০) এই সংখ্যা | (60) एइ संख्या | the number sixty. |
| | वि. | जो गिनती में पचास से दस अधिक हो, साठ । | ষাট | षाट | sixty. |
| षष्ठ | वि. | छठा । | ষষ্ঠ | षष्ठ | sixth, the sixth. |
| षष्ठी | स्त्री. | 1. चांद्रमास के शुक्ल या कृष्ण पक्ष की छठी तिथि, छठ; | ষষ্ঠী, তিথিবিশেষ; | षष्ठी, तिथिबिशेष; | the sixth day of a lunar fortnight. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बच्चे के जन्म दिन से छठा दिन तथा उस दिन होनेवाला कृत्य, छठी; | সন্তানজন্মের ষষ্ঠদিনের অনুষ্ঠান; | सन्तानजन्मेर षष्ठदिनेर अनुष्ठान; | the sixth day from the day of child-birth, and the celebrations of that day; |
| | | 3. संबंध कारक की विभक्ति (व्याकरण) । | (ব্যাকরণে) সম্বন্ধসূচক বিভক্তি | (व्याकरने) सम्बन्धसूचक बिभक्ति | (in gram.) the sixth or genitive case, possessive case. |
| षोडश | वि. | जो गिनती में दस से छः अधिक हो, सोलह । | ষোড়শ, ষোল | षोड़श, षोल | sixteen. |
| | पुं. | सोलह की सूचक संख्या । | (১৬) এই সংখ্যা | (16) एइ संख्या | the number sixteen. |
| षोडशी | वि. | सोलह वर्षों की (युवती), तरुणी । | ষোড়শী, ষোল বৎসর বয়স্কা | षोड़सी, षोल बत्सर बयस्का | (a girl) of sixteen years of age, young (girl or woman); |
| | स्त्री. | सोलह वर्षों की युवती स्त्री । | ষোড়শী, ষোল বৎসরের যুবতী | षोड़शी, षोल बत्सरेर जुबती | a girl of sixteen years of age, or woman in the period of youth. |
| संकट | पुं. | विपत्ति, मुसीबत । | সঙ্কট, কঠিন বিষদ, সমস্যা | सङ्कट, कठिन बिषद समस्या | distress, crisis, emergency. |
| संकटापन्न | वि. | कष्ट में पड़ा हुआ, विपद्ग्रस्त । | সঙ্কটাপন্ন বিষম বিপদ্‌-গ্রস্ত, কৃচ্ছ্রগত | सङ्कटापन्न, बिषम बिपद्-ग्रस्त, कृच्छ्रगत | beset with difficulties, in distress. |
| संकर | वि. | 1. दो या अधिक भिन्न-भिन्न तत्वों या पदार्थों के मेल से बना हुआ; | বিভিন্ন জাতির মিশ্রণে জাত; | बिभिन्न जातिर मिश्रने जात; | hybrid; |
| | | 2. दो अलग-अलग जातियों के जीवों या प्राणियों के संसर्ग से उत्पन्न । | এক জাতীয় স্ত্রী ও অন্য জাতীয় পুরুষের মিলনে উৎপন্ন | एक जातीय स्त्री ओ अन्य जातीय पुरुषेर मिलने उत्पन्न | cross bred. |
| संकरा | वि. | तंग, कम चौड़ा । | অল্পপরিসর | अल्पपरिसर | narrow, strait. |
| संकलन | पुं. | 1. एकत्र करने की क्रिया, संग्रह करना; | সঙ্কলন, একত্রী-করণ, সংগ্রহ; | सङ्कलन, एकत्री–करन संग्रह; | the act of heaping together; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. ऐसी साहित्यिक कृति जिसमें अनेक ग्रन्थों या स्थानों से बहुत सी बातें इकट्ठी करके रखी गई हों । | নির্বাচিত রচনার সংগ্রহ | निर्बाचित रचनार संग्रह | collection, compilation, anthology. |
| संकलित | वि. | 1. एकत्रीकृत; | সঙ্কলিত একত্রীকৃত; | सङ्कलित, एकत्रीकृत; | amassed, assembled; |
| | | 2. जो संकलन की क्रिया से बना हो । | সঙ্কলন করা হইয়াছে এমন | सङ्कलन करा हइयाछे एमन | collection, compilation. |
| संकल्प | पुं. | 1. विचार, इरादा; | সঙ্কল্প, চিন্তন; | सङ्कल्प, चिन्तन; | intention; |
| | | 2. दृढ़ निश्चय; | দৃঢ় নিশ্চয়; | दृढ़ निश्चय; | determination, resolve; |
| | | 3. दान पुण्य या और कोई देवकार्य आरम्भ करने से पूर्व मंत्रोच्चारण करते हुए हाथ में जल लेकर उसका विचार प्रकट करना; | ধর্মকর্মাদির প্রারম্ভে যথাশাস্ত্র কৃত প্রতিজ্ঞা; | धर्मकर्मादिर प्रारम्भे जथाशास्त्र कृत प्रतिज्ञा; | a solemn vow to perform an observance; |
| | | 4. सभा समिति में किसी विषय में विचारपूर्वक किया हुआ पक्का निश्चय । | সভাদিতে গৃহীত প্রস্তাব | सभादिते गृहीत प्रस्ताव | resolution. |
| संकल्पना | वि. | 1. संकल्प करने की क्रिया या भाव; | সঙ্কল্প করণ; | सङ्कल्प; करन; | making a vow; |
| | | 2. धारणा; | ধারণা; | धारना; | concept; |
| | | 3. इच्छा । | ইচ্ছা | इच्छा | desire. |
| संकल्पित | वि. | 1. जिसका संकल्प किया गया हो; | সঙ্কল্পিত; | सङ्कल्पित; | determined, resolved upon; |
| | | 2. जिसकी कल्पना की गई हो । | কল্পিত | कल्पित | imagined,fancied. |
| संकाय | पुं. | उच्च कोटि के अध्ययन के लिए ज्ञान-विज्ञान आदि का कोई विशिष्ट विभाग या शाखा । | অনুষদ, বিশ্ববিদ্যালয়ের কোনো বিভাগ বা শাখা | अनुषद्, बिश्वबिद्यालयेर कोनो बिभाग वा शाखा | faculty. |
| संकीर्ण | वि. | तंग, संकुचित । | সঙ্কীর্ণ, সঙ্কুচিত | सङ्कीर्न, सङ्कुचित | narrow, parochial. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संकीर्णता** | स्त्री. | संकीर्ण होने की अवस्था या भाव । | সঙ্কীর্ণতা, সঙ্কীর্ণভাব | सङ्कीर्नता, सङ्कीर्नभाब | narrowness, parochiality. |
| **संकीर्तन** | पुं. | सम्यक् वर्णन्, देवता के नाम का जाप, गुणगान आदि । | সঙ্কীর্তন গুণ বা মহিমা বর্ণন, দেবতার নামোচ্চারণ | सङ्कीर्तन गुन बा महिमा बर्नन, देबतार नामोच्चारन | glorification (of a deity), singing of hymns or devotional songs. |
| **संकुचन** | पुं. | सिकुड़ना, संकुचित होना । | কোঁচকাইয়া যাওয়া, সঙ্কুচিত হওয়া | कोंचकाइया जाओया, सङ्कुचित हओया | contraction, shrinking. |
| **संकुचित** | वि. | 1. सिकुड़ा या सिकोड़ा हुआ; | সঙ্কুচিত; | सङ्कुचित; | contracted, abridged; |
| | | 2. तंग, संकरा । | অপ্রশস্ত, সঙ্কীর্ণ | अप्रशस्त, सङ्कीर्न | narrow, strait, parochial. |
| **संकुल** | वि. | 1. घना; | সঙ্কুল ঘন; | सङ्कुल, घन; | thick, dense, congested; |
| | | 2. भरा हुआ, पूर्ण । | পরিপূর্ণ | परिपूर्न | filled (with), full (of). |
| **संकुलता** | स्त्री. | संकुल होने की अवस्था या भाव । | সঙ্কুল হওয়া | सङ्कुल हओया | congestion, crowd. |
| **संकेत** | पुं. | 1. अभिप्रायसूचक अंगचेष्टा, इशारा । | সঙ্কেত; | सङ्केत; | a sign, gesture, hint, signal; |
| | | 2. चिह्न, निशान । | চিহ্ন | चिह्न | sign, mark, token. |
| **संकेतित** | वि. | 1. जिसके संबंध में संकेत हुआ हो; | সঙ্কেতিত; | सङ्केतित; | indicated; |
| | | 2. निश्चित । | নির্ধারিত, কৃতনিশ্চয় | निर्धारित, कृतनिश्चय | agreed upon, fixed by. |
| **संकोच** | पुं. | 1. सिकुड़ने की क्रिया या भाव; | সঙ্কোচ, আকুঞ্চন, হ্রস্বীকরণ; | सङ्कोच, आकुञ्चन, हृस्बीकरन; | shrinking up, contraction; |
| | | 2. झिझक, हिचक; | কুণ্ঠা; | कुन्ठा; | hesitation; |
| | | 3. लज्जा । | লজ্জা | लज्जा | modesty, shyness. |
| **संकोची** | वि. | 1. संकुचित होनेवाला, सिकुड़नेवाला; | কুঞ্চিত হইতেছে এমন; | कुञ्चित हइयाछे एमन; | shrinking, contracting; |
| | | 2. झिझकनेवाला; | কুণ্ঠাযুক্ত; | कुन्ठाजुक्त; | hesitant; |
| | | 3. लज्जालु । | লাজুক. | लाजुक | shy, bashful, modest. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संक्रमण** | पुं. | 1. एक स्थिति या अवस्था से दूसरी में प्रवेश;<br>2. रोग आदि का फैलते हुए एक से दूसरे को होना । | সংক্রমণ, স্থানান্তরপ্রাপ্তি;<br>রোগাদির এক দেহ হইতে অন্য দেহে সঞ্চার | संक्रमन, स्थानान्तरप्राप्ति;<br>रोगादिर एक देह हइते अन्य देहे सन्चार | transition;<br>infection. |
| **संक्रमण काल** | पुं. | वह समय जब कोई पहले रूप से बदलकर दूसरे रूप में आ रहा हो । | পরিবৃত্তিকাল | परिबृत्तिकाल | transitional period. |
| **संक्रमित** | वि. | 1. किसी के अन्दर पहुंचाया या प्रविष्ट किया हुआ;<br>2. परिवर्तित किया या बदला हुआ । | সংক্রমিত, প্রবিষ্ট বিনিবেশিত;<br>পরিবর্তিত, বদলান | संक्रमित, प्रबिष्ट, बिनिबेशित;<br>परिबर्तित, बदलान | conducted, led to;<br>transferred, changed. |
| **संक्रांत** | वि. | 1. गमन;<br>2. प्रविष्ट;<br>3. स्थानांतरित । | সংক্রান্ত, গত;<br>প্রবিষ্ট;<br>স্থানান্তরিত | संक्रान्त, गत;<br>प्रबिष्ट;<br>स्थानान्तरित | passed, gone;<br>passed through or into, entered into;<br>transferred. |
| **संक्रांति** | स्त्री. | 1. सुर्य का एक राशि से दूसरी राशि में जाना;<br>2. वह दिन जिसमें सूर्य का उक्त प्रकार का संचार होता है । | সংক্রান্তি, সূর্যাদির এক রাশি হইতে অন্য রাশিতে গমন;<br>সূর্যের রাশ্যন্তরে সংক্রমণাদিন | संक्रान्ति, सूर्जादिर एक राशि हइते अन्य राशिते गमन;<br>सूर्जेर राश्यन्तरे संक्रमनादिन | passage of the sun or a planet from one sign or position in the heaven into another;<br>the above day observed as a festival. |
| **संक्रामक** | वि. | एक से दूसरे में संक्रमण करनेवाला, छूत आदि से फैलनेवाला (रोग) । | সংক্রামক, ছোঁয়াচে | संक्रामक, छोंयाचे | infectious (disease). |
| **संक्षिप्त** | वि. | 1. छोटा किया हुआ (पुस्तक आदि का रूप);<br>2. संक्षेप में कहा या लिखा गया । | সংক্ষিপ্ত, কৃতসংক্ষেপ;<br>সংক্ষেপে বলা হইয়াছে বা লেখা হইয়াছে | संक्षिप्त, कृतसंक्षेप;<br>संक्षेपे बला हइयाछे बा लेखा हइयाछे | short, abridged;<br>brief, concise. |
| **संक्षिप्ति** | स्त्री. | संक्षिप्तीकृत रूप, संक्षिप्त शब्द । | সংক্ষিপ্ত, সংক্ষেপ | संक्षिप्त, संक्षेप | abbreviation. |
| **संक्षिप्तीकरण** | पुं. | किसी कथा, विषय आदि को संक्षिप्त करना । | সংক্ষিপ্তকরণ, সংক্ষেপকরণ | संक्षिप्तकरन, संक्षेपकरन | abridgement, summarization. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संक्षेप | पुं. | 1. थोड़े में कही बात का रूप; 2. लेख आदि का काट-छाँट कर कम किया हुआ रूप । | সংক্ষেপ, সংক্ষিপ্ত বর্ণনা, চুম্বক; সারমর্ম | संखेप, संखिप्त बर्नना, चम्बक; सारमर्म | an abridgement, summary; epitome, precis. |
| संखिया | पुं. | एक बहुत तेज विष । | সেঁকো | संको | arsenic. |
| संख्या | स्त्री. | 1. गणना, गिनती; | সংখ্যা, গণনা; | संख्या, गनना; | reckoning, calculation; |
| | | 2. 1, 2, 3 आदि अंक । | গণনাসাধন | गननासाधन | number, figure. |
| संग | पुं. | साथ होने या रखने की अवस्था या भाव, साथ, सोहबत । | সংগ, সংসর্গ, সাহচর্য | सङ्ग, संसर्ग, साहचर्ज | association, company, contact. |
| संगठन | पुं. | कार्य विशेष की सिद्धि के लिए निर्मित कोई संस्था । | সংগঠন, সঙ্ঘ | सङगठन, सङ्घ | organization, set up. |
| संगठित | वि. | कार्य विशेष के लिए परस्पर संबद्ध । | সংগঠিত | संगठित | organized. |
| संगणन | पुं. | गणना का वह गंभीर और जटिल प्रकार और रूप जिसमें साधारण गणना के सिवा अनुभवों और नियत सिद्धांतों आदि का भी उपयोग होता है । | পরিগণনা | परिगनना | computation. |
| संगत | स्त्री. | 1. संग रहने या होने का भाव, सोहबत; | সংগত, সাহচর্য; | सङ्गत, साहचर्ज; | company; |
| | | 2. गाने वाले के साथ सारंगी तबला आदि बजाना । | গানের সংগে মিলযুক্ত বাজনা | गानेर सङ्गे मिलजुक्त बाजना | accompaniment (in music). |
| | वि. | 1. मिला हुआ या लगा हुआ; | সংগতিযুক্ত; | सङ्गतिजुक्त; | relevant; |
| | | 2. उपयुक्त, मौजूं; | উপযুক্ত, উচিত; | उपजुक्त, उचित; | proper, apt; |
| | | 3. पूर्वापर संबंध के विचार से मेल खानेवाला । | যুক্তিসংসিদ্ধ | जुक्तिसंसिद्ध | logical, compatible. |
| संगति | स्त्री. | 1. मिलन, संपर्क; | সংগতি, মিলন, সাহচর্য, সহবাস; | सङ्गति, मिलन, साहचर्ज, सहबास; | company, society, association; |
| | | 2. सामंजस्य, उपयुक्तता । | সামঞ্জস্য | सामञ्जस्य | fitness, appropriateness. |
| संगतिया (संगती) | पु. | गाने आदि के साथ साथ बजानेवाला । | গান ইত্যাদির সংগে সংগতকারী | गान इत्यादिर सङ्गे सङ्गतकारी | an accompanyist. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संगदिल | वि. | निर्दय, बेरहम । | निर्दय় | निर्दय | hard-hearted, unfeeling, cruel. |
| संगम | पुं. | 1. दो धाराओं या नदियों के मिलने का स्थान; 2. मिलन, संयोग । | সংগম, নদীর দুই ধারার মিলনস্থল; মিলন, সংযোগ | संगम, नदीर दुइ धारार मिलनस्थल; मिलन, सङ्जोग | confluence (of rivers); union, junction, conjunction. |
| संगमरमर | पुं. | सफेद रंग का एक प्रकार का बहुत चिकना और मूल्यवान प्रसिद्ध पत्थर । | মর্মর, মার্বেল পাথর | मर्मर, मार्वेल पाथर | marble. |
| संगरोध | पुं. | वह क्रिया या व्यवस्था जिसके अनुसार देश में बाहर से आनेवाले किसी संक्रामक रोग के रोकने के लिए मार्ग में या किसी स्थान पर यात्रियों को कुछ समय के लिए रखा जाता है । | সংগরোধ, রোগ-সংক্রমণ প্রতিরোধ করার জন্য পৃথক্ করিয়া আটক রাখা | सङ्गरोध, रोग-संक्रमन प्रतिरोध करार जन्य पृथक् करिया आटक राखा | quarantine. |
| संगिनी | स्त्री. | 1. साथ रहनेवाली स्त्री, सहचरी; 2. पत्नी, भार्या । | সংগিনী, সহচারী; পত্নী, ভার্যা | सङ्गिनी, सहचरी; पत्नी, भार्जा | female companion; wife. |
| संगी | पुं. | जो प्राय: सदा संग रहता हो, साथी । | সংগী, সহচর, সাথী | सङ्गी, सहचर, साथी | companion, associate. |
| संगीत | पुं. | ध्वनियों या स्वरों का कुछ विशिष्ट नियमों के अनुसार विशिष्ट लय में होनेवाला प्रस्फुटन । | সংগীত, গান, গীতবাদ্য | संगीत, गान, गीतबाद्य | music. |
| संगीतज्ञ | पुं. | संगीत विद्या का ज्ञाता, गायक या वादक । | সংগীতজ্ঞ, সংগীতবিদ্ | संगीतज्ञ, संगीतबिद् | musician. |
| संगीन | वि. | 1. पत्थर का बना हुआ; 2. सख्त, कठोर, मजबूत; 3. गंभीर । | সঙিন, সংগীন; শক্ত, মজবুত; সঙ্কটজনক | सङ्गिन, सङ्गीन; शक्त, मजबुत; सङ्कटजनक | made of stone; hard, firm, solid; grave, serious. |
|  | स्त्री. | बंदूक में लगाया जानेवाला छुरी के आकार का लंबा नोकदार हथियार । | বন্দুকের মুখ-সংলগ্ন বেধনাস্ত্র-বিশেষ বেয়নেট | बन्दुकेर मुख-संलग्न बेधनास्त्र-बिशेष बेयनेट | bayonet. |
| संगूढ़ | वि. | सुरक्षित, छिपाया हुआ । | সম্পূর্ণরূপে লুকান, সম্পূর্ণরূপে গোপন করা হইয়াছে এমন | सम्पूर्नरूपे लुकान, सम्पूर्नरूपे गोपन करा हइयाछे एमन | completely concealed or hidden. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संगृहीत | वि. | संग्रह किया हुआ, एकत्र किया हुआ । | সংগৃহীত, সংগ্রহ করা হইয়াছে এমন | संगृहीत, संग्रह करा हइयाछे एमन | collected, compiled. |
| संगोपन | पुं. | अच्छी तरह से छिपा कर रखना । | সংগোপন, সম্পূর্ণ-রূপে গোপন | संगोपन, सम्पूर्न-रूपे गोपन | complete concealment. |
| संगोपनीय | वि. | छिपाकर रखने योग्य । | সংগোপনীয়, গুহ্য, গোপনযোগ্য | संगोपनीय, गुह्य, गोपनजोग्य | to be completely hidden, concealed. |
| संग्रह | पुं. | 1. एकत्र करने की क्रिया या भाव, संचय; | সংগ্রহ, একত্রী-করণ, সঞ্চয়; | संग्रह, एकत्री-करन, सञ्चय; | collection; |
| | | 2. इकट्ठी की हुई चीजों का समूह या ढेर । | একত্রীকৃত জিনিসের স্তূপ বা ঢেরি | एकत्रीकृत जिनिसेर स्तूप वा ढेरि | depository, storage. |
| संग्रहण | पुं. | 1. ग्रहण करना, लेना; | সংগ্রহণ, ধারণ; | संग्रहन, धारन; | taking hold of, seizing; |
| | | 2. संकलन करना, एकत्र करना । | সঙ্কলন, একত্রীকরণ | सङ्कलन, एकत्रीकरन | collecting. |
| संग्रहणी | स्त्री. | अतिसार का एक रूप जिसमें खाना बिना पचे ही मल के रूप में निकल आता है । | সংগ্রহণী, গ্রহণীরোগভেদ | संग्रहनी, ग्रहनीरोगभेद | dysentery. |
| संग्रहणीय | वि. | संग्रह करने योग्य । | সংগ্রহণীয়, সংগ্রহণযোগ্য | संग्रहनीय, संग्रहनजोग्य | fit to be collected or preserved or acquired. |
| संग्रहालय | पुं. | वह स्थान जहां विशेष महत्व की वस्तुओं का संग्रह किया गया हो । | প্রদর্শশালা | प्रदर्शशाला | museum. |
| संग्रही (संग्रहीता) | पुं. | एकत्र करनेवाला । | সংগ্রহীতা, সংগ্রাহক | संग्रहीता, संग्राहक; | collector, procurer. |
| संग्राहक | वि. | एकत्र या जमा करनेवाला । | সংগ্রাহক, সংগ্রহকারী | संग्राहक, संग्रहकारी | collector, compiler. |
| संग्राह्य | वि. | जमा करके रखने लायक । | সংগ্রাহ্য, সংগ্রহণীয় | संग्राह्य, संग्रहनीय | fit to be collected or preserved. |
| संघ | पुं. | 1. समूह, झुंड, दल; | সঙ্ঘ, সমূহ, দল; | सङ्घ, समूह, दल; | assemblage, multitude, crowd; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए बना हुआ संगठन; | বিশেষ উদ্দেশ্য-সাধক সংগঠন, সমিতি; | बिशेश उद्देश्य-साधक संगठन, समिति; | organization, association. |
| | | 3. प्राचीन भारत में एक प्रकार का लोकतंत्री राज्य जिसकी व्यवस्था जनता के चुने हुए प्रतिनिधि करते थे; | প্রাচীন ভারতের এক প্রকার গণ-তান্ত্রিক রাজ্য; | प्राचीन भारतेर एक प्रकार गन-तान्त्रिक राज्य; | federation, union; |
| | | 4. आधुनिक राजनीति में राज्यों, राष्ट्रों आदि के पारस्परिक समझौते से बननेवाला ऐसा संगठन जो कुछ विशिष्ट बातों में एक केन्द्रीय सत्ता का अधिकार एवं अनुशासन मानता हो । | কতকগুলি স্বাধীন রাষ্ট্রের সকলের স্বীকৃত লক্ষসাধরণের উদ্দেশ্যে গঠিত সমিতি (যেমন রাষ্ট্রসঙ্ঘ) | कतकगुलि स्वाधीन राष्ट्रेर सकलेर स्वीकृत लक्षसाधरनेर उद्देश्य गठित समिति (जेमन राष्ट्रसङ्घ) | federation, union. |
| संघटन | पुं. | दे. 'संगठन' । | দ্র: 'সংগঠন' | द्र: 'संगठन' | see 'संगठन'. |
| संघटित | वि. | दे. 'संगठित' । | দ্র: 'সংগঠিত' | द्र: 'संगठित' | see 'संगठित'. |
| संघर्ष | पुं. | 1. दो वस्तुओं का आपस में रगड़ खाना; | সঙ্ঘর্ষ, পরস্পর ঘর্ষণ অন্যোন্যঘর্ষণ; | सङ्घर्ष, परस्पर घर्षन, अन्योन्यघर्षन; | competition, emulation; |
| | | 2. होड़, स्पर्द्धा; | পরস্পর স্পর্ধা; | परस्पर स्पर्धा; | competition, emulation; |
| | | 3. दो विरोधी दलों में एक दूसरे को दबाने के लिए होनेवाला कोई ऐसा प्रयत्न जिसमें दोनों अपनी सारी शक्ति लगा देते हैं; | প্রতিদ্বন্দ্বিতা; | प्रतिद्वन्द्विता; | rivalry, contest for superiority; |
| | | 4. कठिनाइयों या प्रबल विरोधी शक्तियों को दबाने के लिए प्राणपण से की जानेवाली चेष्टा । | সংঘর্ষ | संघर्ष | struggle. |
| संचित | वि. | इकट्ठा किया हुआ, एकत्र किया हुआ । | সঞ্চিত, সংগৃহীত, সমাহৃত, রাশীকৃত | सञ्चित, संगृहीत, समाहृत, राशिकृत | accumulated, collected. |
| संजीवनी | स्त्री. | मृत को जीवित करनेवाली एक कल्पित औषधि । | সঞ্জীবনী, জীবন-দায়িনী ওষধি-বিশেষ | सञ्जीबनी, जीबन-दायिनी ओषधि-बिशेष | a kind of elixir (said to restore the dead to life). |

| हिंदी शब्द | व्या. कों. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संजोना | स. क्रि. | 1. सजाना, सज्जित करना; | সাজান, সজ্জিত করা; | साजान, सज्जित करा; | to decorate, to embellish; |
| | | 2. सामग्री आदि एकत्र करके क्रम से रखना । | জিনিসপত্র একত্র করিয়া সাজাইয়া রাখা | जिनिसपत्र एकत्र करिया साजाइया राखा | to put together, to arrange. |
| संज्ञा | स्त्री. | 1. चेतना शक्ति, होश; | সংজ্ঞা, চৈতন্য, হুঁশ; | संज्ञा, चैतन्य, हुंश; | consciousness, sense; |
| | | 2. वस्तु, व्यक्ति आदि का नाम; | নাম; | नाम; | name, designation, appellation; |
| | | 3. व्याकरण में वह विकारी शब्द, जो किसी वास्तविक या कल्पित वस्तु का द्योतक होता है । | (ব্যাকরণে) শাস্ত্রীয় সঙ্কেতার্থশব্দ | (व्याकरने) शास्त्रीय सङ्केतार्थशब्द | (in gram.) a noun substantive. |
| संज्ञाहीन | वि. | चेतनारहित, बेहोश । | সংজ্ঞাহীন | संज्ञाहीन | unconscious. |
| संड़सी | स्त्री. | रसोई में काम आनेवाला एक तरह का चिमटानुमा उपकरण जिससे बटलोई आदि चूल्हे पर से उतारे जाते हैं । | সাঁড়াসী, সাঁড়াশি, সাঁড়াসি | सांड़ासी, सांड़ाशि, सांड़ासि | pair of pincers or forceps. |
| संडास | पुं. | कुएँ की तरह का एक प्रकार का गहरा गड्ढा जिसमें लोग मल त्याग करते हैं । | কূয়াপায়খানা | कुयापायखाना | a cesspool, latrine. |
| संत | पुं. | साधु, धर्मात्मा, महात्मा । | সন্ত, সাধু, ধার্মিক | सन्त, साधु, धार्मिक | a pious or venerable man, a saint. |
| संतत | क्रि. वि. | निरन्तर, लगातार। | সন্তত, অবিচ্ছিন্ন | सन्तत, अविच्छिन्न | continuous, uninterrupted. |
| संतति | स्त्री. | संतान, बाल-बच्चे । | সন্ততি, সন্তান, অপত্য, পুত্রপৌত্রাদি | सन्तति, सन्तान, अपत्य, पुत्रपौत्रादि | offspring, posterity. |
| संतप्त | वि. | 1. बहुत अधिक तपा या जला हुआ; | সন্তপ্ত, উত্তপ্ত; | सन्तप्त, उत्तप्त; | greatly heated or inflamed, red-hot; |
| | | 2. दुखी, पीड़ित । | দুঃখী, নিপীড়িত | दुःखी, निपीड़ित | tormented, distressed, afflicted. |
| संतरा | पुं. | एक प्रकार का बड़ा और मीठा नीबू । | কমলালেবু | कमलालेबु | orange. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संतरी** | पुं. | **किसी स्थान पर पहरा देनेवाला सिपाही, पहरेदार ।** | পাহারাদার,<br>প্রহরী | पाहारादार,<br>प्रहरी | sentry. |
| **संतान** | पुं. | संतति, औलाद । | সন্তান, অপত্য,<br>পুত্রপৌত্রাদি | सन्तान, अपत्य,<br>पुत्रपौत्रादि | progeny,<br>offspring, issue. |
| **संताप** | पुं. | **1. अग्नि, धूप आदि का बहुत तीव्र ताप;**<br>2. कष्ट, पीड़ा;<br>**3. पाप आदि करने पर मन में होनेवाला अनुताप ।** | সন্তাপ, সম্যক্ তাপ, দাহ;<br>ক্লেশ, পীড়া;<br>অনুতাপ | सन्ताप, सम्यक् ताप, दाह;<br>क्लेश, पीड़ा;<br>अनुताप | great heat,<br>burning heat;<br>affliction, pain;<br>remorse,<br>penitence,<br>repentance. |
| **संतुलन** | पुं. | **1. तौलते समय दोनों पलड़ों का बराबर होना;**<br>**2. वह स्थिति जिसमें सभी अंग बराबर के या यथास्थान हों ।** | দাঁড়িপাল্লার দুইদিকের ওজন সমান হওয়া;<br>ভারসাম্য | दाँड़िपाल्लार दुइदिकेर ओजन समान हओया;<br>भारसाम्य | balance,<br>equilibrium;<br>equipoise. |
| **संतुलित** | वि. | **1. जिसका संतुलन हुआ हो;**<br>**2. न अधिक, न कम, ठीक** | ভারসাম্য সাধন করা হইয়াছে এমন;<br>বেশী ও নয় কমও নয় | भारसाम्य साधन करा हइयाछे एमन;<br>बेशी ओ नय कमओ नय | balanced,<br>equipoised;<br>equal. |
| **संतुष्ट** | वि. | 1. जिसका संतोष कर दिया **गया हो अथवा हो गया हो, तृप्त;**<br>**2. जो समझाने-बुझाने से मान गया हो या राजी हो गया हो ।** | সন্তুষ্ট,<br>সন্তোষযুক্ত,<br>তৃপ্ত;<br>বুঝানসুঝানর পর রাজি হইয়াছে এমন | सन्तुष्ट,<br>सन्तोषजुक्त,<br>तृप्त;<br>बुझानसुझानर पर राजि हइयाछे एमन | satisfied, gratified,<br>contented;<br>consoled,<br>comforted. |
| **संतुष्टि** | पुं. | **1. संतुष्ट होने की क्रिया या भाव, तृप्ति;**<br>**2. तृप्ति, प्रसन्नता;**<br>**3. धैर्य ।** | সন্তুষ্টি,<br>সন্তোষ,<br>তৃপ্তি;<br>আহ্লাদ;<br>ধৈর্য | सन्तुष्टि,<br>सन्तोष,<br>तृप्ति;<br>आह्लाद;<br>धैर्ज | satisfaction,<br>contentment,<br>gratification;<br>delight;<br>patience. |
| **संतोषी** | वि. | **संतुष्ट रहनेवाला, सब्र करनेवाला ।** | সন্তুষ্ট, যে সবুর করিতে পারে | सन्तुष्ट, जे सबुर करिते पारे | satisfied,<br>contented. |
| **संत्रस्त** | वि. | **बहुत अधिक डरा हुआ ।** | সন্ত্রস্ত, অতিভীত,<br>ভয়ে ব্যাকুল | सन्त्रस्त, अतिभीत,<br>भय, ब्याकुल | frightened,<br>alarmed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संदर्भ | पुं. | पुस्तक, लेख आदि में वर्णित प्रसंग, विषय आदि जिसका विचार या उल्लेख हो, प्रसंग । | নিদর্শ, প্রসংগ | निदर्श; प्रसङ्ग | reference, context. |
| संदर्भ ग्रन्थ | पुं. | ऐसा ग्रन्थ जिसे कुछ विशिष्ट प्रसंगों की जानकारी या विमर्श के लिए देखा जाता है, साधारणत: आद्योपान्त पढ़ा नहीं जाता । | নিদর্শ-গ্রন্থ | निदर्श-ग्रन्थ | reference book. |
| संदर्शन | पुं. | दे. 'मार्गदर्शन' । | দ্র: 'মার্গদর্শন' | द्र: 'मार्गदर्शन' | see 'मार्गदर्शन'. |
| संदल | पुं. | चंदन | চন্দন | चन्दन | sandal wood. |
| संदली | वि. | चंदन का, चंदन के रंग का । | চন্দন কাঠের তৈরী, চন্দনরঙের | चन्दन काठेर तैरी चन्दनरङेर | made of sandal wood, of the colour of sandal wood. |
| | स्त्री. | ऊँची तिपाई, कुर्सी या चौकी । | চন্দন কাঠের টিপাই | चन्दन काठेर टिपाइ | bench, seat. |
| संदिग्ध | वि. | 1. जिसके संबंध में संदेह या भ्रम हुआ हो; 2. जिसके संबंध में किसी प्रकार का अनिश्चय हो | সন্দিগ্ধ, সন্দেহপূর্ণ; অনিশ্চিত | सन्दिग्ध, सन्देहपूर्ण; अनिश्चित | dubious, doubtful; uncertain, ambiguous. |
| संदिग्धता | स्त्री. | संदिग्ध होने की अवस्था, धर्म या भाव । | সন্দেহযুক্ততা, অনিশ্চয়তা | सन्देहजुक्तता, अनिश्चयता | uncertainty, doubt, ambiguity. |
| संदीपन | पुं. | तीव्र या प्रबल करने की क्रिया या भाव, उद्दीपन । | সন্দীপন, প্রজ্বালন, উদ্দীপন | सन्दीपन, प्रज्वालन, उद्दीपन | kindling, exciting, provoking. |
| संदीप्त | वि. | प्रज्वलित, जिसका उद्दीपन हुआ हो । | সন্দীপ্ত, প্রজ্বলিত, উদ্দীপন ঘটিয়াছে এমন | सन्दीप्त, प्रज्वलित, उद्दीपन घटियाछे एमन | kindled or inflamed, excited, stimulated. |
| संदेश | पुं. | 1. खबर, समाचार; | সন্দেশ, খবর; | सन्देश, खबर; | news, tidings; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह कथन या बात जो प्राय: लिखित या मौखिक रूप में एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति को भेजी जाती है । | प्रतिवेदन, रिपोर्ट | प्रतिबेदन, रिपोर्ट | report, message. |
| **संदेशवाहक** | पुं. | संदेश या समाचार ले जानेवाला । | सन्देशवाहक, वार्तावाहक | सन्देशवाहक, बार्तावाहक | messenger. |
| **संदेशहर** | पुं. | दे. 'संदेशवाहक' । | द्र: 'सन्देशवाहक' | द्र: 'सन्देशवाहक' | see 'संदेशवाहक'. |
| **संदेशा** | पुं. | दे. 'संदेश' । | द्र: 'सन्देश' | द्र: 'सन्देश' | see 'संदेश'. |
| **संदेह** | पुं. | किसी वस्तु अथवा बात के सम्बन्ध में मन में होनेवाला यह भाव या विचार कि कहीं यह अनुचित, त्याज्य या दूषित तो नहीं है अथवा क्या इसकी सत्यता मानने योग्य है, शक । | सन्देह, संशय, सत्यतानिर्णये अनिश्चयता | सन्देह, संशय, सत्यतानिर्नय अनिश्चयता | doubt, uncertainty, suspicion. |
| **संदेहात्मक** | वि. | संदेहपूर्ण, संदिग्ध । | सन्देहात्मक | संदेहात्मक | doubtful. |
| **संधान** | पुं. | 1. निशाना बैठाना;<br>2. दो वस्तुओं का मिलना । | सन्धान, धनुके शरयोजना;<br>संघटन, योजना | सन्देह, धनुके शरजोजना;<br>संघटन, जोजना | fixing (an arrow to a bow etc.);<br>act of placing or holding together. |
| **संधि** | स्त्री. | 1. समझौता, सुलह;<br>2. वह स्थान जहां एक वस्तु दूसरी में जुड़ी हो, जोड़;<br>3. दरार;<br>4. व्याकरण में शब्दों के रूपों में होनेवाला वह विकार जो दो अक्षरों के पास-पास करने पर उनके योग के कारण होता है;<br>5. परिवर्तन काल; | सन्धि;<br>मिलनस्थान वा जোড়, संयोगस्थल;<br>फाँटल;<br>(व्याकरणे) अतिसन्निकृष्टवर्ण-द्वयेर विकारपूर्वक संयोग;<br>युगसन्धि; | सन्धि;<br>मिलनस्थान बा जोड़, संजोगस्थल;<br>फांटल;<br>(व्याकरने) अतिसन्निकृष्टबर्न-द्वयेर बिकारपूर्बक संजोग;<br>जुगसन्धि; | treaty;<br>joint, articulation;<br>breach, chasm;<br>conjunction;<br>period of transition; |

| हिंदी शब्द | व्या. कों. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 6. नाटक में किसी प्रधान प्रयोजन के साधक कथांशों का किसी एक मध्यवर्ती प्रयोजन के साथ होनेवाला संबंध । | (নাট্য) এক প্রয়োজনের সহিত অন্য প্রয়োজনের সহিত সন্ধানরূপে সম্বন্ধ | (नाट्ये) एक प्रयोजनेर सहित अन्य प्रयोजनेयर सहित सन्धानरूपे सम्बन्ध | division or joint (in a drama). |
| संध्या | स्त्री. | 1. दिन और रात दोनों के मिलने का समय; | সন্ধ্যা, দিন ও রাত্রির সন্ধিক্ষণ; | सन्ध्या दिन ओ रात्रिर सन्धिक्षन; | twilight or evening; |
| | | 2. उस समय किया जानेवाला धार्मिक कृत्य जो प्रात: सांय और मध्याह्न में किया जाता है; | সন্ধ্যাকালে বিহিত কর্ম, আহ্নিক; | सन्ध्याकाले बिहित कर्म, आह्निक; | evening prayer; |
| | | 3. दो युगों के मिलने का समय । | দুই যুগের মিলন-কাল | दुइ जुगेर मिलन-काल | period which precedes a Yuga, time intervening between the expiration of one Yuga and the commencement of another. |
| संन्यास | पुं. | 1. हिन्दुओं के चार आश्रमों में से अंतिम जिसमें सब प्रकार के सांसारिक संबंध छोड़कर मनुष्य त्यागी और विरक्त हो जाता है; | সন্ন্যাস, হিন্দু শাস্ত্রানুসারে চতুরাশ্রমের চতুর্থ আশ্রম; | सन्न्यास, हिन्दु शास्त्रानुसारे चतुराश्रमेर चतुर्थ आश्रम; | the fourth religious order (asram); |
| | | 2. पूरी तरह से छोड़ना, परित्याग करना । | পরিত্যাগ, ভগবানে কর্মাপণ, কাম্যকর্মপরিত্যাগ | परित्याग, भगवाने कर्मापन, कामकर्मपरित्याग | relinquishment, resignation, abandonment. |
| संन्यासी | पुं. | 1. जिसने संन्यास आश्रम ग्रहण किया हो; | সন্ন্যাসী, সন্ন্যাস অবলম্বনকারী চতুর্থাশ্রমী; | सन्न्यासी, सन्न्यास अबलम्बनकारी चतुर्थश्रमी; | a Brahman of the fourth order or asram; |
| | | 2. त्यागी और विरक्त । | ত্যাগী, ত্যাগশীল | त्यागी, त्यागशील | one who abandons or resigns. |
| संपत्ति | स्त्री. | 1. धन-दौलत और जायदाद; | সম্পত্তি, সম্পদ, ধন, বিষয়-আশ্রয়; | सम्पत्ति, सम्पद, धन, बिषय-आश्रय; | opulence, wealth, property; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कोई ऐसी वस्तु जो महत्व की हो और जिसे संजोया जाता हो । | সম্যক্ প্রাপ্তি | सम्यक् प्राप्ति | attainment, acquisition, possession. |
| **संपदा** | स्त्री. | धन दौलत, ऐश्वर्य । | ধনদৌলত, ঐশ্বর্য | धनदौलत, ऐश्वर्ज | wealth, opulence, estate. |
| **संपन्न** | वि. | 1. पूरा किया हुआ, पूर्ण, साधित; | সম্পন্ন, সম্পূর্ণ, নিষ্পন্ন, সাধিত; | सम्पन्न, सम्पूर्न, निष्पन्न, साधित; | accomplished, effected, completed; |
| | | 2. किसी गुण या वस्तु से युक्त; | সংযুক্ত, সম্পন্ন; | संजुक्त, सम्पन्न; | endowed (with), possessed (of); |
| | | 3. धनी, अमीर । | ঐশ্বর্যশালী | ऐश्बर्जशाली | prosperous, thriving, rich. |
| **संपर्क** | पुं. | 1. मेल, संयोग; | সম্পর্ক, মেলন; | सम्पर्क, मेलन; | mixture; |
| | | 2. आपस में होनेवाला किसी प्रकार का लगाव या वास्ता; | সংসর্গ, সম্বন্ধ; | संसर्ग, सम्बन्ध; | contact, association, |
| | | 3. स्पर्श; | স্পর্শ; | स्पंर्श; | touch; |
| | | 4. गणित में राशियों का जोड़ । | (গণিতে) যোগ | (गनिते) जोग | addition, sum. |
| **संपादक** | पुं. | 1. वह जो किसी पुस्तक, सामयिक पत्र आदि के सब लेख या विषय अच्छी तरह ठीक करके या देखकर उन्हें प्रकाशन के योग्य बनाता हो ; | সম্পাদক, গ্রন্থাদির সঙ্কলয়িতা ও সংস্কারক, সংবাদ-পত্রাদির প্রধান লেখক ও পরিচালক; | सम्पादक, ग्रन्थादिर सङ्कलयिता ओ संस्कारक, संवाद-पत्रादिर प्रधान लेखक ओ परिचालक; | editor; |
| | | 2. कोई काम पूरा करनेवाला, प्रस्तुत या तैयार करनेवाला । | নির্বাহক, নিষ্পাদক | निर्बाहक, निष्पादक | one who accomplishes or obtains. |
| **संपादकीय** | वि. | संपादक संबंधी या संपादक का । | সম্পাদকীয়, সম্পাদক সম্বন্ধীয় | सम्पादकीय, सम्पादक सम्बन्धीय | editorial. |
| | पुं. | संपादक द्वारा लिखी हुई टिप्पणी या अग्रलेख । | পত্রিকাদিতেসম্পাদক দ্বারা লিখিত প্রবন্ধ | पत्रिकादिते सम्पादक द्वारालिखित प्रबन्ध | (an) editorial. |
| **संपादन** | पुं. | 1. पूरा करना, प्रस्तुत करना; | সম্পাদন, নির্বাহ, নিষ্পাদন, সমাপন; | सम्पादन, निर्बाह, निष्पादन, समापन; | accomplishing, effecting, fulfilment; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. ग्रन्थादि शुद्ध कर उन्हें प्रकाशन योग्य बनाना या सामयिक या दैनिक पत्र विषय आदि की दृष्टि से ठीक करना और उसका संचालन करना । | গ্রন্থাদির সংশোধন ও সঙ্কলন, সংবাদপত্রাদির পরিচালন | ग्रन्थादिर संशोधन ओ सङ्कलन संबादपत्रादिर परिचालन | editing. |
| संपादित | वि. | जिसका संपादन किया गया हो । | সম্পাদিত, অনুষ্ঠিত | सम्पादित, अनुष्ठित | accomplished, edited. |
| संपीडन | पुं. | 1. चारों ओर से इस प्रकार दबाना कि उसका विस्तार कम हो जाए;<br>2. कष्ट देना । | সংপীড়ন, চাপ, চারিদিক হইতে ঠাসিয়া ধরা;<br>কষ্ট দেওয়া | संपीड़न, चाप, चारिदिक हइते ठासिया धरा;<br>कष्ट देओया | squeezing together, compression;<br>pain, torture. |
| संपुट | पुं. | 1. कटोरे जैसी कोई वस्तु, दोना;<br>2. अंजलि । | সম্পুট, ডিবা, কৌটা, গোলার্ধাকৃতি পাত্র;<br>অঞ্জলি | सम्पुट, डिबा, कौटा, गोलार्द्धाकृति पात्र;<br>अञ्जलि | hemispherical bowl;<br>space between two palms. |
| संपूर्ण | वि. | 1. आदि से अंत तक सब, सारा;<br>2. पूरा या समाप्त किया हुआ । | সম্পূর্ণ, সমগ্র, পূরা;<br>সমাপ্ত, সাংগ | सम्पूर्न, समग्र, पूरा;<br>समाप्त, साङ्ग | all, whole, complete;<br>completed, finished. |
| संपेरा | पुं. | सांप पकड़ने, पालने या सांप का तमाशा दिखलानेवाला । | সাঁপুড়ে | सांपुड़े | snake-charmer. |
| संप्रति | अव्य. | आजकल में, इस समय । | সম্প্রতি, ইদানীং | सम्प्रति, इदानीं | now, at present. |
| संप्रदान | पुं. | 1. व्याकरण में एक कारक जो उस संज्ञा की स्थिति का बोध कराता है जिसके निमित्त कोई कार्य किया गया होता है;<br>2. देना, प्रदान करना । | সম্প্রদান, (ব্যাকরণে) কারক-বিশেষ;<br>দান, সমর্পণ | सम्प्रदान, (ब्याकरने) कारक-बिशेष;<br>दान, समर्पन | (in Gram.) dative case;<br>giving, bestowing. |
| संप्रदाय | पुं. | 1. परम्परा से चला आया हुआ ज्ञान या सिद्धान्त;<br>2. किसी धर्म के अन्तर्गत कोई विशिष्ट मत या सिद्धान्त । | সম্প্রদায়, উপদেশ-পরম্পরা;<br>পরম্পরাগত ধর্মগত; | सम्प्रदाय, उपदेश-परम्परा;<br>परम्परागत धर्मगत; | traditional doctrine or knowledge;<br>a peculiar system of religious teaching; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. एक ही तरह का मत या सिद्धांत रखनेवाले लोगों का समूह या वर्ग । | সঙ্ঘ, ধর্মমত-অনুসরণকারীদের সমাজ বা দল | सङ्घ, धर्ममत-अनुसरन-कारीदेर समाज बा दल | sect, community. |
| **संप्रदायवाद** | पुं. | केवल अपने ही संप्रदाय को विशेष महत्व देना और अन्य संप्रदायवालों से द्वेष करना । | সাম্প্রদায়িকতা-বাদ | साम्प्रदायिकता-बाद | communalism, sectarianism. |
| **संबंध** | पुं. | 1. रिश्ता, नाता; | সম্বন্ধ, আত্মীয়তা, রক্তের সম্পর্ক; | सम्बन्ध, आत्मीयता, रक्तेर सम्पर्क; | relation, relationship; |
| | | 2. आपस में होनेवाली घनिष्ठता या मेलजोल; | সখ্য; | सख्य; | friendly connection, friendship; |
| | | 3. व्याकरण में छठा कारक जिसमें एक शब्द के साथ दूसरे शब्द का संबंध या लगाव सूचित होता है । | (ব্যাকরণে) ষষ্ঠীবিভক্তি-সূচিত পদদ্বয়ের অন্বয়বিশেষ | (ब्याकरने) षष्ठीबिभक्ति–सूचित पदद्वयेर अन्वयबिशेष | relation, as the meaning of the genitive case (in Gra.). |
| **संबंधी** | वि. | संबंध या लगाव रखनेवाला । | সম্বন্ধী, সম্বন্ধযুক্ত | सम्बन्धी, सम्बन्धजुक्त | connected with, belonging to, related (to). |
| | पुं. | वह जिसके साथ रक्त अथवा विवाह का संबंध हो । | কুটুম্ব, বৈবাহিক সম্বন্ধবান্ ব্যক্তি | कुटुम्ब, बैबाहिक सम्बन्धबान् ब्यक्ति | relative, kinsman. |
| **संबद्ध** | वि. | 1. किसी के साथ जुड़ा हुआ, मिलाया गया हुआ; | সম্বন্ধ, সংযুক্ত, সংগ্রথিত; | सम्बन्ध, संजुक्त, संग्रथित; | joined, bound or fastened together, attached; |
| | | 2. किसी प्रकार का संबंध रखनेवाला । | সম্পর্কযুক্ত, সম্বন্ধযুক্ত | सम्पर्कजुक्त, सम्बन्धजुक्त | connected with, related to, belonging to. |
| **संबल** | पुं. | 1. कोई ऐसी वस्तु जिससे किसी कार्य या बात में आगे बढ़ने में पूरी-पूरी सहायता मिलती हो या जिसका आश्रय लिया जाता हो, सहारा; | সম্বল, অবলম্বন; | सम्बल, अबलम्बन; | support, backing; |
| | | 2. पाथेय । | পাথেয় | पाथेय | stock of provision for a journey. |
| **संबोधन** | पुं. | 1. आह्वान करना, पुकारना; | সম্বোধন, আহ্বান, ডাক; | सम्बोधन, आह्बान, डाक; | calling to, addressing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह शब्द जिससे किसी को पुकारा जाता है; 3. व्याकरण में आठवां कारक । | যে-শব্দে কাহাকে ও ডাকা হয়; (ব্যাকরণে) আহ্বান সূচক পদ | जे-शव्दे काहाके ओ ओ डाका हय; (ब्याकरने) आहवान सूचक पद | an epithet (used in calling a person); (in Gram.) vocative case. |
| संबोधित | वि. | जिसका संबोधन किया गया हो । | সম্বোধিত, আহূত, কৃতসম্বোধন | सम्बोधित, आहूत, कृतसम्बोधन | called to, addressed. |
| संभलना | अ. क्रि. | 1. अपनी बिगड़ती हुई स्थिति को ठीक कर लेना; 2. रुकना, थमना, काबू में रहना; 3. सावधान होना, चोट आदि से बचाव करना । | সামলান, সামলানো, রক্ষা পাওয়া; থামা, দাঁড়াইয়া পড়া; সাবধান হওয়া, সতর্ক হওয়া | सामलान, सामलानो, रक्षा पाओया; थामा, दांड़ाइया पड़ा; सावधान हओया, सतर्क हओया | to recover oneself (from a stumble or fall etc.); to stand, to stop; to be alert, to be cautious. |
| संभव | वि. | जो किया जा सकता हो या हो सकता है, मुमकिन । | সম্ভব, সম্ভাবনা-যুক্ত | सम्भव, सम्भावना-जुक्त | possible. |
| संभवतः | क्रि. वि. | हो सकता है, शायद, मुमकिन है । | সম্ভবতঃ হয়ত | सम्भवतः, हयत | probably, perhaps, possibly. |
| संभार | पुं. | साज-सामान, सामग्री । | সম্ভার, দ্রব্যজাত, উপকরণ | सम्भार, द्रव्यजात, उपकरन | equipment provision, necessaries. |
| संभाल | स्त्री. | 1. संभलने या संभालने की क्रिया या भाव; 2. कोई वस्तु संभाल कर रखने की क्रिया या भाव, देखरेख, हिफाजत । | সাবধান হওয়া, সতর্ক হওয়া; তত্ত্বাবধান, দেখা-শোনা | सावधान हओया, सतर्क हओया; तत्त्वावधान, देखा-शोना | act or process of being alert or safe; care-taking, upkeeping, maintenance. |
| संभालना | स.क्रि. | 1. पालन करना, रक्षा करना, सहारा देना; 2. प्रबंध करना, सहेजना, भार उठाना; 3. गिरते हुए को बीच में रोकना; | প্রতিপালন করা, রক্ষা করা, সাহায্য দেওয়া; ব্যবস্থা করা, দেখাশোনা করা; পড়িয়া যাইতেছে এমন জিনিসকে পড়িতে না দেওয়া; | प्रतिपालन करा, रक्षा करा, साहाज्य देओया; व्यवस्था करा, देखाशोना करा; पड़िया जाइतेछे एमन जिनिसके पड़ते ना देओया; | to support, to sustain, to look after; to manage, to superintend; hold up, uphold, prop; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. बिगड़ते हुए संबंध में ऐसी क्रिया करना जिससे वह अधिक न बिगड़ने पाये, प्रत्युत धीरे-धीरे सुधरने लगे । | বিরূপ সম্বন্ধকে অধিক বিরূপ হইতে না দেওয়া প্রত্যুত ধীরে-ধীরে সুধরান | बिरूप सम्बन्धके अधिक बिरूप हइते ना देओया प्रत्युत धीरे-धीरे सुधरान | to reconcile, to amend. |
| **संभाला** | पुं. | मरणासन्न व्यक्ति की वह स्थिति जिसमें वह कुछ समय के लिए संभला हुआ जान पड़े । | মরণাসন্ন ব্যক্তির অল্পসময়ের জন্য সামলাইয়া ওঠা | मरन्नासन्न ब्यक्तिर अल्पसमयेर जन्य सामलाइया ओठा | the apparent rally before death. |
| **संभावना** | स्त्री. | किसी घटना या बात के संबंध में वह स्थिति जिसमें उस घटना के घटित होने या उस बात के पूरे होने की शक्यता होती है । | সম্ভাবনা, হয়ত হইবে বা ঘটিবে এইরূপ ভাব | सम्भाबना, हयत हइबे बा घटिबे एइरूप भाब | possibility, probability, likelihood. |
| **संभावित** | वि. | जिसकी संभावना हो, मुमकिन, संभव । | সম্ভাবিত, সম্ভব, সম্ভাব্য | सम्भाबित, सम्भब, सम्भाब्य | probable, likely. |
| **संभाव्य** | वि. | जो हो सकता हो, जो कल्पना या विचार में आ सकता हो । | সম্ভাব্য, সম্ভাবনীয় | सम्भाब्य, सम्भाबनीय | supposable, imaginable, probable. |
| **संभाषण** | पुं. | बातचीत, वार्तालाप । | সম্ভাষণ, কথাবার্তা, আলাপ | सम्भाषन, कथाबार्ता, आलाप | conversation, discourse. |
| **संभोक्ता** | पुं. | उपभोग करनेवाला, भोगनेवाला । | উপভোগকারী, ভোক্তা | उपभोगकारी, भोक्ता | consumer, one who eats or enjoys. |
| **संभोग** | पुं. | 1. स्त्री-पुरुष का मैथुन, रतिक्रीड़ा;<br>2. किसी वस्तु का किया जाने-वाला पूरा उपयोग । | যৌনসংগম, মৈথুন;<br>পূর্ণ উপভোগ; | जौनसङ्गम मैथुन;<br>पूर्न उपभोग; | sexual union, coition;<br>full or best use. |
| **संभ्रम** | पुं. | 1. उतावली, जल्दबाजी, घबराहट;<br>2. आदर, मान । | সম্ভ্রম, ত্বরা, আবেগ;<br>আদর, সম্মান | सम्भ्रम, त्वरा, आबेग;<br>आदर, सम्मान | eagerness, haste, nervousness;<br>respect. |
| **संभ्रांत** | वि. | प्रतिष्ठित, सम्मानित । | সম্ভ্রান্ত | सम्भ्रान्त | respectable. |
| **संयत** | वि. | 1. जितेंद्रिय; | সংযত, বশী, জিতেন্দ্রিয়; | संजत, बशी, जितेन्द्रिय; | one who has restrained his passion; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. व्यवस्थित किया हुआ; | স্বস্থাননিবেশিত; | स्वस्थाननिवेशित; | arranged; |
| | | 3. रोका हुआ, कैद किया हुआ । | বদ্ধ, বন্দীকৃত, কারারুদ্ধ | वद्ध, वन्दीकृत, कारारुद्ध | fettered, captive, imprisoned. |
| **संयम** | पुं. | 1. चित्त की अनुचित वृत्तियों का निरोध, इन्द्रिय निग्रह, रोक, नियंत्रण;<br>2. हानिकारक कार्यों या बातों से बचते हुए अलग या दूर रहना । | সংযম, নিয়মন, ইন্দ্রিয়নিগ্রহ, নিরোধ, নিয়ন্ত্রণ<br>ক্ষতিকর কাজ অথবা বিষয় থেকে দূরে থাকা, মিতাচার | संजम, नियमन, इन्द्रिहनिग्रह, निरोध, नियन्त्रन;<br>क्षतिकर काज अथबा विषय थेके दूरे थाका, मिताचार | restraint, control, continence;<br>sobriety, temperance, forbearance. |
| **संयमन** | पुं. | निग्रह, दमन । | সংযমন, নিগ্রহ, দমন | संजमन, निग्रह, दमन | self-denial, restraint. |
| **संयमित** | वि. | 1. नियंत्रित, रोका हुआ;<br>2. धार्मिक प्रवृत्तिवाला । | সংযমিত, নিয়ন্ত্রিত;<br>ধার্মিক | संजमित, नियन्त्रित;<br>धार्मिक | restrained, checked, subdued;<br>piously disposed. |
| **संयमी** | पुं., वि. | संयम करनेवाला, आत्मनिग्रही । | সংযমী, সংযমপরায়ণ, জিতেন্দ্রিয় | संजमी, संजमपरायन, जितेन्द्रिय | one who subdues or controls his passions, continent, temperate, sober. |
| **संयुक्त** | वि. | 1. किसी के साथ जुड़ा, मिला, लगा या सटा हुआ;<br>2. जिसके दो या अधिक भागीदार हों । | সংযুক্ত, সম্যগ্‌যুক্ত;<br>যাহার একাধিক অংশীদার আছে এমন | संजुक्त, सम्यग्‌जुक्त;<br>जाहार एकाधिक अंशीदार आछे एमन | joined, connected, united;<br>consisting of two or more partners. |
| **संयुक्ताक्षर** | पुं. | वह अक्षर जो दो अक्षरों के मेल से बना हो । | যুক্তাক্ষর | जुक्ताक्षर | combined consonants. |
| **संयोग** | पुं. | 1. दो या अधिक वस्तुओं का एक में या एक साथ होना, मेल, मिश्रण;<br>2. आकस्मिक रूप से आने-वाली वह स्थिति जिसमें एक घटना के साथ ही कोई दूसरी घटना भी घटित हो; | সংযোগ, সংশ্লেষ, সংমিশ্রণ, মিলন;<br>যোগাযোগ | संजोग, संश्लेष, संमिश्रन, मिलन;<br>जोगाजोग | combination, communion, association;<br>chance, coincidence; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. प्रेमी और प्रेमिका का मिलन; | প্রেমিক প্রেমিকার মিলন; | प्रेमिक प्रेमिकार मिलन; | union; |
| | | 4. व्याकरण में कई व्यंजनों का एक साथ होनेवाला मेल । | স্বরের-ব্যবধান-রহিত দুই বা ততোধিক ব্যঞ্জন-বর্ণ | स्वरेर व्यवधान-रहित दुइ बा ततोधिक व्यंजन वर्ण | conjunct consonant. |
| संयोगी | वि. | जिसका संयोग हो चुका हो । | সংযোগী | संजोगी | united, conjoined. |
| संयोजक | वि. | संयोजन करनेवाला । | সংযোজক, সংযোগকারক | संजोजक, संजोगकारक | joining together, connecting. |
| | पुं. | 1. सभा, समिति आदि की बैठक का आयोजन करनेवाला; | সভা সমিতি ইত্যাদির আহ্বায়ক; | सभा समिति इत्यादिर आह्वायक; | convenor; |
| | | 2. व्याकरण में वह शब्द जो दो शब्दों या वाक्यों को जोड़ने का काम करता हो । | সংযোগসাধক অব্যয় | संजोगसाधक अव्यय | conjunction (gram.). |
| संयोजन | पुं. | 1. जोड़ने, मिलाने की क्रिया; | সংযোজন, সংযোগ; | संजोजन, संजोग; | act of joining or uniting with; |
| | | 2. कार्य का आयोजन या व्यवस्था, प्रबन्ध । | কাজের ব্যবস্থা | काजेर व्यबस्था | arrangement. |
| संयोजित | वि. | जिसका संयोजन हुआ हो या किया गया हो । | সংযোজিত | संजोजित | conjoined, attached. |
| संरक्षक | वि., पुं. | 1. देखभाल, निरीक्षण करनेवाला, आश्रयदाता; | রক্ষণাবেক্ষণকারী, আশ্রয়দাতা; | रक्षनाबेक्षनकारी, आश्रयदाता; | custodian, protector, guardian; |
| | | 2. संस्थाओं आदि में वह बड़ा और मान्य-व्यक्ति जो उसके प्रधान पोषकों या समर्थकों में माना जाता हो । | পৃষ্টিপোষক | पुष्टिपोषक | patron. |
| संरक्षणीय | वि. | संरक्षण का अधिकारी या पात्र । | সংরক্ষণীয়, সংরক্ষণযোগ্য | संरक्षनीय, संरक्षनजोग्य | worthy of being protected or guarded against. |
| संरक्षित | वि. | जिसका संरक्षण किया गया हो या हुआ हो । | সংরক্ষিত, সম্যকরক্ষিত | संरक्षित, सम्यक्रक्षित | protected, guarded, preserved. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संरचना | स्त्री. | 1. कोई ऐसी वस्तु बनाने की क्रिया या भाव जिसमें अनेक प्रकार के बहुतसे अंगों-उपांगों का प्रयोग करना पड़ता हो; 2. उक्त प्रकार से बनी हुई कोई चीज । | বহুঅঙ্গ-প্রত্যঙ্গ বিশিষ্ট বস্তুবিশেষের নির্মাণ; বিভিন্নঅংশে গঠিত বস্তু | बहु अङ्ग-प्रत्यङ्ग विशिष्ट वस्तुविशेषेर निर्मान; विभिन्नअंशे गठित बस्तु | construction; structure. |
| संलग्न | वि. | किसी के साथ मिला हुआ, लगा हुआ, जुड़ा हुआ । | সংলগ্ন, সংযুক্ত, সংসক্ত, লাগাও | संलग्न, संजुक्त, संसक्त लागाओ | attached, enclosed, appended. |
| संलाप | पुं. | 1. आपस की बातचीत, वार्तालाप; 2. अपने आप बकना या बड़बड़ाना । | সংলাপ, অন্যোন্য-ভাষণ; আপনমনে বকবক করা | संलाप, अन्योन्य-भाषन; आपनमने बकबक करा | conversation, discourse; ramble. |
| संवत् | पुं. | सन्, वर्ष, साल । | সংবৎ, বর্ষ বিক্রমাব্দ | संवत्, बर्ष, विक्रमाब्द | year, era (as Saka or Vikram). |
| संवत्सर | पुं. | दे. 'संवत्' । | দ্র 'সংবৎ' | द्र: 'संवत्' | see 'संवत्'. |
| संवरण | पुं. | 1. मनोवेग आदि को दबाकर वश में रखना; 2. छिपाना, परदा करना । | সংবরণ, সংযমন, দমন; সংগোপন, আচ্ছাদন | संबरन, संजमन, दमन; संगोपन, आच्छादन | subjugation of passions; covering, screening, hiding, concealment. |
| संवरना | अ. क्रि. | अच्छी या ठीक दशा को प्राप्त होना, सुन्दर रूप में आना । | পরিপাটি হওয়া, সাজান-গোছান | परिपाटि हओया, साजान-गोछान | to be made up, to be decorated, to be arranged. |
| संवर्ग | पुं. | कार्यालयों आदि में सेवा अथवा पद का एक विशिष्ट वर्ग । | কোনো কর্মচারি-বৃন্দের কাঠাম | कोनो कर्मचारि-बृन्देर काठाम | cadre. |
| संवर्ती | वि. | किसी के साथ वर्तमान रहने या होनेवाला या एक ही काल में औरों के साथ प्राय: उसी रूप में परन्तु भिन्न-भिन्न स्थानों में होनेवाला । | সমসাময়িক | समसामयिक | contemporary, contemporaneous. |
| संवर्द्धक | वि. | बढ़ानेवाला । | সংবর্ধক, বৃদ্ধিকারক | संबर्द्धक, बुद्धिकारक | augmenting, increasing. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संवर्द्धन | पुं. | 1. अच्छी तरह बढ़ना या बढ़ाना; | সংবর্দ্ধন, বৃদ্ধিকরণ; | संबर्द्धन, बृद्धिकरन; | augmenting, increasing; |
| | | 2. पालपोसकर बड़ा करना। | পরিপালন, পোষণ | परिपालन, पोषन | bringing up, rearing, raising. |
| संवर्द्धित | वि. | जिसका संवर्द्धन किया गया हो या हुआ हो। | সংবর্দ্ধিত, পরিপোষিত | संबर्द्धित, परिपोषित | brought up, raised. |
| संवाद | पुं. | 1. बातचीत, वार्तालाप; | সংবাদ, পরস্পর কথোপকথন; | संबाद, परस्पर कथोपकथन; | conversation, discourse; |
| | | 2. खबर, समाचार; | খবর, সমাচার; | खबर, समाचार; | information, news; |
| | | 3. सादृश्य आदि के कारण चीजें, बातें आदि का आपस में ठीक बैठना या मेल खाना। | একরূপতা, সাদৃশ্য, ঐক্য | एकरूपता, सादृश्य, ऐक्य | conformity, correspondence, harmonisation, concordance (in music). |
| संवाददाता | पुं. | समाचार भेजनेवाला। | সংবাদদাতা, সমাচারপ্রেরক | संबाददाता, समाचारप्रेरक | correspondent, pressman. |
| संवादी | वि. | 1. किसी के साथ अनुकूल पड़ने, बैठने या होनेवाला; | সংবাদী, অনৈক্য রহিত, সদৃশ; | संबादी, अनैक्य रहित, सदृश; | agreeing or harmonizing with, corresponding to; |
| | | 2. बात करनेवाला। | কথোপকথনে নিরত, সম্ভাষী | कथोपकथने निरत, सम्भाषी | speaking, conversing. |
| | पुं. | संगीत में वह स्वर जिसका वादी से मेल हो और जो राग विशेष में वादी से कम पर अन्य स्वरों से अधिक मेल रखता हो। | (সংগীতে) মূল বাদী সুরের সহায়ক সুর | (सङ्गीते) मूल बादी सुरेर सहायक सुर | sub-ominent or the note next in importance to Vadi in a rag. |
| संवारना | स. क्रि. | 1. सुसज्जित करना, सजाना, | সুসজ্জিত করা, সাজান; | सुसज्जित करा, साजान; | to dress, to decorate; |
| | | 2. ठीक करना, तरतीब में रखना; | গোছান, ঠিকমত সাজাইয়া রাখা; | गोछान, ठिकमत साजाइया राखा; | to arrange, to methodize; |
| | | 3. सुधारना, मरम्मत करना | সংশোধন করা, মেরামত করা | संशोधन करा, मेरामत करा | to correct, to mend, to improve. |

| हिंदी शब्द | व्या को | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संविदा | स्त्री. | कुछ खास शर्तों पर आपस में होनेवाला किसी प्रकार का इकरार या समझौता । | সংবিদা, কর্মসম্পাদনাদির জন্য কৃত চুক্তি | संविदा, कर्मसम्पादनादिर जन्य कृत चुक्ति | contract. |
| संविदाकार | पुं., वि. | इकरार या समझौता करनेवाला । | ঠিকাদার | ठिकादार | contractor, contracting. |
| संविधान | पुं. | 1. राजनीति और शासनतंत्र में कानून के रूप में बने हुए वे मौलिक नियम और सिद्धांत जिनके अनुसार किसी राज्य, राष्ट्र या संस्था का संघटन और संचालन होता है; | সংবিধান, রাষ্ট্রের সংগঠনের ও পরিচালনের পদ্ধতি সংক্রান্ত নিয়মাবলী, শাসনতন্ত্র; | संबिधान, राष्ट्रेर संगठनेर ओ परिचालनेर पद्धति संक्रान्त नियमाबली, शासनतन्त्र; | constitution; |
| | | 2. व्यवस्था, प्रबन्ध । | সুব্যবস্থা | सुब्यबस्था | arrangement. |
| संविधि | पुं. | विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव जो विधान के अंग के रूप में स्वीकार किया जाता है । | সংবিধি, আইনসভা কর্তৃক বিধিবদ্ধ আইন | संबिधि, आइनसभा कर्तृक बिधिबद्ध आइन | statute. |
| संवेदन | पुं. | 1. अनुभूति या प्रतीति; | সংবেদন; | संबेदन; | sensation, feeling; |
| | | 2. किसी को किसी बात का ज्ञान या बोध कराना । | অনুভব, বোধ উদ্‌ঘোষণ | अनुभब, बोध उद्‌घोषन | making known, communication. |
| संवेदना | स्त्री. | मन में होनेवाला बोध या अनुभव, अनुभूति । | সংবেদনা, অনুভব, বোধ | संबेदना, अनुभब, बोध | sensitivity, sensation. |
| संवेद्य | वि. | जिसकी अनुभूति या ज्ञान हो सकता हो । | যাহার সংবেদ হইতে পারে, সংবেদ্য | जाहर संबेद हइते पारे, संबेद्य | intelligible, perceptible, worth experiencing. |
| संशय | पुं. | 1. संदेह, अनिश्चय; | সংশয়, সন্দেহ; | संशय, सन्देह; | uncertainty, doubt; |
| | | 2. खतरे या संकट की आशंका या संभावना । | বিপদাশংকা, সংকটসম্ভাবনা | बिपदाशङ्का, सङ्कटसम्भाबना | risk, peril , danger. |
| संशयात्मक | वि. | संदेहपूर्ण, अनिश्चित । | সংশয়াত্মক, সংশয়াকুল | संशयात्मक, संशयाकुल | dubious, uncertain. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संशयी** | वि. | संशय, संदेह करनेवाला, शक्की । | সংশয়ী, সংশয়কারী, সন্দিগ্ধচিত্ত | संशयी, संशयकारी, संदिग्धचित्त | wavering, doubtful, sceptic. |
| **संशोधक** | पुं. | 1. सुधारनेवाला;<br>2. (तत्व) जो किसी बात या पदार्थ की शुद्धि में सहायक होता हो । | সংশোধক;<br>বিমলীকরণ-সমর্থ | संशोधक;<br>बिमलीकरन-समर्थ | mendor, rectifier;<br>purifier. |
| **संशोधन** | पुं. | 1. शुद्ध करना या साफ करना;<br>2. त्रुटि, दोष आदि दूर करके ठीक और दुरुस्त करना । | সংশোধন, শুদ্ধী-করণ, বিমলীকরণ;<br>সংশোধন, ভুল ভ্রান্তি দূরীকরণ | संशोधन, शुद्धि-करन, बिमलीकरन;<br>संशोधन, भुल भ्रान्ति दूरीकरन | purification, cleansing;<br>correction, amendment. |
| **संशोधित** | वि. | 1. शुद्ध किया हुआ;<br>2. सुधारा हुआ । | সংশোধিত, সংশোধন করা হইয়াছে এমন;<br>সংশোধিত, ভুল-ভ্রান্তি দূরীকৃত | संशोधित, संशोधन करा हइयाछे एमन;<br>संशोधित, भुल–भ्रान्ति दूरीकृत | completely cleansed and purified;<br>corrected, amended. |
| **संश्लिष्ट** | वि. | अच्छी तरह जुड़ा, मिला या लगा हुआ । | সংশ্লিষ্ট, সম্মিলিত | संश्लिष्ट, सम्मिलित | mixed up, synthesised. |
| **संसद** | स्त्री. | शासन संबंधी कार्यों में सहायता देने, नये विधान बनाने तथा पुराने विधानों में संशोधन करने के लिए प्रजा द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों की सभा । | সংসদ, ভারতের কেন্দ্রীয় আইন-সভা পার্লামেন্ট | संसद, भारतेर केन्द्रीय आइन-सभा, पार्लामेन्ट | parliament. |
| **संसर्ग** | पुं. | संयोग, मेल, लगाव या संबंध । | সংসর্গ, সম্পর্ক, সংগ, সম্বন্ধ | संसर्ग, सम्पर्क, सङ्ग, सम्बन्ध | contact, company association. |
| **संसर्गी** | वि. | संसर्ग या लगाव रखनेवाला । | সংসর্গী সংসর্গ-কারী, সংগী | संसर्गी, संसर्ग-कारी सङ्गी | keeping company with, familiar, associate. |
| **संसार** | पुं. | दुनिया. मर्त्यलोक । | সংসার, জগৎ দুনিয়া মর্ত্যলোক | संसार, जगत्, दुनिया, मर्त्यलोक | mundane existence, the world. |
| **संसारी** | वि. | 1. संसार संबंधी, लौकिक; | সংসারসম্বন্ধী, লৌকিক; | संसारसम्बन्धी, लौकिक; | mundane, worldly; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. गृहस्थ जीवन व्यतीत करनेवाला· | সংসারী, গৃহস্থাশ্রমী, গৃহী; | संसारी, गृहस्थाश्रमी, गृही; | one who has a family; |
| | | 3. लोक व्यवहार में कुशल । | ব্যবহার-কুশল | व्यवहार-कुशल | a worldly man. |
| संस्करण | पुं. | 1. पुस्तकों आदि की एक बार में एक ही तरह की होनेवाली छपाई, आवृत्ति; | সংস্করণ, গ্রন্থাদির একবার প্রকাশন; | संस्करन, ग्रन्थादिर एकबार प्रकाशन; | edition, issue (of a journal); |
| | | 2. दुरुस्त या शुद्ध करना, सुधारना । | সংশোধন, সংস্কারসাধন | संशोधन, संस्कारसाधन | correction, improvement. |
| संस्कार | पुं. | 1. किसी वस्तु को ठीक या दुरुस्त करके उचित रूप देने की क्रिया, परिष्कार; | সংস্কার, উৎকর্ষসাধন, পরিস্কার বা নির্মল করা; | संस्कार, उत्कर्षसाधन, परिस्कार बा निर्मल करा; | refinement; |
| | | 2. पूर्वजन्म के आचार-व्यवहार, पाप-पुण्य आदि का आत्मा पर पड़ा हुआ वह प्रभाव जो मनुष्य के परवर्ती जन्म में उसके कार्यों, प्रवृत्तियों, रुचियों आदि के रूप में प्रकट होता है; | আসক্তিবিদ্বেষ-হেতুক বাহ্যমান-সক্রিয়ার পরিপুষ্ট আত্মায় উৎপন্ন বাসনাময় ধর্মাধর্ম-নামক অদৃষ্ট বিশেষ; | आसक्तिविद्वेष-हेतुक बाह्यमान-सक्रियार परिपुष्ट आत्माय उत्पन्न बासनामय धर्माधर्म-नामक अदृष्ट बिशेष; | mental impressions (forming the mind); |
| | | 3. हिन्दुओं में जन्म से मरण तक होनेवाले वे विशिष्ट धार्मिक कृत्य जो द्विजातियों के लिए विहित हैं । | হিন্দুধর্মের গর্ভাধানাদি দশবিধ শাস্ত্রীয় অনুষ্ঠান | हिन्दुधर्मेर गर्भाधानादि दशबिध शास्त्रीय अनुष्ठान | ritual, sacrament, ceremony. |
| संस्कारी | वि. | अच्छे संस्कारवाला । | উত্তম | उत्तम | cultured, refined. |
| संस्कृत | वि. | 1. संस्कार द्वारा शुद्ध, पवित्र किया हुआ; | সংস্কারবিশিষ্ট সংস্কৃত, শোধিত, পবিত্রীকৃত; | संस्कारबिशिष्ट· संस्कृत, शोधित, पबित्रीकृत; | cultured; |
| | | 2. परिमार्जित, परिष्कृत । | পরিমার্জিত, পরিষ্কৃত | परिमार्जित, परिष्कृत | refined, polished. |
| | स्त्री. | भारतीय आर्यों की प्राचीन साहित्यिक भाषा जिसमें उनके धर्मग्रन्थ आदि हैं । | সংস্কৃত ভাষা, ভারতের প্রাচীন আর্যভাষাবিশেষ | संस्कृत भाषा, भारतेर प्राचीन आर्जभाषाबिशेष | Sanskrit (language) |
| संस्कृति | स्त्री. | 1. आचरणगत परम्परा, सभ्यता; | সংস্কৃতি, সভ্যতা-জনিত উৎকর্ষ; | संस्कृति, सभ्यता-जनित उत्कर्ष; | civilization, culture; |
| | | 2. संस्कार करने की क्रिया या भाव । | সংস্কারকর্ম | संस्कारकर्म | perfection, purification. |

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय शब्द संग्रहण विकास (शिक्षा विभाग) भारत सरकार की ओर से भेंट

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संस्ताव | पुं. | 1. सिफारिश;<br>2. प्रशंसा, स्तुति;<br>3. यज्ञ में स्तुति करनेवाले ब्राह्मणों के बैठने का स्थान । | সুপারিশ;<br>প্রশংসা, স্তুতি;<br>যজ্ঞস্থলে স্তুতি কারক ব্রাহ্মণের উপবেশনস্থল | सुपारिश:<br>प्रशंसा, स्तुति;<br>जज्ञस्थले स्तुति कारक ब्राह्मनेर उपवेशनस्थल | recommendation;<br>praise, celebration;<br>the place which Brahmanas reciting hymns and prayers occupy at a sacrifice. |
| संस्था | स्त्री. | संघटित वर्ग, समाज या समूह, सभा, समिति । | সংস্থা, প্রতিষ্ঠান, সমাজ, সঙ্ঘ | संस्था, प्रतिष्ठान, समाज, सङ्घ | institution, organisation. |
| संस्थान | पुं. | 1. साहित्य, कला, विज्ञान आदि की उन्नति के लिए स्थापित संस्था या संघटन;<br>2. ढांचा, संरचना । | সংস্থান, সাহিত্য কলা বিজ্ঞান ইত্যাদির উন্নতির জন্য স্থাপিত সংস্থা;<br>গঠন, আকৃতি, ঢাঁচা; | संस्थान, साहित्य कला बिज्ञान इत्यादिर उन्नतिर जन्य स्थापित संस्था·<br>गठन, आकृति, ढांचा; | institute;<br>structure, configuration. |
| संस्थापक | पुं. | 1. स्थापित करनेवाला;<br>2. नये काम या बात का प्रवर्तन करनेवाला । | সংস্থাপক;<br>পথিকৃৎ | संस्थापक;<br>पथिकृत | founder;<br>precursor, pioneer. |
| संस्थापन | पुं. | 1. स्थापित करना;<br>2. कोई नया काम या नई बात चलाना । | সংস্থাপন, সম্যক্‌স্থাপন;<br>কোনো নূতন কাজ বা নূতন বিষয় শুরু করা | संस्थापन, सम्यक्स्थापन:<br>कोनो नूतन काज बा नूतन बिषय शुरु करा | the act of establishing, founding;<br>pioneering, introducing something. |
| संस्थापना | स्त्री. | दे. 'संस्थापन' । | দ্র: 'সংস্থাপন' | द्र: 'संस्थापन' | see 'संस्थापन'. |
| संस्थापित | वि. | स्थापित किया हुआ । | সংস্থাপিত | संस्थापित | established, founded. |
| संस्मरण | पुं. | 1. इष्ट देव आदि का बारबार स्मरण करना या उनका नाम जपना;<br>2. किसी व्यक्ति के जीवन की महत्वपूर्ण और मुख्य घटनाओं या बातों का उल्लेख या कथन । | স্মরণ, ইষ্টদেবাদির ধ্যান ও নাম জপ<br>স্মৃতি, স্মৃতিচারণা | स्मरन, इष्टदेबादिर ध्यान ओ नाम जप;<br>स्मृति, स्मृतिचारना | remembering, calling to mind;<br>memoirs, reminiscences, recollections. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संस्मरणीय** | वि. | 1. बहुत दिनों तक याद रहने लायक; | স্মরণীয়; | स्मरनीय; | to be remembered for a long time; |
| | | 2. जिसका नाम-जप आदि करना आवश्यक और उचित हो । | যাহার স্মরণ অর্থাৎ ধ্যানাদি কর্তব্য | जाहार स्मरन अर्थात् ध्यानादि कर्तव्य | worthy of being worshipped. |
| **संस्मृति** | स्त्री. | पूर्ण स्मृति, पूरी याद । | পূর্ণস্মৃতি | पुर्नस्मृति | remembrance, recollecti..n. |
| **संहार** | पुं. | 1. ध्वंस, नाश; | সংহার, ধ্বংস, বিনাশ; | संहार, ध्वंस, बिनाश; | annihilation, destruction; |
| | | 2. बहुत से व्यक्तियों की युद्ध आदि में एक-साथ होनेवाली हत्या । | বহু মানুষের এক সংগে নিধন | बहु मानुषेर एम सङ्गे निधन | massacre. |
| **संहारक** | वि., पुं. | नाश करनेवाला । | সংহারক, বিনাশক | संहारक, विनाशक | destroyer, ruiner, destructor. |
| **संहिता** | स्त्री. | 1. वेदों का मन्त्रभाग; | সংহিতা, বেদের মন্ত্রসমষ্টি; | संहिता, वेदेर मन्त्रसमष्टि; | arrangement of the text of the Vedas; |
| | | 2. संग्रह, संकलन; | সংগৃহীত রচনাসমূহ, সঙ্কলনগ্রন্থ; | संगृहीत रचनासमूह, संकलनग्रन्थ; | collection, compilation, compendium; |
| | | 3. राजकीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किया हुआ नियमों-विधियों आदि का संग्रह । | রাজকীয় বিধিনিষেধাদির সঙ্কলনগ্রন্থ | राजकीय बिधिनिषेधादिर सङ्कलनग्रन्थ | compendium or compilation of laws, code, digest. |
| **सकना** | अ. क्रि. | समर्थ होना, योग्य होना । | সমর্থ হওয়া, সক্ষম হওয়া, যোগ্য হওয় | समर्थ हओया, सक्षम हओया, जोग्य हओया | can, may, to be able, to be competent. |
| **सकपकाना** | अ. क्रि. | 1. चकित होना; | চকিত হওয়া; | चकित हओया; | to be startled; |
| | | 2. लज्जा आदि के कारण घबड़ाहट में पड़ जाना; | লজ্জা ভয় ইত্যাদির জন্য ঘাবড়ান; | लज्जा भय इत्यादिर जन्य घाबड़ान; | to be unnerved out of blushing or hesitation; |
| | | 3. हिचकना, आगापीछा करना । | ইতস্তত করা | इतस्तत करा | to hesitate, to be dubious. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सकर्मक** | वि. | (वह क्रिया) जिसका प्रभाव कर्ता पर न पड़कर दूसरे पर पड़े । | সকর্মক, যে ক্রিয়ার কর্ম আছে এমন | सकर्मक, जे क्रियार कर्म आछे एमन | (in Gram.) having an object, transitive. |
| **सकल** | वि. | सब, समस्त, कुल । | সকল, সর্ব সমস্ত | सकल, सर्व, सम्मत | all, entire, whole. |
| **सकाम** | वि. | कामनायुक्त, फलाकांक्षा से युक्त । | সকাম, কামনাবিশিষ্ট | सकाम, कामनाविशिष्ट | desirous of, lustful. |
| **सकारना** | स. क्रि. | 1. हुंडी पर हस्ताक्षर करके उसे स्वीकार कर लेना; 2. स्वीकार करना, मान लेना । | হুন্ডিতে সহি করিয়া উহা স্বীকার করিয়া নেওয়া; স্বীকার করা, মানিয়া লওয়া | हुन्डिते सहि करिया उहा स्वीकार करिया नेओया; स्वीकार करा, मानिया लओया | to accept or endorse as accepted (a bill); to accept, to agree. |
| **सकुचाना** | अ. क्रि. | 1. संकोच करना, शरमाना; 2. फूलों आदि का संपुटित या बंद होना । | সঙ্কোচ করা, লজ্জা পাওয়া; ফুল ইত্যাদির শুকাইয়া যাওয়া | सङ्कोच करा, लज्जा पाओया; फुल इत्यादिर शुकाइया जाओया | to hesitate, to blush; to wither (as a flower). |
| **सकोरा** | पुं. | मिट्टी की एक प्रकार की छोटी कटोरी । | মাটির ছোট কটোরা | माटिर छोट कटोरा | small earthen cup. |
| **सक्का** | पुं. | भिश्ती, मशक में पानी भरकर पिलानेवाला । | ভিশতি, ভিস্তি | भिशति, भिस्ति | water-carrier. |
| **सक्रिय** | वि. | 1. क्रियायुक्त; 2. जो क्रियात्मक रूप में हो । | ক্রিয়াযুক্ত; সক্রিয়, ক্রিয়ারত | क्रियाजुक्त; सक्रिय, क्रियारत | having a verb; active. |
| **सक्षम** | वि. | 1. क्षमतायुक्त, समर्थ; 2. जो किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए उपयुक्त फलतः उसका अधिकारी या पात्र हो । | সক্ষম, শক্তিযুক্ত; উপযুক্ত, যোগ্য | सक्षम, शक्तिजुक्त; उपजुक्त, जोग्य | capable, efficient; competent. |
| **सक्षमता** | स्त्री. | सक्षम होने की अवस्था, गुण या भाव । | সক্ষমতা, সামর্থ্য | सक्षमता, सामर्थ्य | capability, competence. |
| **सखा** | पुं. | दोस्त, मित्र, सहचर । | সখা, দোস্ত, মিত্র, সহচর | सखा, दोस्त, मित्र, सहचर | friend, associate, companion. |
| **सखी** | स्त्री. | सहेली, सहचरी, संगिनी । | সখী, সহচরী, সংগিনী | सखी, सहचरी, सङ्गिनी | a woman's friend, companion, a female friend or confidant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सख्त** | वि. | 1. कठोर, कड़ा; | শক্ত, কঠোর; | शक्त, कठोर; | hard, stiff, strong; |
| | | 2. कठिन, मुश्किल; | কঠিন; | कठिन; | difficult, arduous; |
| | | 3. तीक्ष्ण, तेज; | তীক্ষ্ণ, তীব্র, প্রচন্ড; | तीक्ष्न, तीब्र, प्रचन्ड; | intense, vehement, violent; |
| | | 4. बहुत अधिक । | খুব বেশী | खुब बेशी | excessive. |
| **सख्ती** | स्त्री. | 1. कड़ापन, कठोरता; | কঠোরতা; | कठोरता; | strictness, stiffness, rigidity; |
| | | 2. कठोर व्यवहार । | কঠোর ব্যবহার | कठोर ब्यबहार | atrocity, cruelty. |
| **सगा** | वि. | 1. एक ही माता से उत्पन्न, सहोदर; | সহোদর; | सहोदर; | real, born of the same parents; |
| | | 2. रिश्ते में अपने ही कुल या परिवार का । | জ্ঞাতি | ज्ञाति | kin, blood relation. |
| **सगाई** | स्त्री. | विवाह का ठहराव, मंगनी । | বিবাহার্থ আশীর্বাদ | बिबाहार्थ आशीर्बाद | betrothal. |
| **सगुण** | वि. | गुण से युक्त । | সগুণ, গুণান্বিত, গুণসম্পন্ন | सगुन, गुनान्बित, गुनसम्पन्न | possessing good qualities or attributes; |
| | पुं. | सत्व, रज, तम – तीनों गुणों से युक्त परमात्मा का वह रूप जिसमें वह लौकिक प्राणियों सदृश आचरण करता है । | সত্ত্বাদিগুণযুক্ত ব্রহ্ম | सत्त्वादिगुनजुक्त ब्रह्म | God incarnation possessed of attributes. |
| **सगुणोपासना** | स्त्री. | साकार ब्रह्म की उपासना । | সগুণোপাসনা, সগুণ ব্রহ্মের উপাসনা | सगुनोपासना, सगुन ब्रह्मेर उपासना | worship of God possessed of attributes. |
| **सगोत्र** | वि. | एक ही गोत्र का । | সগোত্র, সমানগোত্র, জ্ঞাতি | सगोत्र, समानगोत्र, ज्ञाति | being of the same family or kin, related. |
| **सघन** | वि. | घना, अविरल, ठोस । | সঘন, ঘন, নিবিড় | सघन, घन, निबिड़ | thick, dense, solid. |
| **सघनता** | स्त्री. | सघन होने की अवस्था, गुण या भाव । | সঘনতা, ঘনত্ব, নিবিড়তা | सघनता, घनत्ब, निबिड़ता | denseness, intensity. |
| **सच** | वि. | जो यथार्थ हो, वास्तविक । | সচ, যথার্থ, সত্য | सच, जथार्थ, सत्य | true, real. |
| | पुं. | सच्ची बात । | সত্য কথা | सत्य कथा | truth, reality. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सचमुच | क्रि. वि. | यथार्थतः, ठीक-ठाक, वास्तव में । | যথার্থতঃ, বাস্তবিক | जथार्थतः, बास्तबिक | truly, verily, indeed. |
| सचाई | स्त्री. | 1. सत्यता, वास्तविकता; 2. ईमानदारी । | সত্যতা; ইমানদারি | सत्यता; इमानदारी | truth, reality; sincerity, honesty. |
| सचित्र | वि. | चित्रों से युक्त । | সচিত্র, চিত্রযুক্ত | सचित्र, चित्रजुक्त | pictorial, illustrated. |
| सचिव | पु. | 1. मंत्री या वजीर; | সচিব, মন্ত্রী, উজীর; | सचिब, मंत्री, उजीर; | minister, counsellor; |
| | | 2. किसी बड़े अधिकारी या विभाग का वह व्यक्ति जो अभिलेख आदि सुरक्षित रखता हो और मुख्य रूप से पत्र-व्यवहार आदि की व्यवस्था करता हो । | কর্মসম্পাদক, সেক্রেটারি | कर्मसम्पादक, सेक्रेटारि | secretary. |
| सचिवालय | पु. | वह स्थान जहां राज्य के प्रमुख विभागों के सचिवों और प्रमुख अधिकारियों के कार्यालय हों । | মহাকরণ | महाकरन | secretariat. |
| सचेत | वि. | 1. जिसमें चेतना हो; 2. सतर्क, सावधान । | সচেতন; সতর্ক, সাবধান | सचेतन; सतर्क, साबधान | conscious; watchful, on (one's) guard. |
| सचेतक | पु. | 1. सचेत या सजग रखने-वाला; | যে ব্যক্তি সতর্ক করিয়া দেয়; | जे ब्यक्ति सतर्क करिया देय; | one who cautions |
| | | 2. संसद आदि में वह अधिकारी जिसका कर्त्तव्य सदस्यों को इस विषय में सचेत कराना होता है कि अमुक प्रस्ताव पर मत देने के लिए आपकी उपस्थिति आवश्यक है । | আইন সভাদিতে রাজনৈতিক দলের শৃঙ্খলা বজায় রাখার ভারপ্রাপ্ত ব্যক্তি, হুইপ | आइन सभादिते राजनैतिक दलेर श्रृङ्खला बजाय राखार भारप्राप्त ब्यक्ति हुइप | whip (political). |
| सचेतन | वि. | चेतनायुक्त । | সচেতন | सचेतन | conscious. |
| सचेष्ट | वि. | चेष्टाशील, चेष्टा करनेवाला । | সচেষ্ট, চেষ্টা-যুক্ত, তৎপর | सचेष्ट, चेष्टा-जुक्त, तत्पर | making efforts, acting. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सच्चा** | वि. | **1. सच बोलनेवाला, सत्यवादी; 2. ईमानदार; 3. जिसमें कोई खोट या मैल न हो ।** | সত্যভাষী, সত্যবাদী; ইমানদার; সাচ্চা, খাঁটি, বিশুদ্ধ | सत्यभाषी, सत्यबादी; इमानदार; साच्चा, खाँटि, बिशुद्ध | true, genuine, real; honest, sincere; pure, unalloyed. |
| **सजग** | वि. | **सतर्क, सावधान, होशियार ।** | সজাগ, সাবধান, সতর্ক, হুঁশিয়ার | सजाग, साबधान, सतर्क, हुँशियार | alert, cautious, vigilant. |
| **सजधज** | स्त्री. | **सजावट, बनाव-सिंगार ।** | সাজগোজ | साजगोज | ornamentation, adorning. |
| **सजन** | पुं. | **1. स्त्री का पति, स्वामी; 2. प्रियतम के लिए शिष्ट संबोधन ।** | পতি, স্বামী; প্রিয়তমকে বলিয়া সম্বোধন | पति, स्बामी; प्रियतमके बलिया सम्बोधन | husband; beloved, dear, darling. |
| **सजना** | अ. क्रि. | **1. वस्त्रादि से अलंकृत होना; 2. सुन्दर जान पड़ना, सुशोभित होना ।** | সাজা, সজ্জিত হওয়া; সুন্দর মনে হওয়া | साजा, सज्जित हओया; सुन्दर मने हओया | to be adorned or decorated; to be well arranged neatly dressed. |
| | पुं. | **प्रियतम ।** | প্রিয়তম | प्रियतम | lover. |
| **सजनी** | स्त्री. | **सखी, सहेली ।** | সজনী, সখী, সহচরী | सजनी, सखी, सहचरी | sweetheart, beloved, wife. |
| **सजल** | वि. | **जलयुक्त, भीगा हुआ ।** | সজল, জলযুক্ত | सजल, जलजुक्त | wet, moist, humid |
| **सजा** | स्त्री. | **अपराध आदि के कारण अपराधी को दिया जानेवाला दंड ।** | সাজা, দন্ড, শাস্তি | साजा, दन्ड, शास्ति | punishment, penalty. |
| **सजाति** | वि. | **एक ही जाति का, वर्ग का ।** | স্বজাতি, এক জাতীয়, সমশ্রেণীর | स्बजाति, एक जातीय, समश्रेनीर | of one and the same species, of the same tribe or caste or race. |
| **सजातीय** | वि. | **दे. 'सजाति' ।** | দ্রঃ 'সজাতি' | द्रः 'सजाति' | see **'सजाति'** |
| **सजाना** | स. क्रि. | **1. वस्तुओं को ऐसे क्रम से रखना कि वे आकर्षक और सुन्दर जान पड़ें;** | সাজান, সাজানো, সুশৃঙ্খলভাবে বিন্যস্ত করা; | साजान, साजानो, सुश्रृङ्खलभाबे बिन्यस्त करा; | to furnish, to arrange; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. अलंकृत करना, किसी वस्तु को ऐसी वस्तुओं से युक्त करना कि वह सुन्दर जान पड़े । | সজ্জিত করা, অলঙ্কৃত করা | सज्जित करा, अलङ्कृत करा | to decorate, to beautify. |
| सजावट | स्त्री. | सजे हुए होने की अवस्था, क्रिया या भाव, शोभा । | সজ্জিতকরণ, অলঙ্করণ | सज्जितकरन, अलङ्करन | decoration, ornamentation. |
| सजीला | वि. | 1. सजधजवाला, सजधज से रहनेवाला; | যে সাজগোজ করিয়া থাকে এমন; | जे साजगोज करिया थाके एमन; | well-dressed; |
| | | 2. सुन्दर, आकर्षक । | সুন্দর, মনোহর | सुन्दर, मनोहर | graceful, handsome. |
| सजीव | वि. | जीवयुक्त, जिसमें प्राण हो । | সজীব, জীবন্ত, জীবিত | सजीव, जीबन्त, जीवित | having life, living, alive. |
| सजीवता | स्त्री. | सजीव होने का भाव । | সজীবতা, সজীবত্ব | सजीबता, सजीवत्व | liveliness. |
| सज्जन | वि., पुं. | भला आदमी, सत्पुरुष । | সজ্জন, ভাল লোক, সাধু মানুষ | सज्जन, भाल लोक साधु मानुष | well-born, gentleman, nobleman, gentle, noble. |
| सज्जनता | स्त्री. | सज्जन होने की अवस्था, गुण या भाव । | সজ্জনতা, সজ্জনত্ব | सज्जनता, सज्जनत्व | gentility, nobility. |
| सज्जा | स्त्री. | साज-सामान । | সজ্জা, সাজ-সরঞ্জাম | सज्जा, साज-सरञ्जाम | apparatus, equipment. |
| सज्जित | वि. | 1. सजा हुआ, अलंकृत; | সজ্জিত; | सज्जित; | dressed, decorated, embellished; |
| | | 2. सामान आदि से युक्त । | সাজযুক্ত | साजजुक्त | equipped. |
| सज्जी | स्त्री. | एक प्रकार की क्षार युक्त मिट्टी । | সাজিমাটি | साजिमाटि | saltpetre. |
| सटक | स्त्री. | 1. चुपके से चल देने की क्रिया; | সটকানো; | सटकानो; | act of slinking off or away; |
| | | 2. तंबाकू पीने का लम्बा लचीला नैचा जो अन्दर छल्लेदार तार देकर बनाया जाता है । | আলবেলার নল | आलबेलार नल | huqqa-snake. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सटकना | अ. क्रि. | धीरे से खिसक जाना, चल देना, चंपत होना । | সটকানো | सटकानो | to disappear, to run away, to slink away, to decamp, to vanish. |
| सटकाना | स. क्रि. | छड़ी आदि से मारना । | ছড়ি ইত্যাদি দিয়া আঘাত করা | छड़ि इत्यादि दिया आघात करा | to strike with a cane. |
| सटना | अ. क्रि. | दो वस्तुओं का एक साथ लग जाना, चिपकना । | সাঁটিয়া যাওয়া | साटिया जाओया | to stick, to adhere, to come close. |
| सटपटाना | अ. क्रि. | हिचकिचाना, भौचक्का होना । | হচকানো | हचकानो | to be amazed or to be confounded, to be unnerved. |
| सटाना | स. क्रि. | 1. जोड़ना, मिलाना;<br>2. चिपकाना । | জোড়া দেওয়া, যুক্ত করা;<br>সাঁটা | जोड़ा देओया, जुक्त करा;<br>सांटा | to join, to unite, to graft (in);<br>to stick (in or on), to paste. |
| सटीक | वि. | 1. जिसमें मूल के साथ टीका भी हो;<br>2. बिलकुल ठीक, उपयुक्त । | সটীক, টীকাযুক্ত;<br>ঠিক উপযুক্ত | सटीक, टीकाजुक्त;<br>ठिक, उपजुक्त | accompanied or explained by a commentary;<br>apt, befitting, correct and accurate. |
| सटोरिया | पुं. | जो सट्टा खेलने का शौकीन हो, सट्टेबाज़ । | ফটকাবাজ | फटकाबाज | speculator. |
| सट्टा | पुं. | साधारण व्यापार से भिन्न क्रय-विक्रय का एक कल्पित प्रकार जिसमें लाभ-हानि का निश्चय भाव के उतरने चढ़ने के हिसाब से होता है । | ফটকা | फटका | speculation. |
| सट्टी | स्त्री. | वह बाजार जिसमें एक ही मेल की बहुत सी वस्तुएँ लोग लाकर बेचते हों । | পটি, পট্টি, যেমন সূতাপট্টি, লোহা-পট্টি ইত্যাদি | पटि, पट्टि, जेमन सुतापट्टि, लोहा-पट्टि इत्यादि | market place. |
| सट्टेबाज़ | पुं. | दे. 'सटोरिया' । | দ্র: 'সটোরিয়া' | द्र: 'सटोरिया' | see 'सटोरिया'. |
| सठियाना | अ. क्रि. | 1. साठ वर्ष की अवस्था का होना; | ষাট বর্ষ বয়স্ক হওয়া; | षाट बर्ष बयस्क हओया; | to be of sixty years; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वार्धक्य के कारण मानसिक शक्ति का ह्रास होना । | বার্ধক্যের জন্য মানসিক শক্তি হ্রাস হওয়া | बार्धक्येर जन्य मानसिक शक्ति ह्रास हओया | to become decrepit, to be in (one's) dotage. |
| सड़क | स्त्री. | मनुष्यों, सवारियों आदि के गमनागमन के योग्य बना हुआ चौड़ा मार्ग, रास्ता । | সড়ক, বড় রাস্তা, রাস্তা | सड़क, बड़ रास्ता, रास्ता | road, highway. |
| सड़न | स्त्री. | सड़ने की अवस्था या क्रिया । | ক্ষয়, শচন | क्षय, शचन | decay, decomposition, rot. |
| सड़ना | अ. क्रि. | 1. किसी वस्तु का गलना, संयोजक तत्वों का अलग-अलग हो जाना; | পচা; | पचा; | to decay, to rot; |
| | | 2. बुरी हालत में रहना । | দুর্দশাগ্রস্ত হওয়া | दुर्दशाग्रस्त हओया | to be in misery. |
| सड़सठ | वि. | साठ से सात अधिक । | সাতষট্টি | सातषट्टि | sixtyseven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या । | (৬৭) এই সংখ্যা | (67) एइ सख्या | number sixty-seven. |
| सड़ायँध | स्त्री. | सड़ी हुई वस्तु से निकलनेवाली दुर्गन्ध । | দুর্গন্ধ, পচা জিনিসের গন্ধ | दुर्गन्ध, पचा जिनिसेर गन्ध | putrid or fetid smell, stench. |
| सड़ाना | स. क्रि. | 1. किसी वस्तु को सड़ने में प्रवृत्त करना; | পচান; | पचान; | to cause to rot, to reduce to a state of putrefaction; |
| | | 2. बुरी हालत में रखना । | খারাপ অবস্থায় রাখা | खाराप अबस्थाय राखा | to reduce to misery or bad plight. |
| सड़ियल | वि. | बहुत ही निकम्मा, निम्न कोटि का या रद्दी । | একেবারে বাজে, রদ্দি, রদ্দী | एकेबारे बाजे, रद्दि, रद्दी | worthless, good for nothing. |
| सत | पुं. | किसी वस्तु में से निकला सारभाग । | সত্ত, সারভাগ | सत्त, सारभाग | essence, juice. |
| सतत | वि. | अविच्छिन्न; | সতত, অবিচ্ছেদবান্ অবিরত | सतत, अबिच्छेदबान्, अबिरत | constant, lasting, incessant. |
| | क्रि. वि. | हमेशा, सर्वदा । | নিরন্তর, সর্বদা, হামেশা | निरन्तर, सर्बदा, हामेशा | incessantly, uninterruptedly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सतमासा** | वि. पुं. | **जो गर्भ में सात ही महीने रहने के उपरांत जनमा हो ।** | যে সপ্তম মাসে ভূমিষ্ট হয়েছে | जे सप्तम मासे भूमिष्ट हयेछे | seven months, born in the seventh month to pregnancy, child born in the seventh month of pregnancy. |
| **सतर्क** | वि. | **1. तर्कयुक्त, तर्कपूर्ण; 2. सचेत, सावधान ।** | সতর্ক, তর্কসহিত; সচেতন, সাবধান | सतर्क, तर्कसहित; सचेतन, साबधान | argumentative; alert, cautious, careful. |
| **सतर्कता** | स्त्री. | **सावधानी, होशियारी ।** | সতর্কতা, সাবধানতা, হুঁশিয়ার | सतर्कता, साबधानता, हुंशियार | vigilance, alertness. |
| **सतसई** | स्त्री. | **सात सौ पद्यों का समूह या ग्रंथ ।** | সপ্তশতী, সাত শত কবিতার সংগ্রহ | सप्तशती, सात शत कबितार संग्रह | collection of seven hundred couplets. |
| **सतह** | स्त्री. | **किसी वस्तु का ऊपरी भाग या विस्तार ।** | কোনো বস্তুর উপরিভাগ | कोनो बस्तुर उपरिभाग | surface, level. |
| **सतहत्तर** | वि. | **जो गिनती में सत्तर से सात अधिक हो ।** | সাতাত্তর | सातात्तर | seventy-seven. |
| | पुं. | **उक्त की सूचक संख्या ।** | (৭৭) এই সংখ্যা | (77) एइ संख्या | number seventy-seven. |
| **सतही** | वि. | **1. सतह या ऊपरी स्तर पर होनेवाला; 2. ऊपरी दिखौआ ।** | উপরিভাগের উপরের স্তরের; লোকদেখানো | उपरिभागेर, उपरिस्तरेर; लोकदेखानो | of or belonging to a surface; superficial, ostentatious. |
| **सताना** | स. क्रि. | **तंग या परेशान करना, कष्ट देना ।** | উত্যক্ত করা, নিপীড়ন করা, কষ্ট দেওয়া | उत्यक्त करा, निपीड़न करा, कष्ट देओया | to harass, to torment, to trouble. |
| **सतासी** | वि. | **जो गिनती में अस्सी से सात अधिक हो ।** | সাতাশী | साताशी | eighty-seven. |
| | पुं. | **उक्त की सूचक संख्या ।** | (৮৭) এই সংখ্যা | (87) एइ संख्या | number eighty-seven. |
| **सती** | स्त्री. | **1. साध्वी, पतिव्रता स्त्री;** | সতী, পবিত্রতা স্ত্রী; | सती, पतिव्रता स्त्री; | chaste woman; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह स्त्री जो अपने पति की मृत्यु के बाद स्वेच्छा से चिता पर जलकर प्राणांत करती हो । | স্বামীর শবের সহিত একই চিতায় আরোহন-পূর্বক যে স্ত্রী স্বেচ্ছায় পুড়িয়া মরে | स्वामीर शबेर सहित एकइ चिताय आरोहन-पूर्बक जे स्त्री स्बेच्छाय पुड़िया मरे | Sati, a woman who willingly burns herself on her husband's funeral pyre. |
| सतीत्व | पुं. | सती होने का भाव, पतिव्रत्य । | সতীত্ব, সতীধর্ম, পতিব্রত্য | सतीत्व, सतीधर्म, पतिब्रत्य | virtuousness, chastity. |
| सत् | वि. | 1. सत्ता-युक्त, विद्यमान; | সৎ, সত্তাযুক্ত, বিদ্যমান; | सत्, सत्ताजुक्त, बिद्यमान; | being, existing, existent; |
| | | 2. सज्जन, साधु; | সজ্জন, সাধু; | सज्जन, साधु; | good, virtuous, honest; |
| | | 3. उत्तम, श्रेष्ठ । | উত্তম, শ্রেষ্ঠ | उत्तम, श्रेष्ठ | excellent, best. |
| सत्कर्म | पुं. | नेक काम, पुण्य कर्म । | ভাল কাজ, পুণ্য কর্ম | भाल काज, पुन्य कर्म | good or virtuous act, pious deed. |
| सत्कार | पुं. | 1. आवभगत, आतिथ्य; | অতিথিপূজা; | अतिथिपूजा; | hospitality; |
| | | 2. आदर-सम्मान । | সৎকার, সমাদর, সম্মান | सत्कार, समादर, सम्मान | reverence, respect, honour. |
| सत्त | पुं. | किसी पदार्थ का सार भाग, असली तत्व । | সত্ত, সারভাগ | सत्त, सारभाग | essence, extract. |
| सत्तर | वि. | जो गिनती में साठ से दस अधिक हो । | সত্তর | सत्तर | seventy. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | (৭০) এই সংখ্যা | (70) एइ संख्या | number seventy. |
| सत्तरह (सत्रह) | वि. | जो गिनती में दस से सात अधिक हो । | সতর | सतर | seventeen. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | (১৭) এই সংখ্যা | (17) एइ संख्या | number seventeen |
| सत्ता | स्त्री. | 1. अस्तित्व, हस्ती; | সত্তা, অস্তিত্ব, বিদ্যমানতা; | सत्ता, अस्तित्व, बिद्यमानता; | existence, entity, being; |
| | | 2. अधिकार, शक्ति या सामर्थ्य । | অধিকার, শক্তি বা সামর্থ্য; | अधिकार शक्ति बा सामर्थ्य; | power, authority. |
| सत्ताइस (सत्ताईस) | वि. | जो गिनती में बीस से सात अधिक हो । | সাতাশ | साताश | twenty-seven. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | (২৭) এই সংখ্যা | (27) एइ संख्या | number twenty-seven. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सत्ताधारी | वि., पुं. | जिसके हाथ में सत्ता हो । | যাহার হাতে শক্তি রহিয়াছে | जाहार हाते शक्ति रहियाछे | ruling, in authority, man of authority, power. |
| सत्तानबे | वि. | जो गिनती में सौ से तीन कम हो । | সাতানব্বুই | सातानब्बुइ | ninety-seven. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | (৯৭) এই সংখ্যা | (97) एइ संख्या | number ninety-seven. |
| सत्तावन | वि. | जो गिनती में पचास से सात अधिक हो । | সাতান্ন | सातान्न | fifty-seven. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | (৫৭) এই সংখ্যা | (57) एइ संख्या | number fifty-seven. |
| सत्तू (सतुआ) | पुं. | भुने हुए जौ, चने आदि का आटा । | সক্তু, ছাতু | सक्तु, छातु | flour of parched gram or barley. |
| सत्त्व | पुं. | 1. किसी वस्तु में से निकाला हुआ मूल और सार भाग; | সত্ত্ব, অন্তঃসার, নির্যাস; | सत्त्व, अन्तःसार, निर्जास; | substance; |
| | | 2. शक्ति, प्राण तत्व; | শক্তি, প্রাণ, বল; | शक्ति, प्रान, बल; | strength, vitality, vigour; |
| | | 3. प्रकृति के तीन गुणों में से एक जो सर्वोच्च हो । | প্রকৃতিগত ত্রিগুণের শ্রেষ্ঠ গুণ | प्रकृतिगत त्रिगुनेर-श्रेष्ठ गुन | any natural property or quality. |
| सत्पुरुष | पुं. | सदाचारी, भला आदमी । | সৎপুরুষ, সাধু পুরুষ | सत्पुरुष, साधु पुरुष | good or virtuous man. |
| सत्य | वि. | सच, यथार्थ । | সত্য, প্রকৃত, যথার্থ, বাস্তব | सत्य, प्रकृत, जथार्थ, बास्तब | true, real, genuine. |
| | पुं. | यथार्थ और वास्तविक तथ्य या बात; । | যথার্থ্য, বাস্তবতা | जथार्थ्य, बास्तबता | truth, reality. |
| सत्यता | स्त्री. | सचाई, वास्तविकता । | সত্যতা, সত্য | सत्यता, सत्य | truth, veracity. |
| सत्यवादी | पुं. | सच बोलनेवाला । | সত্যবাদী, সত্য কথা বলে এমন | सत्यवादी, सत्य कथा बले एमन | one who speaks the truth, truthful person. |
| सत्यांकन | पुं. | अनुसमर्थन । | অনুসমর্থন | अनुसमर्थन | ratification. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सत्याग्रह | पुं. | आधुनिक राजनीति में वह अहिंसात्मक कार्रवाई जो किसी निश्चय, व्यवहार आदि के प्रति अपना विरोध आदि प्रकट करने के लिए की जाती है और जिसका मुख्य अंग उस निश्चय या व्यवहार का पालन न करने के रूप में होता है । | সত্যাগ্রহ, ন্যায়সংগত অধিকার প্রতিষ্ঠার জন্য দৃঢ়প্রতিজ্ঞা ও উদ্দেশ্যসাধনার্থ কষ্টস্বীকার বা কৃচ্ছ্রসাধন | सत्याग्रह, न्यायसङ्गत अधिकार प्रतिष्ठार जन्य दृढ़प्रतिज्ञा ओ उद्‌देश्यसाधनार्थ कष्टस्वीकार बा कृच्छ्रसाधन | satyagraha (insistence for truth), passive resistance. |
| सत्याग्रही | वि. पुं. | सत्याग्रह करनेवाला । | সত্যাগ্রহী, সত্যাগ্রহ করে এমন | सत्याग्रही, सत्याग्रह करे एमन | one who offers passive resistance. |
| सत्यानाश | पुं. | सर्वनाश, बरबादी । | সর্বনাশ | सर्बनाश | complete ruin, total destruction. |
| सत्यानाशी | वि. | सत्यानाश करनेवाला, चौपट करनेवाला । | যে সর্বনাশ করে, সর্বনাশকারী | जे सर्बनाश करे, सर्बनाशकारी | ruining, devastating. |
| सत्यापन | पुं. | जाँच या मिलान करके देखना कि ज्यों का त्यों और ठीक है कि नहीं । | প্রামাণিকতা নির্ধারণ | प्रामानिकता निर्धारन | verification. |
| सत्र | पुं. | 1. वह स्थान जहाँ गरीबों को भोजन दिया जाता है; 2. वह नियत काल जिसमें कोई काम एक बार आरंभ होकर कुछ समय तक निरंतर चलता रहता हो । | সত্র, অন্নাদি বিতরণের স্থান; ব্যবস্থা পরিষদাদির অধিবেশন | सत्र, अन्नादि बितरनेर स्थान; ब्यबस्था परिषदादिर अधिबेशन | free kitchen; session. |
| सत्वर | वि. | तेज, फुर्तीला । | সত্বর, দ্রুত | सत्वर, द्रुत | speedy, swift, quick. |
| | अव्य. | शीघ्र, तुरन्त । | শীঘ্র | शीघ्र | quickly, speedily. |
| सत्संग | पुं. | अच्छे आदमियों का साथ, अच्छी सोहबत । | সৎসংগ, সজ্জন-সংগ, সৎসংসর্গ | सत्सङ्ग, सज्जन-सङ्ग, सत्संसर्ग | association with virtuous people. |
| सदन | पुं. | 1. घर, मकान; 2. वह स्थान जहाँ किसी देश या राज्य के विधान बनाने के कार्य होते हों । | সদন, গৃহ, আলয়; বিধানসভাগৃহ | सदन, गृह, आलय; बिधानसभागृह | residence, house, place; either house of legislature. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सदमा | पुं. | कष्टप्रद मानसिक आघात । | কষ্টপ্রদ মানসিক আঘাত | कष्टप्रद, मानसिक आघात | blow, emotional stroke. |
| सदर | वि. | प्रधान, मुख्य । | সদর, প্রধান | सदर, प्रधान | head, chief. |
| | पुं. | 1. सभा का सभापति; | সভাপতি; | सभापति; | chairman, president; |
| | | 2. सबसे ऊपर का भाग या स्थान । | সর্বাপেক্ষা উচ্চ স্থান, সব চেয়ে উপরের অংশ | सर्वापेक्षा उच्च स्थान, सब चेये उपरेर अंश | upper or uppermost part or end (of anything). |
| सदर मुकाम | पुं. | प्रधान कार्यालय, मुख्यालय । | প্রধান কার্যালয় | प्रधान कार्जालय | headquarters. |
| सदस्य | पुं. | उन व्यक्तियों में से हर एक जिनके योग से कुटुम्ब, परिवार, समाज आदि बनते हैं । | সদস্য, সঙ্ঘ প্রতিষ্ঠান প্রভৃতির সভ্য | सदस्य, सङ्घ प्रतिष्ठान प्रभृतिर सभ्य | member. |
| सदस्यता | स्त्री. | सदस्य की स्थिति या भाव । | সদস্যত্ব | सदसत्व | membership. |
| सदा | क्रि. वि. | 1. नित्य, हमेशा; | সদা, সর্বদা, চিরকাল, হামেশা; | सदा, सर्बदा, चिरकाल, हामेशा; | always, perpetually; |
| | | 2. निरन्तर, लगातार । | নিরন্তর, নাগাড়ে | निरन्तर, नागाड़े | continually, ever. |
| सदाचरण | पुं. | अच्छा चालचलन । | সদাচরণ, শিষ্টাচার, সদ্ব্যবহার | सदाचरन, शिष्टाचार, सद्‌ब्यबहार | good moral conduct. |
| सदाचार | पुं. | धर्म नीति आदि की दृष्टि से अच्छा और शुभ आचरण, अच्छा चालचलन । | সদাচার, সাধুবৃত্ত, শিষ্টাচার | सदाचार, साधुबृत्त, शिष्टाचार | moral or virtuous conduct, traditionary observance. |
| सदाचारी | वि. | अच्छे आचरणवाला (व्यक्ति) । | সদাচারী, সদাচারসম্পন্ন | सदाचारी, सदाचारसम्पन्न | of virtuous or moral conduct. |
| सदाबहार | वि. | सदा हराभरा रहनेवाला, जिसमें कभी पतझड़ न होता हो । | চিরসবুজ | चिरसबुज | evergreen, perennial. |
| सदाशय | वि. | उच्च विचारोंवाला, सज्जन । | সদাশয়, উদারচেতা, সহৃদয় | सदाशय, उदारचेता, सहृदय | of a good or noble mind. |
| सदाशयता | स्त्री. | 1. सदाशय होने की अवस्था, गुण या भाव; | সদাশয়তা, সাধুচিত্ততা, সহৃদয়তা; | सदाशयता, साधुचित्तता, सहृदयता; | bonafides, genuineness; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. विधिक क्षेत्र में वह स्थिति जिसमें मनुष्य ईमानदारी और सचाई से कोई काम करता है और जिसके फलस्वरूप कोई अनुचित कार्य हो जाने पर भी वह दोषी नहीं माना जाता । | কোনো কোনো ক্ষেত্রে এমন ব্যবস্থা যখন কোনো ব্যক্তি সৎভাবে কোনো কাজ করিয়া থাকেন | कोनो कोनो क्षेत्रे एमन व्यबस्था जखन कोनो ब्यक्ति सत्‌भावे कोनो काज करिया थाकेन | nobility, magnanimity. |
| सदी | स्त्री. | सौ वर्ष का काल, शताब्दी । | শতাব্দী | शताब्दी | century, centenary. |
| सदुपदेश | पुं. | उत्तम शिक्षा, अच्छी सलाह । | সদুপদেশ, ভাল শিক্ষা, সৎপরামর্শ | सदुपदेश, भाल शिक्षा, सत्परामर्श | wholesome instruction, salutary counsel. |
| सदुपयोग | पुं. | अच्छा, उत्तम उपयोग । | সদ্ব্যবহার, ভাল করে কাজে লাগান | सद्‌ब्यबहार, भाल करे काजे लागान | good or proper use, usage. |
| सदृश | वि. | समान । | সদৃশ, সমান, তুল্য | सदृश, समान, तुल्य | like, resembling, of the same rank. |
| सदैव | क्रि. वि. | सर्वदा, हमेशा ही । | সর্বদাই, হামেশাই | सर्बदाइ, हामेशाइ | always, ever. |
| सदोष | वि. | 1. जिसमें दोष हो, दोष से युक्त;<br>2. अपराधी । | সদোষ, দোষযুক্ত;<br>অপরাধী | सदोष, दोषजुक्त;<br>अपराधी | faulty, defective;<br>sinful, guilty. |
| सद्भाव | पुं. | 1. शुभ भाव, हित का भाव;<br>2. दो पक्षों में होनेवाली मैत्रीपूर्ण स्थिति । | সদ্ভাব, স্নিগ্ধজনভাব;<br>বন্ধুভাব, সৌহার্দ্য | सद्‌भाब, स्निग्धजनभाब;<br>बन्धुभाब, सौहाद्‌र्य | kindly feeling, amiability;<br>understanding, goodwill. |
| सद्य: | क्रि. वि. | 1. तत्काल, तुरन्त;<br>2. आज ही । | সদ্য, তৎক্ষণে, তখনি, অচিরাৎ;<br>আজই | सद्‌य, तत्क्षने, तखनि, अचिरात्‌;<br>आजइ | forthwith, immediately, at once;<br>today, this very day. |
| सधना | अ. क्रि. | 1. काम पूरा होना, कार्य सिद्ध होना;<br>2. ठीक तरह से अभ्यस्त होना; | কাজ সম্পূর্ণ হওয়া, কার্য সিদ্ধ হওয়া;<br>ঠিক মতো, অভ্যস্ত হওয়া; | काज सम्पूर्न हओया, कार्ज सिद्ध हओया;<br>ठिक मतो, अभ्यस्त हओया; | to be accomplish-ed, to be finished;<br>to be familiarized, to be accustomed; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. घोड़ों आदि का सीखकर काम लायक होना । | শিক্ষণান্তেঅশ্বাদির কার্যোপযোগীহওয়া | शिक्षनान्तेअश्वादिर कार्जोपजोगीहओया | to be trained. |
| सधवा | स्त्री. | ऐसी स्त्री जिसका पति जीवित हो, सुहागिन । | সধবা, এয়োস্ত্রী | सधबा, त्रयोस्त्री | woman whose husband is alive. |
| सधाना | स. क्रि. | 1. साधने के काम में दूसरे को प्रवृत्त करना;<br>2. जंगली पशुपक्षियों को विशेष प्रकार का आचरण सिखाना । | সাধানো, সাধান;<br>বন্য পশুপক্ষীকে বশ করা | साधानो, साधान;<br>बन्य पशुपक्षीके बश करा | to cause to get used;<br>to teach, to train (an animal), to tame, to familiarize, to domesticate. |
| सधुक्कड़ी | स्त्री. | साधुओं की भाषा । | সাধুদের ভাষা | साधुदेर भाषा | language of the Sadhus. |
| सन | पुं. | एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी छाल के रेशों से टाट, रस्से आदि बनते हैं । | শণ | शन | hemp. |
| सनक | स्त्री. | धुन, झोंक, खब्त । | বাতিক, শক, খেয়াল | बातिक, शक, खेयाल | whim, craze, mania. |
| सनकी | वि., पुं. | जिसे किसी तरह की सनक या झक हो, झक्की । | বাতিকগ্রস্ত, খেয়ালী, শৌখিন | बातिकग्रस्त, खेयाली, शौखिन | whimsical, crazy, crank (person). |
| सनद | स्त्री. | प्रमाणपत्र । | সনদ, চরিত্রাদির প্রমাণপত্র | सनद्, चरित्रादिर प्रमानपत्र | testimonial, certificate. |
| सनना | अ. क्रि. | 1. जल के योग से चूर्णादि का एक में मिलना;<br>2. लिप्त होना । | ময়দাদির মাখা হওয়া;<br>লিপ্ত হওয়া | मयदादिर माखा हओया;<br>लिप्त हओया | to be kneaded (as dough, flour, earth);<br>to be involved in. |
| सनसनी | स्त्री. | भय, आश्चर्य आदि के कारण उत्पन्न स्तब्धता, हलकी उत्तेजना और घबराहट, खलबली । | ছম্ ছম্ করা | छम् छम् करा | tingling or thrilling sensation. |
| सनातन | वि. | 1. नित्य, अनादि, स्थायी; | সনাতন, নিত্য, শাশ্বত; | सनातन, नित्य, शाश्वत; | perpetual, constant, eternal; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बहुत पुराना । | আদিম, পুরাতন | आदिम, पुरातन | primeval, ancient. |
| सनातनी | वि. | सनातन धर्म का अनुयायी । | সনাতন ধর্মের অনুসরণকারী | सनातन धर्मेर अनुसरनकारी | follower of Sanatan Dharma. |
| सन् | पुं. | साल, संवत् । | সন, সাল, বৎসর | सन, साल, बत्सर | era, year. |
| सन्न | वि. | भौंचक्का, स्तंभित, स्तब्ध । | সন্ন, স্তব্ধ | सन्न, स्तब्ध | stunned, stupefied. |
| सन्नद्ध | वि. | 1. कोई कार्य करने के लिए उद्यत, तैयार; 2. किसी के साथ जुड़ा या लगा हुआ । | কোনো কাজ করার জন্য প্রস্তুত; সন্নদ্ধ, সম্বদ্ধ | कोनो काज करार जन्य प्रस्तुत; सन्नद्ध, सम्बद्ध | ready, prepared; tied together, bound. |
| सन्नाटा | पुं. | निस्तब्धता, नीरवता । | নিস্তব্ধতা, নীরবতা | निस्तब्धता, नीरबता | silence, solitude, quietude. |
| सन्निकट | क्रि. वि. | पास, नजदीक । | সন্নিকট, অতি নিকটে | सन्निकट, अति निकटे | near, close, proximate. |
| सन्निधि | स्त्री. | समीपता, निकटता । | সন্নিধি, সামীপ্য নৈকট্য | सन्निधि, सामीप्य, नैकट्य | proximity, vicinity. |
| सन्निपात | पुं. | एक प्रकार का भीषण ज्वर जिसमें वात, पित्त तथा कफ तीनों कुपित हो जाते हैं । | সন্নিপাতজন্য জ্বর | सन्निपातजन्य ज्वर | combined derangement of the three humours of the body causing fever which is of a dangerous kind. |
| सन्निवेश | पुं. | उचित स्थान पर रखना, जमाना । | সন্নিবেশ, সংস্থাপন, ভিতরে প্রবেশ করান | सन्निबेश, संस्थापन, भितरे प्रबेश करान | seating in the proper place, insertion. |
| सन्निहित | वि. | 1. पास रखा हुआ, निकटस्थ; 2. रखा, जमाया हुआ । | সন্নিহিত, সমীপবর্তী, নিকটস্থ; সম্যক্ স্থাপিত | सन्निहित, समीपबर्ती, निकटस्थ; सम्यक् स्थापित | placed near, together, near, contiguous; fixed, placed. |
| सन्मार्ग | पुं. | उत्तम या भला मार्ग । | সন্মার্গ, সৎপথ বা উপায় | सन्मार्ग, सत्पथ बा उपाय | right path, path of virtue. |
| सपत्नीक | वि. | पत्नी के साथ । | সপত্নীক, সস্ত্রীক | सपत्नीक, सस्त्रीक | accompanied by one's wife. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सपना | पुं. | वह घटना या दृश्य जो सोये होने पर अन्तर्मन में काल्पनिक रूप में भासित होता है, स्वप्न । | স্বপ্ন | स्वप्न | dream. |
| सपरिवार | वि. | परिवार के सदस्यों के साथ । | সপরিবার, পরিবারসহিত, সানুচর | सपरिवार, परिबारसहित, सानुचर | with family, attended by a retinue. |
| सपाट | वि. | जिसका तल बराबर या सम हो, समतल, जो ऊबड़-खाबड़ न हो । | সমতল | समतल | flat, smooth, even, plain. |
| सपाटा | पुं. | 1. चलने या दौड़ने का वेग;<br>2. झपटने की क्रिया या भाव । | চলার বেগ, ছুটার বেগ;<br>ঝাপাইয়া পড়া | चलार बेग, छुटार बेग;<br>झापाइया पड़ा | quick or forced march;<br>leap, spring. |
| सपूत | पुं. | अच्छा, कुल का नाम बढ़ाने-वाला पुत्र । | সুপুত্র | सुपुत्र | dutiful or worthy son. |
| सपेरा | पुं. | साँप पकड़कर पालने तथा लोगों को तमाशा दिखाने-वाला । | সাপুড়িয়া | सापुड़िया | snake-charmer. |
| सप्त | वि.<br>पुं. | जो गिनती में सात हो ।<br>उक्त की द्योतक संख्या । | সাত<br>(৭) এই সংখ্যা | सात<br>(7) एइ संख्या | seven.<br>number seven. |
| सप्तक | पुं. | 1. सात वस्तुओं का संग्रह;<br>2. संगीत के सात स्वरों का समाहार । | সপ্তক, সাতটির সমষ্টি;<br>(সংগীতে) সপ্ত সুরের সমবায় | सप्तक, सातटिर समष्टि;<br>(सङ्गीते) सप्त स्बरेर समबाय | collection or aggregate of seven;<br>octave. |
| | वि. | 1. सात;<br>2. सातवां । | সাত;<br>সপ্তম | सात;<br>सप्तम | seven;<br>seventh. |
| सप्तपदी | स्त्री. | विवाह की एक विधि जिसमें अग्नि की सात बार परिक्रमा की जाती है । | সপ্তপদী, হিন্দু-বিবাহে বরবধূর সপ্তপদগমন | सप्तपदी, हिन्दु-बिबाहे बरबधूर सप्तपदगमन | seven steps at marriage ceremony. |
| सप्तम | वि. | सातवां । | সপ্তম | सप्तम | seventh. |
| सप्तमी | स्त्री. | 1. चांद्र मास के किसी पक्ष की सातवीं तिथि;<br>2. व्याकरण में अधिकरण कारक की विभक्ति । | সপ্তমী, চন্দ্রের তিথিবিশেষ;<br>অধিকরণ কারকের বিভক্তি | सप्तमी, चन्द्रेर तिथिबिशेष;<br>अधिकरन कारकेर बिभक्ति | seventh day of the lunar fortnight;<br>locative case. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सप्तर्षि | पुं. | सात प्राचीन ऋषियों का समूह या मंडल । | সপ্তর্ষি মরীচি-আদি সপ্ত ঋষি, নক্ষত্রপুঞ্জ বিশেষ | सप्तर्षि, मरीचि-आदि सप्त ऋषि, नक्षत्रपुञ्ज बिशेष | seven principal stars in the constellation of Ursa Major (supposed to represent the seven sages). |
| सप्ताह | पुं. | सात दिन की अवधि, हफ्ता । | সপ্তাহ, সপ্তা | सप्ताह, सप्ता | week. |
| सफर | पुं. | शहर से बाहर जाना, यात्रा । | সফর, দেশভ্রমণ | सफर, देशभ्रमन | journey, travel. |
| सफरी | वि. | सफर सम्बन्धी । | সফরি, সফরসম্বন্ধী | सफरि, सफरसम्बन्धी | of or relating to travelling or a journey. |
| सफल | वि. | 1. फलवाला, फलयुक्त; | সফল, ফলবান্; | सफल, फलबान्; | fruitful, bearing or yielding fruit, productive; |
| | | 2. कृतकार्य, कामयाब । | সিদ্ধিযুক্ত, চরিতার্থ | सिद्धिजुक्त, चरितार्थ | accomplished, fulfilled, successful. |
| सफलता | स्त्री. | कामयाबी, सिद्धि । | সফলতা, চরিতার্থতা, সিদ্ধি | सफलता, चरितार्थता, सिद्धि | success, achievement. |
| सफा | वि. | साफ, स्वच्छ । | সাফা, সাফ, পরিষ্কৃত | साफा, साफ, परिष्कृत | white, clean. |
| | पुं. | पृष्ठ। | পৃষ্ঠা | पृष्ठा | page. |
| सफाई | स्त्री. | 1. स्वच्छता, निर्मलता; | স্বচ্ছতা, নির্মলতা; | स्वच्छता, निर्मलता; | cleanliness, purity; |
| | | 2. स्पष्टीकरण; | স্পষ্টীকরণ; | स्पष्टीकरन; | clarification; |
| | | 3. आरोपित दोष से रहित होने की अवस्था या भाव, बचाव । | সাফাই, দোষক্ষালন | साफाइ, दोषक्षालन | defence (in law suit). |
| सफाचट | वि. | बिल्कुल साफ, जिसका कुछ भी अंश या चिह्न बाकी न रहने दिया गया हो । | সম্পূর্ণরূপে পরিষ্কার, নিখুঁতভাবে পরিষ্কার | सम्पूर्नरूपे परिष्कार, निखुंत-भावे परिष्कार | perfectly clean, blank. |
| सफाया | पुं. | समाप्ति, नाश । | সমাপ্তি, নাশ | समाप्ति, नाश | clean sweep, ruination. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सफेद | वि. | 1. जो रंगीन न हो, श्वेत;<br>2. स्वच्छ तथा उज्ज्वल । | সফেদ, শ্বেত;<br>স্বচ্ছ, উজ্জ্বল; | सफेद, श्बेत;<br>स्वच्छ, उज्ज्वल; | white;<br>clean and bright. |
| सफेदा | पुं. | 1. जस्ते का चूर्ण या भस्म जो दवा तथा रंगाई के काम आती है;<br>2. एक प्रकार का बढ़िया आम । | সফেদা, সীসা হইতে প্রস্তুত সাদা রঙবিশেষ;<br>এক প্রকারের ভাল আম | सफेदा, सीसा हइते प्रस्तुत सादा रङ्बिशेष;<br>एक प्रकारेर भाल आम | white lead;<br>name of a kind of mango. |
| सफेदी | स्त्री. | 1. सफेद होने की अवस्था या भाव, श्वेतता;<br>2. दीवारों आदि पर होनेवाली चूने के घोल की पुताई । | শুভ্রতা;<br>চূণকাম | शुभ्रता;<br>चुनकाम | whiteness;<br>whitewash. |
| सब | वि. | 1. कुल;<br>2. समस्त, सारा, सम्पूर्ण । | সব, সকল;<br>সমস্ত | सब, सकल;<br>समस्त | all;<br>entire, whole, total. |
| सबक | पुं. | 1. अध्ययन के समय उतना अंश जितना एक बार में पढ़ाया जाए, पाठ;<br>2. नसीहत, शिक्षा । | পাঠ;<br>উপদেশ, শিক্ষা | पाठ;<br>उपदेश, शिक्षा | lesson;<br>moral. |
| सबब | पुं. | कारण, वजह, हेतु । | কারণ, হেতু | कारन, हेतु | cause, reason. |
| सबल | वि. | बलवान्, ताकतवर । | সবল, বলবান | सबल, बलबान | strong, powerful. |
| सबूत | पुं. | वह चीज या बात जिससे कोई और बात साबित होती हो, प्रमाण । | সাবুদ, প্রমাণ | साबुद, प्रमान | proof, testimony. |
| सब्जी | स्त्री. | 1. सागपात, हरी तरकारी;<br>2. हरियाली, हरापन । | সবজি, সবজী, শাক, তরকারি;<br>হরিদবর্ণবিশিষ্টতা, শ্যামলিমা | सबजि, सबजी, शाक, तरकारि;<br>हरिदबर्नबिशिष्टता, श्यामलिमा | herbage, vegetables;<br>verdure, greenery, greenness. |
| सब्र | पुं. | वह मानसिक स्थिति जिसमें मनुष्य किसी प्रकार की विपत्ति या विलम्ब का सामना होने पर भी चुपचाप और शांत भाव से सहन करता है, धैर्य, तसल्ली । | সবুর, ধৈর্য, ধৈর্যধারণ | सबुर, धैर्ज, धैर्जधारन | patience, self-restraint, endurance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सभा | स्त्री. | 1. परिषद्, समिति, एक स्थान पर बैठे हुए बहुत से भले आदमियों का समूह; | সভা, পরিষৎ, যেখানে সকলে মিলিতভাবে শোভা পায়; | सभा, परिषत् जेखाने सकले मिलितभावे शोभा पाय; | assembly, meeting; |
| | | 2. वह संस्था जो किसी विशेष कार्य की सिद्धि के लिए संघटित हुई हो । | সঙ্ঘ, সম্মেলন, সমিতি | सङ्घ, सम्मेलन, समिति | association, society. |
| सभाकक्ष | पुं. | वह कमरा जहां सभा आयोजित की जाती हो । | সভাকক্ষ, সভা-গৃহ, সভামন্ডল | सभाकक्ष, सभा-गृह, सभामन्डल | assembly hall, chamber. |
| सभापति | पुं. | सभा का अध्यक्ष । | সভাপতি, সভার কার্য্যাদিপরিচালক | सभापति, सभार काज्यादिपरिचालक | president, chairman. |
| सभासद | पुं. | जो किसी समुदाय, संस्था आदि का सदस्य हो । | সভাসদ, সভ্য, সদস্য | सभासद, सभ्य, सदस्य | member of an assembly or society. |
| सभ्य | वि. | शिष्ट, संस्कृत, विनम्र । | সভ্য, শিষ্ট, সংস্কৃতসম্পন্ন | सभ्य, शिष्ट, संस्कृतसम्पन्न | refined, civilized; cultured, civil. |
| सभ्यता | स्त्री. | 1. सभ्य होने का भाव; | সভ্যতা, শিষ্টতা, সভ্যভাব; | सभ्यता, शिष्टता, सभ्यभाव; | courtesy, decency, good manners; |
| | | 2. वे सब काम और बातें जो किसी जाति या देश के लोग प्रकृति पर विजय पाने और जीवन निर्वाह में सुगमता लाने के लिए भौतिक साधनों का उपयोग करते हुए आरम्भ से अब तक करते आए हैं । किसी जाति या देश की बाह्य तथा भौतिक उन्नतियों का सामूहिक रूप । | জীবনযাপন প্রণালীর একটি বিশিষ্ট উৎকর্ষ | जीबनजापन प्रनालीर एकटि बिशिष्ट उत्कर्ष | civilization, culture. |
| सम | वि. | 1. हमवार, जो ऊबड़-खाबड़ न हो; | সম, একতল, অবন্ধুর; | सम, एकतल, अबन्धुर; | plain, smooth, even; |
| | | 2. एक बराबर, तुल्य, समान; | অনুরূপ, তুল্য, সমান; | अनुरूप, तुल्य, समान; | similar, equal; |
| | | 3. (संख्या) जिसे दो से भाग देने पर कुछ न बचे । | যুগ্মসংখ্যা | जुग्मसंख्या | even (as number). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | संगीत में वह स्थान जहां लय के विचार से गति की समाप्ति होती है । | (সংগীতে) তালের মাত্রাবিশেষ বা সমাপ্তি | (सङ्गीते) तालेर मात्राविशेष बा समाप्ति | first accented beat in a rhythmic cycle. |
| समकक्ष | वि. | जोड़ या बराबरी का, सब बातों में बराबरी करनेवाला । | সমকক্ষ, তুল্য, সমান, তুল্য প্রতিদ্বন্দ্বী | समकक्ष, तुल्य, समान, तुल्य प्रतिद्वन्द्वी | equal, equivalent. |
| समकालीन | वि. | जो एक ही समय में हो । | সমকালীন, সমকালিক | समकालीन, समकालिक | contemporary, contemporaneous. |
| समकोण | वि., पुं. | जिसमें आमने-सामने के दोनों कोण समान हों । | সমকোণ | समकोन | rectangular, a right angle. |
| समक्ष | वि. | जो आंखों के सम्मुख हो, गोचर, उपस्थित । | সমক্ষ, অক্ষি-গোচর, প্রত্যক্ষ | समक्ष, अक्षि-गोचर, प्रत्यक्ष | before, visible. |
| | क्रि. वि. | सामने । | সমক্ষে, সামনে | समक्षे, सामने | before the eyes (of), in sight (of). |
| समग्र | वि. | समस्त, समूचा, सारा । | সমগ্র, সমস্ত | समग्र, समस्त | all, entire, whole. |
| समझ | स्त्री. | वह मानसिक शक्ति जिसमें सब चीजों और बातों के आशय, भलाई-बुराई आदि का परिज्ञान होता है, अक्ल, बुद्धि । | সমঝ, সমজ, বুদ্ধি, বোধ, বিবেচনা, বোধশক্তি | समझ, समज, बुद्धि, बोध, बिबेचना, बोधशक्ति | understanding, grasp, sense. |
| समझदार | वि. | जिसमें अच्छी समझ हो, अक्लमंद । | সমঝদার, বুদ্ধি-মান্, বুঝে এমন | समझदार, बुद्धि-मान्, बुझे एमन | intelligent, sensible. |
| समझदारी | स्त्री. | समझदार होने का गुण । | বুদ্ধিমত্তা, বোধ, জ্ঞান | बुद्धिमत्ता, बोध ज्ञान | keenness, under-standing, wisdom. |
| समझना | अ. क्रि. | 1. जान लेना, ठीक और पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना; | বুঝা; | बुझा; | to understand, grasp; |
| | | 2. विचारना । | চিন্তা করা, বিবেচনা করা | चिन्ता करा, बिबेचना करा | to think, consider, suppose. |
| समझाना | स. क्रि. | बोध कराना, जतलाना । | বুঝান, বুঝানো, সমঝানো | बुझान, बुझानो, समझानो | to explain, to advise. |
| समझौता | पुं. | 1. राजीनामा, मेल; | বুঝাপড়া, আপসমীমাংসা; | बुझापड़ा, आपसमीमांसा; | compromise, understanding; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आपस में होनेवाला करार या निश्चय । | আপসে চুক্তি | आपसे चुक्ति | agreement, pact. |
| समतल | वि. | जो ऊबड़-खाबड़ न हो, हमवार । | সমতল, অবন্ধুর | समतल, अबन्धुर | level, even, plain. |
| समता | स्त्री. | सादृश्य, बराबरी, तुल्यता । | সমতা, সাদৃশ্য, তুল্যতা, সমানভাব | समता, सादृश्य, तुल्यता, समानभाब | similarity, equality, parity. |
| समत्व | पुं. | दे. 'समता' । | দ্র: 'সমতা' | द्रः 'समता' | see 'समता'. |
| समदर्शी | वि., पुं. | सबको एकसा देखने-समझने वाला । | সমদর্শী, সমদৃষ্টি-সম্পন্ন | समदर्शी, समदृष्टि-सम्पन्न | looking at both sides impartially, impartial, impartial person. |
| समधियाना | पुं. | पुत्र या पुत्री की ससुराल । | ছেলে বা মেয়ের শ্বশুরবাড়ী | छेले बा मेयेर श्वसुरबाड़ी | the home or family of a son's or daughter's father-in-law. |
| समधी | पुं. | पुत्र या पुत्री का ससुर । | ছেলে বা মেয়ের শ্বশুর, বেহাই | छेले बा मेयेर श्वसुर, बेहाइ | son's or daughter's father-in-law (the fathers of a bride and bridegroom are samdhis to each other). |
| समन्वय | पुं. | वह अवस्था जिसमें कथनों या बातों का पारस्परिक विरोध दूर करके उनमें एकरूपता लाई जाती है । | সমন্বয়, সামঞ্জস্য, অবিরোধ, সংগতি | समन्बय, सामञ्जस्य, अबिरोध, सङ्गति | coordination, harmony. |
| समन्वित | वि. | जिसका समन्वय हुआ हो । | সমন্বিত, সমন্বয়যুক্ত | समन्बित, समन्बयजुक्त | coordinated, harmonized. |
| समय | पुं. | 1. दिन-रात के विचार से काल का कोई मान, वक्त; 2. अवसर, मौका । | সময়, কাল, নির্দিষ্টকাল; অবসর, উপযুক্ত সময় | समय, काल, निर्दिष्टकाल; अबसर, उपजुक्त समय | time, hour, period; moment, opportunity, occasion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| समयसारणी | स्त्री. | वह पुस्तिका जिसमें विभिन्न गाड़ियों आदि के विभिन्न स्टेशनों पर पहुंचने तथा छूटने के समय का उल्लेख किया जाता है । | টাইমটেবল | टाइमटेबल | time-table. |
| समयोचित | वि. | अवसर के उपयुक्त । | সময়োচিত, সময়ানুরূপ | समयोचित, समयानुरूप | opportune, timely. |
| समयोपरि | वि. | जो निश्चित समय के अलावा अतिरिक्त समय में किया गया हो या हुआ हो । | নিয়মিত কর্ম-সময়ের অতিরিক্ত সময়ে কৃত | नियमित कर्म-समयेर अतिरिक्त समये कृत | overtime. |
| समर | पुं. | युद्ध, संग्राम । | সমর, যুদ্ধ | समर जुद्ध | war, battle. |
| समर्थ | वि. | 1. बलवान, सशक्त; 2. योग्य, उपयुक्त । | সমর্থ, বলিষ্ঠ; যোগ্য, উপযুক্ত | समर्थ, बलिष्ठ; जोग्य, उपजुक्त | powerful, strong; capable, competent. |
| समर्थक | वि. | समर्थन करनेवाला, पुष्टि करनेवाला, ताईद करनेवाला । | সমর্থক, সমর্থনকারী | समर्थक, समर्थनकारी | supporter. |
| समर्थता | स्त्री. | क्षमता, सामर्थ्य, शक्ति । | সমর্থতা, সামর্থ্য | समर्थता, सामर्थ्य | capability, competency. |
| समर्थन | पुं. | पुष्टि करना, ताईद करना, किसी के मत, विचार आदि के संबंध में यह कहना कि इसमें हमारी भी सहमति है । | সমর্থন, পক্ষাবলম্বন, প্রতিপোষণ, দৃঢ়ীকরণ | समर्थन, पक्षावलम्बन, प्रतिपोषन, दृढ़ीकरन | support, corroboration. |
| समर्थनीय | वि. | जिसका समर्थन किया जा सकता हो या हो सकता हो । | সমর্থনীয়, সমর্থনযোগ্য | समर्थनीय, समर्थनजोग्य | worth supporting. |
| समर्थांग | वि. | कार्य करने के लिएं जिसके सब अंग ठीक और क्षमतायुक्त हों । | দেহে শক্তসমর্থ | देहे शक्तसमर्थ | able-bodied. |
| समर्थित | वि. | जिसका समर्थन किया गया हो । | সমর্থিত, সমর্থন করা হইয়াছে এমন | समर्थित, समर्थन करा हइयाछे एमन | supported. |
| समर्पण | पुं. | 1. सौंपना, देना; 2. भेंट करना । | সমর্পণ, অর্পন; উৎসর্গ | समर्पन, अर्पन; उत्सर्ग | surrender; dedication. |
| समर्पित | वि. | दिया हुआ, सौंपा हुआ, भेंट किया हुआ । | সমর্পিত, সমর্পন করা হইয়াছে এমন | समर्पित, समर्पन करा हइयाछे एमन | surrendered, dedicated. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| समवयस्क | वि. | समान अवस्था वाला । | সমবয়স্ক, সমানবয়সী | समबयस्क, समनाबयसी | of the same age, equal in age. |
| समवर्ती | वि. | 1. जो समान रूप से स्थिर रहता हो; 2. जो पास ही स्थित हो । | সমবর্তী; পার্শ্ববর্তী | समबर्ती; पार्श्वबती | concurrent; contiguous. |
| समवाय | पुं. | 1. समूह, झुंड; 2. नियमानुसार गठित वह व्यापारिक संस्था जिसके हिस्सेदारों को अपनी लगाई पूंजी के अनुपात से लाभांश मिलता हो । | সমবায়, সমূহ, সঙ্ঘ, গণ; যৌথকারবার, কোম্পানি | समबाय, समूह, सङ्घ, गन; जौथकारबार, कोम्पानि | collection, multitude; company. |
| समवेत | वि. | एक जगह इकट्ठा किया हुआ, एकत्र । | সমবেত, একত্রী-কৃত, একত্রীভূত | समबेत, एकत्री-कृत, एकत्रीभूत | collected, collective. |
| समवेदना | स्त्री. | किसी के दुःख में दुःखी होने का भाव, सहानुभूति । | সমবেদনা, তুল্যব্যথা | समबेदना, तुल्यब्यथा | condolence, sympathy. |
| समशीतोष्ण | वि. | जहां सर्दी-गर्मी की मात्रा बराबर रहे । | নাতিশীতোষ্ণ | नातिशीतोष्न | moderate, temperate. |
| समष्टि | स्त्री. | सामूहिकता, संपूर्णता । | সমষ্টি, সাফল্য, সমগ্রতা | समष्टि, साफल्य, समग्रता | collectiveness, totality, aggregate. |
| समस्त | वि. | 1. सब, कुल, पूरा; 2. जो समास के नियमों के अनुसार मिलकर एक हो गया हो । | সমস্ত, সর্ব, সকল, সম্পূর্ণ; কৃতসমাস, সমাসবদ্ধ | समस्त, सर्ब, सकल, सम्पूर्न; कृतसमास, समासबद्ध | all, whole, entire, complete; (in Gram.) compounded. |
| समस्या | स्त्री. | 1. उलझन वाली ऐसी विचारणीय बात जिसका निराकरण सहज में न हो सकता हो, कठिन या विकट प्रसंग; | সমস্যা, অতিজটিল প্রশ্ন বা বিষয়; | समस्या, अतिजटिल प्रश्न वा बिषय; | problem; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कविता का अंतिम चरण या अंश जो उसी तुक तथा लय में छंद को पूरा करने के लिए स्पर्धी को दिया जाए । | শ্লোকের যে শেষ একপাদ অরচিত রাখিয়া অন্য কাহাকেও পূরণ করিতে দেওয়া হয় | श्लोकेर जे शेष एकपाद अरचित राखिया अन्य काहाकेओ पूरन करिते देओया हय | the last portion or line of a metrical composition which is meant for completion in the same metre by a competitor. |
| समस्यापूर्ति | स्त्री. | किसी समस्या को लेकर छंद, कविता आदि को पूरा करना । | কবিতার সমস্যা বা অরচিত পাদপূরণ | कबितार समस्या बा अरचित पादपूरन | completing a metrical composition posed as a समस्या । |
| समाँ | पुं. | 1. समय, वक्त; | সময়; | समय; | time, occasion, weather; |
| | | 2. ऋतु, जमाना; | ঋতু; | ऋतु; | season; |
| | | 3. सुंदर और सुहावना दृश्य । | সুন্দর ও সুশোভন দৃশ্য | सुन्दर ओ सुशोभन दृश्य | scene, landscape, view. |
| समाई | स्त्री. | 1. समाने की क्रिया या भाव; | ভিতরে ধারণের ক্ষমতা; | भितरे धारनेर क्षमता; | capacity; |
| | | 2. सहनशक्ति । | সহনশক্তি | सहनशक्ति | endurance. |
| समागम | पुं. | 1. भेंट, मिलन; | সমাগম, সম্মিলন, মেলন; | समागम, सम्मिलन, मेलन; | encounter, meeting; |
| | | 2. संभोग, मैथुन । | সম্ভোগ, মৈথুন | सम्भोग, मैथुन | intercourse. |
| समाचार | पुं. | वृत्तांत, खबर, संवाद । | সমাচার, বার্তা, খবর, সংবাদ | समाचार, बार्ता, खबर, संबाद | news, report, message. |
| समाचार-पत्र | पुं. | नियमित समय पर प्रकाशित होनेवाला वह पत्र जिसमें अनेक प्रदेशों, राष्ट्रों आदि से संबंधित समाचार रहते हों, अखबार । | সমাচারপত্র, সংবাদপত্র | समाचारपत्र, संबादपत्र | newspaper. |
| समाज | पुं. | 1. बहुत से लोगों का गिरोह या झुंड; | সমাজ, পরস্পর মনুষ্য-সঙ্ঘ; | समाज, परस्पर मनुष्य-सङ्घ; | community, society, congregation; |
| | | 2. किसी विशिष्ट उद्देश्य से स्थापित की हुई सभा । | সভা, উদ্দেশ্য-বিশেষার্থ মিলিত জনসমূহ | सभा, उद्देश्य-बिशेषार्थ मिलित जनसमूह | club, association. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| समाजवाद | पुं. | एक आर्थिक तथा राजनीतिक विचार-प्रणाली जिसके अनुसार सत्ता तथा स्वामित्व व्यक्तिगत हाथों में नहीं रहना चाहिए बल्कि सामूहिक रूप से समाज में निहित रहना चाहिए । | সমাজতন্ত্র | समाजतन्त्र | socialism. |
| समाजवादी | वि. | 1. समाजवाद सम्बन्धी; | সমাজতন্ত্রসম্বন্ধী | समाजतन्त्रसम्बन्धी; | socialistic; |
| | | 2. समाजवाद का अनुयायी या समर्थक । | সমাজতন্ত্রী | समाजतन्त्री | socialist. |
| समादर | पुं. | अच्छा और उचित आदर, सम्मान, खातिर । | সমাদর, সম্মাননা, অতিশয় আদর ও যত্ন | समादर, सम्मानना, अतिशय आदर ओ जत्न | great respect, reverence, veneration. |
| समादृत | वि. | जिसका अच्छी तरह आदर हुआ हो । | সমাদৃত, সমাদর-প্রাপ্ত, সম্মানিত | समादृत, समादर-प्राप्त, सम्मानित | respected, honoured. |
| **साजिश** | पुं. | अपराधमय कार्य में गुप्त सहयोग, षड्यंत्र । | সাজশ, ষড়যন্ত্র | साजश, षड़जन्त्र | conspiracy, intrigue. |
| **साझा** | पुं. | 1. हिस्सेदारी; 2. पत्ती । | অংশীদারি; শেয়ার | अंशिदारि; शेयार | partnership; share (in a company etc.). |
| **साझी** | पुं. | शरीक होनेवाला, हिस्सेदार । | অংশীদার | अंशीदार | partner. |
| **साझेदार** | पुं. | दे. 'साझी' । | দ্রঃ 'সাঝী' | द्रः 'साझी' | see 'साझी'. |
| **साटना** | स. क्रि. | 1. मिलाना, जोड़ना; 2. चिपकाना । | জোড়া, যুক্তকরা সাঁটা | जोड़ा, जुक्तकरा सांटा | to combine, to join, to unite; to stick, to paste. |
| **साठ** | वि. | जो गिनती में पचास से दस अधिक हो । | ষাট | षाट | sixty. |
| **साड़ी** | स्त्री. | स्त्रियों के पहनने की धोती । | সাড়ী | साड़ी | a kind of dress worn by women. |
| **साढ़ू** | पुं. | सम्बन्ध के विचार से पत्नी की बहन का पति । | ভায়রা, ভায়রাভাই | भायरा, भायराभाइ | wife's sister's husband. |
| **साढ़े** | वि. | आधे के साथ । | সাঢ়ে, সাড়ে, অর্দ্ধসহ | साढ़े, साड़े, अर्द्धसह | together with (qa's) half. |
| **सात** | वि. | जो गिनती में पांच और दो हो । | সাত, সপ্তসংখ্যক | सात, सप्तसंख्यक | seven. |
| **सातवाँ** | वि. | क्रम या गिनती में सात के स्थान पर पड़नेवाला । | সপ্তম | सप्तम | seventh. |
| **सात्त्विक** | वि. | सत्वगुणयुक्त, सत्वगुणप्रधान, सत्वगुणसंबंधी । | সাত্ত্বিক, সত্ত্বগুণ-বিশিষ্ট, সত্ত্বগুণপ্রধান, সত্ত্বগুণসম্বন্ধী | सात्त्विक, सत्त्वगुन-विशिष्ट, सत्त्वगुनप्रधान सत्त्वगुनसम्बन्धी | endowed with the Sattva guna, pertaining to that quality. |
| **साथ** | पुं. | वह अवस्था जिसमें दो या अधिक वस्तुएं एक दूसरे के निकट स्थित हों । | সার্থ, সংগ, সহিত | सार्थ, सङ्ग, सहित | company, accompaniment, with. |
| **साथी** | पुं. | वह जो साथ रहता हो, मित्र, दोस्त । | সাথী, সংগী | साथी, सङ्गी | companion, comrade, friend. |

| हिंदी शब्द | व्या. कों. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सादगी | स्त्री. | 1. सरलता, भोलापन, व्यवहार की सिधाई; | সরলতা; | सरलता; | openness; |
| | | 2. खान-पान, रहन-सहन आदि में आडंबर, कृत्रिमता आदि का अभाव । | সাদাসিধা ধরন, অকৃত্রিমতা, আড়ম্বরহীনতা | सादासिधा धरन, अकृत्रिमता, आड़म्बरहीनता | simplicity of living, etc. |
| सादर | क्रि. वि. | आदरपूर्वक, इज्जत से । | সাদরে, আদরের সহিত, সসম্মানে | सादरे, आदरेर सहित ससम्माने | with respect, respectfully. |
| सादा | वि. | 1. खालिस, बेमेल; | খাঁটি, নির্ভেজাল; | खाँटि, निर्भेजाल; | pure, unmixed; |
| | | 2. जिसमें किसी तरह की उलझन, पेंच की बात या बनावट न हो; | স্পষ্ট যাহাতে কোনো মারপ্যাঁচ নাই ; | स्पष्ट जाहाते कोनो मारप्यांच नाइ ; | plain; |
| | | 3. जो छलकपट से रहित हो, सीधा, भोला; | সরল, অকপট, কুটিলতাহীন; | सरल, अकपट, कुटिलताहीन ; | simple, guileless; |
| | | 4. जिस पर किसी तरह के बेलबूटे सजावट आदि का काम न हो । | অনলঙ্কৃত, কারু-কার্যহীন | अनलङ्कृत, कारु-कार्जहीन | without any painting or ornament etc. |
| सादृश्य | पु. | समानता, तुल्यता, बराबरी । | সদৃশ্য, এক-রূপতা, তুল্যতা | सदृश्य, एक-रूपता, तुल्यता | similarity, likeness, equality. |
| साध | स्त्री. | ऐसी अभिलाषा जो बहुत समय से मन में हो और जिसकी तृप्ति के लिए व्यक्ति उत्कंठित हो । | সাধ, অভিলাষ, কামনা | साध, अभिलाष, कामना | wish, desire. |
| साधक | वि., पु. | 1. साधना करनेवाला, किसी प्रकार की साधना में लगा हुआ; | সাধক, নিষ্পাদক, সাধয়িতা; | साधक, निष्पादक, साधयिता; | accomplisher, practiser; |
| | | 2. सहायता देनेवाला । | সহকারী, সহায়ক | सहकारी, सहायक | helping. |
| साधन | पु. | 1. किसी कार्य का आरंभ करके उसे सिद्ध या पूरा करना; | সাধন, সম্পাদন, নিষ্পাদন; | साधन, सम्पादन, निष्पादन; | accomplishment, completion; |
| | | 2. कोई वस्तु तैयार करने का सामान, सामग्री; | দ্রব্য, সামগ্রী; | द्रव्य, सामग्री; | materials; |
| | | 3. कोई कार्य पूरा करने में सहायता देनेवाली वस्तु या वस्तुएँ, उपकरण । | উপায়, উপকরণ, কার্যসাধন-সামগ্রী | उपाय, उपकरन, कार्जसाधन-सामग्री | means, instrument. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| साधना | स्त्री. | ऐसी आराधना तथा उपासना जो विशेष कष्ट सहन करते हुए बहुत दिनों तक करनी पड़ती हो । | সাধনা,<br>আরাধনা,<br>উপাসনা | साधना,<br>आराधना,<br>उपासना | penance. |
| साधर्म्य | पुं. | समान धर्म से युक्त होने की अवस्था या भाव, समान-धर्मता, तुल्यधर्मता । | সাধর্ম্য,<br>সমানধর্মত্ব,<br>তুল্যবৃত্তিতা | साधर्म्य,<br>समानधर्मत्व,<br>तुल्यबृत्तिता | being of the same quality etc. |
| साधारण | वि. | 1. जिसमें कोई विशेषता न हो, मामूली; | সাধারণ, সামান্য,<br>বিশিষ্টতাবর্জিত; | साधारन, सामान्य,<br>विशिष्टताबर्जित; | ordinary; |
| | | 2. जो सब जगह पाया जाता या होता हो, आम; | সর্বত্র বা সর্বজনের<br>মধ্যে বর্তমান; | सर्बत्र बा सर्बजनेर<br>मध्य बर्तमान; | general, common; |
| | | 3. सहज, सुगम, सरल । | সহজ, সুগম | सहज, सुगम | simple, plain. |
| साधारणतः | क्रि. वि. | आमतौर पर, प्रायः । | সাধারণতঃ | साधारनतः | generally, often. |
| साधु | वि., पुं. | 1. बढ़िया, उत्तम; | সাধু, উত্তম; | साधु, उत्तम; | good, excellent; |
| | | 2. संत, महात्मा, मुनि; | সন্ত, মহাত্মা, মুনি; | सन्त, महात्मा, मुनि; | saint, sage; |
| | | 3. सज्जन, भला आदमी । | সজ্জন, ভদ্রলোক | सज्जन, भद्रलोक | gentleman. |
| साधुवाद | पुं. | प्रशंसा करना, शाबाशी देना । | সাধুবাদ | साधुबाद | approbation. |
| साध्य | वि. | 1. जो सिद्ध या पूरा किया जा सके; | সাধ্য, সাধনীয়,<br>সম্পাদনীয়; | साध्य, साधनीय,<br>सम्पादनीय; | to be accomplished or to be attained; |
| | | 2. प्रमाणित करने योग्य; | প্রমেয়; | प्रमेय; | to be proved; |
| | | 3. (रोग) जो चिकित्सा के द्वारा दूर किया जा सकता हो । | চিকিৎস্য | चिकित्स्य | curable. |
| साध्वी | वि. | 1. भली तथा शुद्ध आचरण-वाली; | সাধ্বী,<br>সচ্চরিত্রা; | साध्वी,<br>सच्चरित्रा; | good and virtuous (woman). |
| | | 2. पतिपरायण, पतिव्रता । | পতিব্রতা, সতী | पतिब्रता, सती | faithful (wife). |
| सान | स्त्री. | पत्थर की वह चक्की जिस पर कैंची आदि की धार तेज की जाती है । | শান | शान | whetstone. |
| सानना | स. क्रि. | 1. किसी चूर्ण आदि को तरल पदार्थ में मिलाकर गीला करना, गूंदना; | সানা; | साना; | to knead, to mash, to wet up (as flour, dough, larth etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी को दोषी या उत्तरदायी ठहराने के उद्देश्य से कोई काम ऐसा करना जिसमें वह औरों के अपराध या दोष में सम्मिलित जान पड़े, शरीक करना । | জড়ানো, লিপ্ত করা | जड़ानो, लिप्त करा | to implicate. |
| सानन्द | वि. | आनन्दयुक्त, प्रसन्न । | সানন্দ | सानन्द | happy, delighted. |
| सानी | वि. | 1. जोड़े का, बराबरी का, तुल्य, समान; | একরূপ, তুল্য, সমান; | एकरूप, तुल्य, समान; | match, equal; |
| | | 2. दूसरा । | দ্বিতীয় | द्वितीय | second. |
| सान्निध्य | पुं. | निकटता, समीपता । | সান্নিধ্য, নৈকট্য, সামীপ্য | सान्निध्य, नैकट्य सामीप्य | nearness, proximity. |
| सापेक्ष | वि. | जो किसी की अपेक्षा रखता हो, जो दूसरे पर अवलंबित हो । | সাপেক্ষ, অপেক্ষাযুক্ত | सापेक्ष, अपेक्षायुक्त | relative. |
| साप्ताहिक | वि. | 1. सप्ताह संबंधी; | সপ্তাহসংবধী; | सप्ताहसंबंधी; | relating to a week |
| | | 2. सात दिनों तक चलनेवाला; | সপ্তাহব্যাপী; | सप्ताहव्यापी; | continuing for a week; |
| | | 3. हर सातवें दिन होनेवाला । | সাপ্তাহিক | साप्ताहिक | weekly. |
| साफ | वि. | 1. जिसमें मैल न हो, स्वच्छ, निर्मल; | সাফ, পরিষ্কৃত, নির্মল; | साफ, परिष्कृत, निर्मल; | clean, clear; |
| | | 2. जिसमें किसी प्रकार का छल कपट न हो; | অকপট, সরল; | अकपट, सरल; | innocent, sincere; |
| | | 3. जिसमें किसी प्रकार का भ्रम या संदेह न रह गया हो; | স্পষ্ট, নির্ভুল; | स्पष्ट, निर्भुल; | clear; |
| | | 4. जिसका तल ऊबड़-खाबड़ न हो । | সমতল | समतल | level. |
| साफा | पुं. | सिरपर बांधने की पगड़ी । | পাগড়ী | पागड़ी | turban. |
| साफी | स्त्री. | 1. हाथ में रखने का रुमाल, दस्ती; | রুমাল; | रुमाल; | handkerchief; |
| | | 2. पोंछने के काम आनेवाले कपड़े का टुकड़ा; | ঝাড়ন; | झाड़न; | duster, wiper; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. कपड़े का टुकड़ा जो छानने के काम आए; | কোনো তরল পদার্থ ছাকিবার জন্য কাপড়ের টুকরা; | कोनो तरल पदार्थ छाकिबार जन्य कापड़ेर टुकरा; | piece of cloth through which liquids etc. are filtered; |
| | | 4. वह कपड़ा जिसकी सहायता से बरतन चूल्हे पर से उतारा जाता है । | উনানের উপর থেকে গরম কড়াই ইত্যাদি নামাইবার জন্য কাপড়ের টুকরা | उनानेर उपर थेके गरम कड़ाइ इत्यादि नामाइबार जन्य कापड़ेर टुकरा | piece of cloth with which a kettle or a pot is lifted off the fire. |
| साबित | वि. | सबूत द्वारा सिद्ध किया हुआ, प्रमाणित । | প্রমাণিত | प्रमानित | proved. |
| साबुत | वि. | जो सम्पूर्ण इकाई के रूप में हो, समूचा । | সম্পূর্ণ | सम्पूर्न | complete. |
| साबुन | पुं. | सोडा, तेल आदि के योग से बना हुआ एक प्रसिद्ध पदार्थ जिससे शरीर के अंग और कपड़े आदि साफ किए जाते हैं । | সাবান | साबान | soap. |
| साबूदाना (सागूदाना) | पुं. | दे. 'सागूदाना' । | দ্র: 'সাগূদানা' সাভিপ্রায়, | द्र: 'सागूदाना' साभिप्राय, | see 'सागूदाना'. |
| साभिप्राय | वि. | 1. अभिप्राय से युक्त; | অভিপ্রায়সহিত; | अभिप्रायसहित; | having a distinct aim or purpose; |
| | | 2. जिसका कोई विशिष्ट प्रयोजन या हेतु हो । | উদ্দেশ্যসহিত | उद्देश्यसहित | intentional. |
| सामंजस्य | पुं. | वह स्थिति जिसमें परस्पर किसी प्रकार की विपरीतता या विषमता न हो, संगति । | সামঞ্জস্য, সমঞ্জসভাব, সংগতি | सामञ्जस्य, समञ्जसभाव, सङ्गति | adjustment, consistency. |
| सामंत | पुं. | राजा के अधीन रहनेवाला बड़ा सरदार । | সামন্ত, অধীন নৃপতি | सामन्त, अधीन नृपति | feudatory prince, chieftain. |
| सामंतवाद | पुं. | यह सिद्धान्त कि राजनीतिक और सामाजिक आदि क्षेत्रों में सामंततंत्र ही अधिक उपयोगी सिद्ध होता है । | সামন্ততন্ত্র | सामन्ततन्त्र | feudalism. |
| सामंती | वि. | सामंत से संबंधित, सामंत का । | সামন্ত সংক্রান্ত | सामन्त संक्रान्त | feudal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सामग्री | स्त्री. | 1. आवश्यक वस्तुओं का समूह, सामान, माल-असबाब; | সামগ্রী, দ্রব্যসমূহ, দ্রব্য, জিনিস; | सामग्री, द्रब्यसमूह, द्रब्य, जिनिस; | material, baggage, article; |
| | | 2. किसी उत्पादन आदि के सहायक अंग या तत्व, उपकरण । | উপাদাননিচয়, উপকরণ, যন্ত্রাদি | उपादाननिचय, उपकरन, जन्त्रादि | material, miplements or apparatus. |
| सामना | पुं. | 1. किसी के समक्ष होने की अवस्था या भाव; | সামনাসামনি হওয়া; | सामनासामनि हओया; | facing, front. |
| | | 2. भेंट, मुलाकात; | দেখাসাক্ষাৎ; | देखासाक्षात्; | meeting; |
| | | 3. भिड़ंत, मुठभेड़ । | বিরোধিতার জন্য মুখোমুখি হওয়া | विरोधितार जन्य मुखोमुखि हओया | confrontation, encounter. |
| सामने | क्रि. वि. | 1. आगे, समक्ष; | সামনে, সম্মুখে; | सामने, सम्मुखे; | in front of; |
| | | 2. मुकाबले में; | বিরোধিভাবে: | विरोधिभावे; | opposite; |
| | | 3. जिस ओर मुंह हो सीधे उसी ओर । | সমক্ষে | समक्षे | before. |
| सामयिक | वि. | 1. समयोचित, समय के विचार से उपयुक्त; | সাময়িক, সময়োচিত; | सामयिक, समयोचित; | seasonable, timely, opportune; |
| | | 2. ठीक समय पर होनेवाला; | সময়ানুসার; | समयानुसार; | punctual; |
| | | 3. वर्तमान समय का । | সমসাময়িক | समसामयिक | contemporary. |
| सामरिक | वि. | समर संबंधी, युद्ध का । | সামরিক, যুদ্ধ-সংক্রান্ত, যুদ্ধোপযোগী | सामरिक, जुद्ध-संक्रान्त, जुद्धोपजोगी | belonging to war or battle, martial. |
| सामर्थ्य | स्त्री. | 1. कोई कार्य करने की योग्यता और शक्ति; | সামর্থ্য, ক্ষমতা, যোগ্যতা; | सामर्थ्य, क्षमता, जोग्यता; | capability, capacity; |
| | | 2. शब्द की अर्थ शक्ति, शब्द की वह शक्ति जिसमें वह भाव प्रकट करता है । | শব্দশক্তি | शब्दशक्ति | force of words. |
| सामाजिक | वि. | 'समाज से संबंध रखनेवाला । | সামাজিক | सामाजिक | social. |
| सामान | पुं. | 1. किसी कार्य के लिए आवश्यक साधनरूप वस्तुएं, सामग्री; | উপকরণ, সামগ্রী; | उपकरन, सामग्री; | material, accessories; |
| | | 2. असबाब । | মালপত্র, লটবহর | मालपत्र, लटबहर | luggage, baggage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य | वि. | 1. जिसमें कोई विशेषता न हो, मामूली; | সামান্য, বৈশিষ্ট্য-বিহীন, মামুলী; | सामान्य, बैशिष्ट्य-बिहीन, मामुली; | ordinary; |
| | | 2. अनेक से संबंध रखनेवाला या बहुतों में पाया जाने-वाला, सार्वजनिक, आम; | সাধারণ, বর্গের সকলের মধ্যে বর্তমান; | साधारन, बर्गेर सकलेर मध्ये वर्तमान; | common; |
| | | 3. जो अपनी साधारण अवस्था, स्थिति आदि में हो, विशेष घटा बढ़ा न हो । | স্বাভাবিক | स्बाभाबिक | normal. |
| सामासिक | वि. | 1. समाससंबंधी, समास का; | সমাসসম্বন্ধী; | समाससम्बन्धी; | relating to or belonging to a compound; |
| | | 2. लघु या संक्षिप्त किया हुआ । | সংক্ষিপ্ত | सक्षिप्त | concised, brief. · |
| सामिष | वि. | मांस युक्त (भोजन) । | আমিষ | आमिष | non-vegetarian (food). |
| सामुदायिक | वि. | समुदाय संबंधी, समुदाय का । | সামুদায়িক, সমুদায়সম্বন্ধী | सामुदायिक, समुदायसम्बन्धी | belonging to or of a community. |
| सामूहिक | वि. | समूह से संबंध रखनेवाला । | সমূহসম্পর্কিত, | समूहसम्पर्कित, | collective. |
| साम्य | पुं. | 1. समानता; | সাম্য, সমতা; | साम्य, समता; | equality, likeness; |
| | | 2. सादृश्य । | সাদৃশ্য | सादृश्य | similarity. |
| साम्यवाद | पुं. | मार्क्स द्वारा प्रतिपादित एक सिद्धान्त जिसका उद्देश्य ऐसे वर्गहीन समाज की स्थापना है जिसमें संपत्ति पर समाज का समान अधिकार हो और व्यक्ति से शक्तिभर काम लेकर उसकी समस्त आवश्यकताएं पूरी की जाएं । | সাম্যবাদ, এক শ্রেণীহীন সমাজ ও রাষ্ট্র ব্যবস্থা যাহাতে সকল মানুষের সমান অধিকার প্রাপ্য–কার্ল মার্কসের এই মতবাদ, কমিউনিজম | साम्यबाद, एक श्रेनीहीन समाज ओ राष्ट्र ब्यबस्था जाहाते सकल मानुषेर समान अधिकार प्राप्य–कार्ल मार्क्सेर एइ मतबाद, कमिउनिजम | communism. |
| साम्राज्य | पुं. | वे अनेक राष्ट्र या देश जिन पर कोई एक शासनसत्ता राज्य करती हो, सार्वभौम राज्य । | সাম্রাজ্য, কতিপয় অধীন রাজ্য লইয়া গঠিত অধিরাজ্য | साम्राज्य, कतिपय अधीन राज्य लइया गठित अधिराज्य | empire. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| साम्राज्यवाद | पुं. | वह सिद्धान्त जिसमें यह माना जाता है कि किसी देश को अपने अधिकृत क्षेत्रों में वृद्धि करते हुए अपने साम्राज्य का बराबर विस्तार करते रहना चाहिए । | সাম্রাজ্যবাদ | साम्राज्यबाद | imperialism. |
| सायंकाल | पुं. | दिन का अंतिम भाग, शाम, संध्या । | সায়ংকাল, সন্ধ্যা-বেলা, সায়াহ্ন | सायंकाल सन्ध्या-वेला, सायह्न | evening. |
| सायबान | पुं. | कमरे आदि के आगे बनाई जानेवाली टीन आदि की छाजन । | ছায়ার জন্য বাড়ীর সামনে সায়বানা, সাবানা | छायार जन्य बाड़ीर सामने सायबाना, साबाना | sunshade. |
| साया | पुं. | 1. छाया, छांह, परछाई;<br>2. ऐसा संपर्क या संबंध जो किसी को अपने अधीन रखते हुए उसे अपने गुण, प्रभाव आदि से युक्त करता हो ;<br>3. घाघरे की तरह का एक पहनावा जो प्रायः पाश्चात्य देशों की स्त्रियां पहनती हैं । | ছায়া;<br>প্রভাব;<br>শাড়ীর নীচে পরিধেয় অন্তর্বাস-বিশেষ, সায়া | छाया;<br>प्रभाव;<br>शाड़ीर नीचे परिधेय अन्तर्वास-विशेष, साया | shade, shadow;<br>influence (of company);<br>skirt. |
| सारंग | पुं. | 1. चितकबरा रंग;<br>2. भौंरा, भ्रमर;<br>3. कोयल;<br>4. मृग, हिरन । | সারংগ, নানাবর্ণ;<br>ভৃংগ, ভ্রমর;<br>কোকিল;<br>মৃগ, হরিণ | सारङ्ग, नानाबर्न;<br>भृङ्ग, भ्रमर;<br>कोकिल;<br>मृग, हरिन | variegated colour;<br>large bee;<br>cuckoo;<br>deer. |
| सारंगी | स्त्री. | एक प्रकार का प्रसिद्ध तंत्र-वाद्य । | সারেংগী, বেহালাজাতীয় বাদ্যযন্ত্রবিশেষ | सारेङ्गी, बेहालाजातीय बाद्यजन्त्रबिशेष | kind of stringed instrument like violin. |
| सार | पुं. | 1. मूल भाग, सत;<br>2. गूदा;<br>3. तात्पर्य या निष्कर्ष, सारांश । | সার, নির্যাস, উৎকৃষ্ট অংশ;<br>ফলের শস্যভাগ, শাঁস;<br>সংক্ষিপ্ত নিষ্কর্ষ, বস্তুসংক্ষেপ | सार, निर्जास, उत्कृष्ट अंश;<br>फलेर शस्यभाग, शांस;<br>संक्षिप्त निष्कर्ष, बस्तुसंक्षेप | substance, essence;<br>soft or choicest part of a fruit;<br>abstract, summary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सारगर्भित | वि. | जिसमें सार या तत्व भरा हो, तत्वपूर्ण । | সারগর্ভ | सारगर्भ | substantial, having essence or meaning. |
| सारणी | स्त्री. | कोई ऐसा कागज या फलक जिसमें बहुत से खाने होते हैं तथा जिनमें किसी विशेष प्रकार के अध्ययन गणना आदि के लिए कुछ अंक, शब्द आदि लिखे होते हैं । | সারণী, সরণি, তালিকা, নির্ঘন্ট | सारनी, सरनि, तालिका, निर्घन्ट | table of figures. |
| सारथी | पुं. | रथ चलानेवाला, सूत । | সারথি | सारथि | charioteer. |
| सारस | पुं. | हंस की जाति का एक लंबी टांगोंवाला पक्षी । | সারস | सारस | crane. |
| सारांश | पुं. | 1. सार, निचोड़;<br>2. तात्पर्य, मतलब;<br>3. परिणाम, नतीजा, उपसंहार । | সারাংশ, সার, সারাৎসার;<br>তাৎপর্য, অর্থ;<br>পরিণাম, ফল, উপসংহার | सारांश, सार, सारात्सार;<br>तात्पर्ज, अर्थ;<br>परिनाम, फल, उपसंहार | substance, essence;<br>meaning;<br>conclusion. |
| सारा | वि. | 1. जितना हो वह सब, कुल;<br>2. आदि से अंत तक जितना हो वह सब, पूरा, समग्र । | সারা, সকল, সব;<br>আগাগোড়া, পুরা, সমগ্র | सारा, सकल, सब;<br>आगागोड़ा, पुरा, समग्र | all, the whole;<br>beginning to an end, complete, entire. |
| सारिका | स्त्री. | मैना नामक पक्षी । | সারিকা, শুকী, ময়না | सारिका, शुकी, मयना | a kind of bird, Gracula religiosa. |
| सार्थक | वि. | 1. (शब्द या पद) जिसका कुछ अर्थ हो, अर्थवान्;<br>2. उपयोगी तथा लाभप्रद । | সার্থক, অর্থযুক্ত;<br>উপযোগী | सार्थक, अर्थजुक्त;<br>उपजोगी | meaningful;<br>significant. |
| सार्थकता | स्त्री. | 1. उपयोगिता;<br>2. महत्व । | সার্থকতা;<br>মহত্ত্ব | सार्थकता;<br>महत्त्व | utility;<br>importance. |
| सार्वजनिक | वि. | सबसे संबंध रखनेवाला, समानरूप से सब लोगों के काम आनेवाला । | সার্বজনিক সর্বজনীন, সর্বজনহিত | सार्वजनिक, सर्बजनीन, सर्बजनहित | public, universal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सार्वभौम | वि. | सम्पूर्ण भूमि से संबंध रखनेवाला, सब देशों से संबंध रखनेवाला । | সার্বভৌম, জগদ্ব্যাপী, সর্বভূমির নিমিত্ত | सार्वभौम, जगद्व्यापी, सर्वभूमिर निमित्त | relating to or consisting of the whole earth or all the countries. |
| साल | पुं. | 1. वर्ष, बारह महीने का काल;<br>2. एक प्रकार का वृक्ष । | সাল, বৎসর, অব্দ;<br>বৃক্ষবিশেষ | साल, बत्सर, अब्द;<br>बृक्षबिशेष | year;<br>name of a tree. |
| सालगिरह | स्त्री. | वर्षगांठ, जन्मदिन । | জন্মদিন | जन्मदिन | anniversary, birthday. |
| सालना | स. क्रि. | कष्ट देना, चुभाना । | কষ্ট দেওয়া, খুঁচান, খুঁচানো | कष्ट देओया, खुंचान, खुंचानो | to cause pain, to pierce or to prick. |
| साला (स्त्री. साली) | पुं. | पत्नी का भाई । | শালা | शाला | wife's brother, brother-in-law. |
| सालाना | वि. | हर साल होनेवाला, वार्षिक । | সালিয়ানা, বার্ষিক | सालियाना, बार्षिक | yearly, annual. |
| सावधान | वि. | सचेत, सतर्क, खबरदार । | সাবধান, সচেতন, সতর্ক, হুঁশিয়ার | साबधान, सचेतन, सतर्क, हुशियार | cautious, alert, diligent. |
| सावधानी | स्त्री. | सतर्कता, होशियारी । | সতর্কতা, হুঁশিয়ারি | सतर्कता, हुशियारि | alertness, diligence. |
| सावन | पुं. | आषाढ़ के बाद और भाद्रपद से पूर्व का महीना । | শ্রাবণ | श्राबन | fourth Hindu month. |
| साष्टांग | वि. | आठों अंगों से युक्त । | সাষ্টাংগ | साष्टाङ्ग | with eight parts of the body. |
| सास | स्त्री. | पत्नी या पति की माता । | শাস, শাশুড়ী | शास, शाशुड़ी | mother-in-law. |
| साहचर्य | पुं. | साथ रहना, साथ, संगति । | সহচর্য, সহচরত্ব, সংগ | सहचर्ज, सहचरत्ब, सङ्ग | association, company. |
| साहब | पुं. | 1. मालिक, स्वामी;<br>2. आदरणीय व्यक्तियों के नाम या पेशे के साथ प्रयुक्त किया जानेवाला संबोधन । | মালিক, কর্তা;<br>সম্মানপূর্বক সম্বোধন | मालिक, कर्ता;<br>सम्मानपूर्बक सम्बोधन | master, lord;<br>title of courtesy, Mr., Sir. |
| साहस | पुं. | किसी असाधारण कार्य में दृढ़तापूर्वक प्रवृत्त होने की वृत्ति, हिम्मत । | সাহস, নির্ভীকতা | साहस, निर्भीकता | boldness, daring, courage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| साहसिक | वि. | 1. साहससंबंधी, साहस का; 2. हिम्मतवर, दिलेर, निर्भीक । | সাহসিক, সাহসযুক্ত; সাহসী, নির্ভীক | साहसिक, साहसजुक्त; साहसी, निर्भीक | daring, courageous; bold. |
| साहसी | वि. | जिसमें साहस हो, हिम्मतवर । | সাহসী, সাহস আছে এমন | साहसी, साहस आछे एमन | bold, courageous. |
| साहाय्य | पुं. | सहायता, मदद । | সাহায্য, সহায়তা | साहाज्य, सहायता | assistance, help. |
| साहित्य | पुं. | 1. गद्यात्मक या पद्यात्मक रचना, लिपिबद्ध विचार, ज्ञान आदि; | সাহিত্য, কাব্য-উপন্যাসাদি রসাত্মক রচনা; | साहित्य, काव्य-उपन्यासादि रसात्मक रचना; | literary composition; |
| | | 2. वाङ्-मय; | গ্রন্থের সমষ্টি; | ग्रन्थेर समष्टि; | literature; |
| | | 3. काव्यशास्त्र । | কাব্যশাস্ত্র | काव्यशास्त्र | poetics. |
| साहित्यकार | पुं. | साहित्य की रचना करनेवाला । | সাহিত্যিক, সাহিত্যরচনাকারী ব্যক্তি, লেখক | साहित्यिक, साहित्यरचनाकारी ब्यक्ति, लेखक | one who composes literature, writer. |
| साहित्यिक | वि. | साहित्य से संबंध रखनेवाला अथवा उसके अनुरूप होनेवाला, साहित्य का ज्ञाता अथवा साहित्य की रचना करना जिसका पेशा हो । | সাহিত্যিক, সাহিত্যশিল্প-সম্বন্ধীয়, সাহিত্যরচনা-কারী | साहित्यिक, साहित्यशिल्प-सम्बन्धीय, साहित्यरचना-कारी | literary (composition and person both). |
| साहु | पुं. | 1. महाजन; 2. बनियों का आदरपूर्ण संबोधन । | সাহু, মহাজন; বণিকের সম্মান-সূচক সম্বোধন | साहु, महाजन; बनिकेर सम्मान-सूचक सम्बोधन | a banker; title of a trader. |
| साहूकार | पुं. | बड़ा व्यापारी, धनाढ्य, महाजन । | সাউকার, বড় বণিক | साउकार, बड़ बनिक | wealthy trader or banker. |
| साहूकारी | स्त्री. | साहूकार का काम, महाजनी । | সাউকারি, সাউকারের কাজ | साउकारि, साउकारेर काज | banking business. |
| सिंगार (शृंगार) | पुं. | सजधज, सजावट । | সাজগোজ, বিলাস সজ্জা | साजगोज, बिलास सज्जा | decoration of body by women. |
| सिंगारदान | पुं. | शृंगार की सामग्री रखने का छोटा संदूक । | সাজগোজের ছোট সিন্দুক | साजगोजेर छोट सिन्दुक | dressing-case. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सिंघाड़ा | पुं. | 1. पानी में पैदा होनेवाला एक तिकोना फल; 2. सिंघाड़े के आकार का एक पकवान । | শিঙাড়া, পানিফল; খাবারবিশেষ | शिङाड़ा, पानिफल; खाबारबिशेष | the water-chestnut; a kind of pastery. |
| सिंचाई | स्त्री. | 1. पानी छिड़कने का काम या भाव, आबपाशी; 2. सींचने के काम का पारिश्रमिक । | জলসেচন; জলসেচনের মজুরী | जलसेचन; जलसेचनेर मजुरी | irrigation; wages paid for the work of irrigation. |
| सिंदूर | पुं. | एक प्रकार का लाल चूर्ण जिससे स्त्रियाँ मांग भरती हैं । | সিন্দূর, সিঁদুর | सिन्दूर, सिंदुर | red lead, vermilion. |
| सिंदूरी | वि. | सिंदूर के रंग का । | সিন্দুরের ন্যায় লাল | सिन्दुरेर न्याय लाल | of vermilion colour. |
| सिंह | पुं. | 1. बिल्ली की जाति का एक प्रसिद्ध हिंसक जंतु, शेर; 2. बारह राशियों में से एक । | সিংহ, অতিবলশালী হিংস্র পশুবিশেষ; দ্বাদশ রাশির মধ্যে পঞ্চম রাশি | सिंह, अतिबलशाली हिंस्र पशुबिशेष; द्वादश राशिर मध्ये पञ्चम राशि | lion; the sign of Leo of the zodiac. |
| सिंहद्वार | पुं. | प्रासाद आदि का प्रधान द्वार, सदर दरवाजा । | সিংহদ্বার, সিংহদুয়ার | सिंहद्वार, सिंहदुयार | main entrance to a palace. |
| सिंहनाद | पुं. | 1. सिंह का गर्जन; 2. युद्ध आदि के समय गरज कर की जानेवाली ललकार; 3. जोर देकर कोई बात कहना । | সিংহনাদ; রণনিনাদ; জোর দিয়া কিছু বলা | सिंहनाद; रननिनाद; जोर दिया किछु बला | lion's roar; war cry, war whoop; a confident assertion. |
| सिंहावलोकन | पुं. | संक्षेप में पिछली बातों का दिग्दर्शन या वर्णन, बीती हुई बातों का स्वरूप जानने पर बतलाने के लिए उन पर दृष्टिपात करना । | অতীত বিষয়ের সংক্ষিপ্ত বর্ণন, অতীতের সংক্ষিপ্ত পর্যালোচনা | अतीत बिषयेर संक्षिप्त बर्नन अतीतेर संक्षिप्त पर्जालोचना | retrospection. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सिंहासन | पुं. | राजाओं के बैठने या देवमूर्तियों की स्थापना के लिए बना हुआ एक विशेष प्रकार का आसन जो चौकी के आकार का होता है तथा जिसके दोनों ओर शेर के मुंह की आकृति बनी होती है । | সিংহাসন, সিংহাকারপ্রধান রাজাসন বা দেবতার আসন | सिंहासन, सिंहाकार प्रधान राजासन बा देवतार आसन | a throne. |
| सिकुड़न | स्त्री. | 1. सिकुड़ने की क्रिया, संकोच, वह स्थिति जिसमें कोई वस्तु पहले की अपेक्षा कम जगह घेरती है; | সঙ্কোচন, হ্রস্ব হওয়া; | सङ्कोचन, ह्रस्व हओया; | contraction, shrinking; |
| | | 2. किसी वस्तु के सिकुड़ने के कारण उसके तल या विस्तार में पड़नेवाला बल, शिकन । | কুঞ্চন, কুঁচকান | कुञ्चन, कुंचकान | wrinkle, shrink. |
| सिकुड़ना | अ. क्रि. | 1. संकुचित होना, सिमटना; | সঙ্কুচিত হওয়া, হ্রস্ব হওয়া; | सङ्कुचित हओया, ह्रस्व हओया; | to contract, to shrink; |
| | | 2. शिकन पड़ना । | কুঁচকান | कुंचकान | to wrinkle. |
| सिकोड़ना | स. क्रि. | संकुचित करना, समेटना । | সঙ্কুচিত করা, সংক্ষিপ্ত করা | सङ्कुचित करा, संक्षिप्त करा | to contract, to compress, to brace up. |
| सिक्का | पुं. | 1. निर्दिष्ट मूल्य का वह धातुखंड जो किसी राजकीय टकसाल में ढला हो तथा पदार्थों के क्रय-विक्रय में विनिमय के साधन के रूप में काम आता हो; | সিক্কা, রাজার চিহ্নযুক্ত স্বর্ণরৌপ্যাদির মুদ্রা; | सिक्का राजार चिह्नजुक्त स्वर्नरौप्यादिर मुद्रा; | coin; |
| | | 2. किसी व्यक्ति का ऐसा प्रभाव या प्रभुत्व जिसके आगे सभी लोग दबते हों । | দাপট | दापट | influence, awe. |
| सिक्त | वि. | सिंचित, भीगा हुआ, तर । | সিক্ত, আর্দ্রীকৃত, ভিজা | सिक्त, आर्द्रीकृत, भिजा | soaked, wet, moistured. |
| सिखाना | स. क्रि. | शिक्षा देना, पढ़ाना, बतलाना । | শিখানো | शिखानो | to teach, instruct. |

| हिंदी शब्द | व्या. कों. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सिझाना | स. क्रि. | 1. आंच पर पकाकर गलाना; | সিঝান, সিঝানো; | सिझान, सिझानो; | to boil; |
| | | 2. खाल को विशिष्ट प्रक्रियाओं से पक्का और मुलायम करना । | বিশেষ প্রক্রিয়া অনুসারে চামড়া পাকা করা | विशेष प्रक्रिया अनुसारे चामड़ा पाका करा | to tan. |
| सिटपिटाना | अ. क्रि. | प्राय: असमंजस में पड़ने के कारण और किसी के प्रश्न का तत्काल ठीक या स्पष्ट उत्तर न दे सकने की दशा में कुछ लज्जित होकर इधर-उधर करने लगना । | কিংকর্তব্যবিমূঢ় হওয়া, ভেবাচেকা খাওয়া, হতবুদ্ধি হওয়া | किंकर्तव्यविमूढ़ हओया भेबाचेका खाओया, हतबुद्धि हओया | to be confounded, to be stupefied. |
| सिट्टी | स्त्री. | बढ़चढ़ कर बातें करना, वाचालता । | বকবকানি, বাচালতা | बकबकानि, बाचालता | talkativeness. |
| सिड़ | पुं. | झक, सनक, खब्त, धुन, पागलपन का ध्रुव हलका रूप जिसमें व्यक्ति हठपूर्वक कोई काम करता है और समझाने पर भी नहीं मानता । | ছিট, বাতিক | छिट बातिक | craze, whim, eccentricity. |
| सिड़ी | वि. | झक्की, सनकी । | ছিটগ্রস্ত, বাতিকগ্রস্ত | छिटग्रस्त, बातिकग्रस्त | crazy, whimsical, eccentric. |
| सितार | पुं. | एक प्रसिद्ध तंत्रवाद्य या वाद्ययंत्र । | সেতার | सेतार | a kind of guitar. |
| सितारा | पुं. | 1. तारा, नक्षत्र; | তারা, নক্ষত্র; | तारा, नक्षत्र; | star; |
| | | 2. भाग्य; | ভাগ্য; | भाग्य; | fortune, fate, destiny; |
| | | 3. सोने-चांदी के पत्तरों के गोलाकार छोटे टुकड़े जो कपड़ों आदि में शोभा के लिए लगाए जाते हैं । | কাপড়ের উপর জুড়িয়া দেওয়া সোনা বা রূপার পাতের তারকা | कापड़ेर उपर जुड़िया देओया सोना बा रूपार पातेर तारका | starlets of gold or silver sewn on cloth for decoration. |
| सिद्ध | वि. | 1. अच्छी तरह पूरा किया हुआ; | সিদ্ধ, নিষ্পন্ন, পূর্ণ; | सिद्ध, निष्पन्न, पूर्न; | accomplished. |
| | | 2. जिसने किसी काम में पूरी सफलता प्राप्त की हो; | সিদ্ধিপ্রাপ্ত, পারগ; | सिद्धिप्राप्त, पारग; | successful; |
| | | 3. जिसने योग की सिद्धियां प्राप्त कर ली हों; | অণিমাদি যোগে সিদ্ধিপ্রাপ্ত; | अनिमादि जोगे सिद्धिप्राप्त; | accomplished in Yoga; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. तर्क द्वारा प्रमाणित; | যুক্তিতর্কের দ্বারা প্রমাণিত; | जुक्तितर्केर द्वारा प्रमानित; | validated, substantiated; |
| | | 5. आग पर रखकर उबाला या पकाया हुआ । | আগুনের তাপে পক্ব | आगुनेर तापे पक्व | cooked or dressed on fire. |
| सिद्धसंप्रदाय | पुं. | साधुओं का एक संप्रदाय विशेष । | সিদ্ধসম্প্রদায় | सिद्धसम्प्रदाय | a particular sect of mendicants. |
| सिद्धसाहित्य | पुं. | हिन्दी साहित्य के आरंभिक काल में सिद्ध संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा रचित साहित्य । | সিদ্ধসম্প্রদায়ের হিন্দী সাহিত্যের আরম্ভকালীন সাহিত্য | सिद्धसम्प्रदायेर हिंदी साहित्येर आरम्भकालीन साहित्य | early Hindi literature composed by mendicants. |
| सिद्धहस्त | वि. | जिसका हाथ किसी काम में मंजा हो, दक्ष, कार्यकुशल । | সিদ্ধহস্ত, পারদর্শী, নিপুণ | सिद्धहस्त, पारदर्शी निपुन | skilled. |
| सिद्धान्त | पुं. | 1. पूर्व पक्ष के खंडन के बाद सिद्ध मत; | সিদ্ধান্ত | सिद्धान्त | established truth; |
| | | 2. निश्चित मत जिसे सत्य के रूप में ग्रहण किया जाए, उसूल; | সত্যরূপে গ্রহণ করা যায় এরূপ নিশ্চিত মত; | सत्यरूपे ग्रहन करा जाय एरूप निश्चित मत; | principle; |
| | | 3. कला, विज्ञान आदि के संबंध में ऐसी कोई मूल बात जो किसी विद्वान द्वारा प्रतिपादित हो और जिसे बहुत-से लोग ठीक मानते हों; | কোনো পন্ডিত কর্তৃক প্রতিপাদিত এমন মত যাহা অনেকেই যথার্থ বলিয়া স্বীকার করে; | कोनो पन्डित कर्तृक प्रतिपादित एमन मत जाहा अनेकेइ जथार्थ बलिया स्वीकार करे ; | theory; |
| | | 4. कोई ऐसा ग्रंथ जिसमें उक्त प्रकार की बातें या मत निरूपित हों । | উক্ত মত প্রতিপাদক গ্রন্থ | उक्त मत प्रतिपादक ग्रन्थ | treatise on a system of some science or art. |
| सिद्धि | स्त्री. | 1. किसी कार्य या उद्देश्य का पूरा होना; | সিদ্ধি, সম্পাদন, নিষ্পত্তি; | सिद्धि, सम्पादन, निष्पत्ति; | accomplishment, fulfilment; |
| | | 2. ऐसी विशिष्ट क्षमता या योग्यता जो प्रयत्न से प्राप्त हुई हो; | অভ্যাসাদি দ্বারা পারদর্শিতালাভ বা জ্ঞানলাভ; | अभ्यासादि द्वारा पारदर्शितालाभ बा ज्ञानलाभ; | complete mastery or knowledge of some subject; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. तपस्या, तांत्रिक उपासना द्वारा साधक को प्राप्त हुई विशेष प्रकार की अलौकिक शक्ति । | তপস্যা ও তান্ত্রিক উপাসনা দ্বারা লব্ধ অলৌকিক শক্তি, সিদ্ধাই | तपस्या ओ तान्त्रिक उपासना द्वारा लब्ध अलौकिक शक्ति, सिद्धाइ | the acquisition of supernatural powers by magical means or through the performance of certain mystical processes. |
| सिधारना | अ. क्रि. | 1. जाना, प्रस्थान करना; | যাওয়া, প্রস্থান করা; | जाओया, प्रस्थान करा; | to set out, to go, to depart; |
| | | 2. परलोकवासी होना, मर जाना । | মারা যাওয়া | मारा जाओया | to die. |
| सिनकना (छिनकना) | स. क्रि. | अन्दर से जोर की वायु निकालते हुए नाक का मल बाहर करना । | নাক ঝাড়া | नाक झाड़ा | to blow the nose. |
| सिपाही | पुं. | 1. फौजी आदमी, सैनिक, योद्धा; | সিপাহী, সিপাই, সৈনিক, যোদ্ধা; | सिपाही, सिपाइ, सैनिक, जोद्धा; | soldier; |
| | | 2. पुलिस विभाग में साधारण कर्मचारी जो पहरे आदि का काम करता है । | পুলিশ | पुलिश | police-man. |
| सिफत | स्त्री. | गुण, विशेषता । | গুণ, বিশেষত্ব | गुन, विशेषत्व | a quality, attribute, property. |
| सिफारिश | स्त्री. | किसी का कोई काम कराने के लिए दूसरे से कहना, किसी के गुण, योग्यता आदि का परिचय देने वाली ऐसी बात जो किसी ऐसे दूसरे व्यक्ति से कही जाए जो उस पहले व्यक्ति का कोई उपकार कर सकता हो । | সুপারিশ | सुपारिश | recommendation. |
| सिफारिशी | वि. | 1. सिफारिश संबंधी; | সুপারিশী; | सुपारिशी; | recommendatory; |
| | | 2. जो सिफारिश के द्वारा हुआ हो । | যাহা সুপারিশের জন্য হইয়াছে | जाहा सुपारिशेर जन्य हइयाछे | of recommendation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सिमटना | अ. क्रि. | 1. दूर तक फैली या बिखरी हुई वस्तु का खिंचकर थोड़े विस्तार या स्थान में आना, सिकुड़ना, संकुचित होना; | সংগৃহীত হওয়া, সঙ্কুচিত হওয়া, কুঁচকাইয়া যাওয়া; | संगृहीत हओया, सङ्कुचित हओया, कुंचकाइया जाओया; | to be collected; |
| | | 2. काम पूरा या समाप्त होना । | কাজ সম্পূর্ণ হওয়া | काज सम्पूर्न हओया | to be wound up. |
| सियार | पुं. | गीदड़, शृगाल । | শিয়াল, শৃগাল | शियाल, श्रृगाल | jackal. |
| सियासत | स्त्री. | राजनीति । | রাজনীতি | राजनीति | politics. |
| सियासी | वि. | राजनीतिक । | রাজনৈতিক | राजनैतिक | political. |
| सिर | पुं. | 1. मनुष्य तथा अन्य पशुओं का गरदन के ऊपर का भाग, कपाल, खोपड़ी; | শির, মস্তক; | शिर, मस्तक; | head, skull; |
| | | 2. किसी वस्तु का ऊपर का हिस्सा । | কোন বস্তুর সর্বোচ্চ ভাগ; | कोन बस्तुर सर्बोच्च भाग; | top, highest part or point. |
| सिरका | पुं. | धूप में सड़ाकर खमीर उठाया हुआ अंगूर, जामुन, ईख आदि का रस । | সিরকা, সির্কা ইক্ষুরস গাঁজাইয়া প্রস্তুত অম্লবিশেষ | सिरका, सिर्का, इक्षुरस गांजाइया प्रस्तुत अम्लबिशेष | vinegar. |
| सिरकी | स्त्री. | 1. सरकंडा, सरहरी; | শরগাছ; | शरगाछ; | reed-grass; |
| | | 2. सरकंडे की बनी हुई टट्टी या चटाई । | শরের বেড়া, শরের চাটাই | शरेर बेड़ा, शरेर चाटाइ | curtain or mat made of this reed. |
| सिरनामा | पुं. | 1. पत्र के आरंभ में पत्र पानेवाले का नाम, उपाधि, अभिवादन आदि; | শিরোনামা; | शिरोनामा; | salutation (in a letter); |
| | | 2. पानेवाले का नाम और पता जो पत्र या लिफाफे के ऊपर लिखा जाता है | যে লেফাফা উপরে নাম ঠিকানা লেখা হয় | जे लेफाफा उपरे नाम ठिकाना लेखा हय | address (on a letter). |
| सिरहाना | पुं. | 1. खाट का वह हिस्सा जिधर सर रहता है; | খাটের শিয়রের দিক্; | खाटेर शियरेर दिक्; | head (of a bedstead); |
| | | 2. तकिया जिसे सिर के नीचे रखते हैं । | বালিশ | बालिश | pillow. |
| सिरा | पुं. | 1. किसी वस्तु का शीर्ष भाग; | কোনো বস্তুর শীর্ষভাগ; | कोनो बस्तुर शीर्षभाग; | top or head of a thing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी लम्बी वस्तु के दोनों छोरों में से हर एक । | কোনো লম্বা জিনিসের প্রান্ত | कोनो लम्बा जिनिसेर प्रान्त | each of the two ends of a thing. |
| सिराना | स. क्रि. | 1. ठंडा करना; | ঠান্ডা করা; | ठान्डा करा; | to make cold, to cool; |
| | | 2. पानी में डुबाना; | জলে ডুবান; | जले डुबान; | to sink; |
| | | 3. खत्म करना । | সমাপ্ত করা | समाप्त करा | to finish. |
| सिर्फ | वि. | बस, इतना ही या यही और कुछ नहीं । | স্রেক, সেরেফ, কেবল, শুধু | स्रेक, सेरेफ, केबल, शुधु | only, sheer, mere. |
| सिल | स्त्री. | 1. पत्थर की शिला, चट्टान; | প্রস্তরখন্ড; | प्रस्तरखंड; | a slab; |
| | | 2. मसाला आदि पीसने की पत्थर की चौकोर पटिया । | মশলা ইত্যাদি পেশার শিলাখন্ড শিল | मशला इत्यादि पेशार शिलाखन्ड शिल | flat stone or slab on which condiments etc. are ground with a muller. |
| सिलना | अ. क्रि. | सिलाई होना, सिया जाना । | সেলাই হওয়া | सेलाइ हओया | to be sewn. |
| सिलबट्टा | पुं. | सिल और लोढ़िया । | শিলনোড়া | शिलनोड़ा | slab and muller. |
| सिलवट | स्त्री. | शिकन, सिकुड़न । | কুঞ্চন | कुञ्चन | crease, rumple. |
| सिलवाना | स. क्रि. | सीने का काम कराना । | সেলাই করানো, সেলাই করান | सेलाइ करानो, सेलाइ करान | to cause to be sewn or stitched. |
| सिलसिला | पुं. | 1. एक के बाद एक करके चलता रहनेवाला क्रम; | পরম্পরা, ক্রম; | परम्परा, क्रम; | succession, chain, series; |
| | | 2. ठीक तरह से लगा हुआ क्रम । | যথোচিত, ব্যবস্থা | जथोचित, ब्यबस्था | arrangement. |
| सिलसिलेवार | क्रि. वि. | क्रम का ध्यान रखते हुए, क्रमिक रूप से । | ক্রমানুসারে | क्रमानुसारे | in line or series, seriatim. |
| | वि. | सिलसिले या क्रम से लगा हुआ । | প্রণালীবদ্ধ, যথাক্রম বিন্যস্ত | प्रनालीबद्ध, जथाक्रम बिन्यस्त | systematic. |
| सिलाई | स्त्री. | 1. सीने की क्रिया, ढंग या भाव; | সিলাই, সেলাই, সূচিকর্ম; | सिलाइ, सेलाइ, सुचिकर्म; | sewing; |
| | | 2. सीने पर दिखाई पड़नेवाले टाँके; | টাঁকা, দৃশ্যমান সেলাই; | टांका, दृश्यमान सेलाइ; | seam; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. सीने के बदले में मिलने-वाली मजदूरी । | সিলাইখরচা | सिलाइखरचा | price paid for sewing. |
| **सिलाना** | स. क्रि. | दे. सिलवाना । | দ্রঃ 'সিলবানা' | द्र: 'सिलवाना' | see 'सिलवाना' |
| **सिल्ली** | स्त्री. | 1. एक विशेष प्रकार के पत्थर का छोटा टुकड़ा जिसपर रगड़ कर नाई उस्तरे को तेज करते हैं; | শানপাথর; | शानपाथर; | whet stone; |
| | | 2. उक्त आकार का सोने या चांदी का खंड । | সোনা বা রূপার থান | सोना वा रूपार थान | solid piece of gold or silver. |
| **सिवाय** | अव्य. | जो है या हो, उसको छोड़कर । | ব্যতীত, ছাড়া | व्यतीत, छाड़ा | except. |
| **सिवार (सेवार, सेवाल)** | पु. | एक जलीय पौधा, शैवाल । | শৈবাল, শেওলা | शैबाल, शेओला | the aquatic plant **vallisneria octandra**. |
| **सिसकना** | अ. क्रि. | इस प्रकार धीरे-धीरे रोना कि नाक और मुंह से सी-सी की ध्वनि निकले । | ফোঁপাইয়া কাঁদা, গুমারিয়া কাঁদা | फोंपाइया कांदा, गुमारिया कांदा | to sob. |
| **सिसकारना** | अ. क्रि. | मुँह से सीटी की सी आवाज निकालना । | হিশ্ হিশ্ শব্দ করা | हिश् हिश् शब्द करा | to hiss. |
| **सिसकारी** | स्त्री. | मुंह से निकली हुई सीटी की सी आवाज । | হিশ্ হিশ্ শব্দ | हिश् हिश् शब्द | hissing sound. |
| **सिसकी** | स्त्री. | 1. सिसकने की क्रिया या भाव; | ফোঁপাইয়া কাঁদা; | फोंपाइया कांदा; | sobbing, sob; |
| | | 2. सिसकारी । | হিশ্ হিশ্ শব্দ | हिश् हिश् शब्द | hissing sound. |
| **सिहरन** | स्त्री. | सिहरने की क्रिया, कंपन । | শিহরণ, শিহরন | शिहरन, शिहरन | trembling, shuddering. |
| **सिहरना** | अ. क्रि. | 1. शीत आदि के कारण कांपना; | শীত ইত্যাদিতে কাঁপা; | शीत इत्यादिते कांपा; | to shiver; |
| | | 2. भयभीत होना, दहल जाना । | শিহরা, শিউরা | शिहरा, शिउरा | to quake or to tremble (with fear). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सींक | स्त्री. | 1. किसी वनस्पति का लंबा पतला डंठल, लंबा तिनका; | কোনো গাছের সরু লম্বা শাখা; | कोनो गाछेर सरु लम्बा शाखा; | shoot of the grass; |
| | | 2. नाक में पहनने का कील या लोंग नाम का गहना। | নাকের অলঙ্কার-বিশেষ | नाकेर अलङ्कार-बिशेष | an ornament for nose. |
| सींकिया | वि. | सींक-सा पतला। | শাখার মতো সরু | शाखार मतो सरु | stick-like thin. |
| सींग | पुं. | वे कठोर नुकीले, लंबे अवयव जो खुरवाले पशुओं के सिरपर दोनों ओर निकलते हैं। | শিং, শৃংগ | शिं, शृङ्ग | a horn. |
| सींचना | स. क्रि. | 1. खेत में पानी देना, पेड़-पौधों को पानी देना, आबपाशी करना; | সিঞ্চন, ক্ষেতে জল দেওয়া, গাছে জল দেওয়া; | सिंचन, क्षेते जल देओया, गाछे जल देओया; | to irrigate, to water; |
| | | 2. तर करना, भिगोना। | সিঁচা, সিক্ত করা | सिंचा, सिक्त करा | to moisture. |
| सीकर | पुं. | 1. पानी की बूंदे, जलकण; | শীকর; | शीकर; | drop of water; |
| | | 2. पसीने की बूंदे। | ঘর্মবিন্দু | घर्मबिन्दु | drop of sweat. |
| सीख | स्त्री. | 1. शिक्षा, तालीम; | শিক্ষা; | शिक्षा; | instruction, tuition; |
| | | 2. परामर्श, सलाह; | পরামর্শ, সলা; | परामर्श, सला; | advice, counsel; |
| | | 3. लोहे की छड़। | লোহার ছড় | लोहार छड़ | iron rod. |
| सीखचा | पुं. | लोहे की पतली लंबी छड़ जो खिड़कियों आदि में रोक के लिए लगायी जाती है। | শিক, লোহার সরু রড এইগুলি জানালায় লাগান হয় | शिक, लोहार सरु रड एइगुलि जानालाय लागान हय | small iron rod as fixed in windows etc. |
| सीखना | स. क्रि. | किसी विषय या कला का ज्ञान प्राप्त करना, पढ़ना। | শিখা | शिखा | to acquire knowledge, to learn. |
| सीझना | अ. क्रि. | 1. आग पर पकना या गलना; | সিঝা, সিজা; | सिझा, सिजा; | to boil, to become soft or to sodden (by boiling); |
| | | 2. शारीरिक कष्ट सहना, दुःख भोगना। | শারীরিক কষ্ট পাওয়া | शारीरिक कष्ट पाओया | to bear physical pains. |
| सीटी | स्त्री. | 1. दोनों होठों को सिकोड़कर बीच से हवा निकालने से पैदा होनेवाली आवाज; | শিশি; | शिशि; | whistling sound hrough mouth; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. एक प्रकार का छोटा उपकरण या बाजा जिसे मुंह से बजाने से उक्त प्रकार की ध्वनि निकलती है । | শিটি | शिटि | whistle. |
| **सीठा** | वि. | बिना रस या स्वाद का, नीरस, फीका । | সীঠ, রসকষহীন, নীরস | सीठ, रसकषहीन, नीरस | tasteless, insipid. |
| **सीढ़ी** | स्त्री. | ऊंचे स्थान पर पहुंचने के लिए बना हुआ पत्थर, लकड़ी, लोहे आदि के डंडों या पायों का सिलसिला, जीना, निसैनी । | সিঁড়ি | सिंड़ि | stair-case, ladder. |
| **सीताफल** | पुं. | 1. कुम्हड़ा; | কুমড়া; | कुमड़ा; | a kind of vegetable; |
| | | 2. शरीफा । | শরীফা, আতাফল | शरीफा, आताफल | the custard apple. |
| **सीत्कार** | पुं. | सी-सी की ध्वनि । | 'ইস' এই শব্দ | 'इस' एइ शब्द | hissing sound. |
| **सीध** | स्त्री. | 1. ठीक सामने होने की स्थिति; 2. सीधे होने की अवस्था, गुण या भाव । | ঠিক সামনে থাকার অবস্থা; ঋজুত্ব ঋজুত্ব | ठिक सामने थाकार अबस्था; ऋजुत्व ऋजुत्व | state of being in front of; straightness, directness. |
| **सीधा** | वि. | 1. जिसमें टेढ़ापन या घुमाव न हो; 2. जिसमें छल-कपट न हो; 3. अनुकूल और लाभदायक; 4. सरल और सुगम, आसान; 5. दाहिना, दक्षिण । | সিধা, সোজা, একটানা; সরল, অকপট; অনুকূল; সরল-সুগম, সোজা; ডান, দক্ষিণ | सिधा, सोजा, एकटाना; सरल, अकपट; अनुकूल, सरल-सुगम, सोजा; डान, दखिन | straight; honest, fair; favourable; simple, easy; right (hand). |
| **सीधा-सादा** | वि. | भोलाभाला, सरल स्वभाव । | সিদা-সাদা, অকপট, সোজা | सिदा-सादा, अकपट, सोजा | simple, artless, etc. |
| **सीधे** | क्रि. वि. | 1. बिना इधर-उधर घूमे या मुड़े हुए; 2. बिना कहीं ठहरे या रुके हुए; 3. नरमी या शिष्ट व्यवहार में । | সিধা, বরাবর, সোজাসুজি; অবিরাম; ভদ্রভাবে, শিষ্টাচারের সহিত | सिधा, बराबर, सोजासुजि; अबिराम; भद्रभावे शिष्टाचारेर सहित | straight; non-stop; gentlemanly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सीना | पु. | छाती, वक्षस्थल । | সিনা, ছাতি, বক্ষস্থল | सिना, छाति, वक्षस्थल | breast, chest. |
| | स. क्रि. | 1. सूई-धागे आदि की सहायता से कपड़े आदि के टुकड़ों को साथ-साथ जोड़ना; | সিলাই করিয়া জোড়া; | सिलाइ करिया जोड़ा; | to stitch; |
| | | 2. सिलाई करना । | সিলাই করা | सिलाइ करा | to sew. |
| सीनाजोरी | स्त्री. | जबरदस्ती, धींगा-मस्ती । | জবরদস্তি | जबरदस्ति | use of violence or force, oppression, harassing. |
| सीपी (सीप) | स्त्री. | घोंघे-शंख आदि की जाति का एक जलचर प्राणी जो किश्तीनुमा दोहरे खोल के भीतर रहता है और तालाब, झील, समुद्र आदि में रहता है । | সিপ, ঝিনুক | सिप, झिनुक | oyster-shell. |
| सीमांकन | पुं. | अधिकार-क्षेत्र आदि की सीमा निर्धारित या निश्चित करना । | সীমাঙ্কন, সীমা-চিহ্নিত করণ | सीमाङ्कन, सीमा-चिह्नित करन | limitation. |
| सीमांत | पुं. | 1. वह स्थान जहां किसी सीमा का अंत होता है, सरहद; | সীমান্ত, শেষ-সীমা; | सीमान्त, शेष-सीमा; | boundary-line, border, frontier-line; |
| | | 2. सीमावर्ती प्रदेश । | সীমান্ত প্রদেশ | सीमान्त प्रदेश | border area. |
| सीमा | स्त्री. | 1. हद, सरहद; | সীমা; | सीमा; | boundary, frontier; |
| | | 2. वह अंतिम स्थान जहां तक कोई बात हो सकती हो या होनी उचित हो, नियम या मर्यादा की हद । | অবধি, শেষ | अबधि, शेष | limit, extremity. |
| सीमाबद्ध | वि. | जिसकी सीमा निश्चित कर दी गई हो । | সীমাবদ্ধ, সীমা দ্বারা আবদ্ধ | सीमाबद्ध, सीमा द्वारा आवद्ध | bounded, limited. |
| सीमाशुल्क | पुं. | वह कर जो किसी राज्य की सीमा पर कुछ विशिष्ट पदार्थों के आयात-निर्यात के समय लिया जाता है । | আমদানি রপ্তানির উপর ধার্য শুল্ক | आमदानिर रप्तानिर उपर धार्ज शुल्क | customs duty. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सीर | स्त्री. | 1. वह जमीन जिसकी उपज कई हिस्सेदारों में बंटती हो;<br>2. हिस्सेदारी, साझेदारी । | যে-জমির উৎপন্ন ফসল অনেক অংশীদারের মধ্যে ভাগ করা হয়;<br>অংশীদারি | जे-जमिर उत्पन्न फसल अनेक अंशीदारेर मध्ये भाग करा हय;<br>अंशीदारि | land the produce of which is divided amongst many partners;<br>partnership. |
| सील (सीलन) | स्त्री. | जमीन की नमी । | ভূমির আর্দ্রতা | भूमिर आर्द्रता | dampness, moisture (of land). |
| सीला | वि. | नम, जिसमें सील हो । | আদ্র, সেঁতসেঁতে | आर्द्र, सेंतसेंते | wet, damp, moist. |
| सीवन | स्त्री. | सीने के कारण पड़े हुए टांके, सिलाई के जोड़ । | সীবন, সূচিকর্ম, সেলাই | सीवन, सूचिकर्म, सेलाइ | sewing, stitching, seam. |
| सीसा | पुं. | मटमैले रंग की एक मूल धातु जो अपेक्षाकृत बहुत भारी होती है । | সীসা, সীস, সীসক ধাতু | सीसा, सीस, सीसक धातु | lead, black lead. |
| सुंघनी | स्त्री. | तम्बाकू के पत्ते का बारीक चूर्ण जिसे लोग सूंघते हैं, नास । | নস্য | नस्य | snuff prepared of tobacco leaves. |
| सुंघाना | स. क्रि. | किसी की नाक के पास कोई वस्तु इस उद्देश्य से लगाना कि वह उसकी गंध ग्रहण करे । | শুকানো | शुकानो | to cause to smell, to make one smell. |
| सुंदर | वि. | जो आंखों को अच्छा लगे, खूबसूरत । | সুন্দর, সুদৃশ্য, খুবসুরত | सुन्दर, सुदृश्य, खुबसुरत | handsome, beautiful, charming, lovely. |
| सुंदरता | स्त्री. | सौंदर्य, खूबसूरती । | সুন্দরতা, সৌন্দর্য | सुन्दरता, सौन्दर्ज | beauty, handsomeness. |
| सुंदरी | वि., स्त्री. | सुन्दर रूपवाली स्त्री, रूपवती, अच्छी सूरत शक्लवाली । | সুন্দরী, রূপবতী, রূপবতী নারী | सुन्दरी, रूपवती, रूपवती नारी | a beautiful woman, a beauty. |
| सुंबी | स्त्री. | लोहा काटने की छेनी । | লোহা কাটার ছেনি | लोहा काटार छेनि | chisel. |
| सुआ | पुं. | 1. बड़ी सूई;<br>2. तोता, शुक । | বড় ছুঁচ<br>তোতা, শুক; | बड़ छुंच;<br>तोता, शुक; | big needle;<br>parrot. |
| सुई (सूई) | स्त्री. | 1. लोहे का बारीक नोकदार तार जिसके सिरे पर के छेद में तागा डालकर कपड़ा सीते हैं; | সুঁই, সূচ, ছুঁচ | सुंइ, सुच, छुंच | needle; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी विशेष परिमाण, अंक, दिशा आदि का सूचक, सूए के आकार का छिद्ररहित कांटा; | घड़िर काँटा; | घड़िर कांटा; | hand (of a watch); |
| | | 3. चिकित्सा के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध छोटा उपकरण जिसकी सहायता से तरल दवा शरीर की रगों में पहुंचाई जाती है । | সিরিন্জ-এর ছুঁচ | सिरिन्ज-एर छुंच | syringe. |
| सुकड़ना | अ. क्रि. | सिमटना, फैलाव का घटना । | সঙ্কুচিত হওয়া, কুঁকড়া | सङ्कुचित हओया, कुंकड़ा | to contract, to shrink. |
| सुकर | वि. | सरल, आसान, जो सहज में किया जा सके । | সুকর, সুখ-সাধ্য, সহজসাধ্য | सुकर, सुख-साध्य सहजसाध्य | simple, easy. |
| सुकुमार | वि. | बहुत नाजुक, कोमल अंगोंवाला । | সুকুমার, অতিকোমল | सुकुमार, अतिकोमल | very soft or tender. |
| सुकृत | वि. | जो अच्छे ढंग से किया गया हो । | সুকৃত, সাধুকৃত, সুসম্পন্ন | सुकृत, साधुकृत, सुसम्पन्न | well-done. |
| | पुं. | पुण्य, सत्कर्म । | পুণ্যকর্ম, সৎকার্য | पुन्यकर्म, सत्कार्ज | good deed. |
| सुख | पुं. | वह अनुभूति जो तन, मन को भाए, चैन, आराम । | সুখ, আনন্দ, আরাম | सुख, आनन्द, आराम | pleasure, joy, comfort, solace, relief. |
| सुखद | वि. | सुख देनेवाला, आरामदेह । | সুখদ, সুখদায়ক, আরামপ্রদ | सुखद, सुखदायक, आरामप्रद | pleasant, comfortable. |
| सुखदायक | वि. | दे. 'सुखद' । | দ্র: 'সুখদ' | द्र: 'सुखद' | see 'सुखद' |
| सुखशान्ति | स्त्री. | सुख-चैन । | সুখশান্তি, সুখ ও আরাম | सुखशान्ति, सुख ओ आराम | happiness and comfort. |
| सुखान्त | वि. | जिसका अंत, परिणाम सुखमय हो । | যাহার অন্ত বা পরিণাম সুখময় | जाहार अन्त बा परिनाम सुखमय | ending in happiness. |
| सुखाना | स. क्रि. | तरी, गीलापन दूर करना, गीली वस्तु को खुश्क करना । | শুকানো | शुकानो | to dry, to dry up. |
| सुखी | वि. | जिसे सुख की अनुभूति हो रही हो, जिसे सुख प्राप्त हो । | সুখী, সুখযুক্ত, সন্তুষ্ট | सुखी, सुखजुक्त, सन्तुष्ट | pleased, happy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सुगंध | स्त्री. | अच्छी गंध, खुशबू, प्रिय महक । | সুগন্ধ, মধুর গন্ধ, সৌরভ | सुगन्ध, मधुर गन्ध, सौरभ | good or pleasant smell, perfume, fragrance. |
| सुगंधि | स्त्री. | दे. 'सुगंध' । | দ্র: 'সুগন্ধ' | द्र: 'सुगन्ध' | same as 'सुगंध'. |
| सुगंधित | वि. | सुगंध से युक्त, खुशबूदार । | সুগন্ধিত, সুগন্ধিযুক্ত | सुगन्धित, सुगन्धिजुक्त | perfumed, sweet smelling, fragrant. |
| सुगम | वि. | 1. सहज में आने या पाने योग्य;<br>2. आसान, सरल । | সুগম, সুখে গমনীয়;<br>সহজ, সরল | सुगम, सुखे गमनीय;<br>सहज, सरल | easy of access or approach;<br>easy. |
| सुघटित | वि. | जिसका गठन सुन्दर हो, सुडौल । | সুগঠিত | सुगठित | well-constituted, well-built. |
| सुघड़ | वि. | 1. जिसकी बनावट सुन्दर हो, सुडौल;<br>2. कुशल, निपुण, होशियार । | সুগঠিত, সুডৌল;<br>কুশল, নিপুণ | सुगठित, सुडौल;<br>कुशल, निपुन | well-formed, well-made;<br>skilled, efficient. |
| सुघड़ाई | स्त्री. | 1. सुघड़पन, सुन्दरता;<br>2. कुशलता, निपुणता । | সুগঠন, সৌন্দর্য;<br>কুশলতা | सुगठन, सौन्दर्ज;<br>कुशलता | state of being well-formed, prettiness, beauty;<br>skilfulness. |
| सुचारु | वि. | अति सुन्दर, मनोहर, बहुत खूबसूरत । | সুচারু, অতি-সুন্দর, সুমনোহর | सुचारु, अति-सुन्दर, सुमनोहर | very lovely or beautiful. |
| सुजान | वि. | 1. समझदार, चतुर;<br>2. कुशल, निपुण, प्रवीण;<br>3. सज्जन । | সমঝদার, চতুর;<br>কুশল, নিপুণ;<br>সজ্জন | समझदार, चतुर;<br>कुशल, निपुन;<br>सज्जन | intelligent, clever;<br>skilful, accomplished;<br>gentleman. |
| सुझाना | स. क्रि. | 1. किसी के ध्यान में कोई नई बात लाना, नई तरकीब बताना;<br>2. सुझाव के रूप में किसी के सामने कोई नई बात रखना । | কোনো নতুন ভাবনা-চিন্তার উদ্বোধন করা;<br>কোনো উপায় বাতলান | कोनो नतुन भावना-चिन्तार उद्वोधन करा;<br>कोनो उपाय बातलान | to cause to perceive;<br>to suggest, to propose. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सुझाव | पुं. | वह नई बात जो किसी को सुझाई गई हो या जिसकी और ध्यान आकृष्ट किया गया हो । | এমন কোনো নূতন বিষয় যাহার দিকে কাহারও দৃষ্টি আকর্ষণ করা হয় | एमन कोनो नूतन विषय जाहार दिके काहारओ दृष्टि आकर्षन करा हय | suggestion, proposal. |
| सुड़कना | स. क्रि. | 1. किसी तरल पदार्थ को नाक की राह से सांस के साथ भीतर खींचना; 2. पी जाना, उदरस्थ करना । | নাক দিয়া পান করা; পান করিয়া ফেলা | नाक दिया पान करा; पान करिया फेला | to drink through nose; to gulp. |
| सुडौल | वि. | सुन्दर डीलडौल या आकारवाला । | সুডৌল, সুন্দর আকারযুক্তসুগঠন | सुडौल, सुन्दर आकारजुक्त सुगठन | well-formed, well-shaped. |
| सुत | पुं. | पुत्र, आत्मज, बेटा । | সুত, পুত্র, আত্মজ | सुत, पुत्र, आत्मज | son. |
| सुतली | स्त्री. | रुई, सन या पटसन के रेशा को बटकर बनाई हुई डोरी, रस्सी । | সুতলি, পাটশন ইত্যাদির সরু সুতা | सुतलि, पाटशन इत्यादिर सरु सुता | thin rope. |
| सुता | स्त्री. | पुत्री, बेटी । | সুতা, পুত্রী, বেটী | सुता, पुत्री, बेटी | daughter. |
| सुतारी | स्त्री. | 1. जूता सीने का सूआ; 2. बढ़ईगिरी । | সুতা, সিলাই করার সূচ; বাড়ইয়ের কাজ | सुता, सिलाइ करार सुच; बाड़इयेर काज | bodkin, awl; carpentry. |
| सुथना | पुं. | पाजामा । | পাজামা | पाजामा | loose pyjama. |
| सुथनी | स्त्री. | स्त्रियों के पहनने का एक प्रकार का ढीला पाजामा । | স্ত্রীলোকের পরিধেয় ঢিলা পাজামা-বিশেষ | स्त्रीलोकेर परिधेय ढिला पाजामा-बिशेष | same as 'सुथनी' (esp. applied to those worn by women). |
| सुथरा | वि. | स्वच्छ, निर्मल, साफ । | সুচ্ছ, নির্মল, সাফ | स्वच्छ, निर्मल, साफ | tidy, clean, neat. |
| सुदर्शन | वि. | जो देखने में अच्छा और भला लगे, सुन्दर । | সুদর্শন, শোভনদর্শন, সুন্দর | सुदर्शन, शोभनदर्शन, सुन्दर | good-looking, beautiful, handsome, pleasing. |
| सुदी | स्त्री. | चान्द्रमास का शुक्ल पक्ष । | সুদি, শুক্লপক্ষ | सुदि, शुक्लपक्ष | light half of the lunar month. |
| सुदूर | वि. | बहुत दूर, अति दूर । | সুদূর, অতি দূর | सुदूर, अति दूर | very distant or remote. |
| सुदृढ़ | वि. | खूब मजबूत । | সুদৃঢ়, অত্যন্ত দৃঢ়, খুব মজবুত | सुदृढ़, अत्यन्त दृढ़, खुब मजबुत | very firm or strong. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सुध (सुधि) | स्त्री. | 1. होश, सचेतनता; | হুঁশ, চৈতন্য; | हुंश, चैतन्य; | consciousness, senses; |
| | | 2. स्मृति, याद । | স্মৃতি | स्मृति | memory, remembrance. |
| सुध-बुध | स्त्री. | 1. होश हवास, चेत; | সুধবুধ, হুঁশ; | सुधबुध, हुंश; | consciousness, sense; |
| | | 2. याद । | স্মৃতি | स्मृति | memory. |
| सुधरना | अ. क्रि. | 1. त्रुटि, दोष आदि का दूर होना, बिगड़े हुए का बनना; | শুধরানো, ভ্রমাদি সংশোধিত হওয়া; | शुधरानो, भ्रमादि संशोधित हओया; | to be rectified, be corrected, to be set right, to be mended, to be repaired; |
| | | 2. अच्छे आचरणों की ओर प्रवृत्त होना । | নির্দোষ হওয়া, চরিত্রাদি সংশোধিত হওয়া | निर्दोष हओया, चरित्रादि संशोधित हओया | to be reformed, to be improved. |
| सुधांशु | पुं. | 1. चन्द्रमा; | সুধাংশু, চন্দ্র; | सुधान्शु, चन्द्र; | the moon; |
| | | 2. कपूर । | কর্পূর | कर्पूर | camphor. |
| सुधा | स्त्री. | 1. अमृत, पीयूष; | সুধা, অমৃত; | सुधा, अमृत; | nectar; |
| | | 2. चूना, सफेदी । | চুনকাম | चुनकाम | white-wash. |
| सुधार | पुं. | 1. दोष दूर करने या होने का भाव; | দোষ দূরকরণ, সংশোধন; | दोष दूरकरन, संशोधन; | reform, improvement, repair; |
| | | 2. वह काट-छांट या संशोधन जो किसी रचना को अच्छा रूप देने के लिए किया जाता है । | রচনাদি সংশোধন, পরিবর্তন, পরিবর্ধন | रचनादि संशोधन, परिबर्तन, परिबर्धन | modification, amendment. |
| सुधारक | पुं. | 1. सुधार करनेवाला, दोषों को दूर करनेवाला; | সংশোধনকারী, দোষত্রুটি দূর করেন এমন; | संशोधनकारी, दोषत्रुटि दूर करेन एमन; | one who corrects or amends, repairer; |
| | | 2. धार्मिक या सामाजिक सुधार के लिए प्रयत्न करनेवाला । | ধর্ম সংস্কারক, সমাজসংস্কারক | धर्म संस्कारक, समाजसंस्कारक | reformer. |
| सुधारना | स. क्रि. | दोष या त्रुटि दूर करना दुरुस्त करना । | সংশোধন করা, দোষ ত্রুটি দূর করা | संशोधन करा, दोष त्रुटि दूर करा | to reform, to improve, to mend, to repair. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सुनना | स. क्रि. | 1. श्रवणेन्द्रिय से शब्द ग्रहण करना, कानों से आवाज मालूम करना; | শুনা; | शुना; | to hear, to listen; |
| | | 2. ध्यान देना; | শ্রবণপূর্বক গ্রহণ করা; | श्रवनपूर्बक ग्रहन करा; | to heed, attend to; |
| | | 3. बुरा-भला सहना, फटकारा जाना । | গালাগাল সহ্য করা, তিরস্কৃত হওয়া | गालागाल सह्य करा, तिरस्कृत हओया | to bear abuse, to be abused. |
| सुनवाई | स्त्री. | 1. सुनने की क्रिया या भाव; | শ্রবণ, শুনা; | श्रवन, शुना; | the act of hearing; |
| | | 2. मुकद्दमे या फरियाद का सुना जाना । | শুনানি | शुनानि | hearing. |
| सुनसान | वि. | निर्जन, जनशून्य, वीरान । | শুনশান, নির্জন, জনশূন্য, বিজন | शुनशान, निर्जन, जनशून्य, बिजन | lonely, deserted, desolate. |
| सुनहरा (सुनहला) | वि. | 1. सोने के रंग का; | সোনালী; | सोनाली; | gold-coloured; |
| | | 2. सोने का बना हुआ । | স্বর্ণনির্মিত | स्बर्ननिर्मित | of gold, golden. |
| सुनाना | स. क्रि. | 1. दूसरों को सुनने में प्रवृत्त करना; | শুনানো; | शुनानो; | to cause to hear; |
| | | 2. किसी के सामने या किसी को संबोधित करके कुछ कहना; | কাহারও সামনে বা কাহাকেও সম্বোধন করিয়া কিছু বলা; | काहारओ सामने बा काहाकेओ सम्बोधन करिया किछु बला; | to relate, to recite, to pronounce; |
| | | 3. खरीखोटी कहना, फटकारना । | কথা শুনান, ভর্ৎসনা করা | कथा शुनान, भर्त्सना करा | to rebuke, to chide. |
| सुनार | पुं. | सोने-चांदी के आभूषण बनानेवाला, स्वर्णकार । | সোনার, স্বর্ণকার | सोनार, स्बर्नकार | goldsmith. |
| सुन्न | वि. | संवेदनरहित, स्पंदन-हीन । | অসাড়, স্পন্দনহীন | असाड़, स्पन्दनहीन | benumbed, etherised. |
| सुपथ्य | पुं. | ऐसा आहार या भोजन जो रोगी के लिए हितकर हो, अच्छा पथ्य । | সুপথ্য, উত্তম পথ্য, হিতকর পথ্য | सुपथ्य, उत्तम पथ्य, हितकर पथ्य | salubrious diet. |
| सुपात्र | पुं. | कोई अधिकारी तथा योग्य व्यक्ति । | সুপাত্র, যোগ্য পাত্র | सुपात्र, जोग्य पात्र | a very fit or worthy person, a deserving person. |
| सुपारी | स्त्री. | 1. नारियल की जाति का एक पेड़; | সুপারী, নারিকেল-জাতীয় বৃক্ষবিশেষ; | सुपारि, नारिकेल-जातीय बृक्षविशेष; | Areca catechu; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. उक्त वृक्ष का फल जो छोटी कड़ी गोलियों के रूप में होता है तथा यों ही अथवा पान के साथ खाया जाता है; | পানের সংগে ভক্ষ্য উক্ত বৃক্ষের ফলবিশেষ; | पानेर सङ्गे भक्ष्य उक्त बृक्षेर फलबिशेष ; | arecanut, betal-nut. |
| | | 3. शिश्न का अग्रभाग। | শিশ্নের অগ্রভাগ | शिश्नेर अग्रभाग | glans of penis. |
| सुपुत्र | पुं. | अच्छा सुशील और योग्य पुत्र। | সুপুত্র, গুণী পুত্র, উত্তম ছেলে | सुपुत्र, गुनी पुत्र, उत्तम छेले | a good or excellent son. |
| सुपुर्द | वि. | किसी को सौंपा हुआ, हवाले किया हुआ। | সোপর্দ, কাহারও হাওলা করিয়া দেওয়া | सोपर्द, काहारो हाओला करिया देओया | entrusted, committed, charged (with). |
| सुपुर्दगी | स्त्री. | सौंपने की क्रिया या भाव। | দায়িত্ব | दायित्ब | charge, care, delivery. |
| सुप्त | वि. | 1. निद्रित, सोया हुआ; | সুপ্ত, নিদ্রিত, শয়িত; | सुप्त, निद्रित, शयित; | sleeping, asleep; |
| | | 2. मुंदा हुआ, संकुचित; | মুদিত, নিমীলিত; | मुदित, निमीलित; | closed (as a flower); |
| | | 3. जो अन्दर वर्तमान होते हुए भी कुछ कारणों से दबा हुआ हो और सक्रिय न हो। | তৎকালে নিষ্ক্রিয়, অন্তর্নিহিত | तत्काले निष्क्रिय, अन्तर्निहित | latent, dormant. |
| सुप्रसिद्ध | वि. | बहुत मशहूर। | সুপ্রসিদ্ধ | सुप्रसिद्ध | well-known. |
| सुबह | स्त्री. | सवेरा, भोर, प्रातःकाल। | সকাল বেলা, ভোর, প্রাতঃকাল | सकाल बेला, भोर, प्रातःकाल | dawn, day-break, morning. |
| सुबुद्धि | वि. | अच्छी बुद्धिवाला, बुद्धिमान्। | সুবুদ্ধি,, উত্তম বুদ্ধিযুক্ত বুদ্ধিমান্ | सुबुद्धि, उत्तम बुद्धिजुक्त बुद्धिमान् | of good understanding, intelligent, wise. |
| | स्त्री. | अच्छी और उत्तम बुद्धि। | শুভবুদ্ধি, সুমতি | शुभबुद्धि, सुमति | good understanding, wisdom |
| सुबोध | वि. | (विषय) जो सहज में समझ में आ जाए, सरल और बोधगम्य। | সুবোধ, সুখবোধগম্য, সুগম | सुबोध, सुखबोधगम्य, सुगम | intelligible, easy. |
| | पुं. | अच्छा बोध या ज्ञान। | উত্তম বুদ্ধি বা জ্ঞান | उत्तम बुद्धि बा ज्ञान | good knowledge or intelligence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सुभग | वि. | 1. सुन्दर;<br>2. भाग्यवान् । | সুভগ,<br>সুন্দর;<br>ভাগ্যবান্ | सुभग,<br>सुन्दर;<br>भाग्यवान् | beautiful, lovely, charming;<br>possessing good fortune. |
| सुभाषित | पुं. | सुन्दर रूप में कथित उक्ति, सूक्ति । | সুভাষিত,<br>বিদগ্ধবচন | सुभाषित,<br>बिदग्धवचन | a maxim, quotable saying. |
| सुभिक्ष | पुं. | वह काल जब देश में अन्न की बहुतायत हो । | যেকালে দেশে খাদ্যাদির প্রাচুর্য ঘটে | जेकाले देशे खाद्यादिर प्राचुर्ज घटे | period of abundant food. |
| सुभीता | पुं. | 1. आसानी;<br>2. आराम । | সুবিধা;<br>আরাম | सुबिधा;<br>आराम | convenience;<br>comfort, ease. |
| सुमन | पुं. | पुष्प, फूल । | সুমন, পুষ্প, ফুল | सुमन, पुष्प, फूल | flower. |
| सुमरनी | स्त्री. | जाप करने की छोटी माला । | জপমালা | जपमाला | a small rosary. |
| सुयश | पुं. | अच्छा यश, कीर्ति । | সুযশ, সুকীর্তি | सुजश, सुकीर्ति | good repute, fame,renown. |
| सुयोग | पुं. | बढ़िया मौका, अनुकूल अवसर । | সুযোগ,<br>অনুকূল সময়,<br>সুবিধা | सुजोग,<br>अनुकूल समय,<br>सुबिधा | a favourable juncture, good opportunity. |
| सुरंग | स्त्री. | 1. जमीन खोदकर उसके नीचे बनाया हुआ रास्ता;<br>2. जमीन या समुद्र में रखा जानेवाला बारूद का एक प्रकार का गोला जिसका स्पर्श होने पर विस्फोट होता है और व्यक्ति या जहाज नष्ट हो जाता है । | সুরংগ;<br>শত্রুর দুর্গ জাহাজ প্রভৃতি উড়াইয়া দিবার জন্য গর্তমধ্যে সমুদ্রের নীচে বা অনুরূপ স্থানে রক্ষিত বিস্ফোরক দ্রব্যবিশেষ,'মাইন্' | सुरङ्ग;<br>शत्रुर दुर्ग जाहाज प्रभृति उड़ाइया दिबार जन्य गर्तमध्ये समुद्रेर नीचे बा अनुरूप स्थाने रक्षित बिस्फोरक द्रव्यबिशेष,'माइन्' | a tunnel;<br>a mine. |
| सुर (स्वर) | पुं. | गले, बाजे आदि से निकलने वाला स्वर । | সুর, স্বর, নিয়ন্ত্রিত ধ্বনি (সংগীতে) | सुर, स्वर, नियन्त्रित ध्वनि (सङ्गीते) | tone, tune, note (in music). |
| सुरक्षा | स्त्री. | सम्यक्, समुचित रक्षा । | সুরক্ষা | सुरक्षा | security. |
| सुरक्षित | वि. | भलीभांति, अच्छी तरह रक्षित । | সুরক্ষিত,<br>উত্তমরূপে রক্ষিত | सुरक्षित,<br>उत्तमरूपे रक्षित | well-protected, carefully gaurded. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सुरत | पुं. | रतिक्रीड़ा, संभोग, मैथुन । | সুরত, রতি-ক্রীড়া, সম্ভোগ, মৈথুন | सुरत, रति-क्रीड़ा सम्भोग, मैथुन | sexual union or intercourse, coition. |
| सुरभि | स्त्री. | 1. सुगंध, खुशबू; 2. कामधेनु । | সুরভি, সুগন্ধ, সৌরভ; সুরভী, কামধেনু | सुरभि, सुगन्ध, सौरभ; सुरभी, कामधेनु | fragrance, perfume; a fabulous cow (the cow of plenty). |
| सुरभित | स्त्री. | सुगंधित, सुवासित । | সুরভিত, সুগন্ধযুক্ত সৌরভযুক্ত | सुरभित, सुगन्धजुक्त, सौरभजुक्त | perfumed, scented. |
| सुरमा | पुं. | एक खनिज पदार्थ जिसका बारीक चूर्ण आँखों में अंजन की तरह लगाया जाता है । | সুরমা, সুর্মা, রসাঞ্জন-চূর্ণ, কাজলবিশেষ | सुरमा, सुर्मा, रसान्जन-चूर्न, काजलविशेष | antimony collyrium (of antimony or lead ore), antimony. |
| सुरमादानी | स्त्री. | सुरमा रखने की डिबिया । | সূর্মা রাখার কৌটা | सूर्मा राखार कौटा | a box or receptacle for surma, collyrium receptacle. |
| सुरम्य | वि. | अति रमणीय, मनोहर । | সুরম্য, অতিরমণীয় | सुरम्य, अतिरमनीय | charming, attractive, beautiful. |
| सुरा | स्त्री. | मदिरा, शराब । | সুরা, মদিরা, মদ্য | सुरा, मदिरा, मद्य | liquor, wine. |
| सुराग | पुं. | किसी गुप्त अपराध या रहस्य का वह सूत्र जिससे उसका ठीक पता चल सके । | সুরাখ, সূত্র, চিহ্ন | सुराख, सूत्र, चिह्न | trace, clue. |
| सुराही | स्त्री. | जल आदि रखने का एक प्रसिद्ध मिट्टी का पात्र जिसका नीचे का भाग लोटे की तरह गोल और ऊपर का भाग लम्बे चोंगे या नल की तरह होता है । | সোরাই, জলের কুঁজো | सोराइ, जलेर कुंजो | long-necked waterpot, flagon. |
| सुरीला | वि. | मधुर स्वरवाला । | সুরেলা | सुरेला | melodious, sweet. |
| सुरुचि | स्त्री. | अच्छी और परिष्कृत रुचि | সুরুচি, উত্তম ও মার্জিত রুচি | सुरुचि, उत्तम ओ मार्जित रुचि | refined taste, good taste. |
| सुर्ख | वि. | रक्तवर्ण, लाल । | রক্তবর্ণ, লাল | रक्तबर्न, लाल | red, ruddy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सुर्ख़ी (सुरखी) | स्त्री. | 1. लाली, ललाई; | রক্তিমা; | रक्तिमा; | redness; |
| | | 2. लेखों आदि का शीर्षक; | রচনাদির শিরনামা; | रचनादिर शिरनामा; | headline; |
| | | 3. ईंटों का चूरा जो ईंटों की जुड़ाई और फर्श बनाने के काम आता है; | সুরকি; | सुरकि; | brick-dust; |
| | | 4. होठों पर लगाई जानेवाली लाली । | ঠোট রাঙাইবার রঙ | ठोट राङाइबार रङ् | lipstick. |
| सुलक्षणा | स्त्री. | अच्छे लक्षणोंवाली स्त्री । | সুলক্ষণা, সুভলক্ষণ যুক্তা | सुलक्षना, सुभलक्षन जुक्ता | lady having auspicious characteristics. |
| सुलगना | अ. क्रि. | इस प्रकार जलना कि उसमें से लपट न निकले बल्कि धुंआ निकले । | ধূমায়িত হওয়া | धूमायित हओया | to smoulder, to begin to burn. |
| सुलगाना | स. क्रि. | 1. ऐसा प्रयास करना जिससे कोई वस्तु सुलगने लगे; | জ্বালা, অগ্নিসংযোগ করা; | ज्वाला, अग्निसंजोग करा; | to kindle, to ignite, to burn; |
| | | 2. भड़काना, झगड़ा उकसाना । | উসকান, উসকানি দেওয়া | उसकान, उसकानि देओया | to incite, to rouse. |
| सुलझना | अ. क्रि. | किसी समस्या अथवा उलझी हुई डोर आदि की पेचीदगी का दूर होना । | গিঁঠ খুলিয়া যাওয়া, সমস্যার সমাধান হওয়া | गिंठ खुलिया जाओया, समस्यार समाधान हओया | to be disentangled, to be solved. |
| सुलझाना | स. क्रि. | किसी समस्या अथवा उलझी हुई डोर आदि की पेचीदगी को दूर करना । | গিঁঠ ছাড়ানো, পিঁঠ ছাড়ানো | गिंठ छाड़ानो, पिंठ छाड़ानो | to solve, to set right, to disentangle. |
| सुलफा | पुं. | 1. चरस; | চরস; | चरस; | intoxicating drug; |
| | | 2. तम्बाकू की चिलम भरने का वह प्रकार जिसमें मिट्टी के तवे का प्रयोग नहीं होता है । | কলকের ভিতরে তামাক সাজার প্রকারভেদ | कलकेर भितरे तामाक साजार प्रकारभेद | tobacco smoked in an earthen pipe without placing a tile in the pipe. |
| सुलभ | वि. | जो आसानी से मिल जाए, जिसे प्राप्त करने में विशेष कठिनाई न हो । | সুলভ, অনায়াসলভ্য | सुलभ, अनायासलभ्य | easily available, handy. |
| सुलह | स्त्री. | 1. दो राष्ट्रों में युद्ध के बाद होनेवाला मेल, संधि; | সন্ধি; | सन्धि; | truce, treaty; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. लड़ाई या झगड़े के बाद किया जानेवाला समझौता । | সোলে, ঝগড়া-বিবাদের পর আপস বা মিটমাট | सोले, झगड़ा– बिबादेर पर आपस बा मिटमाट | reconciliation, compromise. |
| सुलहनामा | पुं. | वह कागज जिसमें सुलह की शर्तें लिखी गई हों, राजीनामा, संधिपत्र । | সুলেনামা, সন্ধিপত্র | सुलेनामा, सन्धिपत्र | treaty of peace, deed of compromise. |
| सुलाना | स. क्रि. | किसी को सोने में प्रवृत्त करना । | ঘুম পাড়ানো | घुम पाड़ानो | to cause to sleep, to lull. |
| सुलेख | पुं. | अच्छा या उत्तम लेख, सुन्दर लेख । | সুন্দর হাতের লেখা | सुन्दर हातेर लेखा | good handwriting. |
| सुवर्ण | पुं. | सोना नामक धातु, स्वर्ण । | সুবর্ণ, সোনা | सुबर्न, सोना | gold. |
| सुवास | स्त्री. | अच्छी महक, खुशबू, सुगंध । | সুবাস, উত্তম গন্ধ, সৌরভ | सुबास, उत्तम गन्ध, सौरभ | sweet smell, fragrance. |
| सुवासित | वि. | सुवासयुक्त, सुगंधित । | সুবাসিত, উত্তম গন্ধযুক্ত | सुबासित, उत्तम गन्धजुक्त | well-scented or perfumed. |
| सुविचारित | वि. | अच्छी तरह सोचा-समझा हुआ । | সুবিচারিত | सुबिचारित | well-considered. |
| सुविधा | स्त्री. | दे. 'सुभीता' । | দ্রঃ 'সুভীতা' | द्रः 'सुभीता' | see 'सुभीता'. |
| सुशील | वि. | जिसका शील (प्रवृत्ति तथा स्वभाव) अच्छा हो, सज्जन तथा सदाचारी । | সুশীল, সচ্চরিত্র, সৎস্বভাব, ভদ্র | सुशील, सच्चरित्र, सत्स्वभाव, भद्र | good natured, good tempered. |
| सुश्री | स्त्री. | आजकल स्त्रियों के नाम के पूर्व आदरसूचनार्थ लगाया जानेवाला शब्द, सुंदर, अच्छी श्री से युक्त । | মহিলাদের নামের পূর্বে ব্যবহৃত সম্মান সূচক শব্দ | महिलादेर नामेर पूर्बे ब्यबहृत सम्मान-सूचक शब्द | an honorific word prefixed to the name of a woman. |
| सुषमा | स्त्री. | परम शोभा, अति सुन्दरता । | সুষমা, পরম শোভা | सुषमा, परम शोभा | exquisite beauty, splendour. |
| सुषुप्त | वि. | 1. गहरी नींद में सोया हुआ; 2. (गुण या तत्व) जो निष्क्रिय अवस्था में किसी वस्तु में स्थित हो । | সুষুপ্ত, সুনিদ্রিত; কোনো বস্তুর অভ্যন্তরীণ অপ্রকট প্রচ্ছন্ন গুণাদি | सुशुप्त, सुनिद्रित; कोनो बस्तुर अभ्यन्तरीन अप्रकट प्रच्छन्न गुनादि | fast asleep; dormant. |
| सुषुप्तावस्था | स्त्री. | प्रगाढ़ नींद की अवस्था । | সুষুপ্তাবস্থা | सुषुप्तावस्था | state of deep |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सुषुप्ति | स्त्री. | 1. गहरी नींद; | সুষুপ্তি, গভীর নিদ্রা; | सुषुप्ति, गभीर निद्रा; | deep or profound sleep; |
| | | 2. वेदान्त के अनुसार जीवन की अज्ञानावस्था । | বেদান্ত মতে জীবের অজ্ঞানবস্থা | बेदान्त मते जीबेर अज्ञानबस्था | spiritual ignorance. |
| सुसंगति | स्त्री. | अच्छा संग-साथ, सत्संग । | উত্তম সংগ, সৎসংগ | उत्तम सङ्ग, सत्सङ्ग | good company, association or companionship of the good. |
| सुसंस्कृत | वि. | 1. सुन्दर संस्कारों से युक्त; 2. भलीभांति संस्कार किया हुआ । | উত্তম সংস্কারযুক্ত: সুসংস্কৃত | उत्तम संस्कारजुक्त, सुसंस्कृत | well-cultured; refined. |
| सुसज्जित | वि. | भलीभांति सजा या सजाया ঙঁঽ হুआ । | সুসজ্জিত, সুসজ্জ | सुसज्जित, सुसज्ज | well-equipped. |
| सुस्त | वि. | 1. जिसकी तीव्रता या प्रबलता कम हो गई हो, जिसकी गति या वेग मंद हो गया हो; | সুন্দর, মন্দগতি; | सुन्दर, मन्दगति; | slow; |
| | | 2. जिसे कोई काम करने पर कोई बात समझने में उचित से अधिक समय लगता हो; | স্থূলবুদ্ধি, জড়; | स्थूलबुद्धि, जड़; | dull, lazy, slack, idle; |
| | | 2. उदास, उत्साहरहित । | উদাস, মনমরা, উৎসাহহীন | उदास, मनमरा, उत्साहहीन | depressed, spiritless. |
| सुस्ताना | अ. क्रि. | थकावट दूर करना, थोड़ी देर के लिए आराम करना । | বিশ্রাম করা, কিছুক্ষণ আরাম করা | बिश्राम करा, किछुक्षन आराम करा | to take repose, to relax, to rest. |
| सुस्ती | स्त्री. | सुस्त होने की अवस्था या भाव । | অলস্য, জড়তা, মন্থরতা | अलस्य, जड़ता, मन्थरता | dullness, indolence, idleness, laziness, slowness. |
| सुस्वादु | वि. | बहुत जायकेदार, अत्यन्त स्वादयुक्त । | সুস্বাদু, সুস্বাদ, উত্তম স্বাদযুক্ত | सुस्वादु, सुस्वाद, उत्तम स्वादजुक्त | delicious. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सुहाग | पुं. | 1. विवाहिता स्त्री की वह स्थिति जिसमें उसका पति जीवित हो, सौभाग्य; | এয়োতি; | एयोति; | the happy state of a wife when her husband is alive, good fortune; |
| | | 2. विवाह के समय कन्यापक्ष में गाये जानेवाले मांगलिक गीत । | বিবাহের সময় গীত মাংগলিক গানবিশেষ | बिबाहेर समय गीत माङ्गलिक गानबिशेष | a kind of marriage song. |
| सुहागा | पुं. | एक क्षार द्रव्य जो सोना गलाने और दवा के काम आता है । | সোহাগা | सोहागा | borax. |
| सुहागिन (सुहागिनी) | स्त्री. | वह स्त्री जिसका पति जीवित हो, सधवा । | এয়ো, সধবা | एयो, सधबा | a woman whose husband is alive. |
| सुहाना | अ. क्रि. | 1. भला लगना, पसन्द आना भाना; | মনোরম হওয়া, পছন্দসই হওয়া; | मनोरम हओया, पछन्दसइ हओया; | to be pleasing, to be agreeable, to appeal; |
| | | 2. शोभित होना । | শোভন হওয়া | शोभन हओया | to look charming. |
| सुहावना (सुहाना) | वि. | सुन्दर, भला लगनेवाला । | সুন্দর, ভাল লাগে এমন | सुन्दर, भाल लागे एमन | pleasant, beautiful, charming. |
| सुहृद | पुं. | मित्र । | সুহৃদ, মিত্র | सुहृद मित्र | friend. |
| सूँघना | स. क्रि. | 1. नाक से गंध ग्रहण करना, बास लेना; | শুঁকা; | शुंका; | to sniff, to smell; |
| | | 2. बहुत कम खाना । | খুব অল্প খাওয়া, নাকে শুঁকা | खुब अल्प खाओया, नाके शुंका | to eat very little. |
| सूँड | स्त्री. | हाथी की स्तंभाकार नाक जो नीचे लटकती रहती है । | শুঁড় | शुंड़ | elephant's trunk. |
| सूअर | पुं. | 1. एक प्रसिद्ध जन्तु जो मुख्यतः दो प्रकार का होता है – (1) पालतू (2) जंगली । पालतु छोटा और डरपोक होता है तथा जंगली. शक्तिशाली और हिंसक; | শূঅর, শূকর; শূকর দুই প্রকার– ১) গৃহপালিত ২) জংগলী | शुअर, शूकर; शूकर दुइ प्रकार– 1) गृहपालित 2) जङ्गली | boar, pig; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. एक प्रकार की गाली । | গালিবিশেষ | गालिबिशेष | a word of abuse – swine. |
| **सूक्ति** | स्त्री. | अच्छे और सुन्दर ढंग में कही हुई कोई बात, अच्छी उक्ति । | সূক্তি, শোভন বাক্য হিতবাক্য, বিদগ্ধ বচন | सूक्ति, शोभन बाक्य, हितबाक्य, बिदग्ध बचन | maxim, epigram. |
| **सूक्ष्म** | वि. | 1. जो जल्दी सबकी समझ में न आ सके; | সূক্ষ্ম, স্থূল-বুদ্ধির অগোচর; | सूक्ष्म, स्थूल-बुद्धिर अगोचर; | subtle, minute; |
| | | 2. बहुत बारीक, पतला, अणुरूप; | মিহি, সরু, পাতলা; | मिहि, सरु, पातला; | fine, thin, atomic; |
| | | 3. बारीक बातों को देखने-समझने में समर्थ (दृष्टि, बुद्धि) । | তীক্ষ্ণ, ধারালো | तीक्ष्न, धारालो | sharp. |
| **सूक्ष्मदर्शक** | पुं. | खुर्दबीन, अण्वीक्षण यंत्र । | অণুবীক্ষণ যন্ত্র | अनुबीक्षन जन्त्र | microscope. |
| **सूक्ष्मदर्शी** | वि. | बारीक बातें सोचने समझने-वाला, बहुत बुद्धिमान् । | সূক্ষ্মদর্শী, কুশাগ্রীয়বুদ্ধি | सूक्ष्मदर्शी, कुशाग्रीयबुद्धि | keen observer, keen-eyed. |
| **सूखना** | अ. क्रि. | 1. आर्द्रता या तरी का नष्ट हो जाना; | শুষ্ক হওয়া, শুকানো; | शुष्क हओया, शुकानो; | to dry up, to evaporate; |
| | | 2. दुबला होना, क्षीण होना; | শুকাইয়া যাওয়া, রোগা হওয়া; | शुकाइया जाओया, रोगा हओया; | to become emaciated, to get lean and thin; |
| | | 3. वनस्पति आदि का मुरझाना । | গাছপালা শুকাইয়া যাওয়া | गाछपाला शुकाइया जाओया | to wither. |
| **सूखा** | वि. | 1. शुष्क, रसहीन; | শুখা, শুষ্ক, নীরস; | शुखा, शुष्क, नीरस; | dry, sapless; |
| | | 2. जिसमें सरसता, भावुकता आदि कोमल गुणों का अभाव हो । | ভাবাবেগবর্জিত, রসোবোধহীন, কাটখোট্টা | भाबाबेगबर्जित, रसबोधहीन, काटखोट्टा | not given to emotion. |
| | पुं. | पानी न बरसने की दशा या समय, अनावृष्टि । | খরা | खरा | drought. |
| **सूचक** | पुं. | सूचित करने या बतानेवाला व्यक्ति । | সূচক, সূচনাকারী ব্যক্তি | सूचक, सूचनाकारी व्यक्ति | indicator. |
| | वि. | बोधक, ज्ञापक । | বোধক, জ্ঞাপক | बोधक, ज्ञापक | indicative. |
| **सूचना** | स्त्री. | कुछ बताने या जताने के लिए कही या लिखी गई बात, इत्तिला । | বিজ্ঞপ্তি | बिज्ञप्ति | information, intimation, notice. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सूचि (सूचिका)** | स्त्री. | 1. छेद करने का कोई आला;<br>2. ग्रन्थ के विषयों की तालिका । | সূচি, সূচী, ছুঁচ, সূক্ষ্মাগ্র যন্ত্র;<br>গ্রন্থের বিষয়বস্তুর তালিকা | सूचि, सूची, छुंच, सूक्ष्माग्र जन्त्र;<br>ग्रन्थेर विषयबस्तुर तालिका | needle or any sharp pointed instrument;<br>index, table of contents (of a book). |
| **सूची** | स्त्री. | 1. कपड़ा आदि सीने की सुई;<br>2. किसी प्रकार की वस्तुओं, नामों, बातों आदि का क्रमबद्ध लेखा या विवरण । | সূচী, ছুঁচ;<br>কোন প্রকার বস্তু, নাম ইত্যাদির ক্রমবদ্ধ তালিকা | सूची, छुच;<br>कोन प्रकार बस्तु, नाम इत्यादिर क्रमबद्ध तालिका | needle;<br>list. |
| **सूचीपत्र** | पुं. | वह पुस्तक या पत्र जिसमें पुस्तकों या किसी वस्तु की नामावली, विषय और दाम आदि दिए गए हों । | সূচীপত্র, পুস্তকাদির বিবরণসম্বলিত তালিকা | सूचिपत्र, पुस्तकादिर विवरनसम्वलित तालिका | catalogue. |
| **सूजन** | स्त्री. | सूजने का भाव या स्थिति, वरम, शोथ | স্ফীতি, ফুলা | स्फीति, फुला | swelling, inflammation. |
| **सूजना** | अ. क्रि. | रोग, चोट, वात आदि के कारण शरीर के किसी अंग का अधिक फूल या फैल जाना। | ফুলা | फुला | to swell, to be or become inflamed. |
| **सूजी** | स्त्री. | गेहूं का रवेदार आटा जो हलवा आदि बनाने के काम आता है । | সুজি | सुजि | semola, semolina. |
| **सूझ** | स्त्री. | 1. मन में उत्पन्न होनेवाली कोई ऐसी नई बात जो अनोखी और असाधारण हो, उद्‌भावना, उपज;<br>2. दृष्टि या नजर । | নূতন ভাব, নূতন চিন্তা, উদ্ভাবনা;<br>দৃষ্টি, নজর | नूतन भाव, नूतन चिन्ता, उद्‌भावना;<br>दृष्टि, नजर | idea, concept, imagination;<br>sight, vision, perception. |
| **सूझना** | अ. क्रि. | 1. दिमाग या ध्यान में आना;<br>2. दृष्टि में आना, दिखाई देना । | মনে হওয়া;<br>দৃষ্টিগোচর হওয়া | मन हआया;<br>दृष्टिगोचर हओया | to occur to one's mind;<br>to be or become visible, to appear. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सूझबूझ | स्त्री. | सोचने-समझने की शक्ति । | বুঝসুঝ, বোধ, জ্ঞান | बुझसुझ, बोध, ज्ञान | intelligence, understanding, imaginadion. |
| सूत | पुं. | 1. तंतु, धागा, डोरा; | সূত, সূত্র, তন্তু, সূতা; | सूत, सूत्र, ज्ञान, सुता; | thread, string, yarn; |
| | | 2. लकड़ी या पत्थर पर निशान डालने की डोरी; | পাথরের উপর দাগ দেওয়ার সূতা; | पाथरेर उपर दाग देओयार सुता; | a thread to mark on stone or wood; |
| | | 3. एक प्रकार का नाप; | সূত্রপরিমাণ, মাপবিশেষ; | सूत्रपरिमान, मापबिशेष; | a measure of length; |
| | | 4. रथ हांकने वाला, सारथि; | সারথি; | सारथि; | a charioteer; |
| | | 5. चारण, भाट । | বন্দী, স্তুতিপাঠক | बन्दी, स्तुतिपाठक | bard. |
| सूतक | पुं. | 1. जन्म; | জন্ম; | जन्म; | birth. |
| | | 2. घर में संतान उत्पन्न होने पर परिवारवालों को लगनेवाला अशौच । | সন্তানের জন্ম-জনিত অশৌচ, জাতাশৌচ | सन्तानेर जन्म-जनित, अशौच, जाताशौच | impurity caused by child-birth. |
| सूतिका | स्त्री. | वह स्त्री या मादा जिसने हाल ही में बच्चा जना हो, सद्यःप्रसूता । | সূতিকা, অচিরপ্রসূতা নারী | सूतिका, अचिरप्रसूता नारी | a woman or female who has recently given birth to a child. |
| सूती | वि. | सूत का बना हुआ । | সূতী, সূতি | सूती, सुति | made of cotton thread. |
| सूत्र | पुं. | 1. पतला और महीन डोरा या तागा; | সূত্র, সূতা, তন্তু; | सूत्र, सूता, तन्तु; | thread, string; |
| | | 2. यज्ञोपवीत, जनेऊ; | যজ্ঞোপবীত; | जज्ञोपबीत; | sacred thread; |
| | | 3. बहुत थोड़े शब्दों में कहा हुआ कोई ऐसा कथन या पद जिसमें गूढ़ अर्थ भरा हो; | অর্থভূমিষ্ঠ সংক্ষিপ্ত বাক্য; | अर्थभूमिष्ट संक्षिप्त बाक्य; | precept, axiom; |
| | | 4. संकेत, पता, सुराग; | সঙ্কেত; | सङ्केत; | clue; |
| | | 5. वह सांकेतिक पद या शब्द जिसमें कोई वस्तु बनाने या कार्य करने के मूल सिद्धान्त, प्रक्रिया आदि का संक्षिप्त विधान निहित हो । | সাঙ্কেতিক সংক্ষিপ্ত বিধি বা নিয়ম | साङ्केतिक संक्षिप्त बिधि बा नियम | formula. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सूत्रधार | पुं. | नाट्यशाला का व्यवस्थापक या प्रधान नट । | সূত্রধার, (প্রাচীন নাটকে) নাট্য-প্রযোজক প্রধান নট | सूत्रधार (प्राचीन नाटके) नाट्य-प्रजोजक प्रधान नट | stage-manager or the principal actor in a dramatic performance. |
| सूत्रपात | पुं. | किसी नए तथा बड़े कार्य का होनेवाला आरम्भ, शुरूआत । | সূত্রপাত, আরম্ভ, সূচনা | सूत्रपात, आरम्भ, सूचना | beginning, commencement. |
| सूद | पुं. | ऋण के रूप में दिए गए धन के बदले में दिया या लिया जानेवाला वह धन जो मूलधन के अतिरिक्त होता है, ब्याज । | সুদ | सुद | interest. |
| सूदखोर | पुं. | ब्याज लेनेवाला, ब्याज से जीविका चलानेवाला । | সুদখোর, কুসীদজীবী | सुदखोर, कुसीदजीवी | usurer. |
| सूददरसूद | पुं. | उधार दिए हुए धन के ब्याज पर भी जोड़ा जानेवाला ब्याज । | চক্রবৃদ্ধি, সুদের সুদ | चक्रबृद्धि, सुदेर सुद | compound interest. |
| सूना | वि. | जनहीन, निर्जन । | জনহীন, নির্জন | जनहीन, निर्जन | lonely, desolate. |
| सूप | पुं. | अनाज फटकने के लिए सींक आदि का बना पात्र, छाज । | শূর্প, কুলা | शूर्प, कुला | winnowing basket. |
| सूफियाना (सोफियाना) | वि. | सूफियों की तरह का सादा परन्तु सुन्दर । | সুফীদের মতো সহজ সরল কিন্তু সুন্দর | सुफीदेर मतो सहज सरल किन्तु सुन्दर | like a sufi, simple, plain. |
| सूफी | वि. | 1. संत;<br>2. पवित्र । | সন্ত;<br>পবিত্র | सन्त;<br>पबित्र | saintly;<br>pious. |
| | पुं. | 1. मुसलमानों का एक रहस्यवादी सम्प्रदाय;<br>2. उक्त सम्प्रदाय का अनुयायी । | সুফী;<br>উক্ত সম্প্রদায়ের অনুগামী | सुफी;<br>उक्त सम्प्रदायेर अनुगामी | a Muslim sect;<br>follower of Sufi sect. |
| सूबा | पुं. | किसी देश का कोई विशिष्ट खंड या भाग, प्रांत, प्रदेश । | সুবা | सुबा | province. |
| सूबेदार | पुं. | 1. किसी सूबे या प्रांत का प्रधान अधिकारी;<br>2. फौज का एक छोटा अफसर । | সুবেদার, সুবাদার;<br>সেনাবিভাগের অফিসারবিশেষ | सुबेदार, सुबादार;<br>सेनाविभागेर अफिसारबिशेष | the chief or Governor of a province;<br>a military rank and the junior commissioned officer who holds |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सूम | पुं. | कंजूस, कृपण । | কৃপণ | कृपन | miser, niggard. |
| सूरज | पुं. | सूर्य, रवि । | সূরজ, সূর্য | सूरज, सूर्ज | the sun. |
| सूरजमुखी | पुं. | एक प्रकार का पौधा जिसमें पीले रंग का बहुत बड़ा फूल लगता है, इस पौधे का फूल जो प्रात: से संध्या तक प्राय: सूर्य की ओर ही मुंह किए रहता है । | সূর্যমুখী; | सुर्जमुखी; | sunflower, its plant and flower. |
| सूरत | स्त्री. | 1. आकृति, शकल;<br>2. अवस्था, दशा;<br>3. किसी जटिल समस्या के निराकरण के लिए सोचा हुआ उपाय या युक्ति । | আকৃতি, চেহারা;<br>অবস্থা, দশা;<br>কোনো জটিল সমস্যা সমাধানের জন্য চিন্তিত উপায় | आकृति, चेहारा;<br>अबस्था, दशा;<br>कोनो जटिल समस्या समाधानेर जन्य चिन्तित उपाय | figure, shape, face, form;<br>state, condition;<br>idea, manner, way out. |
| सूरमा | पुं. | योद्धा, वीर, बहादुर । | যোদ্ধা, বীর, সাহসী পুরুষ | जोद्धा, बीर, साहसी पुरुष | warrior, brave, valiant. |
| सूराख | पुं. | छेद, छिद्र । | রন্ধ্র, ছিদ্র | रन्ध्र, छिद्र | hole, opening, orifice. |
| सूर्य | पुं. | सौर मंडल का प्रधान पिंड या तारा जिसकी प्रदक्षिणा पृथ्वी और मंडल के अन्य ग्रह करते हैं तथा जो पृथ्वी को प्रकाश और उष्णता देता है, आदित्य, रवि । | সূর্য, রবি, ভাস্কর, তপন | सूर्ज, रबि, भास्कर, तपन | the sun. |
| सूर्यग्रहण | पुं. | चन्द्रमा की छाया पड़ने से सूर्यबिम्ब का छिप जाना । | সূর্যগ্রহণ | सूर्जग्रहन | solar eclipse. |
| सूर्यास्त | पुं. | 1. सूर्य का अस्त होना;<br>2. सूर्य के अस्त होने का समय । | সূর্যাস্ত;<br>সূর্যাস্তকাল | सूर्जास्त;<br>सूर्जास्तकाल | sun-set;<br>time of sun-set. |
| सूर्योदय | पुं. | 1. सूर्य का उदित होना या निकलना;<br>2. सूर्य के उदित होने का समय, प्रात:काल । | সূর্যোদয়;<br>সূর্যোদয়কাল, প্রাতঃকাল | सूर्जोदय;<br>सूर्जोदयकाल, प्रात:काल | sunrise;<br>time of sunrise, morning. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सूली | स्त्री. | प्राण-दंड की एक प्राचीन प्रणाली जिसमें दंडित मनुष्य एक नुकीले लोहे के डंडे पर बैठा दिया जाता था और उसके सिर पर मुगरे से आघात किया जाता था जिससे उसका सारा शरीर ऊपर से नीचे तक पिस जाता था और वह मर जाता था । | শূলারূঢ় করিয়া প্রাণ-দন্ডের প্রাচীন প্রথা | शूलारुढ़ करिया प्रान-दन्डेर प्राचीन प्रथा | gallows, gibbet. |
| सृष्टि | स्त्री. | 1. यह सारा विश्व तथा इसके सभी प्राणी तथा पदार्थ; | সৃষ্টি, বিশ্ব, জগৎ; | सृष्टि, बिश्व, जगत्; | world; universe; |
| | | 2. निर्माण, रचना । | নির্মাণ, রচনা | निर्मान, रचना | creation. |
| सेंक | पुं. | 1. सेंकने की क्रिया या भाव; | সেঁক, আগুনের তাপ লাগান; | सेंक, आगुनेर ताप लागान; | act of fomenting, baking; |
| | | 2. ताप, गरमी । | তাপ, উষ্ণতা | ताप, उष्नता | heat, warmth. |
| सेंकना | स. क्रि. | 1. आग पर पकाना; | সেকা; | सेका; | to toast, parch; |
| | | 2. गरम करना; | গরম করা; | गरम करा; | to warm, heat; |
| | | 3. शरीर को गरमी या धूप देना । | শরীরে সেক দেওয়া | शरीरे सेक देओया | to foment. |
| सेंत-मेंत | क्रि. वि. | मुफ्त में, बिना काम दिए । | মুফৎ, মুফত, বিনামূল্য | मुफत, मुफत, बिनामूल्य | free of cost, gratis, free of charge. |
| सेंतना | स. क्रि. | 1. संभालकर रखना; | সযত্নে রক্ষা করা; | सजत्ने रक्षा करा; | to preserve carefully, to take care of; |
| | | 2. एकत्र करना, बटोरना । | একত্র করা, সংগ্রহ করা | एकत्र करा, संग्रह करा | to collect, accumulate. |
| सेंध | स्त्री. | चोर द्वारा दीवार में किया गया बड़ा छेद जिसमें से होकर वह किसी कमरे आदि में घुसता है । | সিঁধ, সিঁদ | सिंध, सिंद | hole in a wall made by the burglars for house-breaking. |
| सेंधा | पुं. | सिंधु नदी के पास में निकलने वाला एक खनिज नमक । | সৈন্ধব লবণ | सैन्धब लबन | rock-salt. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सेंहुड़ | पु. | थूहर । | ফণীমনসা | फनीमनसा | a kind of cactus. |
| से | प्रत्य. | करण और अपादान कारक का चिह्न । | করণ আর অপাদান কারকের চিহ্ন | करन आर अपादान कारकेर चिह्न | from, out of, with. |
| सेक | पु. | पानी से सींचने की क्रिया या भाव, सिंचाई, आर्द्र करना । | সেক, সেচন, সিঞ্চন | सेक, सेचन, सिञ्चन | sprinkling, watering (trees). |
| सेचन | पुं. | सिंचाई, छिड़काव । | সেচন, সিঞ্চন, জল ছিটান, আর্দ্রীকরণ | सेचन, सिञ्चन, जल छिटान, आर्द्रीकरन | sprinkling, watering, irrigation. |
| सेज | स्त्री. | बिछौना, विशेषत: सुन्दर और कोमल बिछौना । | সেজ, শয্যা, বিছানা | सेज, शय्या, बिछाना | bed, couch. |
| सेठ | पुं. | बहुत धनवान या सम्पन्न व्यक्ति । | শেঠ, ধনী ব্যক্তি | शेठ, धनी व्यक्ति | moneyed man, wealthy merchant. |
| सेतु | पु. | नदी आदि पार करने के लिए बनाया हुआ रास्ता, पुल । | সেতু, পুল, সাঁকো | सेतु, पुल, सांको | bridge in general. |
| सेना | स्त्री. | रण-शिक्षा प्राप्त सशस्त्र व्यक्तियों का दल, फौज । | সেনা, সৈন্যদল বাহিনী, চমূ | सेना, सैन्यदल, बाहिनी, चमू | army, military, body of troops. |
| सेनानी | पुं. | सेनापति, सिपहसालार । | সেনানী, সেনাপতী | सेनानी, सेनापती | commander of the army. |
| सेनापति | पुं. | सेना का नायक, फौज का अफसर । | সেনাপতী, সেনাধ্যক্ষ | सेनापती, सेनाध्यक्ष | military chief, commander. |
| सेम | स्त्री. | एक प्रकार की फली जिसकी तरकारी खाई जाती है । | শিম | शिम | bean. |
| सेमल | पु. | एक बहुत बड़ा पेड़ जिसके फल में से एक प्रकार की रूई निकलती है, उक्त वृक्ष के फल की रूई । | শিমূল গাছ, শিমূলতুলা | शिमूल गाछ, शिमुलतुला | silk-cotton tree and its flower. |
| सेर | पु. | एक मान या तोल जो सोलह छटाक या अस्सी तोले की होती है । | সের, ওজনের মাপবিশেষ | सेर ओजनेर मापबिशेष | seer, a measure or weight equivalent to sixteen chhataks or a little over two lbs. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सेवई (सेंवई) | स्त्री. | मैदे के सुखाये हुए बहुत पतले सेव या लच्छे जो घी में तलकर या दूध में पकाकर खाये जाते हैं । | সেওয়াই, সিমুই, সুতার মতো লম্বা লম্বা আকারের খাদ্যবিশেষ | सेओयाइ, सिमुई, सुतार मतो लम्बा लम्बा आकारेर खाद्यबिशेष | vermicelli. |
| सेला | पुं. | 1. रेशमी चादर या साफा (वर आदि का); | রেশমী চাদর বা পাগড়ী (বর আদির); | रेशमी चादर बा पागड़ी (बर आदिर); | a kind of silken sheet of cloth or turban; |
| | | 2. भुंजिया चावल । | একপ্রকার চাল | एक प्रकार चाल | a kind of rice. |
| सेव | पुं. | तेल से बननेवाला सूत या डोरी जैसा पकवान जो नमकीन या मीठा होता है । | বেসনের তৈরী তেলেভাজা খাদ্যবিশেষ | बेसनेर तैरी तेलेभाजा खाद्यबिशेष | a kind of sweet or saltish like preparation of gram flour. |
| सेवक | पुं. | 1. सेवा या खिदमत करनेवाला, नौकर; | সেবক, সেবাকারী, পরিচারক, ভৃত্য; | सेबक, सेबाकारी, परिचारक, भृत्य; | servant, attendant; |
| | | 2. भक्त, आराधक । | ভক্ত, আরাধক | भक्त, आराधक | worshipper, devotee. |
| सेवन | पुं. | 1. नियमित रूप से किया जानेवाला प्रयोग या व्यवहार; | সেবন, নিয়মিত ব্যবহার, | सेबन, नियमित ब्यबहार; | regular use; |
| | | 2. उपभोग । | উপভোগ | उपभोग | consumption. |
| सेवनीय | वि. | जिसका सेवन करना आवश्यक या उचित हो । | সেবনীয়, সেবন-যোগ্য, সেব্য | सेबनीय, सेबन-जोग्य, सेब्य | worth-taking, worth-using. |
| सेवा | स्त्री. | 1. परिचर्या, खिदमत; | সেবা, পরিচর্যা; | सेबा, परिचर्जा; | service, attendance; |
| | | 2. पूजा, आराधना; | পূজা, আরাধনা; | पूजा, आराधना; | worship, homage; |
| | | 3. सार्वजनिक अथवा राजकीय कार्यों का कोई विशेष विभाग जिसके जिम्मे कोई विशेष प्रकार का काम हो । | সার্বজনিক অথবা সরকারী কাজের কোনো বিশেষ বিভাগ | सार्बजनिक अथबा सरकारी काजेर कोनो बिशेष बिभाग | service in general. |
| सेवा-टहल | स्त्री. | खिदमत, शुश्रूषा, परिचर्या । | খিদমত, শুশ্রূষা | खिदमत, शुश्रूषा | service, servitude. |
| सेवावृत्ति | स्त्री. | सेवा द्वारा प्राप्त जीविका, नौकरी । | চাকরি | चाकरि | service. |
| सेविका | स्त्री. | दासी, परिचारिका, नौकरानी । | সেবিকা, কিঙ্করী | सेबिका, किङ्करी | female servant. |

| हिंदी शब्द | व्या. कों. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सेवित | वि. | 1. जिसकी सेवा या टहल की गई हो;<br>2. जिसका उपयोग या व्यवहार किया गया हो । | সেবিত, যাহার সেবা করা হইয়াছে;<br>যাহা সেবন করা হইয়াছে | सेबित जाहार सेबा करा हइयाछे;<br>जाहा सेबन करा हइयाछे | served, attended, waited on;<br>enjoyed, used. |
| सेव्य | वि. | 1. सेवा करने योग्य;<br>2. आराध्य, पूज्य;<br>3. व्यवहार में लाने योग्य । | সেব্য, সেবনীয়, সেবাযোগ্য;<br>আরাধ্য, পূজ্য;<br>ব্যবহারযোগ্য | सेब्य, सेबनीय, सेबाजोग्य;<br>आराध्य, पूज्य;<br>ब्यवहारजोग्य | to be served, fit or deserving;<br>worthy of being worshipped;<br>consumable. |
| सेहत | स्त्री. | स्वास्थ्य, तन्दुरुस्ती, आरोग्य । | স্বাস্থ্য | स्वास्थ्य | health, soundness of body. |
| सेहरा | पुं. | 1. विवाह के समय वर के पहनने का फूलों आदि का बना मुकुट, मौर;<br>2. वह गान जो सेहरा बांधने के समय गाया जाता है । | টোপর;<br>টোপর পরাইবার সময় যে-গান গাওয়া হয় | टोपर;<br>टोपर पराइबार समय जे-गान गाओया हय | head-dress worn at the time of marriage;<br>eulogy composed for such occasion. |
| सैंतालीस | वि. | जो गिनती में चालीस से सात अधिक हो । | সাতচল্লিশ | सातचल्लिश | forty–seven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 47 । | (৪৭) এই সংখ্যা | (47) एइ संख्या | the number forty-seven. |
| सैंतीस | वि. | जो गिनती में तीस से सात अधिक हो; | সাঁইত্রিশ | सांइत्रिश | thirty-seven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 37 । | (৩৭) এই সংখ্যা | (37) एइ संख्या | the number thirty-seven. |
| सैंया | पुं. | पति । | পতি, স্বামী | पति, स्वामी | husband. |
| सैंकड़ा | पुं. | सौ का समूह या समष्टि । | এক শতের সমষ্টি | एक शतेर समष्टि | collection of one hundred. |
| सैकड़े | क्रि. वि. | प्रति सौ के हिसाब से,प्रतिशत, फी सदी । | শতকরা | शतकरा | per cent, per hundred. |
| सैकड़ों | वि. | 1. कई सौ;<br>2. बहुत अधिक । | শত শত;<br>অত্যধিক | शत शत;<br>अत्यधिक | hundreds;<br>numerous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सैद्धांतिक** | वि. | 1. सिद्धान्त संबंधी;<br>2. सिद्धान्तों के अनुसार चलनेवाला । | সৈদ্ধান্তিক, সিদ্ধান্ত-সম্বন্ধী, তাত্ত্বিক, তত্ত্বীয়;<br>সিদ্ধান্ত অনুযায়ী চলেন এমন | सैद्धान्तिक, सिद्धान्त-सम्बन्धी, तात्त्विक, तत्त्वीय;<br>सिद्धान्त अनुजायी चलेन एमन | theoretical, pertaining to some theory or doctrine;<br>one who abides by established doctrine. |
| **सैनिक** | पुं.<br>वि. | फौज का सिपाही, फौजी ।<br>सेना-संबंधी, सेना का । | সৈনিক | सैनिक | soldier.<br>relating to an army, martial, military. |
| **सैन्य** | वि. | सेना संबंधी । | সেনাসম্বন্ধী, সামরিক | सेनासम्बन्धी, सामरिक | military, pertaining to army. |
| | पुं. | 1. सेना;<br>2. सैनिक । | সেনা, সেনাদল, সৈন্য;<br>সৈনিক | सेना, सेनादल, सैन्य:<br>सैनिक | body of troops, army;<br>soldier. |
| **सैर** | स्त्री. | मन बहलाने के लिए घूमना-फिरना, भ्रमण । | সয়ের, ভ্রমন | सयेर, भ्रमन | excursion, outing. |
| **सैर-सपाटा** | पुं. | सैर करने के लिए घूमना-फिरना । | ভ্রমনের উদ্দেশ্য ঘুরিয়া বেড়ান | भ्रमनेर उद्देश्य घुरिया बेड़ान | same as 'सैर'. |
| **सैलानी** | पुं. | सैर करने का शौकीन, घुमक्कड़ । | ভ্রমণকারী | भ्रमनकारी | tourist, wanderer. |
| **सोटा** | पुं. | लाठी, डंडा । | সোটা, সোঁটা, লাঠি | सोटा, सोंटा, लाठि | staff, club, cudgel. |
| **सोंठ** | स्त्री. | सुखाया हुआ अदरक । | শুঁঠ, শুঁট | शुंट, शुंठ | dry ginger. |
| **सोंधा** | वि. | 1. सुगंधित, सुवासित, खुशबूदार;<br>2. मिट्टी के नए बरतन या सूखी जमीन पर पानी पड़ने या बेसन आदि भूनने से निकलनेवाली सुगन्ध से युक्त । | সোঁধা, সুগন্ধি সুবাসিত;<br>সোঁদা | सोंधा, सुगन्धि, सुबासित;<br>सोंदा | aromatic, sweet smelling;<br>having the smell of a new earthen vessel when first wetted, smelling like that of parched pulse or fried grain, flour etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सोआ** | पुं. | एक प्रकार का पौधा जिसकी पत्तियों का साग बनाया जाता है । | শাকবিশেষ | शाकविशेष | grave olens. |
| **सोखना** | स. क्रि. | किसी वस्तु के जल या तरल पदार्थ को अपने में खींच लेना । | শুষা, শোষণ করা | शुषा, शोषन करा | to soak up, to absorb. |
| **सोख्ता** | पुं. | स्याही सोखनेवाला एक प्रकार का मोटा खुरदुरा कागज । | চোষ-কাগজ | चोष-कागज | blotting paper. |
| **सोच** | पुं. | 1. सोचने की क्रिया या भाव; | চিন্তন; | चिन्तन; | musing, brooding; |
| | | 2. चिंता, फिक्र; | চিন্তা, উদ্বেগ; | चिन्ता, उद्वेग; | anxiety, concern; |
| | | 3. पछतावा, पश्चाताप । | অনুতাপ | अनुताप | regret, repentence. |
| **सोचना** | स. क्रि. | 1. किसी विषय पर मन में विचार करना; | চিন্তা করা মনে মনে বিচার করা; | चिन्ता करा, मने मने बिचार करा; | to think over, to ponder on, to consider; |
| | | 2. कल्पना करना, अनुमान करना । | কল্পনা করা, অনুমান করা | कल्पना करा, अनुमान करा | to imagine, to conceive. |
| | अ. क्रि. | चिंता या फिक्र में पड़ना । | চিন্তাকুল হওয়া | चिन्ताकुल हओया | to worry. |
| **सोच-विचार** | पुं. | 1. किसी विषय का विवेचन, गौर; | চিন্তাভাবনা; | चिन्ताभावना; | pondering, consideration; |
| | | 2. हिचकिचाहट । | দ্বিধা, ইতস্তত: করা | द्विधा, इतस्तत: करा | hesitation. |
| **सोडा** | पुं. | एक प्रकार का क्षार जो सज्जी को रासायनिक क्रिया से साफ करके बनाते हैं । | সোডা, ক্ষারবিশেষ | सोडा, क्षारविशेष | soda. |
| **सोता** | पुं. | जल की बराबर बहनेवाली या निकलनेवाली छोटी धात चश्मा । | সোঁতা | सोंता | spring, brook, rivulet. |
| **सोदर** | पुं. | सगा भाई । | সোদর, সহোদর | सोदर, सहोदर | uterine brother, own brother. |
| **सोना** | पुं. | एक प्रसिद्ध बहुमूल्य पीली धातु, स्वर्ण । | সোনা, স্বর্ণ | सोना, स्वर्न | gold. |
| | अ. क्रि. | 1. निद्राग्रस्त होना, नींद लेना; | শুয়া; | शुया; | to sleep, to lie down; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. एक ही स्थिति में रहने के कारण किसी अंग का कुछ समय के लिए सुन्न हो जाना । | একই অবস্থায় থাকার জন্য কোনো অংগের সাময়িক-ভাবে অসাড় হইয়া যাওয়া | एकइ अबस्थाय थाकार जन्य कोनो अङ्गेर सामयिक-भाबे असाड़ हइया जाओया | to be numbed. |
| सोपान | पुं. | सीढ़ी, जीना । | সোপান, সিঁড়ি | सोपान, सिंड़ि | staircase, ladder. |
| सोमवार | पुं. | सात वारों में से एक वार जो चन्द्रमा का दिन माना जाता है । | সোমবার, রবিবারের পরের দিন | सोमवार, रविवारेर परेर दिन | monday. |
| सोलह | वि. | जो गिनती में दस से छह अधिक हो । | ষোল | षोल | sixteen. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 16 । | (১৬) এই সংখ্যা | (16) एइ संख्या | number sixteen. |
| सौंदर्य | पुं. | सुन्दरता, खूबसूरती । | সৌন্দর্য, সুন্দরতা, রূপবত্তা | सौन्दर्ज, सुन्दरता, रूपबत्ता | beauty, loveliness, gracefulness, elegance. |
| सौंपना | स. क्रि. | (कोई वस्तु आदि) किसी के जिम्मे या सुपुर्द करना, किसी के अधिकार में देना । | সঁপা, সমর্পণ করা | संपा, समर्पन करा | to delegate, to hand over, to entrust. |
| सौंफ | स्त्री. | सोए जैसा एक पौधा जिसका फल दवा और मसाले के काम आता है । | শুলুফা, মৌরি | शुलुफा, मौरि | aniseed, fennel. |
| सौ | वि. | जो गिनती में पचास का दूना हो, नब्बे और दस । | শত, শ | शत, श | one hundred. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 100 । | (১০০) এই সংখ্যা | (100) एइ संख्या | number hundred. |
| सौख्य | पुं. | सुख, आराम । | সৌখ্য, সুখের-ভাব, আরাম | सौख्य, सुखेर-भाव, आराम | happiness, comfort. |
| सौगंध | स्त्री. | शपथ, कसम । | শপথ, দিব্য | शपथ, दिव्य | oath, swearing. |
| सौगात | स्त्री. | भेंट, उपहार, तोहफा । | সওগাৎ | सओगात् | present, gift. |
| सौजन्य | पुं. | भलमनसी, सज्जनता । | সৌজন্য, সুজনভাব, ভদ্রতা | सौजन्य, सुजनभाव, भद्रता | goodness, courtesy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सौत | स्त्री. | पति की दूसरी पत्नी, सपत्नी । | সতিন, সপত্নী | सतिन, सपत्नी | co–wife. |
| सौतिया डाह | स्त्री. | दो सौतों में होनेवाली ईर्ष्या, द्वेष आदि । | দুই সতিনের পরস্পরের ঈর্ষা দ্বেষ ইত্যাদি | दुइ सतिनेर परस्परेर ईर्षा द्वेष इत्यादि | rivalry or jealousy between two or more wives. |
| सौतेला (स्त्री. सौतेली) | वि. | 1. सौत संबंधी, जिसका संबंध सौत से हो । | সতিন সম্বন্ধী; | सतिन सम्बन्धी; | of or belonging to a co–wife; |
| | | 2. सौत से उत्पन्न । | সতিনের সন্তান | सतिनेर सन्तान | born of a co–wife. |
| सौदा | पुं. | 1. क्रय-विक्रय की वस्तु या माल; | সওদা, বানিজ্য-দ্রব্য, মাল; | सओदा, बानिज्य-द्रव्य, माल; | goods; |
| | | 2. खरीदने-बेचने की बातचीत या व्यवहार । | ব্যবসায়িক আদান-প্রদান | ब्यबसायिक आदान-प्रदान | transaction, bargain. |
| सौदागर | पुं. | व्यापारी, तिजारत करनेवाला । | সওদাগর | सओदागर | trader, merchant. |
| सौदामिनी | स्त्री. | बिजली, विद्युत । | সৌদামিনী, বিজলী | सौदामिनी, बिजली | lightning. |
| सौध | पुं. | प्रासाद, महल । | সৌধ, প্রাসাদ | सौध, प्रासाद | palace. |
| सौभाग्य | पुं. | 1. अच्छा भाग्य, अच्छी किस्मत; | সৌভাগ্য, শুভ অদৃষ্ট; | सौभाग्य, शुभ अदृष्ट; | good fortune or luck; |
| | | 2. समृद्धि; | সমৃদ্ধি; | समृद्धि; | prosperity; |
| | | 3. सुहाग । | এয়োতি | एयोति | the auspicious state of wifehood. |
| सौभाग्यचिह्न | पुं. | सुहाग का चिहन (जैसे सिंदूर आदि) । | সৌভাগ্যচিহ্ন, সধবাচিহ্ন | सौभाग्यचिहन, सधबाचिहन | any sign of the blessed state of wifehood. |
| सौभाग्यवती | स्त्री. | सुहागिन, सधवा, जिसका पति जीवित हो । | সুহাগিনী, সধবা, এয়ো | सुहागिनी, सधबा एयो | married woman whose husband is alive. |
| सौभाग्यवान | वि. | खुशकिस्मत, खुशनसीब । | সৌভাগ্যবান, সৌভাগ্যসম্পন্ন | सौभाग्यबान, सौभाग्यसम्पन्न | possessing good fortune, fortunate. |
| सौम्य | वि. | 1. कोमल, नम्र और शांत प्रकृतिवाला; | সৌম্য, কোমল, প্রশান্ত, অনুগ্র; | सौम्य, कोमल, प्रशान्त, अनुग्र; | mild, placid; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यांतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. सुन्दर, मनोहर । | সুন্দর, মনোহর | सुन्दर, मनोहर | gentle, lovely, charming, pleasing. |
| सौम्यता | स्त्री. | 1. सुशीलता; | সৌম্যতা, সুশীলতা; | सौम्यता, सुशीलता; | gentleness, placidity; |
| | | 2. सुन्दरता । | সুন্দরতা | सुन्दरता | beauty. |
| सौर | वि. | सूर्य संबंधी, सूर्य का । | সৌর, সূর্যসম্বন্ধী, সূর্যের | सौर, सूर्जसम्बन्धी, सूर्जेर | belonging or relating to the sun, solar. |
| सौरभ | पुं. | सुगंध, खुशबू, महक । | সৌরভ, সুগন্ধ, সুবাস | सौरभ, सुगन्ध, सुबास | fragrance, odour, aroma. |
| सौरी | स्त्री. | वह कोठरी जहां स्त्री बच्चा प्रसव करती है, सूतिकागार, जच्चाखाना । | সূতিকাগার, আঁতুড় | सूतिकागार, आंतुड़ | lying-in-chamber, confinement room, labour room. |
| सौष्ठव | पुं. | सौन्दर्य । | সৌষ্ঠব, সৌন্দর্য | सौष्टब, सौन्दर्ज | beauty, elegance, charm. |
| सौहार्द | पुं. | प्रेम-भाव, मैत्री, मित्रता, दोस्ती । | সৌহার্দ, সুহৃদের ভাব, প্রীতি, মিত্রতা, বন্ধুত্ব | सौहार्द, सहृदेर भाव, प्रीति, मित्रता, बन्धुत्व | good-heartedness, affection, friendliness, friendship. |
| स्कंध | पुं. | 1. कंधा; | স্কন্ধ, কাঁধ; | स्कन्ध, काँध; | shoulder; |
| | | 2. पेड़ का तना; | তরুর মূল হইতে শাখাবধি অংশ; | तरुर मूल हइते शाखावधि अंश; | trunk or stem of a tree; |
| | | 3. ग्रंथ का वह विभाग जिसमें कोई विषय पूरा हो, अध्याय; | গ্রন্থাদির অধ্যায়; | ग्रन्थादिर अध्याय; | chapter, section, division; |
| | | 4. सेना का कोई अंग या भाग । | সেনাবিভাগ | सेनाबिभाग | division or detachment of an army. |
| स्कूल | पुं. | 1. मदरसा, पाठशाला, विद्यालय; | স্কুল, বিদ্যালয়; | स्कुल, बिद्यालय; | institution for educating children or giving instruction, school; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी ज्ञान या विज्ञान की कोई विशिष्ट शाखा और उसके अनुयायियों का वर्ग । | দর্শন বিজ্ঞানাদির শাখা এবং উহার অনুসরণকারীদের দল | दर्शन बिज्ञानादिर शाखा एवं उहार अनुसरनकारीदेर दल | branch or system, followers of a thought or school. |
| स्कूली | वि. | 1. स्कूल संबंधी, स्कूल का; | স্কুল সম্বন্ধী, স্কুলের; | सकुल सम्बन्धी, स्कुलेर; | of or pertaining to a school; |
| | | 2. स्कूल जानेवाला । | স্কুলে যায় এমন | स्कुले जाय एमन | school-going. |
| स्खलन | पुं. | 1. नीचे गिरना, फिसल जाना, पतन; | স্খলন, পতন, চ্যুতি; | स्खलन, पतन, च्युति; | falling down, slipping; |
| | | 2. मार्ग से विचलित होना, नैतिक पतन; | পথভ্রষ্ট হওয়া, নৈতিক অধঃপতন; | पथभ्रष्ट हओया, नैतिक अधःपतन; | deviating from the right course, moral lapse; |
| | | 3. काम में गलती या भूल करना; | কাজে ভুল ত্রুটি; | काजे भुल त्रुटि; | blundering, error, mistake; |
| | | 4. (वीर्य का) क्षरण, स्राव; | ক্ষরণ, পাত; | क्षरन, पात; | discharge, emission; |
| | | 5. बोलने में हकलाना । | তোতলামি | तोतलामि | stammering, blundering in speech or pronunciation, faltering. |
| स्खलित | वि. | 1. अपने स्थान से गिरा हुआ पतित, फिसला हुआ; | স্খলিত, পতিত; | स्खलित, पतित; | fallen, dropped down, slipped; |
| | | 2. सही मार्ग से विचलित, च्युत; | ভ্রষ্ট, চ্যুত; | भ्रष्ट, च्युत; | deviated from the right course, morally lapsed; |
| | | 3. जिससे भूल हुई हो, गलती करनेवाला; | ভ্রান্ত; | भ्रान्त; | erring, blundering; |
| | | 4. टपका हुआ, क्षरित; | টপ টপ করিয়া পড়িয়াছে এমন; | टप टप करिया पड़ियाछे एमन; | discharged, dropped; |
| | | 5. हकलाता हुआ । | তোতলা | तोतला | stammering, faltering. |
| स्टूल | पुं. | एक प्रकार की ऊंची छोटी चौकी । | টুল | टुल | stool. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्टेशन** | पुं. | **1. वह स्थान जहां रेलगाड़ियां मोटरें आदि यात्रियों को चढ़ाने या उतारने के लिए ठहरती हों;** | স্টেশন, রেলমোটর প্রভৃতি ভিড়াইবার স্থান; | स्टेशन, रेलमोटर प्रभृति भिड़ाइबार स्थान; | station (of railways etc.); |
| | | **2. किसी विशेष कार्य के लिए नियत स्थान या केन्द्र ।** | কোনো বিশেষ কার্যের জন্য নির্দিষ্ট কেন্দ্র | कोनो बिशेष कार्जेर जन्य निर्दिष्ट केन्द्र | appointed place, centre, station (for conducting any special work). |
| **स्तंभ** | पुं. | **1. खंभा;** | স্তম্ভ, থাম, খুঁটি | स्तम्भ, थाम, खुंटि; | pillar, post; |
| | | **2. पेड़ का तना;** | গাছের গুঁড়ি; | गाछेर गुंड़ि; | stem, trunk (of a tree); |
| | | **3. समाचारपत्र के पृष्ठों, सारणियों आदि में खड़े बल का विभाग;** | সমাচার পত্রের পৃষ্ঠা এবং ছক প্রভৃতিতে ব্যবহৃত খাড়া বিভাগ; | समाचार पत्रेर पृष्ठा एबं छक प्रभृतिते ब्यबहृत खाड़ा बिभाग; | vertical division of page for figures etc. or to reduce length of lines especially in newspapers, tables etc.; |
| | | **4. समाचार पत्रों में उक्त प्रकार के विभागों का वह वर्ग जिसमें किसी विशेष विषय का प्रतिपादन या निरूपण होता है;** | গ্রন্থাদির পত্রভাগ বা পত্রধারা, সংবাদপত্রের স্তম্ভ; | गन्थादिर पत्रभाग बा पत्रधारा, संबादपत्रेर स्तम्भ; | part of a newspaper devoted to special subject, column (of writing in newspaper); |
| | | **5. जड़ता ।** | জড়তা | जड़ता | stupefaction. |
| **स्तंभक** | वि. | **स्तंभन करने या रोकनेवाला, रोधक ।** | যাহা থামাইয়া দেয়, রোধক | जाहा थामाइया देय रोधक | stopping, arresting, restraining. |
| **स्तंभन** | पुं. | **1. रोकने की क्रिया या भाव, रुकावट, अवरोध;** | স্তম্ভন, রোধ, নিরোধ; | स्तम्भन, रोध, निरोध; | stopping, obstructing, hindering, arresting, restraining; |
| | | **2. वीर्य आदि को स्खलित होने से रोकना;** | বীর্যপাতাদি নিরোধ; | बीर्जपातादि निरोध; | stopping the flow of semen, retention; |
| | | **3. जड़ या निश्चेष्ट करना, जड़ीकरण ।** | জড়ীকরণ | जड़ीकरन | paralysing, benumbing, stupefying. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तंभित | वि. | 1. जो जड़ या अचल कर दिया गया हो या हो गया हो, जड़ीभूत, निश्चल; | म्तम्भित, जड़ीभृत, निश्चल; | स्तम्भित, जड़ीभूत, निश्चल; | benumbed, paralysed, motionless; |
| | | 2. हक्का-बक्का, विस्मित । | विस्मयादिहेतु, म्तब्ध | बिस्मयादिहेतु, स्तब्ध | flabbergasted, amazed. |
| स्तन | पुं. | 1. स्त्रियों की छाती जिसमें से दूध निकलता है, कुच; | म्तन, पयोधर, कूच; | स्तन, पयोधर, कुच; | breast of a woman, mammary glands; |
| | | 2. मादा पशुओं का थन । | पालान | पालान | udder. |
| स्तब्ध | वि. | 1. जड़ीभूत, निश्चेष्ट; | म्तब्ध, जड़ीभृत, निष्पन्द, म्थिर; | स्तब्ध, जड़ीभूत, निष्पन्द, स्थिर; | motionless, numb, paralysed; |
| | | 2. हक्का-बक्का । | विस्मयाभिभृत | बिस्मयाभिभूत | wonderstruck. |
| स्तर | पुं. | 1. एक दूसरी के ऊपर पड़ी या लगी हुई तह, परत; | म्तर, परत, भाँज; | स्तर, परत, भांज; | fold; |
| | | 2. ऊपर का वह सपाट भाग जो कुछ दूर तक समान रूप से चला गया हो और वैसे दूसरे भागों से अलग या स्वतंत्र हो, तल; | समतलत्व; | समतलत्व; | level; |
| | | 3. भूमि आदि का एक प्रकार का विभाग जो भिन्न-भिन्न कालों में बनी हुई उसकी तहों के आधार पर किया गया हो; | विभिन्न काल-परम्पराय गठित मृत्तिकार विभिन्न म्तर; | बिभिन्न काल-परम्पराय गठित मृत्तिकार बिभिन्न स्तर; | strata, stratum; |
| | | 4. श्रेणी, कोटि, दरजा । | श्रेणी | श्रेनी | standard, grade. |
| स्तवन | पुं. | 1. स्तुति करने की क्रिया या भाव; | म्तवन, म्तवकरण, माहात्म्य कीर्तन; | स्तबन, स्तबकरन, माहात्म्य कीर्तन; | praising, praise, eulogy; |
| | | 2. स्तुति । | म्तुति | स्तुति | a hymn, song of praise, panegyric. |
| स्तुति | स्त्री. | 1. आदर-भाव से किसी के गुणों का कथन करना; | म्तुति, कीर्तन, प्रशंसा; | स्तुति, कीर्तन, प्रशंसा; | praise, eulogy, commendation, laudation; |
| | | 2. वह पद या रचना जिसमें किसी देवता आदि के गुण का बखान हो; | म्तव, म्तोत्र | स्तब, स्तोत्र | a hymn of praise panegyric; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. चापलूसी, चाटुकारी, बड़ाई, खुशामद । | চাটুকারিতা, খোশামোদি | चाटुकारिता, खोशामोदि | adulation, flattery, empty or false praise. |
| स्तुत्य | वि. | स्तुति या प्रशंसा का अधिकारी या पात्र, प्रशंसनीय । | স্তুত্য, স্তুতির বা স্তুত হইবার যোগ্য, স্তবার্হ | स्तुत्य, स्तुतिर बा स्तुत हइबार जोग्य, स्तबार्ह | laudable, commendable, praiseworthy, admirable. |
| स्तूप | पुं. | 1. मिट्टी, पत्थर आदि का ऊंचा ढूह; | স্তূপ, ঢিপি; | स्तूप, ढिपि; | a heap, pile, mound (of earth etc); |
| | | 2. वह ढूह या टीला जो भगवान बुद्ध या किसी बौद्ध महात्मा की अस्थि, दांत, केश आदि स्मृति-चिह्नों को सुरक्षित रखने के लिए उनके ऊपर बनाया गया हो; | বুদ্ধদেবের দেহভস্মাদির উপর রচিত সমাধিস্তম্ভ, বৌদ্ধ সাধুপ্রভৃতির চিতাস্থানে রচিত নির্মিত স্তম্ভাদি; | बुद्धदेबेर देहभस्मादिर उपर रचित समाधिस्तम्भ, बौद्ध साधुप्रभृतिर चितास्थाने रचित निर्मित स्तम्भादि; | a Buddhistic monument, or kind of Top erected for keeping sacred relics, as those of Buddha); |
| | | 3. ऊंचा ढेर । | উঁচু রাশীকৃত-মৃত্তিকাদি | उंचु राशीकृत-मृत्तिकादि | a large or tall heap or pile. |
| स्तोत्र | पुं. | 1. स्तव, स्तुति; | স্তোত্র, স্তব; | स्तोत्र, स्तब; | a hymn of praise, panegyric; |
| | | 2. वह रचना, विशेषत: पद्यबद्ध रचना जिसमें किसी देवता आदि की स्तुति हो । | প্রধানত: পদ্যে রচিত দেবতার স্তব | प्रधानत: पद्ये रचित देबतार स्तब | a panegyrical composition or work especially in verses. |
| स्त्री | स्त्री. | 1. मनुष्य जाति की वयस्क मादा, पुरुष का विपर्याय; | স্ত্রী, নারী, যোষিৎ; | स्त्री, नारी, जोषित्; | a woman; |
| | | 2. पत्नी, जोरू; | পত্নী, জায়া | पत्नी, जाया; | a wife; |
| | | 3. मादा जन्तु, नर या पुरुष का विपर्याय । | মাদী জন্তু | मादी जन्तु | a female of any animal. |
| स्त्रीलिंग | पुं. | हिन्दी व्याकरण में, दो लिंगों में से एक जो स्त्री जाति का अथवा किसी शब्द के अल्पार्थक रूप का वाचक होता है । | স্ত্রীলিংগ,(ব্যাকরণে) স্ত্রীবাচক শব্দ | स्त्रीलिङ्ग,(व्याकरने) स्त्रीबाचक शब्द. | feminine gender. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्त्रैण | वि. | 1. स्त्री या पत्नी के वश में रहनेवाला; | স্ত্রৈণ: স্ত্রীবশ, পত্নীর অতিশয় বাধ্য; | स्त्रैन, स्त्रीबश, पत्नीर अतिशय बाध्य; | henpecked, devoted to women; |
| | | 2 सदा स्त्रियों की मंडली में रहने की प्रवृत्ति रखनेवाला; | মেয়েদের সংগে. থাকতে ভালবাসে এমন; | मेयेदेर सङ्गे थाकते भालबासे एमन; | effeminate, being among women; |
| | | 3. स्त्रियों का सा, स्त्रियों की तरह का । | মেয়েলি, স্ত্রীসুলভ | मेयेलि, स्त्रीसुलभ | suited or belonging to woman, feminine, womanish, womanly. |
| स्थगन | पुं. | 1. सभा की बैठक, बात की सुनवाई अथवा कोई चलता हुआ काम कुछ समय के लिए रोक रखना: | সভা, শুনানি অথবা কোনো চলতি কাজ মুলতুবি রাখা; | सभा, शुनानि अथवा कोनो चलति काज मुलतुबि राखा; | adjournment; |
| | | 2. विचार आदि के लिए कुछ समय तक रोकना । | স্থগিত রাখা, সাময়িক নিবৃত্তি | स्थगित राखा, सामयिक निबृत्ति | postponement, suspension. |
| स्थगन प्रस्ताव | पुं. | वह प्रस्ताव जो विधानसभा, संसद आदि में यह कहकर उपस्थित किया जाता है कि और काम छोड़कर पहले इसी पर विचार होना चाहिए । | মুলতবী প্রস্তাব | मुलतबी प्रस्ताब | adjournment motion. |
| स्थगित | वि. | 1. ठहराया या रोका गया; | স্থগিত, রুদ্ধ, নিবর্তিত; | स्थगित, रुद्ध, निबर्तित; | stopped, interrupted, postponed; |
| | | 2. जो कुछ समय के लिए रोक दिया गया हो, मुलतवी । | মুলতবি | मुलतबि | adjourned. |
| स्थपति | पुं. | वास्तुशास्त्र का ज्ञाता या पंडित, वास्तुविद्, वास्तुशिल्पी । | স্থপতি, গৃহাদি নির্মাণের পরিকল্পনাকারী | स्थपति, गृहादि निर्मानेर परिकल्पनाकारी | architect. |
| स्थल | पुं. | 1. भूमि, जमीन; | স্থল, ভূমি, জমি: | स्थल, भूमि, जमि; | ground, land, soil (in general); |
| | | 2. जल से रहित भूमि, खुश्की; | ডাংগা; | डाङ्गा; | firm or dry ground, dry land; |
| | | 3. स्थान, जगह; | স্থান, জায়গা; | स्थान, जायगा; | place, spot; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. कोई ऐसी जगह जहां कोई विशेष बात, रचना आदि हो या होने को हो; | যে-স্থানে কোনো বিশেষ কথা হয়েছে বা হবে; | जे-स्थाने कोनो बिशेष कथा हयेछे बा हबे; | site, location; |
| | | 5. भूमि का खंड या विभाग, भूभाग; | ভূমিখন্ড; | भूमिखन्ड; | field, tract, venue; |
| | | 6. विषय, प्रकरण, प्रसंग, मज़मून । | বিষয়, প্রকরণ, প্রসংগ | बिषय, प्रकरन, प्रसङ्ग | a topic, case, subject, the point under discussion, a part (as of a book). |
| **स्थलचर** | वि., पुं. | **स्थल पर रहने या विचरण करनेवाला, नभचर और जलचर से भिन्न ।** | স্থলচর, স্থলে বিচরণকারী, স্থলে বাসকারী | स्थलचर, स्थले बिचरनकारी, स्थले बासकारी | living on land, non-aquatic, terrestrial. |
| **स्थलसेना** | स्त्री. | **स्थल या जमीन पर लड़नेवाली फौज, पैदल सिपाही और घुड़सवार आदि, वायु सेना और जलसेना से भिन्न ।** | স্থলসেনা, স্থলবাহিনী | स्थलसेना, स्थलबाहिनी | land forces, army. |
| **स्थली** | स्त्री. | **1. ऐसा मैदान जिसमें सुन्दर प्राकृतिक दृश्य हो;** | স্থলী, যে স্থানে সুন্দর প্রাকৃতিক দৃশ্য আছে; | स्थली, जे स्थाने सुन्दर प्राकृतिक दृश्य आछे; | a natural spot of ground, site, scene; |
| | | **2. जल शून्य भू-भाग, खुश्क जमीन, भूमि;** | ডাংগা, শুষ্ক-জমি; | डाङ्गा, शुष्क जमि; | dry ground, firm land; |
| | | **3. जगह, स्थान ।** | জায়গা, স্থান | जायगा स्थान | place, spot, space. |
| **स्थान** | पुं. | **1. खुला हुआ भूमिभाग, जमीन, मैदान;** | স্থান, জায়গা, জমি, ময়দান; | स्थान, जायगा, जमि, मयदान; | open land, ground, field; |
| | | **2. निश्चित और परिमित स्थितिवाला वह भू-भाग जिसमें कोई बस्ती, प्राकृतिक रचना या कोई विशेष बात हो, जगह, स्थल;** | স্থল, ক্ষেত্র, অঞ্চল, স্থিতিস্থান; | स्थल, क्षेत्र, अञ्चल, स्थितिस्थान; | place, site, spot, location, locality; |
| | | **3. रहने की जगह;** | বাসস্থান; | बासस्थान; | abode, house, dwelling place, residence; |
| | | **4. पद, ओहदा;** | পদ, অধিকার; | पद, अधिकार; | post, office, rank; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. बैठने का वह विशिष्ट स्थान जो निर्वाचित अथवा प्रतिनिधित्व करनेवाले लोगों के लिए होता है; | নির্বাচিত ব্যক্তি বা প্রতিনিধির সীট; | निर्बाचित ब्यक्ति बा प्रतिनिधिर सीट; | place of sitting, seat; |
| | | 6. मुंह के अन्दर का वह अंग या स्थल जहां से किसी वर्ण का उच्चारण हो; | বর্ণের উচ্চারণস্থল; | बर्णेर उच्चारनस्थल; | a place or organ of utterance of any letter; |
| | | 7. अभिनय में अभिनेता का कार्य या चरित्र; | কোনো অভিনয়ের চরিত্র; | कोनो अभिनयेर चरित्र; | character or part of an actor; |
| | | 8. अवकाश, (जगह की) गुंजाइश । | অবকাশ, জায়গার-ফাঁক | अबकाश, जायगार-फांक | space, room, accommodation. |
| स्थानांतर | पुं. | 1. एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की क्रिया या भाव, बदली; | স্থানান্তর, বদলি; | स्थानान्तर, बदलि; | transfer; |
| | | 2. प्रकृत या प्रस्तुत से भिन्न कोई और स्थान, दूसरा स्थान । | অন্যস্থান | अन्यस्थान | another place, different place. |
| स्थानांतरण | पुं. | किसी वस्तु या व्यक्ति को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर पहुंचाना या भेजना, बदली । | স্থানান্তরণ, কোনো বস্তু বা ব্যক্তিকে অন্যস্থানে প্রেরণ, বদলি | स्थानान्तरन, कोनो बस्तु बा ब्यक्तिके अन्यस्थाने प्रेरन बदलि | transfer, transferrence. |
| स्थानांतरित | वि. | जो अपने पहले स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर भेज दिया गया हो । | স্থানান্তরিত, এক কর্মস্থান হইতে বদলি হইয়া ভিন্ন কর্ম-স্থানে নিযুক্ত | स्थानान्तरित, एक कर्मस्थान हइते बदलि हइया भिन्न कर्म-स्थाने नियुक्त | transferred, removed from one place to another. |
| स्थानापन्न | वि. | 1. जिसने किसी दूसरे का स्थान ग्रहण किया हो, एवजी; | স্থানাপন্ন, বদলি; | स्थानापन्न, बदलि; | substituted in place of another, a substitute; |
| | | 2. शासनिक क्षेत्र में किसी अधिकारी की अस्वस्थता, अनुपस्थिति या अविद्यमानता में उसके स्थान पर अस्थायी रूप से काम करने वाला । | অস্থায়ী, স্থলাভিষিক্ত | अस्थायी, स्थलाभिषिक्त | acting, officiating. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्थानिक | वि. | किसी स्थान विशेष में ही होने-वाला, जिसका क्षेत्र किसी स्थान विशेष तक ही सीमित हो, स्थानीय । | স্থানিক, স্থানীয় | स्थानिक, स्थानीय | belonging to a place, local, endemic. |
| स्थानीकरण | पुं. | इधर-उधर या दूर तक फैले हुए कामों, व्यापारों आदि को नियंत्रित करके एक केंद्र या स्थान में आबद्ध या सीमित करना । | স্থানবিশেষ সীমাবদ্ধ করা | स्थानविशेष सीमाबद्ध करा | localisation. |
| स्थानीय | वि. | उस स्थान या नगर का जिसके संबंध में कोई उल्लेख हो, स्थान विशेष का, मुकामी, स्थानिक । | স্থানীয়, তৎস্থানস্থ, তৎস্থানভব, নির্দিষ্ট স্থানের, স্থানিক | स्थानीय, तत्स्थानस्थ, तत्स्थानभव, निर्दिष्ट स्थानेर, स्थानिक | belonging to a place, local, endemic. |
| स्थापक | पुं. | 1. स्थापन या स्थापना करने-वाला, बनानेवाला, प्रवर्तक, संस्थापक; | স্থাপক, স্থাপনকারী প্রতিষ্ঠাপয়িতা; | स्थापक, स्थापनकारी, प्रतिष्ठापयिता; | founder, establisher; |
| | | 2. खड़ा करनेवाला, स्थिर करनेवाला; | যে খাড়া করে, স্থৈর্যপ্রদানকারী; | जे खाड़ा करे, स्थैर्जप्रदानकारी; | fixer, erector; |
| | | 3. भारतीय नाट्यशास्त्र में वह नट जो पूर्वरंग में सूत्रधार के मंगलाचरण करके चले जाने पर रंगमंच पर आकर नाटक की कथावस्तु और उसके काव्यार्थ की स्थापना करता अर्थात् सूचना देता है | (ভারতীয় নাট্য শাস্ত্রে) সূত্র ধারকৃত পূর্বরঙ্গের পরে যিনি রঙ্গে প্রবেশ-পূর্বক নাটকের কথাবস্তু ও কাব্যার্থ স্থাপিত করেন | (भारतीय नाट्य शास्त्रे) सूत्र धारकृत पूर्वरङ्गेर परे जिनि रङ्गे प्रवेश-पूर्बक नाटकेर कथाबस्तु ओ काब्यार्थ स्थापित करेन | (in drama) a kind of stage director. |
| स्थापत्य | पुं. | 1. स्थपति का अर्थात् मकान आदि बनाने का कार्य, वास्तुकला, राजगीरी, मेमारी; | স্থাপত্য, স্থপতি-কর্ম, গৃহাদিনির্মাণ বা গৃহাদিনির্মাণ-পরিকল্পনা; | स्थापत्य, स्थपति-कर्म गृहादिनिर्मान वा गृहादिनिर्मान-परिकल्पना; | architecture; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. भवन बनाने की विद्या, वास्तुविज्ञान । | গৃহনির্মাণ করা, বস্তুবিজ্ঞান | गृहनिर्मान करा, बस्तुबिज्ञान | science of architecture. |
| स्थापत्य-कला | स्त्री. | वास्तुकला । | স্থাপত্য কলা | स्थापत्य कला | architecture. |
| स्थापन | पुं. | 1. उठाना या खड़ा करना; | স্থাপন, নির্মাণ; | स्थापन. निर्मान; | erection; |
| | | 2. दृढ़तापूर्वक जमाना, रखना या बैठाना; | শক্ত করিয়া বসান; | शक्त करिया बसान; | placing, fixing, installing up; |
| | | 3. कोई नई संस्था या व्यापारिक कारोबार खड़ा करना; | কোন সংস্থা বা ব্যবসায় প্রতিষ্ঠা করা; | कोन संस्था वा ब्यबसाय प्रतिष्ठा करा; | establishing, establishment, setting up; |
| | | 4. कोई मत या विचार युक्तिपूर्वक लोगों के सामने रखना, प्रतिपादन । | কোনো মত যুক্তিসহকারে উপস্থাপন | कोनो मत जुक्तिसहकारे उपस्थापन | propounding, founding, enunciating. |
| स्थापना | स्त्री. | 1. स्थापित करने की क्रिया या भाव, स्थापन, दृढ़ता-पूर्वक जमाना, खड़ा करना या व्यवस्थित रूप देना; | স্থাপনা, স্থাপন; | स्थापना, स्थापन; | placing, fixing, erecting, establishing, setting up, installing; |
| | | 2. तर्क, प्रमाण, युक्ति आदि के द्वारा अपना पक्ष या मत ठीक सिद्ध करते हुए दूसरों के सामने रखना, प्रतिपादन, निरूपण; | স্বীয় মত বা সিদ্ধান্ত যুক্তি-প্রমাণাদি সহ প্রতিষ্ঠা করণ, প্রতিপাদন; | स्वीय मत बा सिद्धान्त जुक्ति-प्रमानादि सह प्रतिष्ठ करन, प्रतिपादन; | propounding, enunciation, exposition; |
| | | 3. स्थापित किया गया एकक, संस्था या संगठन; | প্রতিষ্ঠিত সংস্থা, প্রতিষ্ঠান; | प्रतिष्ठित संस्था, प्रतिष्ठान; | establishment; |
| | | 4. भारतीय नाट्यशास्त्र में नाटक के पूर्वरंग में सूत्रधार के द्वारा मंगलाचरण हो चुकने के बाद स्थापक नामक नट के द्वारा इस बात का सूचित किया जाना कि नाटक की कथावस्तु और उसका काव्यार्थ क्या है । | (ভারতীয় নাট্যশাস্ত্রে) সূত্রধারকৃত পূর্ব-রঙ্গের পরে মঞ্চে প্রবেশপূর্বক স্থাপক কর্তৃক নাটকের কথা-বস্তু ও কাব্যার্থ স্থাপন ~ | (भारतीय नाट्यशास्त्रे) सूत्रधारकृत पूर्ब-रङ्गेर परे मञ्चे प्रबेशपूर्बक स्थापक कर्तृक नाटकेर कथा-बस्तु ओ काब्यार्थ स्थापन | prologue of the drama. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्थापित | वि. | 1. जिसकी स्थापना की गई हो, कायम किया हुआ; | স্থাপিত, স্থাপন করা হইয়াছে এমন, প্রতিষ্ঠিত; | स्थापित, स्थापन करा हइयाछे एमन, प्रतिष्ठित; | founded, instituted, established; |
| | | 2. प्रतिपादित, प्रस्तुत किया हुआ, प्रवर्तित; | প্রতিপাদিত, প্রবর্তিত; | प्रतिपादित, प्रबर्तित; | propounded, enunciated; |
| | | 3. खड़ा किया हुआ; | নির্মিত; | निर्मित; | set up, raised, erected; |
| | | 4. स्थिर किया हुआ, किसी स्थान पर जमाया हुआ । | স্থির করা হইয়াছে এমন কোনো স্থানে বসান | स्थिर करा हइयाछे एमन कोनो स्थाने बसान | placed, fixed, located, deposited, installed. |
| स्थायित्व | पुं. | 1. स्थायी होने की अवस्था, गुण, धर्म या भाव, सदा स्थित या बने रहने का भाव; | স্থায়িত্ব, স্থায়ী হওয়ার অবস্থা, গুণ, ধর্ম, ভাব ইত্যাদি; | स्थायित्व, स्थायी हओयार अबस्था, गुन, धम, भाब इत्यादि; | permanency; |
| | | 2. टिकाऊपन । | স্থায়ীর মত, টেকসই অবস্থা | स्थायीर मत, टेकसइ अबस्था | stability, durability. |
| स्थायिवत् | वि. | स्थायी के समान । | স্থায়ীর মত | स्थायीर मत | quasi-permanent, as good as permanent. |
| स्थायी | वि. | 1. सदा स्थित रहनेवाला, हमेशा बना रहने वाला; | স্থায়ী, স্থিতিশীল; | स्थायी, स्थितिशील; | permanent; |
| | | 2. बहुत दिनों तक चलनेवाला, टिकाऊ; | টেকসই, দীর্ঘকাল ব্যবহারযোগ্য; | टेकसइ, दीर्घकाल ब्यबहारजोग्य; | stable, durable, lasting; |
| | | 3. स्थिर, अटल, नियत । | স্থির, অটল, নিশ্চিত | स्थिर, अटल, निश्चित | steady, firm, regular, invariable. |
| स्थायीकरण | पुं. | 1. किसी वस्तु, कार्य या बात को स्थायी रूप देना; | স্থায়ীকরণ, স্থায়ী রূপদান; | स्थायीकरन, स्थायी, रूपदान; | prepetuation; |
| | | 2. किसी पद पर अस्थायी रूप से या परीक्षण के रूप में काम करनेवाले व्यक्ति को उस पद पर स्थायी रूप से नियत करना, पुष्टीकरण । | কোনো পদে পাকাপাকি নিয়োগ সন্নিয়োগ | कोनो पदे पाकापाकि नियोग सन्नियोग | confirmation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्थावर** | वि. | **1. एक ही जगह स्थिर रहने-वाला, अपनी जगह से न हटनेवाला;** | স্থাবর, নিশ্চল, জংগমেতর, অচর; | सथावर, निश्चल, जङ्गमेतर, अचर; | fixed to one spot, stable, stationary, not moving; |
| | | **2. अचल (उदा. अचल संपत्ति) ।** | স্থানান্তরিত করা যায় না এমন | स्थानान्तरित करा जाय ना एमन | not mobile, immovable (as property). |
| **स्थित** | वि. | **1. किसी स्थान पर खड़ा, ठहरा या बना हुआ;** | স্থিত, অবস্থিত, দন্ডায়মান, খাড়া; | स्थित, अवस्थित, दन्डायमान, खाड़ा; | stood, remained, stayed, situated; |
| | | **2. बसा हुआ;** | অবস্থান করছে এমন; | अवस्थान करछे एमन; | staying, resting, living, being, existing, situated, happened, occurred; |
| | | **3. दृढ़, पक्का;** | দৃঢ়, পাকা; | दृढ़, पाका; | steady, firm, determined, resolved; |
| | | **4. प्रतिष्ठित या प्रस्थापित किया हुआ;** | প্রতিষ্ঠিত, স্থাপিত; | प्रतिष्ठित, स्थापित; | established; |
| | | **5. बैठा हुआ;** | আসীন; | आसीन; | sitting, set; |
| | | **6. अचल;** | অচল; | अचल; | stable, immovable, stationary; |
| | | **7. उपस्थित, मौजूद ।** | উপস্থিত | उपस्थित | present. |
| **स्थिति** | स्त्री. | **1. स्थित होने की क्रिया, दशा या भाव, रहना या होना, अवस्थान;** | স্থিতি, অবস্থান; | स्थिति, अबस्थान; | situation, location, site; |
| | | **2. एक ही स्थान पर या एक ही रूप में बना रहना, टिकाव, ठहराव;** | গতিনিবৃত্তি, স্থিরতা; | गतिनिवृत्ति, स्थिरता; | stopping, standing still, continuance in one state; |
| | | **3. दशा, हालत, अवस्था;** | দশা, অবস্থা, হাল; | दशा, अवस्था, हाल; | state, condition, natural state, nature, habit; |
| | | **4. पद, मर्यादा आदि के विचार से समाज में किसी को प्राप्त होनेवाला स्थान;** | পদমর্যাদাভিত্তিক সামাজিক অবস্থান; | पदमर्जादाभित्तिक सामाजिक अबस्थान; | rank, dignity, position; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. किसी व्यक्ति, संस्था आदि की वह विधि, दशा या मर्यादा जो उसे अपने क्षेत्र में कुछ निश्चित सीमा में प्राप्त होती है और जो इसके पद, सम्मान आदि की सूचक होती है; | প্রতিষ্ঠা, মর্যাদা; | प्रतिष्ठा, मर्जादा; | status; |
| | | 6. वे बातें जो कोई पक्ष अपने वक्तव्य, अभियोग, आरोप आदि के संबंध में कहता या उपस्थित करता है; | কোনো পক্ষ আপন বক্তব্য উপস্থিত করে বা উপস্থিত কথাবার্তা বলে; | कोनो पक्ष आपन बक्तब्य उपस्थित करे वा उपस्थित कथावार्ता वले; | case; |
| | | 7. अस्तित्व; | অস্তিত্ব; | अस्तित्व; | existence; |
| | | 8. किसी कार्य आदि की प्रगति की अवस्था, चरण, मंजिल । | কোনো কার্যাদির অগ্রগতির অবস্থা, স্তর | कोनो कार्जादिर अग्रगतिर अवस्था, स्तर | stage, phase. |
| स्थिर | वि. | 1. सदा एक ही दशा, रूप या स्थिति में रहनेवाला, अचल, निश्चल; | স্থির, অচল, নিশ্চল, নিত্য; | स्थिर, अचल, निश्चल नित्य; | constant, steady, firm, permanent; |
| | | 2. बहुत दिनों तक या सदा ज्यों का त्यों रहनेवाला, स्थायी; | দীর্ঘকালস্থায়ী, বহুকাল যাহা একই রকম থাকে এমন; | दीर्घकालस्थायी, बहुकाल जाहा एकइ रकम थाके एमन; | stable, enduring, lasting, permanent; |
| | | 3. इस प्रकार निश्चित किया हुआ जिसमें जल्दी या सहज में कोई परिवर्तन या हेरफेर न हो सके; | পরিবর্তন-রহিত; | परिबर्तन-रहित; | established, fixed; |
| | | 4. जो किसी स्थान पर पहुंच कर स्थायी रूप से रुक या ठहर गया हो, एक ही जगह पर बहुत दिनों तक टिका रहनेवाला; | স্থাবর, নিবৃত্তগতি; | स्थाबर, निबृत्तगति; | stationary, not moving, immovable, still; |
| | | 5. धीर, शांत; | ধীর, শান্ত; | धीर, शान्त; | quiescent, calm, pacific; |
| | | 6. एक ही स्थान पर पड़ा, बैठा या लगाया हुआ । | একই স্থানে নিবদ্ধ | एकइ स्थाने निबद्ध | placed, fixed, located. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्थिरता | स्त्री. | 1. स्थिर रहने या होने की अवस्था, गुण या भाव, एक ही दशा, रूप या स्थिति में रहना, निश्चलता, स्थैर्य; | স্থিরতা, স্থিরভাব, নিশ্চলতা, স্থৈর্য; | स्थिरता, स्थिरभाब, निश्चलता, स्थैर्ज; | constancy, steadiness, firmness; |
| | | 2. स्थायित्व; | স্থায়িত্ব; | स्थायित्ब; | stability, permanence; |
| | | 3. धीरता; | ধীরতা; | धीरता; | quiescence, poise, calmness; |
| | | 4. दृढ़ता, मजबूती । | দৃঢ়তা | दृढ़ता | fixity, firmness. |
| स्थूल | वि. | 1. भारी और मोटे अंगोंवाला, मोटा; | স্থূল, মোটা; | स्थूल, मोटा; | fat, corpulent, stout, bulky, massive; |
| | | 2. तुरन्त या बिना परिश्रम के समक्ष में आनेवाला; | বিনা পরিশ্রমে অনায়াসে বুঝা যায়; | बिना परिश्रमे अनायासे बुझा जाय; | plain, which has no subtlety; |
| | | 3. जिसमें छोटे और बारीक अंगों का विचार न हो, मोटे तौर पर अनुमान किया हुआ; | যাহাতে সূক্ষ্ম চিন্তার অবকাশ নাই, মোটাবুদ্ধিতে যাহা ভাবা হইয়াছে; | जाहाते सूक्ष्म चिन्तार अबकाश नाइ मोटाबुद्धिते जाहा भाबा हइयाछे; | rough; |
| | | 4. अभी जिसमें से लागत, व्यय आदि न निकाला गया हो, कुल, सकल, समग्र; | সকল, সমগ্র; | सकल, समग्र; | gross; |
| | | 5. अपरिष्कृत, मोटा । | অপরিষ্কৃত, মোটা | अपरिष्कृत, मोटा | coarse, thick. |
| स्थूलकाय | वि. | भारी भरकम शरीरवाला.। | স্থূলকায়, স্থূলদেহ | स्थुलकाय, स्थूलदेह | fat, corpulent, bulky. |
| स्थूलता | स्त्री. | 1. स्थूल होने की अवस्था, गुण या भाव, स्थूलत्व, सूक्ष्मता से रहित होना; | স্থূলতা, স্থূলত্ব, সূক্ষ্মতার অভাব; | स्थूलता, स्थूलत्ब, सूक्ष्मतार अभाब; | the state of being easily understood, ordinary, unsubtleness; |
| | | 2. मोटाई, मोटापा; | পীবরত্ব, মেদমাংসবহুলতা; | पीबरत्ब, मेदमांसबहुलता; | fatness, corpulence, stoutness; |
| | | 3. भारीपन; | গুরুভারযুক্ততা, প্রকান্ডত্ব; | गुरुभारजुक्तता, प्रकान्डत्ब; | bulkiness, largeness; |
| | | 4. (कपड़े आदि का) मोटापन, गाढ़ापन । | বস্ত্রাদির অসূক্ষ্মত্ব | बस्त्रादिर असूक्ष्मत्ब | coarseness, thickness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्नात | वि. | जिसने स्नान किया हो, नहाया हुआ । | স্নাত, স্নান করিয়াছে এমন, কৃতস্নান | स्नात, स्नान करियाछे एमन, कृतस्नान | bathed, washed, purified by ablution. |
| स्नातक | पुं. | 1. वह जिसने किसी विश्वविद्यालय की कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो; | স্নাতক, গ্রাজুয়েট; | स्नातक, ग्राजुयेट; | graduate, bachelor; |
| | | 2. वह जिसने विद्या का अध्ययन और ब्रह्मचर्य व्रत समाप्त कर लिया हो । | যে ছাত্র বিদ্যাশিক্ষান্তে ব্রহ্মচর্যসমাপ্তি-সূচক স্নান করিয়াছে | जे छात्र बिद्याशिक्षान्ते ब्रह्मचर्जसमाप्ति-सूचक स्नान करियाछे | one who has completed his studies and Brahmacharya period. |
| स्नातकोत्तर | वि. | स्नातक हो जाने के बाद का अध्ययन या परीक्षा । | স্নাতকোত্তর | स्नातकोत्तर | post-graduate. |
| स्नान | पुं. | 1. स्वच्छ या शीतल करने के लिए सारा शरीर जल से धोना या जलराशि में प्रवेश कर नहाना; | স্নান, অবগাহন, নাওয়া, সর্বাংগ প্রক্ষালন বা ধৌত করা; | स्नान, अवगाहन, नाओया, सर्बाङ्ग प्रक्षालन बा धौत करा; | bathing, washing, ablution, to take a dip in water; |
| | | 2. किसी वस्तु या व्यक्ति का धूप, वायु आदि के सामने इस प्रकार रखना या बैठना, लेटना अथवा होना कि सारे शरीर या पूरे पदार्थ पर उसका प्रभाव पड़े । | কোন বস্তু বা ব্যক্তির গায়ে রৌদ্র বাতাস লাগান | कोन बस्तु बा ब्यक्तिर गाये रौद्र बातास लागान | to place or bask in sun. |
| स्नानागार | पुं. | स्नान-गृह, गुसलखाना । | স্নানাগার | स्नानागर | bath-room. |
| स्नायविक | वि. | स्नायु-संबंधी, स्नायु का, स्नायवीय । | স্নায়বিক, স্নায়ুসম্বন্ধী, স্নায়বীয় | स्नायबिक, स्नायुसम्बन्धी, स्नायबीय | pertaining to nerves, nervous, ligamentary. |
| स्नायु | पुं. | रग, नाड़ी, नस, तंत्रिका । | স্নায়ু, নাড়ি, রগ | स्नायु, नाड़ि, रग | nerve, sinew, tendon, muscle, ligament. |
| स्नायुमंडल | पुं. | तंत्रिका-तंत्र । | স্নায়ুমন্ডল | स्नायुमंडल | nervous system. |
| स्निग्ध | वि. | 1. जिसमें स्नेह या तेल रहता हो या लगा हो, चिकनाहट युक्त; | স্নিগ্ধ, স্নেহপদার্থযুক্ত, তেল কুচকুচে; | स्निग्ध, स्नेहपदार्थजुक्त, तेल कुचकुचे; | oily, unctuous, greasy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो खुरदरा न हो, चिकना, मसृण; | চিক্কন, মসৃণ; | चिक्कन, मसृन; | smooth, not rough, glossy; |
| | | 3. जिसमें स्नेह या प्रेम हो । | স্নেহপূর্ণ, প্রেমপূর্ণ | स्नेहपूर्न, प्रेमपूर्न | loving, affectionate, friendly, attached, tender. |
| स्नेह | पुं. | 1. प्रेमियों, हमजोलियों, बच्चों आदि के प्रति होने-वाला प्रेमभाव; | স্নেহ, বাৎসল্য, ভালবাসা, প্রীতি, প্রেম; | स्नेह, बात्सल्य, भालबासा, प्रीति, प्रेम; | affection, love, kindness, tenderness; |
| | | 2. चिकना पदार्थ, चिकनाहट-वाली चीज़; | তৈলময়, দ্রব্য; | तैलमय द्रब्य; | grease, fat, any unctuous substance, lubricant; |
| | | 3. तेल; | তেল; | तेल; | oil; |
| | | 4. चिकनाहट, चिकनापन, लसीलापन । | চিক্কনতা, মসৃণতা | चिक्कनता, मसृनता | oiliness, viscidity, unctuousness, lubricity. |
| स्नेहक | पुं. | तेल या वह चिकना पदार्थ जो यंत्रों के कल-पुर्जों आदि में उन्हें सरलता से चलाने के लिए डाला जाता है । | তৈলময়দ্রব্য | तैलमयद्रब्य | a lubricant, lubrication oil. |
| | वि. | 1. चिकना करनेवाला; | মসৃণতাসাধক; | मसृनतासाधक; | lubricating; |
| | | 2. स्नेही, प्रेमी । | স্নেহশীল | स्नेहशील | kind, affectionate. |
| स्नेहपात्र | वि. | जिसके प्रति स्नेह हो, स्नेह-भाजन, प्यारा व्यक्ति, प्रेम पात्र । | স্নেহপাত্র, স্নেহভাজন, ভালবাসার পাত্র | स्नेहपात्र, स्नेहभाजन, भालबासार पात्र | object of love, beloved. |
| स्नेही | वि. | स्नेह करनेवाला, प्रेमयुक्त । | স্নেহী, স্নেহময় | स्नेही, स्नेहमय | affectionate, tender, loving. |
| | पुं. | 1. प्रेमी; | প্রেমিক; | प्रेमिक; | lover; |
| | | 2. मित्र । | মিত্র | मित्र | friend. |
| स्पंद | पुं. | 1. धीरे-धीरे हिलना या काँपना, कंपन; | স্পন্দ, মৃদু কম্পন; | स्पन्द, मृदु कम्पन; | vibration, tremor, quiver; |
| | | 2. स्पंदन की क्रिया में होनेवाला हल्का आघात या फड़क, प्रस्फुरण; | স্পন্দনজনিত মৃদু আঘাত, প্রস্ফুরণ; | स्पन्दनजनित मृदु आघात प्रस्फुरन; | pulse, throb; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. गति । | গতি | गति | motion, movement. |
| स्पंदन | पुं. | 1. धीरे-धीरे हिलना या कांपना; | স্পন্দন, মৃদু কম্পন; | स्पन्दन, मृदु कम्पन; | vibration, tremor, quivering, trembling; |
| | | 2. जीवों के शरीर में रक्त के प्रवाह या संचार के कारण कुछ रुक-रुक कर होनेवाली वह गति जो हृदय के बार-बार फूलने और संकुचित होने से आघात या झटके के रूप में उत्पन्न होती है, धड़कन, फड़क, प्रस्फुरण; | হৃৎস্পন্দন, নাড়ীর স্পন্দন, ধুকধুকানি, প্রস্ফুরণ; | हृत्स्पन्दन, नाड़ीर स्पन्दन, धुकधुकानि, प्रस्फुरन; | beat, pulsation; |
| | | 3. गति । | গতি | गति | movement, motion. |
| स्पंदित | वि. | 1. जिसमें स्पंदन उत्पन्न हुआ हो या किया गया हो, हिलता या कांपता हुआ; | স্পন্দিত, স্পন্দনযুক্ত, কম্পিত; | स्पन्दित, स्पन्दनजुक्त, कम्पित; | vibrated, quivered, trembled; |
| | | 2. धड़कता हुआ (हृदय), फड़कता हुआ, प्रस्फुरित । | ধুক্‌ধুক্ করে এমন, প্রস্ফুরিত | धुक्धुक् करे एमन, प्रस्फुरित | throbbed, pulsated. |
| स्पर्द्धा (स्पर्धा) | स्त्री. | 1. प्रतियोगिता आदि में किसी से होनेवाली होड़; | স্পর্ধা, প্রতিযোগিতায় আস্ফালন; | स्पर्धा, प्रतिजोगिताय आस्फालन; | rivalry, competition; |
| | | 2. किसी में कोई अच्छी बात देखकर सद्भावपूर्वक उसके समान होने की कामना; | গুণাদির ক্ষেত্রে প্রতিযোগিতা; | गुनादिर क्षेत्रे प्रतिजोगिता; | emulation; |
| | | 3. ईर्षा, डाह । | ঈর্ষা | ईर्षा | jealousy, envy. |
| स्पर्श | पुं. | 1. त्वचा का वह गुण जिससे छूने, दबने आदि का अनुभव होता है; | স্পর্শ, ত্বকের গুণ; | स्पर्ष, त्वकेर गुन; | the quality of tangibility, touch, feel; |
| | | 2. एक वस्तु के तल का दूसरी वस्तु के तल से सटना या छूना, संपर्क, संस्पर्श । | ছোঁয়া, সম্পর্ক, সংস্পর্শ | छोंया, सम्पर्क, संस्पर्श | contact. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्पष्ट** | वि. | 1. जिसे देखने, समझने, सुनने आदि में नाम की भी कोई कठिनता या बाधा न हो, बिलकुल साफ; | স্পষ্ট, কিছু গোপন নাই এমন, একেবারে পরিষ্কার; | स्पष्ट, किछु गोपन नाइ एमन, एकेबारे परिष्कार; | distinct, clear, apparent, evident, obvious, manifest, intelligible, easy, plain; |
| | | 2. (बात या व्यवहार) जिसमें किसी तरह का छल-कपट या धोखा न हो, निष्कपट, सत्यतापूर्ण । | অকপট, সরল | अकपट, सरल | straightforward, honest, real. |
| **स्पष्टता** | स्त्री. | 1. स्पष्ट होने की अवस्था, गुण या भाव; | স্পষ্টতা, স্পষ্ট হওয়ার অবস্থা, গুণ বা ভাব; | स्पष्टता, स्पष्ट हओयार अबस्था, गुन बा भाब; | distinctness, clearness, plainness, obviousness, clarity; |
| | | 2. निष्कपटता । | অকপটতা | अकपटता | straight-forwardness. |
| **स्पष्टवादिता** | स्त्री. | स्पष्टवादी होने की अवस्था, गुण या भाव । | স্পষ্টবাদিতা, স্পষ্টভাষিতা | स्पष्टबादिता, स्पष्टभाषित | quality of being outspoken, out-spokenness, plain, speaking, straight-forwardness. |
| **स्पष्टवादी** | वि. | साफ-साफ कहनेवाला, स्पष्टवक्ता, स्पष्टभाषी । | স্পষ্টবাদিতা, স্পষ্টভাষিতা | स्पष्टबादिता, स्पष्टभाषिता | outspoken, straightforward, plain-spoken. |
| **स्पष्टीकरण** | पुं. | 1. किसी अपने किए हुए कार्य के विषय में आपत्ति होने पर यह बतलाना कि किन कारणों से यह काम इस रूप में किया गया है; | স্পষ্টীকরণ, কোনো বিষয়ের আপত্তি-সূত্রে কোনো কৃতকর্মের কারণ বিশ্লেষণ; | स्पष्टीकरन, कोनो बिषयेर आपत्ति सूत्रे कोनो कृतकर्मेर कारन बिश्लेषन; | explanation; |
| | | 2. कोई बात इस प्रकार स्पष्ट या साफ करना कि उसके संबंध में कोई भ्रम न हो; | স্পষ্টবাচন-মাধ্যমে যে-কোনো বিষয়ে ভ্রম নিরসন; | स्पष्टबाचन-माध्यमे जे-कोनो बिषय भ्रम निरसन: | making clear or intelligible, elucidation; |
| | | 3. जो बात स्पष्ट होने से रह गई हो उसे इस प्रकार स्पष्ट करना कि औरों का भ्रम दूर हो जाए । | অস্পষ্ট কোনো বিষয় এমন ভাবে স্পষ্ট করা যাতে অপর সকলের ভ্রম নিরসন হয় | अस्पष्ट कोनो बिषय एमन भाबे स्पष्ट करा जाते अपर सकलेर भ्रम निरसन हय | clarification. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्पृहणीय** | वि. | जिसके लिए स्पृहा अर्थात अभिलाषा या कामना की जा सके, वांछनीय । | স্পৃহণীয়, ঈপ্সিতব্য, বাঞ্ছনীয় | स्पृहनीय, इप्सितब्य, बान्छनीय | to be desired or longed for, desirable. |
| **स्पृहा** | स्त्री. | किसी अच्छे काम, चीज या बात की प्राप्ति अथवा सिद्धि के लिए मन में होनेवाली अभिलाषा, इच्छा या कामना । | স্পৃহা, অভিলাষ, আকাঙ্ক্ষা, কামনা | स्पृह, अभिलाष, आकाङ्क्षा, कामना | desire, eagerness, ardent wish, longing. |
| **स्फटिक** | पुं. | एक प्रकार का सफेद बहुमूल्य पारदर्शी पत्थर या रत्न जिसका व्यवहार मालाएं, मूर्तियाँ आदि बनाने में होता है, बिल्लौर । | স্ফটিক, স্বচ্ছ প্রস্তরবিশেষ, সূর্যকান্তমণি | स्फटिक, स्वच्छ प्रस्तरबिशेष, सूर्जकान्तमनि | a crystal, quartz, pebble. |
| **स्फीत** | वि. | 1. फूला या उभरा हुआ; | স্ফীত; | स्फीत; | inflated, puffed up, swelled up; |
| | | 2. बढ़ा हुआ, वर्धित । | বর্ধিত, বৃদ্ধিপ্রাপ্ত | बर्धित, बृद्धिप्राप्त | grown, increased. enlarged. |
| **स्फीति** | स्त्री. | 1. स्फीत होने की अवस्था, गुण या भाव, स्फीतता, फुलाव; | স্ফীতি, ফুলিয়া বা ফাঁপিয়া উঠা; | स्फीति, फुलिया बा फाँपिया उठा; | puff, swelling, inflation; |
| | | 2. (मुद्रा का) बढ़ जाना, (मुद्रा का) प्राचुर्य या वृद्धि । | বৃদ্ধি, প্রাচুর্য, (মুদ্রাস্ফীতি) | बृद्धि, प्राचुर्ज, (मुद्रास्फिति) | inflation (of money). |
| **स्फुट** | वि. | 1. खुला या खिला हुआ, विकसित; | স্ফুট, বিকশিত, ফুল্ল; | स्फुट, बिकसित, फुल्ल; | opened, blown, expanded; |
| | | 2. स्पष्ट, व्यक्त; | স্পষ্ট, ব্যক্ত; | स्पष्ट, ब्यक्त; | clear, plain, distinct, manifest, apparent; |
| | | 3. अनिश्चित प्रकारों या वर्गों का फुटकर । | বিবিধ | बिबिध | miscellaneous. |
| **स्फुटित** | वि. | 1. विकसित, खुला हुआ; | স্ফুটিত, বিকশিত; | स्फुटित, बिकसित; | budded, blown, expanded; |
| | | 2. मुंह से कहकर या और किसी प्रकार स्पष्ट रूप से प्रकट या व्यक्त हुआ । | স্পষ্টীকৃত | स्पष्टीकृत | made clear, manifest, shown. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्फुरण** | पुं. | **1. किसी पदार्थ का जरा-जरा कांपना, लहराना या हिलना;** | স্ফুরণ, কিঞ্চিৎ কম্পন, স্পন্দন; | स्फुरन, किञ्चित कम्पन, स्पन्दन; | throbbing, quivering, trembling (in general); |
| | | **2. अंग का फड़कना जो शुभाशुभ का सूचक होता है;** | বিবিধ অংগের শুভাশুভসূচক কম্পন; | बिबिध अङ्गेर शुभाशुभसूचक कम्पन; | throbbing or quivering of certain parts of the body (indicating good or bad luck); |
| | | **3. स्फूर्ति;** | স্ফূর্তি; | स्फूर्ति; | agility, quickness; |
| | | **4. मन या मस्तिष्क में किसी भाव का सहसा उत्पन्न होना ।** | মনে সহসা কোনো ভাবের উদয় হওয়া | मने सहसा कोनो भाबेर उदय हओया | flashing on the mind. |
| **स्फुरित** | वि. | **1. स्फुरणयुक्त, कांपता, लहराता या हिलता हुआ;** | স্ফুরিত, কম্পিত, স্পন্দিত; | स्फुरित, कम्पित, स्पन्दित; | trembling, throbbing, quivering, shaking (in general); |
| | | **2. (अंग) जिसमें फड़कन होता हो;** | (চোখ ইত্যাদি) দপ দপ করিতেছে এমন; | (चोख इत्यादि) दप दप करितेछे एमन; | thrilled, throbbed, throbbing (of eyes etc.); |
| | | **3. (बात) जो मन में सहसा उत्पन्न हुई हो ।** | (কোনো কথা) মনে সহসা উদিত হইয়াছে এমন | (कोनो कथा) मने सहसा उदित हइयाछे एमन | flashed on the mind (as an imagination). |
| **स्फुलिंग** | पुं. | **वह जलता हुआ चमकीला कण जो जलती हुई या जोर से रगड़ी जानेवाली चीजों में से निकलकर उड़ता हुआ दिखाई देता है, चिनगारी ।** | স্ফুলিংগ, আগুনের ফুলকি | स्फुलिङ्ग, आगुनेर फुलकि | a spark (of fire). |
| **स्फूर्ति** | स्त्री. | **1. तेजी, फुरती;** | স্ফূর্তি, সানন্দ উৎসাহ, ফূর্তি; | स्फुर्ति, सानन्द उत्साह, फुर्ति; | agility, smartness, quickness; |
| | | **2. धीरे-धीरे हिलना, फड़कना, स्फुरण;** | কম্পন, স্ফুরণ; | कम्पन, स्फुरन; | throbbing, shaking, vibration; |
| | | **3. किसी काम या बात के लिए मन में होनेवाला किसी विचार का आकस्मिक आविर्भाव ।** | কোনো ভাব বা চিন্তার মনে সহসা উদয় | कोनो भाब बा चिन्तार मने सहसा उदय | flashing on the mind. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्फोट** | पुं. | 1. अन्दर से भर जाने के कारण किसी वस्तु के ऊपरी आवरण का फटना और उसके भीतर की वस्तुओं का वेगपूर्वक बाहर निकलना, फूटना, फूटकर निकलना; | স্ফোট, ফাটা, ফাটিয়া যাওয়া; | स्फोट, फाटा, फाटिया जाओया; | breaking forth, splitting open, busting, eruption; |
| | | 2. फटना, विस्फोट; | বিদারণ; | बिदारन; | explosion; |
| | | 3. शरीर पर होनेवाला फोड़ा; | ফোড়া; | फोड़ा; | boil; |
| | | 4. नित्य शब्द । | নিত্য শব্দ | नित्य शब्द | eternal sound. |
| **स्फोटक** | वि. | स्फोट उत्पन्न करनेवाला, फट पड़नेवाला, विस्फोटक । | স্ফোটক, বিস্ফোরক | स्फोटक, बिस्फोरक | explosive. |
| | पुं. | फोड़ा । | ফোড়া | फोड़ा | a boil. |
| **स्मरण** | पुं. | किसी ऐसी देखी-सुनी या बीती हुई बात का फिर से याद आना या ध्यान होना जो बीच में भूल गई हो या ध्यान में न रह गई हो, कोई बात फिर से याद आने की क्रिया या भाव, स्मृति, याद । | স্মরণ, স্মৃতি, পূর্বানুভূত বিষয়ের জ্ঞান বা চিন্তা | स्मरन, स्मृति पूर्बानुभुत बिषयेर ज्ञान बा चिन्ता | remembering, remembrance, recollection, memory. |
| **स्मरणपत्र** | पुं. | कोई बात स्मरण कराने के लिए लिखा जानेवाला पत्र । | স্মরণপত্র, তাগিদ, অনুস্মারক | स्मरनपत्र, तागिद, अनुस्मारक | reminder. |
| **स्मरण शक्ति** | स्त्री. | याद रखने की शक्ति, याददाश्त । | স্মরণশক্তি, স্মৃতিশক্তি | स्मरनशक्ति, स्मृतिशक्ति | memory. |
| **स्मरणीय** | वि. | (घटना या बात) जो स्मरण रखी जाने के योग्य हो, याद रखने लायक । | স্মরণীয়, স্মরণযোগ্য, স্মরণার্হ | स्मरनीय, स्मरनजोग्य, स्मरनार्ह | to be borne in mind, fit to be remembered, memorable. |
| **स्मारक** | वि. | स्मरण करानेवाला । | স্মারক | स्मारक | reminding. |
| | पुं. | वह पदार्थ, रचना या कार्य जो किसी की स्मृति बनाए रखने के लिए हो, यादगार, स्मरणचिह्न । | স্মৃতিজাগরূক করিয়া রাখার জন্য প্রস্তুতি-ভিন্ন উপাদান | स्मृतिजागरुक करिया राखार जन्य प्रस्तुति भिन्न उपादान | memorial, monument. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्मारिका** | स्त्री. | किसी महत्वपूर्ण घटना, समारोह या स्थान से संबंधित कोई विचारात्मक विशेषत: सचित्र पुस्तिका । | কোনো মাহাত্ম্য-সূচক ঘটনা | कोनो माहात्म-सूचक घटना | souvenir. |
| **स्मित** | पुं. | मन्द हास्य, धीमी हंसी । | স্মিত, ঈষদ্‌হাস্য | स्मित, ईषद्‌हास्य | a smile, gentle laugh. |
| | वि. | 1. हंसता हुआ;<br>2. विकसित, खिला हुआ । | ঈষদ্‌হাস্যযুক্ত;<br>বিকসিত | ईषद्‌हास्यजुक्त;<br>विकसित | smiling;<br>expanded, blown, blossomed. |
| **स्मिति** | स्त्री. | मन्द हास्य, मुस्कराहट । | মন্দ হাস্য, মুচকি হাসি | मन्द हास्य, मुचकि हासि | a smile, smiling, gentle laugh. |
| **स्मृत** | वि. | स्मरण किया हुआ, स्मृति में आया हुआ । | স্মৃত, স্মরণ করা হইয়াছে এমন | स्मृत, स्मरन करा हइयाछे एमन | remembered, recollected. |
| **स्मृति** | स्त्री. | 1. स्मरण शक्ति;<br>2. बीती हुई बातों का वह ज्ञान जो स्मरणशक्ति के द्वारा फिर से एकत्र या प्राप्त होता है, याद, अनुस्मरण; | স্মৃতি, স্মরণশক্তি;<br>পূর্বানুভূত বিষয়ের জ্ঞান, অনুস্মৃতি; | स्मृति, स्मरनशक्ति;<br>पूर्बानुभूत बिषयेर ज्ञान, अनुस्मृति; | memory;<br>remembrance, recollection; |
| | | 3. धर्म, आचार, व्यवहार आदि से संबंधित हिन्दू-धर्म शास्त्र जिनकी रचना ऋषियों और मुनियों ने वेदों का स्मरण या चिन्तन करके की थी । | হিন্দুধর্মের আচার ব্যবহারাদি সম্পর্কে বেদ-স্মরণক্রমে ঋষিগণকৃত শাস্ত্র | हिन्दुधर्मेर आचार ब्यव-हारादि सम्पर्के बेद-स्मरनक्रमे ऋषिगनकृत शास्त्र | books of traditional code of Hindu Law. |
| **स्यापा** | पुं. | किसी की मृत्यु पर शोक के कारण होनेवाला रोना-पीटना, मातम । | মৃত্যুর কারণে শোকার্ত ব্যক্তির বিলাপ | मृत्युर कारने शोकार्त ब्यक्तिर बिलाप | mourning, bewailing on a (relative's) death |
| **स्याह** | वि. | काला । | কালো | कालो | black, dark. |
| **स्याही** | स्त्री. | 1. एक प्रसिद्ध रंगीन तरल अथवा कुछ गाढ़ा पदार्थ जो लिखने या कपड़े, कागज आदि छापने के काम में आता है, रोशनाई; | সিয়াই, কালি; | सियाइ, कालि; | ink; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. स्याह अर्थात् काले होने की अवस्था, गुण या भाव, कालापन । | কালো হওয়ার অবস্থা বা গুণ বা ভাব, কালিমা | कालो हओयार अबस्था बा गुन बा भाब, कालिमा | blackness, darkness. |
| स्याही-सोख | पुं. | स्याही सोखनेवाला कागज, सोख्ता । | চোষকাগজ | चोषकागज | blotting-paper. |
| स्रवण | पुं. | 1. बहने की क्रिया या भाव; | স্রবণ, ক্ষরণ, স্রাব; | स्रबन, क्षरन, स्राब; | flowing, trickling, oozing; |
| | | 2. गर्भ का समय से पहले गिरना, स्राव, गर्भपात । | গর্ভস্রাব, গর্ভপাত | गर्भस्राब, गर्भपात | premature abortion, miscarriage. |
| स्रष्टा | वि. | सृष्टि या रचना करनेवाला, रचयिता, निर्माता । | স্রষ্টা, রচনাকারী, নির্মাতা | स्रष्टा, रचनाकारी, निर्माता | maker, creator. |
| | पुं. | ब्रह्मा, सृष्टि का रचयिता । | ব্রহ্মা | ब्रह्मा | the creator of the universe, an epithet of Brahma. |
| स्राव | पुं. | 1. बहना, चूना; | স্রাব, ক্ষরণ, প্রবাহ; | स्राब, क्षरन, प्रबाह; | flow or course of water, flowing, oozing, dropping, stream, current; |
| | | 2. गर्भपात, गर्भस्राव; | গর্ভপাত, গর্ভস্রাব; | गर्भपात, गर्भस्राब; | miscarriage, premature abortion; |
| | | 3. जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों के भीतरी अंगों से निकलनेवाला वह तरल पदार्थ या रस जो विशेष उद्देश्य सिद्ध करता है । | জীবজন্তুবৃক্ষাদির অন্তরংগ হইতে ক্ষরিত পদার্থ বিশেষ বা রস | जीवजन्तुबृक्षादिर अन्तरङ्ग हइते क्षरित पदार्थ बिशेष बा रस | secretion. |
| स्रोत | पुं. | 1. पानी का बहाव, धारा; | স্রোত, জলপ্রবাহ, ধারা; | स्रोत, जलप्रबाह, धारा; | stream, current, flow or course of water; |
| | | 2. पानी का सोता, झरना; | জলের উৎস, ঝর্ণা; | जलेर उत्स, झर्ना; | source of water, spring; |
| | | 3. आधार या साधन, जिससे कोई वस्तु बराबर निकलती या आती रहे । | উৎস | उत्स | source, resource. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्व | वि. | 1. अपना, निज का (समास में); | স্ব, স্বকীয়, নিজের (সমাসে); | स्व, स्वकीय, निजेर (समासे); | one's own, personal, self (in comp.); |
| | | 2. अपने आपसे होनेवाला, स्वतः, स्वयं (समास में) । | স্বতঃ, স্বয়ং (সমাসে) | स्वतः, स्वयं (समासे) | of one's own accord, auto (in comp.). |
| | पुं. | अहं । | অহং | अहं | ego. |
| स्वकीय | वि. | अपना, निजी । | স্বকীয়, স্বীয়, নিজ | स्वकीय, स्वीय, निज | one's own, belonging to one's own, personal. |
| स्वगत | वि. | 1. अपने में ग्रहण किया हुआ, अपना, स्वकीय; | স্বগত, আত্মগত, স্বীয়; | स्वगत, आत्मगत, स्वीय; | belonging to own self, own, personal; |
| | | 2. मन में आया हुआ । | মনোগত, মানসিক | मनोगत, मानसिक | passing in one's own mind. |
| | पुं. | मन ही मन या अपने आप से किया जानेवाला कथन, स्वगत कथन । | নিজের মনে মনে উক্তি নিজের সংগে নিজের কথাবার্তা | निजेर मने मने उक्ति, निजेर सङ्गे निजेर कथावार्ता | speaking to oneself, aside, soliloquy. |
| स्वचालित | वि. | जिसके अन्दर ऐसे कल-पुरजे लगे हों कि एक पुरजा चलाने से ही वह आपसे आप चलने या कोई काम करने लगे, अपने आप चलनेवाला । | স্বয়ংক্রিয় | स्वयंक्रिय | automatic. |
| स्वच्छंद | वि. | 1. इच्छा, मौज या रुचि के अनुसार अथवा सनक में आकर काम करनेवाला; | স্বচ্ছন্দ, স্বৈরী, খামখেয়ালী; | स्वच्छन्द, स्वैरी, खामखेयाली; | capricious, self--willed; |
| | | 2. किसी प्रकार का अंकुश, नियंत्रण या मर्यादा ध्यान में न रखते हुए मनमाने ढंग से आचरण करनेवाला । | নিরঙ্কুশ, স্বেচ্ছাচারী | निरङ्कुश, स्वेच्छाचारी | unrestrained, arbitrary. |
| स्वच्छंदता | स्त्री. | स्वच्छन्द होने की अवस्था, गुण या भाव, मनमानापन, निरंकुशता । | স্বচ্ছন্দতা, স্বাচ্ছন্দ্যের ভাব, যথেচ্ছ আচার | स्वच्छन्दता, स्वाच्छन्द्येर भाव, जथेच्छ आचार | arbitrariness, absence of restraint. |
| स्वच्छ | वि. | 1. निर्मल, साफ, मैल या गंदगी से रहित; | স্বচ্ছ, নির্মল, অনাবিল; | स्वच्छ, निर्मल, अनाबिल; | clean, neat, clear; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पवित्र, शुद्ध; | পবিত্র, শুদ্ধ; | पबित्र, शुद्ध; | pure; |
| | | 3. निष्कपट; | অকপট; | अकपट; | straight-forward, honest, frank; |
| | | 4. स्पष्ट, साफ, सुवाच्य (उदा. स्वच्छ प्रति) । | স্পষ্ট, পরিষ্কার, সুবাচ্য | स्पष्ट, परिष्कार, सुबाच्य | fair, readable. |
| स्वच्छता | स्त्री. | 1. स्वच्छ होने की अवस्था, गुण या भाव, निर्मलता; | স্বচ্ছ হইয়া আছে এমন, নির্মলতা; | स्वच्छ हइया आछे एमन, निर्मलता; | cleanliness, neatness, clearness; |
| | | 2. सफाई विशेषत: शरीर और आसपास की वस्तुओं, स्थानों आदि की ऐसी सफाई जो स्वास्थ्य रक्षा की दृष्टि से आवश्यक हो; | পরিষ্কার-পরিচ্ছন্নতা — বিশেষ করিয়া শরীর ও পরিবেশের পরিষ্কার পরিচ্ছন্নতা); | परिष्कार-परिच्छन्नता — बिशेष करिया शरीर ओ परिबेशेर परिष्कार परिच्छन्नता); | sanitation; |
| | | 3. पवित्रता, शुद्धता; | পবিত্রতা, শুদ্ধতা; | पबित्रता, शुद्धता; | purity; |
| | | 4. निष्कपटता । | অকপটতা | अकपटता | frankness, sincerity, straight-forwardness. |
| स्वजन | पु. | 1. सगे-संबंधी, रिश्ते-नाते के लोग, बन्धु-बांधव; | স্বজন, জ্ঞাতিগোষ্ঠী; | स्बजन, ज्ञातिगोष्ठी; | kinsman, relative, kith and kin; |
| | | 2. आत्मीय जन, अपने परिवार के लोग । | আত্মীয় জন, আপন পরিবারের লোক | आत्मीय जन, आपन परिबारेर लोक | one's own people or kindred, one's household. |
| स्वतंत्र | वि. | 1. जिसका तंत्र या शासन अपना हो, जो किसी के तंत्र या शासन में न हो; | স্বতন্ত্র, স্বাধীন; | स्बतन्त्र, स्बाधीन; | independent; |
| | | 2. किसी प्रकार के नियंत्रण, दबाव या बंधन से रहित; | বন্ধনমুক্ত, নিরঙ্কুশ; | बन्धनमुक्त, निरङ्कुश; | free, unrestrained, uncontrolled; |
| | | 3. (काम या बात) जिसमें किसी दूसरे का अवलंब, आधार या आश्रय न लिया गया हो; | স্ববশ, আত্মনির্ভর; | स्बबश, आत्मनिर्भर; | self-dependent; |
| | | 4. अलग, पृथक्, जुदा । | আলাদা, পৃথক্ | आलादा, पृथक् | separate. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वतंत्रता | स्त्री. | 1. स्वतंत्र रहने या होने की अवस्था या भाव, आज़ादी; | স্বতন্ত্রতা, স্বাধীনতা; | स्वतन्त्रता, स्वाधीनता; | independence; |
| | | 2. ऐसी स्थिति जिसमें बिना किसी बाहरी दबाव, नियंत्रण या बंधन के स्वयं अपनी इच्छा से सोच-समझकर सब काम करने का अधिकार होता है; | বাধাহীনতা, চিন্তা ও কর্মের স্বাধীনতা; | बाधाहीनता, चिन्ता ओ कर्मेर स्वाधनता; | freedom, latitude; |
| | | 3. वह अवस्था जिसमें बिना किसी प्रकार की राजकीय या शासनिक बाधा या रोक-टोक के सभी उचित और संगत काम या व्यवहार करने का अधिकार होता है, स्वातंत्र्य, आज़ादी । | স্বাতন্ত্র্য | स्वातन्त्र्य | liberty. |
| स्वतः | क्रि. वि. | अपने आप, आप से आप, आप ही, स्वयं । | স্বতঃ, স্বেচ্ছায়, নিজ হইতে আপনা হইতে, নিজে স্বয়ং | स्वतः, स्वेच्छाय, निज हइते आपना हइते, निजे स्वयं | of one's own self, of one's own accord, voluntarily, spontaneously. |
| स्वत्व | पुं. | 1. स्व का भाव, अहं । | স্বত্ব, অহং; | स्वत्व, अहं; | ego; |
| | | 2. अधिकार, हक; | অধিকার, হক; | अधिकार, हक; | right, one's due, ownership; |
| | | 3. वह स्थिति जिसमें किसी वस्तु या विषय के हानि-लाभ से किसी व्यक्ति का विशेष रूप से संबंध हो, हित । | স্বার্থ, হিত | स्वार्थ, हित | interest. |
| स्वदेश | पुं. | अपना देश, मातृभूमि, वतन । | স্বদেশ, নিজদেশ, মাতৃভূমি | स्वदेश, निजदेश, मातृभूमि | one's own country, native country, mother–land, homeland. |
| स्वदेशी | वि. | 1. अपने देश से संबंधित; | স্বদেশী, স্বদেশসম্বন্ধী; | स्वदेशी स्वदेशसम्बन्धी; | belonging to one's own country; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. अपने देश में होने या बननेवाला । | স্বদেশজাত, স্বদেশে প্রস্তুত | स्वदेशजात, स्वदेशे प्रस्तुत | made or produced in one's own country, indigenous. |
| स्वप्न | पुं. | 1. सोए रहने की दशा में मानसिक दृष्टि के सामने आनेवाली घटनाएं, चित्र और विचार जो अवास्तविक होते हैं, सपना, ख्वाब; | স্বপ্ন, নিদ্রিতাবস্থায় প্রত্যক্ষবৎ অনুভূত বিষয়, খোয়াব; | स्वप्न, निद्राबस्थाय प्रत्यक्षबत् अनुभूत बिषय, खोयाब; | dream; |
| | | 2. मन ही मन की जानेवाली बड़ी-बड़ी कल्पनाएं और बांधे जानेवाले मनसूबे । | কল্পনা, আকাশ-কুসুম কল্পনা | कल्पना, आकाश-कुसुम कल्पना | conscious indulgence of fancy, reverie, castle in the air. |
| स्वप्नदोष | पुं. | निद्रावस्था में शृंगारिक स्वप्न देखने पर वीर्यपात जो एक प्रकार का रोग है । | স্বপ্নদোষ, নিদ্রাবস্থায় রেতঃস্খলন | स्बप्नदोष, निद्राबस्थाय रेतःस्खलन | emission, pollution nocturna. |
| स्वप्नावस्था | स्त्री. | वह अवस्था जिसमें स्वप्न दिखाई देता है । | স্বপ্নবস্থা, যে-অবস্থায় স্বপ্ন দেখা যায় | स्वप्नबस्था, जे-अबस्थाय स्वप्न देखा जाय | a state of dreaming. |
| स्वभाव | पुं. | 1. जीव-जन्तुओं और प्राणियों का वह मानसिक रूप या स्थिति जो उनकी समस्त जाति में जन्मजात होती है और प्राय: एक ही तरह से काम करती हुई दिखाई देती है, प्रकृति; | স্বভাব, প্রকৃতি, চরিত্র; | स्वभाव, प्रकृति, चरित्र; | nature, character; |
| | | 2. मनुष्य के मन का वह पक्ष जो बहुत कुछ जन्मजात तथा प्राकृतिक होता है और जो उसके आचार-व्यवहार आदि का मुख्य रूप से प्रवर्तक होता है और उसके जीवन में प्राय: अथवा सदा देखने में आता है, मिजाज; | জন্ম সংসর্গ বা অভ্যাসের ফলে লব্ধ বৈশিষ্ট্য, ধাত, মেজাজ; | जन्म संसर्ग बा अभ्यासेर फले लब्ध बैशिष्ट्य, धात, मेजाज; | disposition, temperament; |
| | | 3. आदत, बान; | আদত, অভ্যাস; | आदत, अभ्यास; | habit; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | बंगला पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. किसी पदार्थ का वह क्रियात्मक गुण या विशेषता जो उसमें प्राकृतिक रूप से सदा वर्तमान रहती है, खासियत । | প্রাকৃতিক ধর্ম বা গুণ | प्राकृतिक धर्म बा गुन | essential or inherent property. |
| स्वभावतः | क्रि. वि. | स्वभाव के फलस्वरूप, स्वाभाविक अर्थात् प्रकृतिजन्य रूप से । | স্বভাবতঃ, স্বভাবানুসারে, প্রকৃতি অনুসারে | स्बभाबतः, स्बभाबानुसारे, प्रकृति अनुसारे | from natural disposition, by nature, naturally, by one's self. |
| स्वयं | वि. | 1. (सर्वनाम) जिसके द्वारा वक्ता अपने व्यक्तित्व पर जोर देते हुए कोई बात कहता है; | স্বয়ং, নিজে, আপনি; | स्बयं, निजे, आपनि; | oneself, in one's own person; |
